इस के साथ ही मेरा यह भी सुझाव है कि जो लड़कियां सिर्फ मिडल पास ही हैं उन को J.B.T. करने की इजाज़त दी जाए ताकि lady teachers की कमी पूरी हो सके । देखने में आया है कि उस पहाड़ी इलाके में इधर की पढ़ी लिखी lady teachers तो जाने के लिये तैयार ही नहीं होतीं और अगर चली भी जाती हैं तो वहां से transfer करवा लेती हैं और दरखास्तों पर दरखास्तें देती रहती हैं, उन की रुचि वहां रहने की नहीं होती इस लिए अगर वहां की पढ़ी हुई मिडल पास लड़कियों को जो उसी इलाके में रहती हैं, training की सहूलत मिल जाए तो सरकार इस कमी को पूरा कर सकती है ।

कल परसों मैं ने एक अखबार में यह पढ़ा कि हमारे चीफ मिनिस्टर साहिब आंध्रा और मद्रास की तरह अपने यहां भी हाइर सैकंडरी तक मुफ्त तालीम करने की इच्छा रखते हैं । लड़कियों की तो नौवीं तक की तालीम मुफत हो गई है अगर 10वीं और 11वीं की भी हो जाए तो बेहतर है । साथ ही न सिर्फ लड़कियों की बल्कि मेरा सुझाव यह है कि लड़कों की भी तालीम Higher Secondary तक मुफ्त होनी चाहिए ।

मैं कांगड़ा की निर्धनता की ओर बार बार ध्यान दिलाने की आवश्यकता नहीं समझता । वहां के बच्चे नंगे पैरों स्कूल जाते हैं और पाजामा की जगह सिर्फ कच्छा ही उन के पास होता है । ऐसे हालात जहां हों वहां पर गवर्नमैंट को चाहिए कि खास तौर पर ध्यान दे कर तालीम फ्री करे ।

एक बात और मैं सरकार के नोटिस में स्पीकर साहिब, आप के ज़रिए लाना चाहता हूं कि वहां पर शिक्षा का standard raise करने के लिए स्कूलों को upgrade करना ज़रूरी है ताकि लड़कियां सिर्फ Middle पास ही नहीं Matric पास कर सकें ।

मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि कांगड़ा में जो भी teacher जाता है चाहे male teacher हो, चाहे स्त्री teacher हो जो वहां बाहर से जाता है वहां रहन सहन के मामले में कुछ कठिनाई महसूस करता है क्योंकि हर व्यक्ति चाहता है कि उन के काम करने

---

*Note.—The following resolution was moved by Shri Rup Singh Phul on 29th March, 1962 and the discussion thereon appears in the P.V.S. Debate of that day;—

"In the interest of the educational development of Kangra District and other backward hilly areas of the State, this Assembly recommends to the Government to take the following steps immediately :—

(i) education upto the higher secondary level both for boys and girls be made free;

(ii) girls belonging to Kangra District who have passed the middle school examination be made eligible for admission to the J. B.T. classes in the said district; and

(iii) more schools of different categories be opened in the remote rural areas of Kangra and other hilly districts."

की जगह ऐसी हो जहां उसे हर प्रकार के आराम मिल सकें। इस लिये जब वे उस पिछड़े हुए इलाके को देखते हैं कि वहां आज कल की modern facilities नहीं मिल सकतीं तो वे सरकारी दफतरों में जा जा कर अपनी तब्दीली वहां से कराने की कोशिश करते रहते हैं। चाहे वे teachers हों चाहे वे teachresses हों वहां से अपनी तब्दीली कराने के लिये सरकारी दफतरों में वाकफियत तलाश करते रहते हैं और इसी कोशिश में रहते हैं कि वहां से उन की तब्दीली हो। इस का नतीजा यह होता है कि वे दिल लगा कर पढ़ाई नहीं कराते। स्पीकर साहिब, जहां पर teachers मन लगा कर न पढ़ाते हों वहां पर हम आशा नहीं कर सकते कि वहां के लड़कों या लड़कियों की इम्तहान में first division आएगी। और उन की जब first division नहीं होगी तो दूसरों के मुकाबिला में उन को रोज़गार हासिल करना आसान न होगा। इस लिये निहायत ज़रूरी है कि कांगड़ा को जहां तक शिक्षा का ताल्लुक है इसे self-supporting बनाया जाये और उसे ऐसा करने के लिये हर प्रकार की सहूलतें दी जायें। वहां पर लड़कों और लड़कियों के जितने स्कूल हैं उन्हें ज़्यादा तादाद में Higher Secondary स्कूलों में बदला जाये और इस के साथ ही वहां पर जो शिक्षा है वह मुफ्त कर दी जाये।

इस के साथ ही मैं एक और अर्ज़ कर देना चाहता हूं कि अगर हम ने पहाड़ी इलाकों को आगे ले जाना है और उन की सहायता करनी है तो इस काम में राजनीति का दखल नहीं होना चाहिये और इस के लिये सारे ज़िले को एक ही नज़र से देखना चाहिये। इस सिलसिले में मुझे गालिब का एक शेयर याद आया है—

क्योंकर खुदा के अर्श के कायल हों यह अज़ीज़।
जुगराफिये में अर्श का नकशा नहीं मिला।

मेरे कहने का मतलब यह है कि हम कैसे समझें कि कांगड़ा के सब इलाकों के साथ एक जैसा सलूक हो रहा है। मैं ने एक सवाल किया था कि ज़िला कांगड़ा में 1959-60, 1960-61 और 1961-62 में कितने Primary स्कूल upgarde हो कर मिडल स्कूल हुए हैं, कितने Middle स्कूल Higher Secondary स्कूल हुए हैं और कितने High School, Higher Secondary स्कूलों में convert हुए हैं। मुझे उस का जवाब मिल गया है और यह जवाब 15 सफों पर मुश्तमिल है। लेकिन जब मैं देखता हूं तो मुझे हैरानी होती है कि development का काम उस ज़िला में एक आंख बन्द कर के क्यों किया जा रहा है। स्पीकर साहिब, मुझे यह जो 19 सफों की statement मिली है मैं यह शिक्षा मंत्री महोदय को देने के लिये तैयार हूं और दूसरे किसी भी भाई को जो इसे देखना चाहे, देने के लिये तैयार हूं, यह मेरे पास मेज़ पर पड़ी हुई है। तीन चार साल हुए मेरे इलाका में दो primary स्कूल थे जिन के लिये वहां के लोगों ने अपने पास से खर्च कर के दो दो या तीन तीन कमरे बनवाये थे। उस के बाद पिछले तीन चार साल से मैं यह कोशिश कर रहा हूं कि वे primary स्कूल middle स्कूल हो जायें। मैं यह तो नहीं समझता कि कोई अफसर जान बूझ कर इस में रुकावट डाल रहा होगा या कोई वज़ीर रुकावट

[कामरेड रामचन्द्र]
डाल रहा होगा लेकिन इस चीज की बड़ी हैरानी हो रही है कि वह फिर भी upgrade नहीं हो रहे जबकि District Inspector of Schools ने भी इस के लिये सिफारिश की है और मैं भी दो तीन सालों से लगातार इसी कोशिश में हूं। मुझे यह जो जवाब दिया गया है इस में यह बताया गया है कि 1959-60 में जो primary स्कूल upgrade कर के middle schools किये गये उन में से 29 तो पटियाला को दिये गये एक ज़िला अमृतसर को और एक चंडीगढ़ को दिया गया था और ज़िला कांगड़ा में कोई स्कूल upgrade नहीं किया गया था। 1960-61 में 21 primary स्कूल ज़िला कांगड़ा में upgrade किये गये थे लेकिन नूरपुर में सिर्फ एक स्कूल upgrade किया गया था बाकी सारे बाकी मान्दा जिले में किये गये थे। वैसे आबादी और area के लिहाज से उस के हिस्से में 6 आते थे और इस में से भी मेरी constituency का हिस्सा 3 या चार बनता था लेकिन इस के हिस्से में सिर्फ एक ही स्कूल आया। इस के बाद 1960-61 में लड़कियों के 8 primary स्कूल middle स्कूल ज़िला कांगड़ा में किये गये थे लेकिन तहसील नूरपुर में एक भी नहीं किया गया। इसी तरह से 1961-62 में लड़कों और लड़कियों के जो कुछ primary schools थे वे सहशिक्षा middle स्कूल बनाये गये थे। इन में से 15 स्कूल लड़कों के थे जिन में सिर्फ 2 स्कूल नूरपुर में बनाये गये और जहां 5 primary स्कूल लड़कियों के सह शिक्षा middle स्कूल बनाये गये थे लेकिन नूरपुर को एक भी स्कूल न दिया गया।

फिर इसी तरह से 1960-61 में लड़कों के 6 middle स्कूलों को ज़िला कांगड़ा में हाई स्कूलों में बदल दिया गया था लेकिन तहसील नूरपुर में एक भी middle स्कूल upgrade नहीं किया गया था। इसी तरह से उस ज़िला में 5 लड़कियों के middle स्कूलों को upgrade किया गया था लेकिन तहसील नूरपुर का एक भी नहीं किया गया। इस पर मुझे एक हिन्दी कवि का कुछ दोहा याद आया है—

साकी तू दिये जा मै जिस जिस को दिया चाहे
सब में वह सुहागन है जिस को कि पिया चाहे।

स्पीकर साहिब, मैं कहता हूं कि पूरे कांगड़ा की development करिये। लेकिन कांगड़ा की development पूरी नहीं होती अगर कांगड़ा के किसी हिस्से को इस तरह से नज़र अन्दाज़ किया जाता रहे। इस लिये मैं अर्ज़ करूंगा कि उस ज़िला को इमदाद देते वक्त एक आंख बन्द कर के न देखा जाये बल्कि सारे ज़िला को एक ही नज़र से देखा जाए।

यह सारी बात मैं इस लिए कह रहा हूं ताकि हमारे शिक्षा मन्त्री महोदय इस तरफ ध्यान दें। जो आंकड़े मैंने बताए हैं चाहे यह मुझ से ले लें चाहे यह आंकड़े अपने डिपार्टमैंट से ले लें। कोई वजह नहीं है कि मुझे गलत आंकड़े दिये जाएं। तो जब वे देखें कि मेरे आंकड़े सही हैं तो मैं आशा करता हूं कि शिक्षा मन्त्री महोदय इस बात पर गौर करेंगे और जब प्रायमरी स्कूलों को upgrade कर के मिडल स्कूल बनाया जाए उस वक्त नूरपुर का ध्यान रखा जाएगा। मुझे मालूम नहीं कि यह पालिसी किस तरह

से चलती है । 16-12-61 को हमारे भूतपूर्व शिक्षा मन्त्री जी ने एक आदेश दिया कि मेरी constituency के दो प्रायमरी स्कूल, फतह पुर और ठाकुर द्वारा को 1-4-62 को upgrade कर दिया जाएगा । लेकिन अब मालूम हुआ है कि इस साल यह फैसला हुआ है कि 1962-63 में कोई भी स्कूल upgrade नहीं किया जाएगा। स्पीकर साहिब, मैं आप के द्वारा यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि अव्वल तो जिस इलाके के साथ पहले इनसाफ नहीं हुआ उस के साथ इनसाफ करने के लिये इस साल भी कुछ न कुछ स्कूल ज़रूर upgrade करने चाहियें । और अगर यह भी मान लिया जाए कि सरकार का इरादा किसी भी स्कूल को 1962-63 में upgrade करने का नहीं है तो फिर भी मैं अर्ज़ करूंगा कि जिन स्कूलों के मुताल्लिक 1961 में orders जारी किये गए थे कि upgrade किये जायेंगे उन को ज़रूर upgrade करना ही चाहिये । उन orders को maintain करना चाहिये । जब हम चुनाव के लिये जाते हैं तो वहां पर लोग हमें cross-examine करते हैं । वे पूछते हैं कि क्या वजह है कि आप लोग सही बात भी कहते हो तो भी उस को कोई नहीं सुनता ? क्या वजह है कि जो वायदे किये जाते हैं उन को पूरा नहीं किया जाता ? इस लिये मैं आप के द्वारा कहना चाहता हूं कि जो फैसला हम एक दफा कर लें उस फैसले पर अमल होना ही चाहिये । मैं ने यह चीज़ लोगों के सामने रखी कि सरकार ने 1-4-62 को इन स्कूलों को upgrade करने का फैसला कर लिया है । अब 1-4-62 तो गुज़र गया लेकिन upgrading नहीं हुई तो लोग हैरान हो रहे हैं। जब फैसला कर के हमारी सरकार उस पर अमल नहीं करती तो इस से सरकार का निरादर होता है कि जो हुक्म सरकार देती है उन पर अमल नहीं किया जाता । इस से जनता में अविश्वास पैदा होता है । इस लिये यह दो स्कूल जिन के मुताल्लिक फैसला हो चुका है कि upgrade किये जाएंगे इन को upgrade कर ही देना चाहिये ।

अब मैं दूसरी चीज़ की तरफ आना चाहता हूं । कांगड़ा में दो चार technical स्कूल ज़रूर खुले हैं, लेकिन जैसे कि मैं ने पहले भी आप से अर्ज़ किया था यह नाकाफी हैं । कांगड़ा, पालमपुर, हमीरपुर और कुल्लू में एक एक technical स्कूल खुला है लेकिन नूरपुर और डेरा अभी इस तरह के स्कूलों से वंचित रह गए हैं। न वहां पर कोई basic training school लड़कियों के लिये खुला है, न कोई कालेज खोला गया है और न ही वहां पर कोई technical स्कूल खोला गया है। मैं यह कहना चाहता हूं कि नूरपुर का यह अधिकार है और डेरा का भी अधिकार है कि वहां पर कोई न कोई technical स्कूल खोला जाए। नूरपुर में कालेज भी खोला जाना चाहिए। मैं एक भाई का पत्र पढ़ रहा था जो कि Tribune में छपा है। वह भाई यह शिकायत कर रहा था कि कांगड़ा में शिक्षा का फैलाव कम हुआ है। वहां पर और कालेज खुलने चाहिएं। लेकिन उस भाई का ध्यान नूरपुर और डेरा की तरफ नहीं गया। मैं आप के द्वारा अर्ज़ करूंगा कि इस पांच साला प्लान में नूरपुर में लाज़मी तौर पर technical स्कूल खुलना चाहिए और एक कालेज भी नूरपुर को ज़रूर मिलना चाहिये। मैं ने पिछली बार भी कहा था कि अगर रहन के एरिया को इस चीज़ के लिये चुना जाए तो वहां

[काम रेड रामचन्द्र]
के लोग 15,20 हज़ार रुपया चंदा इकट्ठा कर के भी देने के लिये तैयार हैं और वे लोग ज़मीन भी देने के लिये तैयार हैं। अगर सरकार हमारी सहायता करे तो लोग भी अपना फर्ज़ अदा करने के लिये तैयार हैं। मैं आशा करता हूं कि सरकार जब कालेज और technical schools खोलने का फैसला करे तो सब इलाकों को बांट कर दे और विशेष कर जो इलाके पिछड़े हुए हैं उन का हक पहले समझा जाना चाहिये। जवाब में सरकार की तरफ से बार बार यह कहा जाता है कि नूरपुर के पास पठानकोट है इस लिये नूरपुर के बच्चे पढ़ने के लिये पठानकोट जा सकते हैं। मैं अर्ज़ करता हूं कि जब आप कर रहे हैं कि Primary School लोगों के घरों के पास हों, Middle School भी और Higher Secondary School भी लोगों के घरों के पास हों तो मैं अर्ज़ करूंगा कि technical शिक्षा भी लोगों के घरों के पास ही होनी चाहिये। जो लोग यह कहते हैं कि नूरपुर के पास पठानकोट वाक्या है मैं उन लोगों की सूचना के लिये कहूंगा कि नूरपूर का इलाका पच्चास साठ मील के area में है। जब मैं नूरपुर का नाम लेता हूं तो मेरा मतलब इस से नूरपुर तहसील भी होता है। उस में डेरा का इलाका भी आ जाता है। साठ मील के फासले से लड़के पठानकोट में पढ़ने के लिये नहीं जा सकते। इस लिये वहां पर कालेज खुलना चाहिए ताकि तमाम इलाके के लोग फायदा उठा सकें और उन का पिछड़ापन दूर हो।

अगली बात मैं यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि हमारी सरकार ने शिक्षा का फैलाव बहुत किया है। बहुत से प्रायमरी स्कूलों को और मिडल स्कूलों को upgrade किया है। Higher Secondary स्कूल कांगड़े में खुल रहे हैं। लेकिन दूर दराज़ के इलाके में टीचर्ज़ जाना पसंद नहीं करते। वे देहात में जाना इस लिये नहीं पसंद करते क्योंकि उन को वहां पर रहने के लिये सहूलतें नहीं हैं। हवादार, अच्छी रोशनी वाले और साफ सुथरे मकानों का होना निहायत ज़रूरी है। चूंकि यह सहूलतें देहात में नहीं मिलतीं इस लिये टीचर्ज़ वहां से अपनी तबदीली करवाने की कोशिश करते हैं। इस लिये अगर हम ने पिछड़े हुए इलाकों को आगे ले जाना है तो शिक्षा का प्रचार करते वक्त हमें यह बात भी ध्यान में रखनी चाहिये कि स्कूलों को इस बात के लिये भी ग्रांट्स दी जाएं कि उस्तादों की रिहायश का इन्तज़ाम भी साथ हो। इस तरह से उस्ताद वहां जा कर रह सकेंगे। मैं एक बात और कहना चाहता हूं कि हमारे इलाके में स्कूल जो बड़ी आसानी से खुल सकता है वह सैनिक स्कूल है। इस के लिये विद्यार्थी भी आप को काफी तादाद में मिल सकेंगे। पहले से ही वहां से फौज के लिये भरती ली जाती है इसी लिये उस इलाके को पिछड़ा हुआ रखा था ताकि वहां के लोग कुछ सोच समझ ही न सकें सिर्फ हुक्म मानने वाले ही रहें। उन लोगों का रुझान ही इस तरफ है इस लिए अगर आप उन को यह सुविधा देंगे तो सरकार को भी फायदा होगा और वे लोग भी फायदा उठा सकेंगे। जब तक दूसरी चीज़ों का फैसला नहीं होता उस वक्त तक एक सैनिक स्कूल ज़िला कांगड़ा में खोल दें।

ग्रौर अगर ग्राप ज़िला कांगड़ा में नूरपुर को तरजीह दे सकें तो मैं ज़्यादा पसन्द करूंगा। मैं नहीं चाहता कि हर Institution नूरपुर में ही खोली जाए

10. 00 a.m.

लेकिन मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि There should be fair distribution of developmental activities and institutions over the whole district and my constituency should be given proper share. स्पीकर साहिब, एक ग्रौर बात की तरफ ग्राप का ध्यान दिला कर खत्म कर दूंगा। कांगड़ा ज़िला में इस समय एक ही कालेज है ग्रौर वह भी धर्मशाला में है। वहां M.A. classes ग्रभी तक जारी नहीं हो सकीं। इस लिये मैं सरकार से ग्राशा करता हूं कि वहां पर भी post graduate studies के लिये सहूलतें मुहैया की जाएं। इसके साथ ही एक बात की तरफ शिक्षा मन्त्री महोदय का ध्यान ग्राकर्षित करना चाहता हूं। धर्मशाला या नूरपुर में जहां कहीं लड़कियों के High Schools हैं वहां उन के लिये boarding-houses का इन्तज़ाम नहीं है, इस लिये boarding-houses के लिये ज़रूरी है कि कुछ ज़्यादा grants दी जाएं। इन ग्रलफ़ाज़ के साथ मैं उस resolution की ताईद करता हूं जो रूप सिंह फूल जी ने यहां पेश किया **ग्रौर** मैं ग्राशा करता हूं कि यह House की मुतफिक्का राए से पास हो जाएगा।

श्री बलरामजी दास टण्डन (ग्रमृतसर शहर—पश्चिम) : स्पीकर साहिब, जो प्रस्ताव श्री रूप सिंह फूल जी ने सदन के सामने पेश किया है मैं उस का समर्थन करने के लिये खड़ा हुग्रा हूं। खुशी की बात है कि उन्होंने इस प्रस्ताव के ज़रिए पंजाब के ग्रन्दर जो एक पिछड़ा हुग्रा पहाड़ी इलाका है ग्रौर जिस में शिक्षा की कमी है; वहां शिक्षा सम्बन्धी सुविधाएं प्राप्त करने की मांग की है। यह एक बहुत गरीब इलाका है। जो भी व्यक्ति वहां जाता है उसे वहां जाकर first impression यही मिलता है कि गुदड़ी पहने लोग वहां घूम रहे होते हैं, जिन के पास तन ढांपने के लिये कपड़ा नहीं, टांगें नंगी होती हैं। एक नहीं सैंकड़ों ग्रादमी वहां ग्राप को ऐसे मिलेंगे जिन के तन पर उजला कपड़ा दिखाई नहीं देता। बावजूद इस बात के कि ऐसे इलाके को develop किया जा सकता था सरकार ने उस तरफ कोई खास ध्यान नहीं दिया। स्पीकर साहिब, दूसरे देशों के ग्रन्दर यह बात देखने को मिलती है कि जो कम ऊंचाई पर पहाड़ी इलाका होता है वहां mineral resources को exploit करने का काम ग्रौर दूसरे development के काम बड़ी तेज़ी से होते हैं ताकि वहां के लोगों को काम पर लगाया जा सके ग्रौर उनके जीवन स्तर को दूसरे लोगों के बराबर लाया जा सके जिस से वह भी ग्रपने पांव पर खड़े हो सकें। उन में basic intelligence लाने के लिए शिक्षा का प्रसार तो ऐसे इलाकों में प्राथमिक तौर पर किया जाता है ताकि लोग ज्ञान प्राप्त कर के services के ग्रन्दर ग्रा सकें, व्यापार में हिस्सा ले सकें ग्रौर दूसरे क्षेत्रों में ग्रन्य लोगों के साथ कन्धे से कन्धा मिला कर तरक्की की राह पर ग्रागे बढ़ सकें। लेकिन, स्पीकर साहिब, बड़े ग्रफसोस की बात है कि हमारी सरकार ने कांगड़े के पहाड़ी ग्रौर पिछड़े हुए इलाके को शिक्षित ग्रौर develop करने की तरफ ग्रभी तक ध्यान नहीं दिया ग्रौर उस का नतीजा यह है कि वहां पर गुरबत सात पर्दे फाड़ कर हर व्यक्ति को ग्रपना रूप दिखाती है।

[श्री बलरामजी दास टंडन]

आवश्यकता इस बात की थी कि उस पिछड़े हुए इलाके को बाकी plains के इलाकों के बराबर लाने के लिये, उन का जीवन स्तर उन्हीं के बराबर ऊंचा उठाने के लिये विशेष तौर पर कदम उठाए जाते । लेकिन, स्पीकर साहिब, आप अन्दाज़ा लगाएं कि पहाड़ी इलाकों में, दूसरे इलाकों के मुकाबले में जहां पहले ही लोग अत्यन्त गरीब हैं, आने जाने के लिए भी ज्यादा खर्च करना पड़ता है। अगर एक आदमी को मैदानी इलाके में 50 मील पर किसी जगह पर जाना हो तो उस के लिये जितना किराया बस का और tax देना पड़ता है, उन्ही 50 मील के सफ़र के लिये उस पिछड़े इलाके के लोगों को किराया भी ज़्यादा देना पड़ता है और tax की रकम भी दुगनी देनी पड़ती है। कहने का भाव यह है कि उन की गुरबत को दूर करना तो दरकिनार तरक्की के कामों में भी उन्हें वह सहूलियतें नहीं दी गईं जिन्हें सब से पहले उन इलाकों पर लागू किया जाना ज़रूरी था। इतना ही नहीं, स्पीकर साहिब, आज की basic need education है। आवश्यकता इस बात की है कि उन पिछड़े हुए इलाकों को शिक्षा देकर जागरूक किया जाए ताकि वह लोग स्वतन्त्रता के युग में अपने अधिकारों को समझ सकें और अपने पांव पर खड़े हो कर अपना भविष्य उज्ज्वल बना सकें । जब तक एक व्यक्ति को शिक्षा नहीं मिलती, उसे ज्ञान नहीं मिलता, उसे अपने कर्त्तव्य और अधिकारों का पता नहीं लग सकता तो आप अन्दाज़ा लगाएं कि तरक्की का रास्ता उस के लिये कैसे खुल सकता है । कांगड़ा की इस वक्त क्या हालत है ? वहां के लोग इतने पिछड़े हुए हैं कि उन में शिक्षा का प्रसार नहीं, व्यापार में उन का कोई भाग नहीं, आने जाने की सुविधाएं उन को नहीं हैं और जहां तक नौकरियों का ताल्लुक है वहां के लोग आप को घरों के अन्दर बर्तन साफ करते ही दिखाई देंगे । उन को काम पर लगाने के लिये सरकार की तरफ से कोई उपाय नहीं किए गए ।

स्पीकर साहिब, बड़े दुख के साथ कहना पड़ता है कि जहां शहरों के अन्दर एक मुरब्बा मील के अन्दर कितने २ स्कूल मिल जाते हैं, plains के अन्दर एक मुरब्बा मील के area में कितने Primary School मिल जाते हैं--और कई जगहों पर तो साथ में Middle School, High School और Higher Secondary School भी होते हैं--जहां पिछड़े हुए पहाड़ी इलाकों में अधिक शिक्षा के प्रसार की आवश्यकता है वहां गवर्नमैंट ने स्कूल खोलने का कोई उचित प्रबन्ध नहीं किया। सरकार की यह declared policy है कि छोटे २ स्थानों में भी हर व्यक्ति को सरल और सहल तरीके से विद्या प्राप्त करने की सुविधाएं पहुंचाए । इस के लिये ऐसा नहीं होना चाहिए कि शहरों में, plains में तो कदम २ पर स्कूल हों और पहाड़ी इलाकों को, जिन्हें विकसित करने का सरकार दावा करती है, इस दिशा में बिल्कुल नज़र अन्दाज कर दिया जाए और उन्हें शिक्षा की सुविधाओं से वंचित रखा जाए। सरकार को चाहिये कि वह इन बातों की तरफ ध्यान दें और इन कमियों को दूर करने के लिये plains और developed इलाकों के मुकाबले में यहां ज्यादा खर्च करे और आवश्यक प्रबन्ध करे ।

स्पीकर साहिब, जो प्रस्ताव इस वक्त House के सामने है उस के तीन हिस्से हैं । पहली मांग यह की गई है कि उस पहाड़ी इलाके में शिक्षा मुफ्त की जाए, free

की जाए । Free education के लिए सरकार ने एक plan बना रखी है। पहले तो Matric तक ही इन का ख्याल था लेकिन अब सरकार यह चाहती है कि धीरे धीरे Higher Secondary stage तक education को free कर दिया जाएगा । इस प्रस्ताव के अन्दर भी यही मांग की गई है कि चूंकि यह पहाड़ी इलाका पिछड़ा हुआ है, लोग गरीब हैं उन के पास इन के लिये साधन नहीं हैं, इस लिये उस इलाके में Higher Secondary तक शिक्षा मुफ्त कर दी जाए। मैं समझता हूं कि यह मांग बड़ी उचित मांग है । और सरकार को चाहिए कि इसे स्वीकार करके उस इलाके में शिक्षा के प्रसार के लिये जल्दी से जल्दी प्रबन्ध करे ।

इस प्रस्ताव का दूसरा हिस्सा भी बड़ा अहम है। हमने देखा है कि plains के अन्दर भी नौजवान लड़कियां दूर दराज़ इलाकों में या घर से 30/40 मील तक की दूरी पर भी बतौर अध्यापिकाएं जाना पसन्द नहीं करतीं । दूसरे, सूबे में law and order की हालत भी ऐसी ही है। इस प्रकार लड़कियों की शिक्षा के लिये lady teachers की एक भारी समस्या बनी हुई है । उन की स्कूलों में भारी कमी है। इस के साथ २ यह भी बात है कि वह लड़कियां उन लोगों के पीछे २ भागती फिरती हैं जिन से उन्हें आशा हो सकती है कि वह उन की transfer शहरों के अन्दर करवा सकते हैं ताकि उन को 30 मील जाना और आना न पड़े । इस के लिये वह कभी किसी मिनिस्टर के पास और कभी किसी अफसर के पास भागती फिरती हैं क्योंकि जो अविवाहित लड़कियां हैं वह घर से इतनी दूर आ जा नहीं सकतीं। इतना खर्च बरदाश्त नहीं कर सकतीं । फिर जो पहाड़ी क्षेत्र हैं या दूसरे पिछड़े हुए क्षेत्र हैं वहां पर यातायात के साधन भी नहीं उपलब्ध होते । इस कठिनाई का उन को पता तो नौकरी प्राप्त करने से पहले भी होता है मगर नौकरी लेने के लिये वह पहले तो किसी दूर वाले स्थान को भी स्वीकार कर लेती हैं क्योंकि बेरोज़गारी बहुत है मगर जब नौकरी मिल जाती है तो महीना गुज़रने नहीं पाता कि वह कोशिश शुरू कर देती हैं कि उन की transfer हो जाए। वज़ीर साहिबान के पास सैंकड़ों व्यक्ति ऐसे आते हैं जो उन की transfer की सिफ़ारिश ले कर आते हैं । इस लिये सरकार को इस ओर जरूर ध्यान देना चाहिए कि इन क्षेत्रों में जहां पर बाहर की माताएं और बहनें काम करना पसन्द नहीं करतीं वहीं की माताओं और बहनों को इस योग्य बनाया जाए कि वह वहां के स्कूलों में अध्यापिकाओं का काम कर सकें। अगर ऐसा नहीं किया जाता तो इन पिछड़े हुए इलाकों के बच्चे और पीछे रह जाएंगे और बिना मास्टरों के बैठे रहेंगे । अभी अखबार में निकला था कि पटियाला ज़िला में एक गांव के अन्दर बच्चे एक साल तक स्कूल जाते रहे लेकिन अध्यापक नहीं आए । उस के बाद पंच और सरपंच वहां बैठने लगे । जहां ऐसी हालत हो कि कोई आदमी वहां आने को तैयार न हो तो वहां पर उसी स्थान के लोगों को इन कामों के लिये तैयार किया जाए । और यह वह इलाके हैं जहां के बहादुर सिपाही सीना सपर हो कर आज भी इस देश की border की रक्षा कर रहे हैं । अगर इन में शिक्षा का प्रसार ज्यादा हो पाए तो यह और भी अच्छी

[श्री बलरामजीदास टंडन]

तरह से देश की सेवा कर पायेंगे। इस लिये इस क्षेत्र की ओर खास ध्यान देने की ज़रूरत है। जो काम माता पिता करते हैं वही काम करने की तरफ बच्चों का भी रुझान होता है। इस लिये कांगड़ा के अन्दर सब से पहले सैनिक स्कूल खोले जाने चाहिएं थे। वहां सैनिक रा मैटीरियल तो है ही इस का ठीक ढंग से इस्तेमाल भी किया जाना चाहिए।

तीसरी बात इस प्रस्ताव में यह है कि वहां पर टैक्नीकल शिक्षा देने का प्रबन्ध किया जाए। आज कांगड़ा के अन्दर कोई बड़ा technical school नहीं है। जो एक दो छोटे २ ऐसे केंद्र हैं भी उन से वहां की ज़रूरतें पूरी नहीं होतीं। कांगड़ा वालों को इस कमी का दुख तब ज्यादा होता है जब वह देखते हैं कि उन के साथ लगने वाला हिमाचल का इलाका हर प्रकार के तालीमी अदारों को एक बड़ी गिनती में अपने इलाके में कायम कर रहा है। जब वह वहां की दूसरी चीज़ों जैसे सड़कें, हस्पताल और कालिजों का मुकाबला अपने यहां की बहुत कम गिनती में कायम की गई ऐसी ही संस्थाओं से करते हैं तो उन को अफसोस होता है और उन के मन में तमन्ना पैदा होती है कि वह भी किसी ढंग से अलग हो कर इसी तरह से तरक्की करें। इस लिये सरकार को अपने budget का एक निश्चित हिस्सा इस इलाके की तरक्की के लिये अलग रखना चाहिए। यह ठीक है कि यह पहाड़ी क्षेत्र है मगर और भी तो तरक्की याफता पहाड़ी मुल्क हैं जहां पर कारखाने लगे हुए हैं और वह खुशहाल हैं। उन को देख कर इस इलाके की भी डिवैल्पमैंट की जानी चाहिए।

इस में यह संशोधन पेश किये गए हैं कि कांगड़ा के साथ २ प्रदेश के दूसरे पिछड़े हुए क्षेत्रों में भी जहां पर जिस तरह की शिक्षण संस्थाओं का प्रबन्ध होना चाहिए वैसा नहीं है उन को भी आगे बढ़ाया जाए। मैं समझता हूं कि यह बात ठीक है कि कांगड़े की तरह हरयाणा जैसे क्षेत्रों की तरफ भी सरकार का ध्यान अवश्य जाना चाहिए। मैं आशा करता हूं कि इस प्रस्ताव के सारे भागों को ध्यान में रख कर कांगड़े और दूसरे सारे पिछड़े हुए इलाकों को priority दे कर सरकार आगे बढ़ाने की कोशिश करेगी।

Dr. Baldev Parkash : Sir, I beg to move—

That the question be now put.

Mr. Speaker : Question is—

That the question be now put.

The Assembly then divided—

Ayes	.. 44
Noes	.. 61

The motion was declared lost.

AYES

1. Ajaib Singh, Sardar.
2. Amar Singh, Shri.
3. Babu Singh, Master, Comrade.
4. Baldev Parkash, Dr.
5. Balramji Das Tandan, Shri.

6. Banwari Lal, Shri.
7. Bhan Singh Bhaura, Comrade.
8. Chiranji Lal Sharma, Pandit.
9. Didar Singh, Comrade.
10. Fakiria, Shri.
11. Fateh Chand Vij, Shri.
12. Gurmej Singh, Sardar (Fatehgarh).
13. Gurbux Singh Dhaliwal, Comrade (Nihalsingh wala).
14. Gurbakhsh Singh, Sardar (Dhariwal).
15. Gurbakhshish Singh, Sardar.
16. Gurnam Singh, Sardar.
17. Hardit Singh, Sardar.
18. Hardit Singh Bhathal, Comrade.
19. Hari Singh, Sardar.
20. Har Kishan, Chaudhri.
21. Harnam Singh Chamak, Comrade.
22. Hunna Mal, Shri.
23. Jagan Nath, Shri.
24. Jagjit Singh, Sardar (Zira).
25. Jangir Singh Joga, Comrade.
26. Kartar Singh Dhillon, Sardar.
27. Kulbir Singh, Sardar.
28. Lachhman Singh Gill, Sardar.
29. Makhan Singh Tarsikka, Comrade.
30. Makhan Singh, Sardar.
31. Manphul Singh, Chaudhri.
32. Mohan Lal Datta, Pandit.
33. Mukhtiar Singh Malik, Chaudhri.
34. Net Ram, Chaudhri.
35. Nihal Singh, Rao.
36. Om Parkash Agnihotri, Shri.
37. Ram Dhari Gaur, Pandit.
38. Ram Sarup, Chaudhri.
39. Satya Dev, Chaudhri.
40. Shamsher Singh, Sardar.
41. Shamsher Singh Josh, Comrade (Ludhiana).
42. Tara Singh Lyallpuri, Sardar.
43. Tej Singh, Sardar.
44. Tek Ram, Chaudhri.

NOES

1. Ajmer Singh, Sardar.
2. Babu Dayal Sharma, Shri.
3. Bal Krishan, Dr.
4. Baloo Ram, Chaudhri.
5. Balwant Singh, Sardar.
6. Benarsi Das, Shri.
7. Bhagirath Lal, Pandit.
8. Bhag Singh, Lieut.
9. Chandi Ram Verma, Shri.
10. Chuhar Singh, Chaudhri.
11. Darbara Singh, Sardar.
12. Dasondhi Ram, Chaudhri.

[Mr. Speaker]

13. Dev Raj Anand, Shri.
14. Dilbagh Singh, Sardar.
15. Dina Nath Agarwal, Shri.
16. Gian Chand, Shri.
17. Gulab Singh, Sardar.
18. Gurmej Singh, Sardar (Amritsar Sadar).
19. Gurmit Singh, Sardar.
20. Gurbanta Singh, Sardar.
21. Gurmail, Shri.
22. Gurdial Singh Dhillon, Sardar.
23. Harbans Lal, Shri.
24. Harcharan Singh Brar, Sardar.
25. Harchand Singh, Sardar.
26. Harinder Singh Major, Sardar.
27. Hari Ram, Chaudhri.
28. Hira Lal, Shri.
29. Kanihya Lal Poswal, Shri.
30. Kartar Singh Gyani, Sardar.
31. Khurshed Ahmed, Chaudhri.
32. Mehar Singh, Thakur.
33. Mohan Lal, Shri.
34. Multan Singh, Shri.
35. Narain Singh, Shahbazpuri Sardar
36. Nihal Singh, Shri (Mahendragarh).
37. Narinjan Singh Talib, Sardar.
38. Parsani Devi, Shrimati.
39. Piara Singh, Sardar.
40. Prem Singh 'Prem', Sardar.
41. Ram Chandra, Comrade.
42. Ram Kishan, Shri.
43. Ram Partap Garg, Shri.
44. Ram Piara, Comrade.
45. Ram Rattan, Chaudhri.
46. Ram Saran Chand Mittal, Shri.
47. Ranbir Singh, Chaudhri.
48. Ran Singh, Chaudhri.
49. Rattan Singh, Capt.
50. Roop *Lal* Mehta, Shri.
51. Rup Singh 'Phul', Shri.
52. Sarla Devi, Shrimati.
53. Satnam Singh Bajwa, Sardar.
54. Sita Ram Bagla, Shri.
55. Sumitra Devi, Rajkumari.
56. Surinder Nath Gautam, Shri.
57. Tirlochan Singh Riasti, Sardar.
58. Tayyab Hussain Khan, Chaudhri.
59. Yash Paul, Shri.
60. Yu suf Zaman Begum, Her Highness.
61. Zail Singh Giani, Sardar.

ठाकुर मेहर सिंह (डेरा गोपीपुर) : जनाब स्पीकर साहिब, जो resolution श्री रूप सिंह फूल की तरफ से इस हाउस में पेश हुआ है, मैं उस की हिमायत करने के लिये खड़ा हुआ हूं। इसमें तीन मांगें की गई हैं। सब से पहली यह है कि education up to higher secondary level for boys and girls be made free.

स्पीकर साहिब, मैं आप के द्वारा पंजाब सरकार की तवज्जोह इस तरफ दिलाना चाहता हूं कि हमारे ज़िला कांगड़ा में 50 जातियों के लोग रहते हैं और मौजूदा वक्त में कोई 44 जातियां ऐसी हैं जिन की पढ़ाई higher secondary standard तक ही नहीं बल्कि आखिर तक मुफत दी जा रही है लेकिन 6 जातियां ही बदकिस्मत हैं जिन को इस रियायत से महरूम रखा गया है । इन 6 जातियों में यह यह लोग हैं, ब्राह्मण, राजपूत, खत्री, जाट और कायस्थ हैं। जहां पर इस ज़िला को पसमान्दा करार दिया गया हुआ है, और 50 जातियों में से 44 जातियों को हर प्रकार की तालीम मुफ्त की हुई है वहां इन बाकी की 6 जातियों के लोगों के साथ जो सारी की सारी पसमान्दा हैं, उन को यह सहूलियत न दे कर उन के साथ सौतेली मां वाला बरताव किया जा रहा है । इस लिये मैं यह प्रार्थना करूंगा कि जहां बाकी 44 श्रेणियों के लोगों की मुफ्त तालीम का इंतज़ाम किया हुआ है वहां इन 6 श्रेणियों को भी उन में शामिल किया जाये और उन्हें भी मुफ्त तालीम दी जाय । वह ज़िला बहुत पसमान्दा हैं और इन 6 जातियों के लोगों की हालत बाकी की 44 जातियों के लोगों की हालत से कोई अच्छी नहीं बल्कि खराब है। और यह जातियां वही हैं जिन के लोग 12, 12 हज़ार फुट की बुलन्दी की पहाड़ियों पर फौज में रह कर देश की defence को मज़बूत कर रहे हैं। इस लिये मैं निवेदन करूंगा कि इस ज़िला के अन्दर या तो merit के लिहाज़ से या आमदनी को देख कर, जिन की थोड़ी आमदनी हो यानी 150 या 200 रुपये से कम आमदनी वालों की तालीम मुफ्त कर देनी चाहिये । इकतसादी तौर पर इन 6 जातियों के लोग बाकी 44 जातियों के लोगों से जो कि वहां बसते हैं, ज्यादा पिछड़े हुए हैं । इस लिये अव्वल तो सब के लिये तालीम मुफ्त कर देनी चाहिये अगर किसी वजह से यह न हो सकता हो तो merit के लिहाज़ से या उन की आमदनी देख कर उन की शिक्षा मुफ्त कर देनी चाहिये ।

(At this stage Sardar Gurnam Singh a member of the Panel of Chairmen, occupied the Chair).

इस प्रस्ताव में दूसरी मांग यह की गई है कि उस ज़िला की middle पास लड़कियों को basic शिक्षा दे कर के उन्हें वहां पर उस्तानियां लगाया जाये......

डाकटर बलदेव प्रकाश : On a point of order Sir, क्या यहां allowed है कि जो मैम्बर साहिब बोल रहे हैं उन के और आप के दरमियान में से कोई मैम्बर साहिब गुज़र जाएं ?

कुछ आवाज़ें : स्पीकर साहब की कुर्सी बहुत ऊंची है।

Mr. Chairman : The hon. Members should be careful in furture.

ठाकुर मेहर सिंह : तो मैं अर्ज़ कर रहा था कि क्योंकि दूसरे इलाकों से उस्तानियां वहां रहना पसन्द नहीं करतीं इस लिये इस प्रस्ताव में यह जो बात कही गई है इस को मान लिया जाये ताकि वहां की लड़कियां खुद उस्तानियों का काम करने के काबिल हो सकें। इस सिलसिले में मैं आप के ज़रिए सरकार के notice में हाल ही का एक वाक्या लाना चाहता हूं । अभी दो तीन महीने गुज़रे हैं कि Junior Basic Training

[ठाकुर मेहर सिंह]

School गरली में कुछ लड़कियां दाखल की गई क्योंकि वहां basic training class की एक unit खोली गई है। उन लड़कियों की Headmisterss ने और District Inspectress of Schools ने interview ली और कोई 20 या 25 लड़कियां दाखिल की गई इन में कुछ लड़कियां middle पास थीं हालांकि 38 middle पास लड़कियां वहां दाखिल होने के लिये आई थीं। जो लड़कियां वहां पर दाखिल हुई थीं उन में से तो कुछ इतने गरीब माता पिता की लड़कियां थीं जिन्होंने अपने कपड़े और ज़ेवर बेच कर उन्हें वहां दाखिल कराया क्योंकि वैसे वे उन का खर्च बरदाश्त नहीं कर सकते थे। Interview के बाद वे लड़कियां वहां पर बाकायदा तौर पर 25 दिन तक पढ़ती रहीं लेकिन 25 दिन के बाद यकलखत ही उन्हें उस स्कूल से और होस्टल से निकाल दिया गया। बाकी जो 11 लड़कियां वहां पढ़ रही हैं उन में से 6 ज़िला कांगड़ा की हैं और 5 बाकी के मैदानी इलाकों की हैं। 25 दिन के बाद वहां पर order चला गया कि उन middle पास लड़कियों को निकाल दो। मैं पूछता हूं कि जब पहले उन लड़कियों की interview ले कर और उन्हें योग्य समझ कर दाखिल किया गया था और जब वे अपने कपड़े और ज़ेवर बेच कर, खर्च कर के दाखिल हुई थीं तो बाद में उन्हें क्यों निकाल दिया गया। इस में उन का तो कोई कसूर नहीं। गलती अगर की है तो A.D.I. ने की या Headmistress ने की, जिन्होंने interview कर के उन्हें दाखिल कर लिया था। फिर teachers ने 25, 26 दिनों में यह भी महसूस कर लिया था कि वे लड़कियां बाकी matric पास लड़कियों से भी अच्छी चल रही हैं। इस लिये चेयरमैन साहिब, मैं आप के ज़रिये वज़ीर साहिब से कहूंगा कि उन लड़कियों को ज़रूर मौका दिया जाये और special order कर के उन्हें दाखिल कर लिया जाये। यह इस लिये भी ज़रूरी है क्योंकि 50 लड़कियों की जगह पर इस वक्त कुल 11 लड़कियां पढ़ रही हैं।

इस प्रस्ताव में तीसरी बात यह कही गई है :

> "More schools of different categories be opened in the remote rural areas of Kangra and other hilly Districts."

अब मैं, उन स्कूलों के आदादो शुमार जो यहां खुल रहे हैं, आप के ज़रिये हाउस के सामने रखना चाहता हूं। 1947 से पहले इस पंजाब के अन्दर कुल 47 कालिज थे, अब यहां पर 147 के करीब कालिज खुल गये हैं लेकिन ज़िला कांगड़ा एक ऐसा बदकिस्मत ज़िला है कि वहां पर सिर्फ एक ही college है जो कि अंग्रेजों के जमाने का खुला हुआ है और वह भी दूर जा कर धर्मसाला में है। इस ज़िला को कोई college नहीं दिया गया हालांकि वायदा किया गया था कि हमीरपुर में एक college दिया जायेगा लेकिन उस के साथ भी एक शर्त लगा दी गई कि building बना कर दो। न नौ मन तेल होगा और न राधा नाचेगी। वहां के लोग इतने गरीब हैं कि वह अपने पास से college के लिये building नहीं बनवा सकते। हां, अगर गवर्नमेंट गरली में एक college खोलने के लिये तैयार हो तो 50 हज़ार रुपया वहां के लोग उस के लिये देने को तैयार होंगे। आप अन्दाज़ा लगायें उस इलाके के लोग कैसे नौकरियों में आ सकते हैं जब कि एक तरफ तो

गवर्नमेंट Subordinate Services Selection Board और Public Service Commission की मार्फत recruitment merit पर करती है और दूसरी तरफ वहां के बच्चों के लिये पूरे college और स्कूलों का इंतज़ाम नहीं करती। वहां पर पढ़ाई का खातिरखाह इन्तज़ाम नहीं है, जो लड़के और लड़कियां मैट्रिक पास करते हैं वे किसी सूरत में भी दूर कालेज में पढ़ने के लिये नहीं जा सकते। उन के वालदैन इतना खर्च बरदाश्त ही नहीं कर सकते। इस बात के पेशेनज़र यह ज़रूरी हो जाता है कि ज़िला कांगड़ा में मज़ीद कालेज दिये जाएं। जहां दूसरे इलाकों में technical स्कूल और कालेज ज्यादा से ज़्यादा तादाद में खुल चुके हैं वहां ज़िला कांगड़ा में सिर्फ दो तीन polytechnic स्कूल खुले हैं। डेरा के अन्दर एक polytechnic स्कूल और एक industrial स्कूल ज़रूर खोला जाना चाहिये ताकि वहां के लोग उन अदारों से ट्रेनिंग ले कर कारखानों में काम कर सकें और अच्छे तरीके से अपनी रोज़ी कमा सकें। वरना उस इलाके की पसमांदगी दूर नहीं हो सकेगी। मगरमच्छ के आंसू तो बहुत बहाये जाते हैं कि हम कांगड़े ज़िले के लिये बहुत कुछ कर रहे हैं लेकिन हकीकत यह है कि कि मैदानी इलाकों के मुकाबले में ज़िला कांगड़ा में कुछ भी नहीं किया जा रहा। हमारा इलाका सारे हिन्दोस्तान के लिए फौजी सिपाही देता है, बिजली देता है लेकिन उस का फायदा कांगड़ा ज़िला को कुछ नहीं पहुंचता। वहां पर डैम बनते हैं सारा पंजाब उन से सैराब होता है लेकिन उस ज़िले को कुछ फायदा नहीं पहुंचता। वहां के लोग बहुत ज्यादा तकलीफ में हैं। वहां पर ज़मीन acquire कर ली जाती है लोगों की फसलें बरबाद कर दी जाती हैं लेकिन मुआविज़ा कुछ भी नहीं दिया जाता। कहते हैं कि उन को नोटिस दे रखा है लेकिन वे नोटिस तो कागज़ों में रह जाते हैं। वह लोग कुछ कह नहीं पाते, सीधे सादे लोग हैं सरकार को उन गरीब लोगों की तरफ ध्यान देना चाहिये। वे हिन्दोस्तान के फायदे के लिये कुरबानियां दे रहे हैं। ठीक है, मैं मानता हूं कि अपने देश के लिये इनसानों को कुरबानियां करनी ही पड़ती हैं लेकिन उन लोगों को भी तो कुछ न कुछ सुविधाएं मिलनी चाहिये। उन के बच्चों को free तालीम होनी चाहिये, ज्यादा से ज्यादा Industrial School होने चाहियें, कालेज होने चाहियें ताकि वे बच्चे भी तालीम हासिल कर के मैदानी इलाके के बच्चों के साथ मुकाबले के इम्तहान में बैठ सकें। मुझे दुख के साथ कहना पड़ता है कि डोगरी में एक प्रायमरी स्कूल है। उस area में आस पास दस दस मील के फासले पर कोई और मिड्ल स्कूल नहीं है दूसरे इलाकों में स्कूल upgrade किये गए हैं लेकिन उस स्कूल को बिलकुल नज़र अंदाज़ कर दिया गया है। उन लोगों को बड़ी मुश्किल का सामना करना पड़ता है। पंजाब में 1947 से पहले 1145 मिड्ल स्कूल थे लेकिन आज वहां 2,500 मिड्ल स्कूल हैं। मैं अपनी सरकार से पूछना चाहता हूं कि उन लोगों ने कौनसा गुनाह किया है कि उन के स्कूल को upgrade नहीं किया गया। पिछले दिनों Higher Secondary School खोले गए लेकिन मेरी constituency में न कोई Middle School खोला गया है और न ही कोई Higher Secondary School खोला गया है। मेरे हलके का कोटा भी दूसरी तहसीलों को दे दिया गया है। इन हालात में मैं सरकार से अर्ज़ करना चाहता हूं कि डोगरी

[ठाकुर मेहर सिंह]

में जो प्राइमरी स्कूल है उस को जल्दी ही upgrade कर देना चाहिये। तालीमी लिहाज़ से सरकार ने बहुत तरक्की की है लेकिन हमारे बच्चों को सहूलत नहीं मिलतीं। जैसे कि मैं पहले कह चुका हूं जो ज़ुल्म उन लड़कियों के साथ हुआ है, 38 लड़कियों को धक्के मार मार कर होस्टल में से निकाल दिया गया, उन को दोबारा वहां दाखिल किया जाए। जब भी मैं वहां जाता हूं तो मुझे पूछती हैं कि पिता जी हमारा क्या बनाया है। मेरे लिये उन को जवाब देना मुश्किल हो जाता है। मैं सरकार से अर्ज़ करना चाहता हूं कि अगर वह हमेशा के लिये नहीं यह करना चाहती ताकि शिक्षा का स्टैंडर्ड नीचे न हो जाए तो जो लड़कियां वहां पर दाखिल हो चुकी हैं उन को तो दोबारा ज़रूर दाखिल कर लेना चाहिये। उन का interview कर लें, मैट्रिक पास से अच्छी लड़कियां हैं, शायस्ता हैं और आदर्श लड़कियां हैं (विघ्न) मैं इन अल्फाज़ के साथ दोबारा सरकार का ध्यान इस तरफ दिलाना चाहता हूं कि कांगड़ा ज़िला मैदानी इलाकों के लिये बहुत मुफीद साबित हो रहा है। आप उस ज़िले के लाभ के लिये भी कुछ सोचें। उन को सहूलतें दें ताकि वहां के बच्चे अच्छी तालीम हासिल कर Public Service Commission के इम्तहानों में पास हो सकें। वहां पर कई स्कूलों में ज्ञानी टीचर भी नहीं हैं। इम्तहान में पर्चे तो पंजाबी के होते हैं लेकिन पंजाबी पढ़ाने वाला टीचर कोई नहीं है। इन बातों की तरफ सरकार को ध्यान देना चाहिये। इन शब्दों के साथ मैं आप का धन्यवाद करता हूं।

Comrade Babu Singh Master : Sir, I beg to move—

That the question be now put.

Mr. Chairman (Sardar Gurnam Singh) : Since this motion was moved only a few minutes before and decided upon, I think the discussion may go on for a little while more.

श्रीमती प्रसन्नी देवी (रजौंद) : चेयरमैन साहिब, आज सदन के सामने श्री रूप सिंह जी फूल का प्रस्ताव प्रस्तुत है। मैं आप के द्वारा पंजाब सरकार का ध्यान उस पिछड़े हुए इलाके की तरफ दिलाना चाहती हूं जो इस लिहाज़ से पहाड़ी इलाके से ज़रा भी कम नहीं बल्कि उस के बराबर पिछड़ा हुआ है और कहीं पर तो उस से भी ज्यादा पिछड़ा हुआ है। वह इलाका ज़िला करनाल का इलाका है और शिक्षा के लिहाज़ से बहुत पीछे है। तहसील कैथल को पंजाब सरकार ने पिछड़ी हुई तहसील करार दिया हुआ है। वह तहसील अभी तक शिक्षा के लिहाज से बहुत पिछड़ी हुई है मैं मानती हूं कि शिक्षा मन्त्री और मुख्य मन्त्री सरदार प्रताप सिंह कैरों की कृपा से पिछले पांच सालों में उस इलाका में शिक्षा की बड़ी तरक्की हुई लेकिन अभी तक उस इलाके में जहां पर पन्द्रह २ बीस २ मील तक सड़कों के लिये आने जाने के साधन मौजूद नहीं, आठ-दस मील तक हाई स्कूल, छः सात मील तक मिडल स्कूल और तीन-चार मील तक primary school मिल पाए हैं। आप अन्दाजा लगा सकते हैं कि अगर छः सात साल की उम्र के बच्चों को तीन तीन चार चार मील तक गर्मियों के मौसम में रेतीली ज़मीन पर स्कूल आना पड़े तो उन का सारा समय आने जाने में ही लग जाएगा; वह विद्या क्या प्राप्त करेंगे ?

इस के अलावा हमारे पिछड़े हुए इलाकों में जहां आमदन के ज़रिए बहुत कम हैं फिर भी लोगों ने पैसे बचा कर अपनी मेहनत से एक एक डेढ़ डेढ़ लाख की buildings तैयार की हैं तो मैं समझती हूं कि उन स्कूलों को इस वक्त जो सहायता सरकार की तरफ से मिल रही है वह बहुत ज्यादा नहीं है। ऐसे पिछड़े हुए इलाकों में अगर इस किस्म के स्कूलों को सरकार की तरफ से ज़रूरी सहूलियतें न दी जाएं तो वह लोग आगे बढ़ने में मजबूर होते हैं। इस लिये मैं आप के द्वारा शिक्षा मन्त्री महोदय का ध्यान इस ओर दिलाती हुई आशा करती हूं कि इस तरफ विशेष ध्यान दिया जाएगा। और यह provision किया जाएगा कि पहाड़ी इलाकों के साथ इस पिछड़े हुए इलाके को भी वही सुविधाएं दी जाएं जिन की मांग प्रस्ताव में की गई है।

दूसरी मांग यह की गई है कि मिडल पास लड़कियों को J.B.T. में दाखिल होने की इजाज़त दी जाए। चेयरमैन साहिब, मैं आप के ज़रिए House को बताना चाहती हूं कि मेरे रज़ौंद के इलाके में 80 गांव के area के अन्दर लड़कियों का कोई भी high school या higher secondary school नहीं है। जिस इलाके में सड़कों का कोई प्रबन्ध नहीं, लोगों को आने जाने के साधन उपलब्ध नहीं, पंद्रह २ बीस बीस मील तक कोई high या higher secondary school लड़कियों के लिए नहीं, जहां उस सारे इलाके में शायद दो मिडल स्कूल और दो तीन प्राइमरी स्कूल हों ऐसा इलाका पहाड़ी इलाके के मुकाबले में शिक्षा के लिहाज से अगर ज्यादा पिछड़ा हुआ न कहा जाए तो उस के बराबर ज़रूर गिना जाना चाहिए। इस कारण इस ओर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। ऐसे इलाके में लड़कियां पढ़ी लिखी मिलती नहीं, बाहर के इलाकों से आना पसन्द नहीं करतीं तो ऐसी हालत होती है कि एक एक प्राइमली स्कूल में एक एक अध्यापक या अध्यापिका को सौ सौ और डेढ़ डेढ़ सौ बच्चों को control करना पड़ता है। अगर वहां की मिडल पास लड़कियों को J.B.T. class में दाखिल होने की इजाज़त मिल जाए तो लड़कियों की शिक्षा में वह इलाका भी कुछ आगे बढ़ सकता है। मैं आप के द्वारा पंजाब Government का धन्यवाद करना चाहती हूं कि उन्होंने इस पिछड़े हुए इलाके में गवर्नमेंट की तरफ से लड़कियों की J.B.T. class खोली हुई है लेकिन वह मैट्रिक पास लड़कियों के लिये है। मैं समझती हूं कि अगर वहां पर दस बीस seats मिडल पास लड़कियों को मिल जाया करें तो उस इलाके की मिडल पास लड़कियां J.B.T. हासिल कर के वहां पर अध्यापिकाओं की कमी को किसी हद तक दूर करने में सहायक हो सकती हैं।

इसके अलावा मैं निवेदन करूंगी कि उस इलाके में स्कूलों की बहुत कमी है। पंजाब गवर्नमेंट ने यह फैसला किया हुआ है कि पांच मील तक हाई स्कूल, तीन मील तक मिडल स्कूल और एक मील तक प्राइमरी स्कूल होगा। ठीक है कि पिछले दस सालों में पंजाब के अन्दर शिक्षा के मैदान में पंजाब गवर्नमेंट ने बहुत तरक्की की है। लेकिन जिन इलाकों ने इस सम्बन्ध में पहिले ही काफी तरक्की कर ली है, उन की तरफ कम ध्यान देकर भी अगर पिछड़े इलाकों को ऊपर उठाना पड़े तो मेरा विश्वास है कि हमारी

[श्रीमती प्रसन्नी देवी]
सरकार ज़रूर ऐसे कदम उठाएगी। तभी वह इलाके जो कि आगे बढ़े हुए इलाकों से 50-50 साल पीछे रह गए हैं उन के बराबर आ सकेंगे और वहां के बच्चे शिक्षा प्राप्त करके services में आगे आ सकेंगे। मैं आशा करती हूं कि ऐसे इलाकों की तरफ जो दूरदराज़ वाक्या हैं, जहां बीस बीस मील तक सड़क नहीं और जहां पर ऐसे areas भी हैं कि सौ सौ गांव में एक भी स्कूल नहीं—कालेज की तो बात ही क्या—सरकार विशेष तौर ध्यान देगी। जहां तक इस resolution का सम्बन्ध है ऐसे इलाकों को कांगड़े के पहाड़ी इलाकों के बराबर करार दे कर उन्हें भी यही सुविधाएं दी जाएं। इस के अलावा जो गांव buildings बना कर देते हैं। उन की तरफ सब से पहले ध्यान दिया जाए और उन स्कूलों को सब से पहले upgrade किया जाए। इन शब्दों के साथ मैं फूल जी के प्रस्ताव का, कांगड़ा के साथ साथ दूसरे पिछड़े हुए इलाकों को शामिल करके, समर्थन करती हूं और आशा रखती हूं कि पंजाब सरकार इन पिछड़े हुए इलाकों का खास तौर पर ध्यान रखेगी।

Mr. Chairman : Now Shri Gian Chand may speak. I would request him to speak for ten minutes.

Shri Gian Chand : Sir, it is for the first time since the commencement of the Session that I am speaking on behalf of my constituency. I would, therefore, request that some more time may kindly be given to me.

Mr. Chairman : All right.

11.00 a.m.

श्री ज्ञान चन्द (शिमला) : चेयरमैन साहिब, जो प्रस्ताव श्री रूप सिंह जी ने पेश किया है मैं उस की ताईद करता हूं। पेश्तर इस के कि मैं इस पर कुछ और कहूं मैं पहले यह दो बातें कहना चाहता हूं। एक तो इस में यह कहा गया है कि पहाड़ी इलाकों में हायर सैकन्डरी तक तालीम मुफ्त होनी चाहिए और दूसरी बात यह कही गई है कि जे० बी० टी० की क्लास में मिडल पास लड़कियों को दाखिल किया जाए। जनाब, में यह बात कहना चाहता हूं कि मुझे इस से इत्तफाक नहीं है। मैं पहाड़ के इलाके का रहने वाला हूं और यह कह सकता हूं कि हमारी बदकिस्मती है कि हमारा इलाका माली तौर पर और तालीमी तौर पर पिछड़ा हुआ है। इस तरफ तरक्की के मौके उन लोगों को मुयस्सर नहीं हैं। इन इलाकों के पढ़ने वाले बच्चों के लिये इस competition के ज़माने में यह अच्छी बात न होगी अगर उन को पढ़ाने वाले खुद कम पढ़े लिखे होंगे। इसी वजह से मुझे इस बात से इत्तफाक नहीं है कि मिडल पास लड़कियों को जे० बी० टी० क्लास में दाखिल किया जाए। मगर इतना तो हर कोई जानता है कि पहाड़ी इलाकों में ट्रेंड टीचर्ज़ की बड़ी कमी है। इस की एक वजह तो यह है कि देश के काफी लोग पहाड़ी इलाकों में रहना पसन्द नहीं करते। मगर यह काफी वजह नहीं है कि सरकार उस इलाके के स्कूलों के लिये उस्तादों का प्रबन्ध न करे। इस को चाहिये कि वहां पर जाने वाले टीचर्ज़ को खास allowance दे।

मैं नहीं चाहता था कि backward hilly areas के बारे ज़िक्र करता मगर एक माननीय मैम्बर ने यह कहा कि कांगड़ा के इलाके में सिर्फ मुंडू पैदा होते हैं या मालिशिये

पैदा करने वाला वह इलाका है। मुझे इस बात पर एतराज़ है और मैं हैरान हूं कि पहाड़ी इलाकों से हमदर्दी ज़ाहिर करने वाले मैम्बरान ने यह बात चुप चाप सुनी। यह ठीक है कि पहाड़ी इलाके माली तौर पर और तालीमी तौर पर मैदानी इलाकों से पीछे हैं मगर एक दो बातों में वह इन से आगे भी हैं। यहां पर दो तीन रोज़ पहले इन तालीम याफता इलाकों के मुताल्लिक कुछ आंकड़े पुलिस रिपोर्ट में जो कि टेबल पर रखी गई थी ज़ाहिर किए गए थे। उस रिपोर्ट से यह ज़ाहिर होता है कि backward areas में उतने कत्ल नहीं होते, उतने डाके नही पड़ते जितने कि इन आगे बढ़े हुए इलाकों में पड़ते हैं। जनाब, इस से कोई इनकार नहीं कर सकता कि पंजाब तरक्की की तरफ बढ़ रहा है मगर इस के रास्ते में अगर कोई रुकावट है तो वह हैं agitations। कभी हिंदी ऐजीटेशन है, कभी पंजाबी सूबा ऐजीटेशन है और कभी betterment levy agitation चलती है। इस लिहाज़ से यह गलत तौर पर तरक्की पसन्द कहा जाने वाला इलाका बहुत पिछड़ा हुआ है। हमारी यह बदकिस्मती है कि यह तरक्की पसंद लोग आपस में झगड़ते ज्यादा हैं। इस लिये पिछड़ा हुआ इलाका अपना हिस्सा भी छोड़ देता है चाहे service की बात हो चाहे वज़ारत की बात हो। मैं देखता हूं कि इस सदन का हर मैम्बर इस प्रस्ताव के हक में है और चाहता है कि कांगड़ा के लोगों को कुछ दिया जाए। मगर मैं पूछता हूं, कि इन इलाकों का service में कितना हिस्सा है, cabinet में कितना हिस्सा है। भीख मांगने से कोई चीज़ नही मिला करती मगर इस democratic set-up में भी इन इलाकों के साथ यह सलूक हो तो और कहां से इन को कुछ मिलेगा? हम सारे हिन्दुस्तान के शहरी हैं और यहां के सारे इलाके बराबर हैं। एक दूसरे से मुख्तलिफ चाहे हों मगर हैं सब एक ही मुल्क के हिस्से। इन में कोई फर्क नहीं है। There is diversity in unity and unity in diversity पंडित नेहरू जी ने कहा है कि मैं सैंट्रल कैबिनट बनाते वक्त सब इलाकों का ख्याल रखूंगा ताकि उन सब को नुमायंदगी मिल सके इसी सिलसिले में आप की तवज्जुह इस बात की तरफ दिलाना चाहता हूं कि पंजाब के तीन मोटे मोटे इलाके हैं: एक पंजाबी हिस्सा, एक हिंदी हिस्सा और एक पहाड़ी हिस्सा। इन तीनों हिस्सों का ध्यान रखा जाना ज़रूरी है। पहाड़ी इलाके में कांगड़ा, शिमला, ऊना तहसील वगैरह शामिल हैं, इन इलाकों में आबादी भी काफी है। इसी के बेसिज़ पर भी इस इलाका को एक कैबिनट मिनिस्टर की जगह मिलनी चाहिए थी। आने वाली generations महात्मा गांधी जी के बारे में सोचा करेंगी कि यह वह आदमी था जिस ने हिंदुस्तान को आज़ाद कराया। उन्होंने कहा था कि good government is no substitute for self-government. Self Government के लिये यह ज़रूरी है कि हर इलाका को cabinet में नुमायंदगी मिले। मैं पैप्सू के इलाके का रहने वाला हूं और मैं उन आदमियों में से हूं जो इस बात की आवाज़ उठाते थे कि पैप्सू को जल्द से जल्द पंजाब में शामिल किया जाए क्योंकि मैं महसूस करता था कि पंजाब एक तरक्की पसंद इलाका है इस के साथ मिल कर पैप्सू भी तरक्की करेगा। मगर अफसोस है कि जब से पैप्सू पंजाब में शामिल हुआ है तब से उस की तरक्की रुक गई है। पैप्सू के ज़माना में कंडाघाट के इलाके में काफी

[श्री ज्ञान चन्द]

स्कूल खोले गए मगर ज्यों ही merger हुआ तो जिस स्कूल की दीवार आधी थी वह आधी ही रह गई, जिस की छत पड़नी बाकी थी वह उसी तरह रह गई । फिर चेयरमैन साहिब, काफी स्कूल ऐसे हैं जिन में उस्ताद नहीं हैं । 40, 50 बच्चे स्कूल जाते हैं और हर माह सोचते हैं कि इस बार मास्टर जी आएंगे, इस बार आएंगे मगर आता कोई नहीं । एक गांव कोफतू है । उस के प्राइमरी स्कूल में पिछले एक साल से कोई उस्ताद नहीं है । चनोद में दो साल से उस्ताद नहीं है और कनाह बजनाल में पिछले छः महीनों से कोई उस्ताद नहीं है । मैं कंडा घाट तहसील के बारे कह सकता हूं कि वहां की हालत बहुत खराब है मुझे इस बात की खुशी है कि पिछले चंद सालों में पंजाब का education पर खर्च कई गुना बढ़ा है मगर यह पूछने वाली बात है कि आया D. P. I. के दफतर में कोई clerk और assistant भी रखा गया है या नहीं । जनाब, शिमले का कोई तीन सौ मुरब्बा मील का रकबा है मगर उस ज़िले के लिये कोई District Inspector of Schools नहीं है ।

Mr. Chairman: Please wind up.

श्री ज्ञान चंद : बहुत अच्छा जनाब । जनाब, कोहाघाट में मिडल स्कूल का सिर्फ एक कमरा है । आठ की आठ क्लासिज़ उसी एक कमरे में बैठती हैं । मैं यह बात फिर सरकार के नोटिस में लाना चाहता हूं कि शिमला के लिये District Inspector of Schools का दफतर खोला जाना चाहिए । जो स्कूल वहां हैं उन में टीचर्ज़ भेजे जाएं । दूसरे पहाड़ी इलाकों के साथ २ शिमला जिला में भी टैकनीकल तालीम के लिये और टीचर्ज़ ट्रेनिंग के लिये स्कूल खोले जाएं ताकि उन इलाकों के लोग भी कारआमद शहरी बन सकें । इन शब्दों के साथ मैं अपना भाषण समाप्त करता हूं ।

ਸ੍ਰੀ ਚੇਅਰਮੈਨ : ਮੇਰਾ ਆਪਣਾ ਖਿਆਲ ਹੈ ਕਿ ਹੁਣ ਇਸ ਰੈਜ਼ੂਲੇਸ਼ਨ ਤੇ ਬਹੁਤ ਤਕਰੀਰਾਂ ਹੋ ਚੁਕੀਆਂ ਹਨ ਅਤੇ ਜੋ ਕੁਝ ਹੁਣ ਮੈਂਬਰ ਸਾਹਿਬਾਨ ਵਲੋਂ ਕਿਹਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਇਹ ਇਕ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ repetition ਹੀ ਹੈ ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਗੌਰਮੈਂਟ ਵਲੋਂ ਇਥੇ Education Minister ਸਾਹਿਬ ਬੈਠੇ ਹਨ ਉਹ ਦਸਣ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਕੀ ਵਿਚਾਰ ਹੈ। ਮੈਨੂੰ ਇਹ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਕਿ ਉਹ ਕੀ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਨ ਪਰ ਮੇਰਾ ਜ਼ਾਤੀ ਖਿਆਲ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਤੇ ਕਾਫੀ discussion ਹੋ ਚੁਕੀ ਹੈ । ਮੈਂ Education Minister ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ force ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਦਾ ਪਰ ਇਹ ਚਾਹਾਂਗਾ ਕਿ ਉਹ ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਇਸ ਬਾਰੇ ਵਿਚ ਦਸਣ ਕਿ ਉਹ ਕੀ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਨ। (I am personally of the view that sufficient number of speeches have been made on this Resolution and the arguments now being advanced by the hon. Members are a sort of repetition. I would, therefore, like the Education Minister who is present in the House, to put before the House the Government's point of view. I do not know what he thinks about it but I feel that already enough discussion has taken place on this Resolution. I cannot force him but I would like him to state the Government's position in this regard.)

ਵਿਦਿਆ ਰਾਜ ਮੰਤਰੀ (ਸ੍ਰੀ ਯਸ਼ ਪਾਲ) : ਚੇਅਰਮੈਨ ਸਾਹਿਬ, ਵੈਸੇ ਤਾਂ ਮੈਂ ਤੁਹਾਡੇ ਨਾਲ ਸਹਿਮਤ ਹਾਂ ਕਿ ਕਾਫੀ ਲੰਬੀ-ਚੌੜੀ ਬਹਿਸ ਹੋਈ ਹੈ । ਪਰ ਅਜੇ ਵੀ ਬਹੁਤ ਸਾਰੇ ਮੈਂਬਰ ਹਨ, ਜਿਹੜੇ ਕਿ ਬੋਲਣ ਵਾਲੇ ਹਨ। ਇਸ ਲਈ ਮੇਰੀ ਪ੍ਰਾਰਥਨਾ ਹੈ ਕਿ ਅਜੇ ਬੋਲਣ ਲਈ ਹੋਰ ਟਾਈਮ ਦਿੱਤਾ ਜਾਵੇ ।

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਬਖਸ਼ ਸਿੰਘ : On a point of order, Sir ਮੈਂ, ਜਨਾਬ, ਇਹ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਹੈ ਕਿ ਜਿਥੇ Chair ਇਹ ਕਹਿ ਦੇਵੇ ਕਿ unnecessary discussion ਹੋ ਰਹੀ ਹੈ ਉਥੇ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ Hon'ble Members ਨੂੰ Chair ਦਾ ਇਹਤਰਾਮ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ।

ਸ੍ਰੀ ਚੇਅਰਮੈਨ : ਇਹ ਮੇਰੀ ਆਪਣੀ Observation ਸੀ ਅਤੇ ਇਹ ਗੱਲ ਮੈਂ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਦੀ sense ਤੇ ਛੱਡੀ ਸੀ ਕਿ Hon'ble Minister ਕੀ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਨ । (This was my own observation and I had left the matter to the Hon. Minister to decide and act accordingly.) Comrade Ram Piara may now speak. He should finish his speech within five minutes.

Comrade Ram Piara : Sir, I do not think that I will be able to make may submissions properly within this short time.

Sardar Garbaksh Singh : Mr. Chairman, I do not think that the time limit fixed by the Chair can be questioned.

कामरेड राम प्यारा (करनाल) : चेअरमैन साहिब, आज जो Resolution हाउस के सामने पेश है यह श्री रूप सिंह जी की तरफ से है । उन्होंने बड़ी अक्लमन्दी की बात की है जो इन सहूलतों के लिये अपने ही इलाके के लिये मांग की है हालांकि पंजाब के अन्दर और भी इलाके कांगड़ा की तरह पसमान्दा है । इन्होंने जो यह Resolution दिया है इस से मेरा इख्तलाफ है और वह इस लिये कि यह बात पंजाब की economy के पेशेनज़र suit नहीं करती ।

कल, जनाब चेअरमैन साहब, मेरे एक सवाल के जवाब में यह बताया गया कि हम class IV employees की तनखाहें नहीं बढ़ा सकते । इसी तरह drains के मुताल्लिक एक सवाल था कि इनके न बनने से हमारे सूबे का अनाज बरबाद होता है लेकिन उन्होंने यह कहा कि हम इस तरफ ध्यान दे रहे हैं जब कि हकीकत यह है कि इस तरफ पूरा ध्यान दिया जाता.....

श्री चेअरमैन : इन बातों का रेजोल्यूशन से क्या ताल्लुक है ? (How is it all relevant to the Resolution?)

कामरेड राम प्यारा : मेरा मतलब जनाब, पंजाब की economy से है और खास तौर से यह कि हमारी जो wastage है उस को रोका जाए और रुपया बचाया जाए। तभी हमारे यहां के लोगों की immediate necessities of life पूरी हो सकती हैं। हमारी सरकार ने जो 9th क्लास तक लड़कियों की फीस माफ की है उस के बारे में मैं एक बात यह कहना चाहता हूं कि फीस का relief उन लोगों को मिला है जिनकी तनखाहें दो दो हज़ार और तीन तीन हज़ार रुपए हैं। अंग्रेज़ों के वक्त में ऐसे लोगों से डबल फीस ली जाती थी लेकिन partition के बाद वैसे ही single हो गई और अब बिलकुल माफ हो गई है। तो यह relief उन लोगों को जिन के बच्चे ज़्यादा तालीम हासिल कर सकते हैं, मिला है। जो छोटे आदमी हैं वे तो अपने बच्चे स्कूल में भेज ही नहीं सकते इस लिये उन को relief मिलने का सवाल ही पैदा नहीं होता। और उल्टा उन लोगों से tax लिया जाता है। इस लिये मैं चाहता हूं कि अगर free education की scheme चालू की जाए तो economic point सामने रख कर कोई फारमूला निकाला जाए जिस में यह रखा जाए कि इतनी तनखा वालों तक या इतनी आमदनी वालों तक के लोगों के बच्चों को तालीम मुफत दी जाएगी। Education Department पंजाब ने एक सर्वे करवाया था और यह पूछा था कि स्कूल going कितने बच्चे हैं तो पता चला था कि शहरी इलाकों में 64 फी सदी और देहाती इलाकों में 51 फीसदी। इन के इलावा जो बच्चे स्कूल नहीं जा सकते थे उन की संख्या शहरों में 36 पर सैंट और देहातों में 49 पर सैंट थी। यह बच्चे कौन थे, चेयरमैन साहिब, यह बच्चे वह थे जो गरीब आदमियों के थे। और जो गुरबत के कारण स्कूल नहीं जा सकते थे। इस से ज़ाहिर है कि जो रिलीफ मिला है वह बड़े आदमियों को मिला है। मैं यह नहीं कहता कि relief न दिया जाए लेकिन रिलीफ उन को मिलना चाहिए जो deserve करते हैं, या जो गरीब हैं। एक कहावत है कि "Give the villagers roads and for the rest they will manage themselves." आज मुझे एक unstarred question के जवाब में बताया गया है कि जो चीज़ें Second Five-Year Plan में नहीं हो सकीं वह according to availability of funds Third Five-Year Plan में शामिल करेंगे तो इस से ज़ाहिर है कि हमारे पास फंड्ज़ नहीं हैं। जब फंडज़ नहीं हैं फिर कौन सी ऐसी ज़रूरत महसूस हुई कि जिन के पास ज़राए हैं उन को relief देना लाज़िमी है।

एक आनरेबल मैम्बर ने यह कहा कि कांगड़े में कुछ लोग ऐसे हैं कि जिन्हें education देने के लिए ज़ेवर बेचने पड़े। मेरा भी मतलब यही है कि जिन लोगों के पास पैसा नहीं हैं जो गरीब हैं उन को relief दिया जाए। जनाब, चेयरमैन साहब, एक resolution इस किस्म का पेश हुआ था कि जो बच्चे लायक हैं, फर्स्ट आते हैं और अच्छे नम्बर हासिल करते हैं लेकिन गरीब हैं उन के लिये एक Financial Corporation खोली जाए ताकि उन को मदद दी जा सके और वह पढ़ कर देश की सेवा कर सकें। लेकिन उस पर यह बात कही गई कि हमारे पास funds नहीं हैं। Central Government ने इतना अच्छा किया है कि loans की बजाए subsidy ही कर दी है मगर हमारी सरकार के पास कोई स्कीम नहीं है कि हम गरीब बच्चों को

relief दे सकें जो कि हमारे देश का सब से बड़ा asset है। देखा यह गया है कि कई जगह पर third division matric वाले और third division F. A. वाले foreign countries में further studies के लिये चले जाते हैं और वहां दाखिल हो जाते हैं लेकिन वहां अच्छी तरह से चल नहीं पाते और अच्छा impression नहीं देते जिस से हमारे देश का भी अच्छा impression नहीं पड़ता। इस लिये मैं अर्ज़ करता हूं कि जो गरीब लड़के हैं सिर्फ उन्हीं के लिये ही education free होनी चाहिये। जिन students के parents की आमदनी 150 या 200 हो या इस से कम हो उन्हीं को free education मिलनी चाहिये। अमीर लोग तो अपने बच्चों को तालीम दे ही सकते हैं। कुछ इलाके ऐसे हैं जहां कई सालों से लगातार floods आ रहे हैं या जहां water-logging हो गई है और वहां की ज़मीनों की आमदनी बहुत कम हो गई है जिस की वजह से सरकार वहां के लोगों को grants और तकावियां दे रही है। उन इलाकों में विद्या ज़रूर मुफ्त होनी चाहिये। मेरे कहने का मतलब है कि जो ज़रूरतमन्द हैं उन्हीं की मदद होनी चाहिये और जो ज़रूरत-मन्द नहीं सरकार को उन की मदद नहीं करनी चाहिये। इस लिये चेयरमैन साहिब, मैं आप की मार्फत गवर्नमैंट से यह मुतालबा करूंगा कि इस असूल को सामने रख कर इस चीज़ का फैसला करे। (घंटी) चेयर मैन साहब, जो आप ने मुझे बोलने के लिये time दिया है इस के लिये मैं आप का शुक्रिया कर के अपनी speech खत्म करता हूं।

लाला रुलिया राम (घरौंडा) : चेयरमैन साहिब, हमारे भाई श्री रूप सिंह फूल ने जो resolution रखा है जिस में उन्होंने ज़िला कांगड़ा के लोगों के लिए मुफ्त तालीम की मांग की है, मैं इस की ताईद करता हूं और साथ ही अर्ज़ करता हूं कि इसी तरह का हमारे जिला करनाल के अन्दर एक खादर का area है जिसे सरकार ने backward area माना है, मैं उस इलाके की तरफ अपनी सरकार की तवज्जो दिलाना चाहता हूं। मैं उस इलाके का नकशा उन के सामने रखना चाहता हूं। खादर area की position यह है कि वह इतना पिछड़ा हुआ है जितना कि कांगड़ा भी नहीं है। हर साल खादर के area में floods आते हैं, सड़कें टूटी हुई हैं और न ही वहां पर कोई स्कूल है। वहां स्कूलों की position यह है कि 10, 10 मील के area के अन्दर कोई स्कूल नहीं और बच्चों को बहुत दूर दूर चल कर स्कूल जाना पड़ता है। फिर उन्हें कई जगहों पर तो छपड़ों और दरिया को पार कर के स्कूल जाना पड़ता है। बरसात के दिनों में तो वहां यह position होती है कि आने जाने के लिये रास्ते भी नहीं रहते। वहां उस सारे इलाके में सिर्फ एक ही middle school था जिसे अब पांचवीं तक कर दिया गया है। वह स्कूल हमारे खादर के area में पथक गांव में है। वह पहले आठवीं तक था लेकिन अब उसे पांचवीं तक कर दिया गया है, हालांकि उस गांव की आबादी 4 हज़ार की है। वहां बरसात के दिनों में 3 महीनों के लिये कोई आदमी इधर उधर नहीं आ जा सकता। तो बच्चे स्कूलों में कैसे जा सकते हैं। वह area तो उन दिनों में बिल्कुल एक जज़ीरा सा बन जाता है। जैसा कि इस resolution में कांगड़ा

[लाला रुलिया राम]
ज़िला के लिये स्कूलों के खोलने की और मुफ्त तालीम देने की मांग की गई है इसी तरह से मैं मंत्री जी से हमारे इस खादर के area में कम अज़ कम एक या दो High School खोलने के लिये मांग करता हूं। वहां उस 20 मील के area में कम अज़ कम एक या दो high school ज़रूर होने चाहियें और इसी तरह से दो primary स्कूल और खोले जायें ताकि वहां के छोटे बच्चे जो इस वक्त पानी से गुज़र कर दूर दूर स्कूलों में जाते हैं उन को आराम हो जाये। खादर के लोग बहुत गरीब हैं उन की मदद होनी चाहिये। वहां किसान बड़े गरीब हैं और बेचारे हरिजन भी बड़े गरीब हैं क्योंकि उन का गुज़ारा सिर्फ खेती बाड़ी पर है या जंगलात पर है। इस लिये मैं फिर दरखास्त करता हूं कि वहां ज्यादा से ज्यादा स्कूल खोले जायें और ज़्यादा से ज़्यादा सड़कें बना दी जायें ताकि हमारे खादर के इलाके के लोगों को ऊपर उठाया जा सके।

पंडित भागीरथ लाल (पठान कोट) : चेयरमैन साहब, पिछले हफ्ता से जो प्रस्ताव इस सदन के सामने श्री रूप सिंह फूल ने रखा हुआ है, मैं इस के समर्थन में कुछ बातें कहूंगा।

चेयरमैन साहिब, इस प्रस्ताव में तीन बातें कही गई हैं। पहली बात तो यह है कि कांगड़ा district में और उस के साथ के जो hilly areas हैं, जिन में पठानकोट का hilly area जो मेरी constituency में है और इस के साथ ही दूसरे जो hilly areas ह जो ज़िला कांगड़ा के साथ मिलते जुलते हैं जैसा कि ऊना तहसील है वहां पर Higher Secondary level तक तालीम मुफ्त की जाये। चेयरमैन साहब, इस बात की ज़रूरत समझते हुए गवर्नमैंट ने जो बजट हमारे सामने पेश किया है उस का चौथा या पांचवां हिस्सा केवल education के लिये रखा है। इस साल 15 या 16 करोड़ रुपये के करीब education पर खर्च करने के लिये रखे गये हैं। जब इस की demand सदन के सामने आयेगी तब इस बारे में facts and figures रखे जायेंगे। इस वक्त मैं इतना ही कहता हूं कि ज्यादा से ज्यादा रुपया जो किसी Department के लिये रखा गया है तो वह Education Department के लिये रखा गया है क्योंकि गवर्नमेंट यह चाहती है कि बच्चों को तालीम मुफ्त दी जाये और हमें इस बात में फ़ख्र है कि सारे हिन्दुस्तान में हमारा सूबा सब से पहला सूबा है जहां पर compulsory और free educatien करने के लिये इकदाम किये गये हैं। लेकिन यह बात होने के बावजूद अभी आप के सामने यह बात कही गई कि केवल ऐसे बच्चों की फीस माफ हो जो दे नहीं सकते। मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि जैसा कि पानी और हवा, कुदरत ने सब के लिये, चाहे कोई अमीर हो चाहे गरीब हो, free दिया है इसी तरह से State की तरफ से मैं समझता हूं कि education भी सब के लिये free होनी चाहिये। सब को free education मुहैया करना यह गवर्नमेंट का काम है और गवर्नमेंट की duty है। जैसा कि हमारे शास्त्रों में कहा गया है—

विद्या विहीना : पशुभिः समान ।

विद्या के बगैर जो इनसान है वह पशु के समान है। यदि आम लोगों को इनसान बनाना है तो ज़रूरी है कि गवर्नमेंट, चाहे कोई अमीर हो, चाहे कोई गरीब हो सब को मुफ्त तालीम देने का प्रबन्ध करे और हम देखते हैं कि हमारी सरकार ऐसा करने की पूरी कोशिश कर रही है।

अब यह सवाल है कि hilly areas और पिछड़े हुए इलाकों में education free की जाये । यह सवाल इस लिये आया है क्योंकि बड़ी मुद्दतों से वहां पर सरकार की तरफ से पूरी तवज्जोह नहीं दी जाती रही और वहां स्कूल पहले नहीं खोले गये थे । वहां तो इस कांग्रेस गवर्नमेंट ने ही जागृति पैदा की है। अब जब कि जागृति आई है तो हर कोई चाहता है कि उसे विद्या मुफ्त मिले। जागृति की यह निशानी है। जब किसी ने किसी चीज़ की मांग की हो तो समझो कि उस में जागृति आ गई है । इस लिये इस बात को मद्देनज़र रख कर कि अगर अब वहां के लोग मुफ्त तालीम चाहते हैं तो यह भली बात है। मैं निवेदन करता हूं कि इस बात का ध्यान रखा जाये कि कांगड़ा के साथ पठानकोट का hilly area और कण्डी का इलाका भी बहुत पिछड़ा हुआ है। चेयरमैन साहब, आप ने डलहौजी जाते हुए देखा होगा कि कण्डी का इलाका कितना पिछड़ा हुआ है। पीने को वहां पानी नहीं, सड़कें नहीं और स्कूल नहीं। अब शुक्र है इस गवर्नमेंट का जिस ने वहां पानी की supply और सड़कों की तरफ ध्यान दिया है और वहां पर कुछ primary और high स्कूल भी इस ने खोले हैं

(At this stage Mr. Speaker occupied the Chair.)

कुछ लड़कियों के लिये स्कूल खोले हैं। लेकिन स्पीकर साहिब, मैं अर्ज़ करना चाहता हूं कि अभी भी वहां की मांग पूरी नहीं हुई। जो आदमी मुद्दतों से भूखा हो, उस की भूख एक आध रोटी दे देने से नहीं मिटती। वे लोग मुद्दतों से पिछड़े हुए हैं। आप को टैक्स भी देते हैं, मामले भी देते हैं लेकिन सिवाए इस के कि कुछ लोग भरती के लिये ले लिये गए उन की बात नहीं पूछी गई। पहली सरकार ने कुछ भी उन के लिये नहीं किया। अब अपनी सरकार आई है। यह अपनी सरकार है इस लिये इस ने अपनी तवज्जो इस तरफ देने की कोशिश की है। मैं अर्ज़ करूंगा कि पठान कोट की तहसील के अंदर, जिस की आबादी अढ़ाई लाख के करीब है, अगर मैं गलती नहीं करता तो मैं कहूंगा कि वहां दो से ज्यादा हायर सैकंडरी स्कूल नहीं हैं । लड़कियों के लिये कोई भी हायर सैकंडरी स्कूल नहीं है। मिड्ल स्कूल तो गवर्नमेंट ने खोले हैं पहले तो प्रायमरी स्कूल भी नहीं थे ।

ਕਾਮਰੇਡ ਮੱਖਣ ਸਿੰਘ ਤਰਸਿੱਕਾ : On a point of order, Sir. ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੇਰੀ ਬੇਨਤੀ ਹੈ ਕਿ ਹਾਊਸ ਦਾ ਖਾਹਮਖਾਹ ਵਕਤ ਜ਼ਾਇਆ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਤੁਸੀਂ ਸੁਣ ਹੀ ਰਹੇ ਹੋ ਕਿ ਪੰਡਤ ਜੀ ਕੀ ਦਲੀਲਾਂ ਦੇ ਰਹੇ ਹਨ। ਕੀ ਇਹ ਜਾਣ ਬੁਝ ਕੇ discussion ਨੂੰ ਲੰਬਾ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ? (*noise*)

ਆਵਾਜ਼ਾਂ: ਕੀ ਇਹ point of order ਹੈ ? (*noise*)

Comrade Makhan Singh Tarsikka : Sir, I beg to move—

That the question be now put.

Mr. Speaker : Closure motion can be moved only when the hon. Member who is speaking has completed his speech.

पंडित भागीरथ लाल : मैं अर्ज़ कर रहा था कि वह पिछड़ा हुआ इलाका है उस में कोई हायर सैकंडरी स्कूल नहीं है। लोग बड़े गरीब हैं। मैं तो कहता हूं कि जो बच्चे एक एक मील सफर तय कर के स्कूलों में आते हैं सरकार उन के लिये दोपहर का खाना भी मुहैया करे। जिन बच्चों के पांव में जूता नहीं है, तन ढांपने के लिये कपड़ा नहीं है, उन बच्चों के लिये कुछ इलाकों में गवर्नमैंट को चाहिये कि दोपहर का खाना भी दे। यह सरकार अपनी ही है। लोगों के लाभ के लिये सोचती है। इस लिये मैं उम्मीद करता हूं कि यह ऐसा करेगी। ऊना का इलाका भी बहुत पिछड़ा हुआ है। ऊना constituency में कई हाई स्कूल हैं लेकिन वहां पर कालेज कोई नहीं है। मैं यह मानता हूं कि वहां के लोगों ने कुछ नुमायंदे चुन कर भेजे हैं। मेरे विचार में उन लोगों को वोट का असली मकसद मालूम नहीं है।

Mr. Speaker : Please do not discuss this matter.

पंडित भागीरथ लाल : अच्छा जी, मैं कहना चाहता हूं कि वहां पर हाई स्कूल बहुत हैं एक आध कालेज ज़रूर देना चाहिये। पठानकोट के बारे में मैं ने अर्ज़ किया कि इतना बड़ा इलाका है, लोग बहुत गरीब हैं कई ऐसे गांव वहां पर हैं जिन में मास्टर और मास्टरनियां जाना पसन्द नहीं करतीं। वहां पर एक गांव है बाड़ सुधार, सरकार ने तो उस के प्रति कोई कोताही नहीं की लेकिन टीचर्ज़ वहां जाना पसंद नहीं करते इस लिये जैसा कि रैज़ोल्यूशन के अंदर कहा गया है अगर सरकार हमेशा के लिये नहीं करना चाहती तो कम से कम साल दो साल के लिये यह कर दे कि वहां की आठवीं पास लड़कियों को J. B. T. training में दाखिल होने की इजाज़त दे दी जाए ताकि वह लड़कियां उस इलाके में, अपने इलाके में जहां कि मैदानी इलाके की लड़कियां जाना पसंद नहीं करतीं बच्चों में तालीम फैलाने में सहायता करें। उस इलाके की सेवा करेंगी। जब हायर सैकंडरी स्कूलों में से लड़कियां निकलनी शुरू हो जाएगी तो फिर बेशक यह रियायत वापस ले ली जाए ताकि उन की योग्यता ज़्यादा से ज़्यादा बढ़े। मैं आप के द्वारा इस बात की तरफ भी मिनिस्टर साहिब का ध्यान दिलाना चाहता हूं कि पिछले दो तीन सालों से वहां पर कोई स्कूल भी अपग्रेड नहीं हुआ। पता नहीं क्यों ऐसा हो रहा है। वह इलाका तो पहले ही बहुत पिछड़ा हुआ है। पठानकोट की आबादी 80 हज़ार है लेकिन वहां पर लड़कियों के लिये कोई भी हायर सैकंडरी स्कूल नहीं है। वहां पर हायर सैकंडरी स्कूल का खोला जाना बहुत ज़रूरी है। (*Interruption*)

Sardar Gurbakhsh Singh: On a point of order, Sir. Can the hon. Member address another hon. Member in the House? He should address the Chair.

पंडित भागीरथ लाल : मैं तो जी पहले ही चेयर को ऐड्रस कर रहा हूं। पिछले साल उस इलाके में एक स्कूल भी अपग्रेड नहीं हुआ। 1960-61 में भी और अब सुनते हैं कि 1962-63 में भी कोई स्कूल अपग्रेड नहीं होगा। ऐसा होना तो नहीं चाहिये। मुझे उम्मीद है कि सरकार उन गरीब लोगों के इलाके में स्कूल अपग्रेड करने की तरफ

ज़रूर ध्यान देगी । मैं तो यह भी कहता हूं कि जो बहुत गरीब खानदान के बच्चे हैं उन को वज़ीफे भी दिये जाने चाहियें, कपड़े और किताबें भी मुहैया की जानी चाहियें। गवर्नमेंट के दिल में दर्द है और वह मदद भी करना चाहती है। इस लिये मैं निवेदन करता हूं कि वहां पर आठवीं जमायत पास लड़कियों को J. B.T. training में ले लिया जाए, फीस उन की माफ होनी चाहिये, उन को खाना भी वहीं से मिलना चाहिये। चौथी जमात तक के बच्चों को वज़ीफे मिलने चाहियें जिस से वह कपड़ा पहन सकें और उन को किताबें भी मिलें। सरकार को यह सब सहूलतें उन्हें देनी चाहिये । (*Interruptions*)

स्पीकर साहिब, बातें तो मैंने बहुत करनी थीं लेकिन मेरे पास कुछ ऐसे आनरेबल सज्जन बैठे हैं जिन को मेरा बोलना भाता नहीं। इस लिए अपनी बात को खत्म करता हूं और उम्मीद करता हूं कि इन पर आप पूरी तरह से काबू पाएंगे ।

Comrade Makhan Singh Tarsikka : Sir, I beg to move—

That the question be now put.

Mr. Speaker : Question is —

That the question be now put.

The Assembly then divided.

Ayes	.. 33
Noes	.. 52

The motion was declared lost.

AYES

1. Amar Singh, Shri.
2. Babu Singh Master, Comrade.
3. Balramji Das Tandon, Shri.
4. Banwari Lal, Shri.
5. Bhan Singh Bhaura, Comrade.
6. Didar Singh, Comrade.
7. Gurmej Singh, Sardar (Fatehgarh).
8. Gurbux Singh, Dhaliwal, Comrade.
9. Gurbakhsh Singh, Sardar (Dhariwal).
10. Gurnam Singh, Sardar.
11. Hardit Singh, Sardar.
12. Hardit Singh Bhathal, Comrade.
13. Hari Singh, Sardar.
14. Har Kishan , Shri.
15. Harnam Singh Chawla, Comrade.
16. Inder Singh Malik, Chaudhri.
17. Jagan Nath, Shri.
18. Jagjit Singh, Sardar (Zira).
19. Jangir Singh Joga, Comrade.

[Mr. Speaker]

20. Kartar Singh Dhillon, Sardar.
21. Lachhman Singh Gill, Sardar.
22. Makhan Singh Tarsikka, Comrade.
23. Makhan Singh, Sardar (Dera Baba Nanak).
24. Mukhtiar Singh Malik, Chaudhri.
25. Om Parkash Agnihotri, Shri.
26. Ram Dhari Gaur, Pandit.
27. Ram Dhari Balmiki, Shri.
28. Ram Sarup, Chaudhri.
29. Ram Singh, Chaudhri.
30. Shamsher Singh Josh, Comrade.
31. Shamsher Singh, Sardar (Ludhiana South).
32. Tej Singh, Sardar.
33. Tek Ram, Chaudhri.

NOES

1. Ajmer Singh, Sardar.
2. Babu Dayal Sharma, Shri.
3. Bal Krishan, Dr.
4. Baloo Ram, Chaudhri
5. Banarsi Das, Shri.
6. Bhagirath Lal, Pandit.
7. Bhag Singh, Lieut.
8. Brish Bhan, Shri.
9. Chandi Ram Verma, Shri.
10. Chandrawati, Shrimati.
11. Chuhar Singh, Chaudhri.
12. Darbara Singh, Sardar.
13. Dasondhi Ram, Chaudhri.
14. Gian Chand, Shri.
15. Gian Singh Rarewala, Sardar.
16. Gulab Singh, Sardar.
17. Guran Dass Hans, Bhagat.
18. Gurbanta Singh, Sardar.
19. Gurdarshan Singh, Sardar.
20. Harbans Lal, Shri.
21. Harcharan Singh Brar, Sardar.
22. Harchand Singh, Sardar.
23. Jagat Ram, Chaudhri .
24. Jagir Singh Dard, Sardar.
25. Jai Inder Singh, Sardar.
26. Jasdev Singh Sandhu, Sardar.
27. Kanhiya Lal Poswal, Shri.
28. Kartar Singh Gyani, Sardar.
29. Mehar Singh, Thakur.
30. Mohan Lal, Shri.
31. Om Prabha Jain, Shrimati.
32. Parsani Devi, Shrimati.
33. Partap Singh Kairon, Sardar.
34. Piara Singh, Sardar.

35. Ram Chandra, Comrade.
36. Ram Partap Garg, Shri.
37. Ram Parkash, Chaudhri.
38. Ram Rattan, Chaudhri.
39. Ranbir Singh, Chaudhri.
40. Ran Singh, Chaudhri.
41. Roop Lal Mehta, Shri.
42. Rulya Ram, Lala.
43. Rup Singh Phul, Shri.
44. Sagar Ram Gupta, Shri.
45. Sarla Devi, Shrimati.
46. Satnam Singh Bajwa, Sardar.
47. Shanno Devi, Shrimati.
48. Sumitra Devi, Rajkumari.
49. Surinder Nath Gautam, Shri.
50. Tirlochan Singh Riasti, Sardar.
51. Yusuf Zaman Begum, Her Highness.
52. Zail Singh Giani, Sardar.

श्री बलरामजी दास टंडन : On a point of order, Sir. स्पीकर साहिब, जो lobbies हैं उन में घण्टी नहीं बजती । हम वहां पर बैठे हुए थे और हमें नहीं पता लगा कि House में division press की जा रही है। अगर हमें staff के लोग न बताते तो हमें पता नहीं लग सकता था । जब कमरों के अन्दर घंटी बजती है तो lobbies में भी यह इन्तज़ाम होना चाहिए ।

Mr. Speaker : I will have it checked up.

ਭਗਤ ਗੁਰਾਂ ਦਾਸ ਹੰਸ (ਹਰਿਆਣਾ, S.C) : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਹੁਸ਼ਿਆਰਪੁਰ ਦੇ development ਬਲਾਕ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚੋਂ 13 ਬਲਾਕਾਂ ਨੂੰ Hilly area ਕਰਾਰ ਦਿਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਪਰ ਇਨ੍ਹਾਂ ਇਲਾਕਿਆਂ ਵਿਚ ਤਾਲੀਮ ਦੇ ਲਈ ਜੋ ਲੋਕੀ ਕੰਮ ਕਰ ਰਹੇ ਹਨ ਅਤੇ ਹੰਭਲਾ ਮਾਰ ਰਹੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕੋਈ ਉਤਸ਼ਾਹ ਨਹੀਂ ਦਿਤਾ ਗਿਆ ਤੇ ਨਾ ਹੀ ਸਕੂਲਾਂ ਨੂੰ ਸਰਕਾਰ ਵਲੋਂ ਲਿਆ ਗਿਆ ਹੈ। ਮੇਰੇ ਹਲਕੇ ਦੇ ਪਹਾੜੀ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਲੋਕਾਂ ਨੇ ਆਪਣੇ ਗਾੜ੍ਹੇ ਪਸੀਨੇ ਦੀ ਕਮਾਈ ਨੂੰ ਇਕਠਾ ਕਰਕੇ ਪੈਸਾ ਪੈਸਾ ਜੋੜ ਕੇ ਮਿਡਲ ਤੇ ਹਾਈ ਸਕੂਲ ਬਣਾਏ ਹਨ ਪਰ ਇਨਾਂ ਨੂੰ ਸਰਕਾਰੀ ਤਹਿਵੀਲ ਵਿਚ ਨਹੀਂ ਲਿਆ ਗਿਆ। ਇਸੇ ਤਰਾਂ ਬਡਲਾ ਸਕੂਲ ਦੀ ਹਾਲਤ ਹੈ। ਇਥੇ ਕਈ ਨੌਜਵਾਨ ਰਹਿੰਦੇ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਮਿਲਟਰੀ ਵਿਚ ਦੇਸ਼ ਦੀ ਸੇਵਾ ਕੀਤੀ ਹੈ । ਉਨਾਂ ਦੇ ਬੱਚਿਆਂ ਦੀ ਤਾਲੀਮ ਲਈ ਜੇਕਰ ਉਨਾਂ ਨੇ ਆਪ ਹੰਭਲਾ ਮਾਰਿਆ ਹੈ ਤਾਂ ਉਸ ਵਲ ਧਿਆਨ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਨਹੀਂ ਦਿਤਾ । ਚਾਰ ਚਾਰ ਪੰਜ ਪੰਜ ਤੇ ਕਿਤੇ ਕਿਤੇ ਅਠ ਅਠ ਮੀਲ ਤੋਂ ਬੱਚੇ ਪੜ੍ਹਨ ਆਉਂਦੇ ਹਨ ਅਤੇ ਕਈ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਦਰਖਾਸਤਾਂ ਦੇਣ ਦੇ ਬਾਵਜੂਦ ਇਸ ਸਕੂਲ ਨੂੰ upgrade ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਗਿਆ। ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਆਪ ਦੀ ਰਾਹੀਂ ਸਰਕਾਰ ਪਾਸ ਬੇਨਤੀ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਇਸ ਸਕੂਲ ਨੂੰ upgrade ਕਰਕੇ ਇਸ ਇਲਾਕੇ ਦੀ ਮੰਗ ਨੂੰ ਪੂਰਾ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ। ਇਸੇ ਤਰਾਂ ਢੋਲਵਾਹਾ ਪਿੰਡ ਹੈ ਜਿਥੇ ਰੁਪਏ ਖਰਚ ਕਰਕੇ ਸਕੂਲ ਤਿਆਰ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਅਤੇ ਇਥੇ ਚਾਰ ਚਾਰ ਪੰਜ ਪੰਜ

[ਭਗਤ ਗੁਰਾਂ ਦਾਸ ਹੰਸ]

ਮੀਲ ਤੋਂ ਤੇ ਕਿਤੇ 10, 10 ਮੀਲ ਤੋਂ ਬੱਚੇ ਪੜ੍ਹਨ ਲਈ ਆਉਂਦੇ ਹਨ ਅਤੇ ਬੱਚੇ ਇਸ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਤਾਲੀਮ ਦਾ ਸ਼ੌਕ ਰਖਦੇ ਹਨ ਪਰ ਸਰਕਾਰ ਇਸ ਪਾਸੇ ਵਲ ਧਿਆਨ ਨਹੀਂ ਦੇ ਰਹੀ। ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਬੇਨਤੀ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਇਸ ਪਾਸੇ ਧਿਆਨ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇ। ਇਸ ਦੇ ਨਾਲ ਹੀ ਸੰਸਾਰਪੁਰ ਦੇ ਸਕੂਲ ਦਾ ਹਾਲ ਹੈ। ਇਹ ਇਲਾਕਾ ਬਹੁਤ ਪਛੜਿਆ ਹੋਇਆ ਹੈ ਅਤੇ ਸਾਲ ਦੇ ਜੇਕਰ 365 ਦਿਨ ਹੁੰਦੇ ਹਨ ਤਾਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਪਾਸ ਕੇਵਲ 56 ਦਿਨਾਂ ਲਈ ਫਸਲ ਹੁੰਦੀ ਹੈ। ਇਨਾਂ ਨੇ ਫਿਰ ਵੀ ਮਿਹਨਤ ਕਰਕੇ ਰੁਪਿਆ ਇਕਠਾ ਕਰਕੇ ਮਿਡਲ ਸਕੂਲ ਬਣਾਇਆ ਹੈ ਪਰ ਬਾਵਜੂਦ ਇਨਾਂ ਦੀ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਦੇ ਇਸ ਸਕੂਲ ਨੂੰ ਗੌਰਮੈਂਟ ਨੇ ਨਹੀਂ ਲਿਆ। ਇਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਮਕੋਵਾਲ ਅਤੇ ਚਾਂਦ ਬਨ ਦੇ ਸਕੂਲ ਹਨ ਇਨਾਂ ਸਾਰਿਆਂ ਸਕੂਲਾਂ ਨੂੰ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਬੜੀ ਮਿਹਨਤ ਨਾਲ ਹਰ ਇਕ ਨੇ ਨੌਜਵਾਨਾਂ ਤੇ ਬੁਢਿਆਂ ਨੇ ਆਪਣੀ ਕਮਾਈ ਦੇ ਕੇ ਬਣਾਇਆ ਹੈ ਸਰਕਾਰੀ ਤਹਿਵੀਲ ਵਿਚ ਲੈ ਲੈਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਜੋ ਇਸ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਤਾਲੀਮ ਦੀ ਤਰੱਕੀ ਹੋ ਸਕੇ।

ਇਸ ਤੋਂ ਬਾਦ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਇਕ ਬੇਨਤੀ ਹਰੀਜਨਾਂ ਦੀ ਤਾਲੀਮ ਬਾਰੇ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ। ਇਹ ਠੀਕ ਹੈ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਇਸ ਪਖ ਵਲ ਧਿਆਨ ਦੇ ਰਹੀ ਹੈ ਅਤੇ ਕੁਝ ਸਹੂਲਤਾਂ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ ਦਿਤੀਆਂ ਗਈਆਂ ਹਨ ਪਰ ਮੈਂ ਇਹ ਬੇਨਤੀ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਜਿੰਨੇ ਵੀ ਸੈਨਕ ਸਕੂਲ ਦੇਸ਼ ਵਿਚ ਖੋਲ੍ਹੇ ਗਏ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਹਰੀਜਨਾਂ ਲਈ ਸੀਟਾਂ reserve ਕਰ ਦਿਤੀਆਂ ਜਾਣ ਤਾਂ ਜੋ ਉਹ ਆਪਣਾ quota ਪੂਰਾ ਕਰਕੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਸਕੂਲਾਂ ਵਿਚ ਵੀ ਤਾਲੀਮ ਹਾਸਲ ਕਰ ਸਕਣ। Reserve ਸੀਟਾਂ ਨਾ ਹੋਣ ਕਾਰਨ ਉਨਾਂ ਲਈ ਸੈਨਕ ਸਕੂਲਾਂ ਵਿਚ ਦਾਖਲਾ ਬਿਲਕੁਲ ਬੰਦ ਹੋ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਜੇਕਰ ਉਨਾਂ ਨੂੰ ਮੌਕਾ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਉਹ ਵੀ ਆਪਣੇ ਜੀਵਨ ਨੂੰ ਉਚੀ ਤਾਲੀਮ ਲੈ ਕੇ ਉਚਿਆਂ ਕਰ ਸਕਦੇ ਹਨ। ਮੈਂ ਇਹ ਵੇਖਿਆ ਹੈ ਕਿ ਜਿਥੇ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਹਰੀਜਨਾਂ ਤੇ ਪਛੜੀਆਂ ਸ਼੍ਰੇਣੀਆਂ ਲਈ ਕੋਟਾ ਮੁਕਰਰ ਕੀਤਾ ਹੋਇਆ ਹੈ ਉਥੇ ਤਾਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕੋਈ ਥਾਂ ਮਿਲ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਪਰ ਜਿਥੇ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਉਥੇ ਇਨਾਂ ਲਈ ਜਾਣਾ ਬਹੁਤ ਕਠਨ ਹੈ। ਉਨਾਂ ਨੂੰ ਨਜ਼ਰਅੰਦਾਜ਼ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਬੇਨਤੀ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ ਸੈਨਕ ਸਕੂਲਾਂ ਵਿਚ ਦਾਖਲ ਕਰਾਉਣ ਲਈ ਖਾਸ ਤੌਰ ਤੇ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ।

ਇਕ ਬੇਨਤੀ ਮੈਂ ਵਜ਼ੀਫਿਆਂ ਦੀ ਬਾਬਤ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਨੌਵੀਂ ਜਮਾਤ ਵਿਚ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ ਵਜ਼ੀਫੇ ਦਿਤੇ ਜਾਂਦੇ ਹਨ ਪਰ ਇਹ ਵਜ਼ੀਫੇ ਤਿੰਨ ਤਿੰਨ ਸਾਲ ਬਾਦ ਉਨਾਂ ਨੂੰ ਮਿਲਦੇ ਹਨ। ਇਸ ਪਖ ਵਲ ਖਾਸ ਧਿਆਨ ਦੇਣ ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ ਕਿਉਂਕਿ ਅਸਲ ਮਕਸਦ ਇਨ੍ਹਾਂ ਵਜ਼ੀਫਿਆਂ ਦਾ ਇਹ ਸੀ ਕਿ ਹਰੀਜਨਾਂ ਦੇ ਬਚੇ ਸਕੂਲ ਦੀ ਪੜ੍ਹਾਈ ਦੇ ਸਮੇਂ ਕੋਈ ਕਿਤਾਬ ਖਰੀਦ ਸਕਣ, ਕੋਈ ਕਪੜਾ ਸਵਾ ਲੈਣ ਜਾਂ ਸਕੂਲ ਦੀਆਂ ਲੋੜਾਂ ਨੂੰ ਪੂਰਾ ਕਰ ਲੈਣ। ਪਰ ਤਿੰਨ ਸਾਲ ਬਾਦ ਜਦੋਂ ਵਜ਼ੀਫਾ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਉਸ ਦੀ ਉਹ ਅਹਿਮੀਅਤ ਨਹੀਂ ਰਹਿੰਦੀ ਅਤੇ ਉਨਾਂ ਨੂੰ ਕੋਈ ਫਾਇਦਾ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦਾ। ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਬੇਨਤੀ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਵਜ਼ੀਫੇ ਹਰ ਮਹੀਨੇ ਦੇ ਮਹੀਨੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਦਿਤੇ ਜਾਇਆ ਕਰਨ ਤਾਂ ਜੋ ਉਹ ਸਹੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਇਸ ਨੂੰ ਇਸਤੇਮਾਲ ਕਰ ਸਕਣ।

ਇਕ ਗੱਲ ਮੈਂ ਲੜਕੀਆਂ ਦੇ ਜੇ. ਟੀ. ਕਲਾਸ ਵਿਚ ਦਾਖਲੇ ਸਬੰਧੀ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ। ਇਸ ਰੇਜ਼ੁਲੇਸ਼ਨ ਵਿਚ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਪਹਾੜੀ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਜੋ ਲੜਕੀਆਂ ਮਿਡਲ ਪਾਸ ਹਨ ਉਨਾਂ ਨੂੰ ਜੇ. ਟੀ. ਕਲਾਸ ਵਿਚ ਦਾਖਲ ਕਰ ਲੈਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਮੈਂ ਇਸ ਗਲ ਦੀ ਪ੍ਰੋੜ੍ਹਤਾ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਅਤੇ ਇਹ ਬੇਨਤੀ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਹਿੱਲੀ ਏਰੀਏ ਅਤੇ ਹੁਸ਼ਿਆਰਪੁਰ ਦੇ backward ਇਲਾਕੇ ਦੀਆਂ ਲੜਕੀਆਂ ਨੂੰ ਵੀ ਦਾਖਲਾ ਦਿਤਾ ਜਾਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਇਸ ਇਲਾਕੇ ਦੀਆਂ ਲੜਕੀਆਂ

ਨੂੰ ਜੇ.ਟੀ. ਕਲਾਸ ਵਿਚ ਦਾਖਲੇ ਵਿਚ ਬਾਕੀਆਂ ਨਾਲੋਂ ਰਿਆਇਤਾਂ ਦਿਤੀਆਂ ਜਾਣੀਆਂ ਚਾਹੀਦੀਆ ਹਨ ਤਾਂ ਜੋ ਇਸ ਇਲਾਕੇ ਦੀ ਤਰੱਕੀ ਹੋ ਸਕੇ ਅਤੇ ਲੜਕੀਆਂ ਦੀ ਤਾਲੀਮ ਨੂੰ ਵਧਾਇਆ ਜਾ ਸਕੇ। ਇਸ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਹਰ ਕਿਸਮ ਦੇ ਲੋਕ ਲੱਖਾਂ ਰੁਪਏ ਖਰਚ ਕਰਕੇ, ਮਿਹਨਤ ਕਰਕੇ ਸਕੂਲ ਅਤੇ ਕਾਲਜ ਤਿਆਰ ਕਰ ਰਹੇ ਹਨ। ਪ੍ਰਾਇਮਰੀ ਸਕੂਲ ਇਕ ਪਿੰਡ ਵਿਚ ਬਣਾਇਆ ਗਿਆ ਤੇ ਉਨਾਂ ਨੂੰ ਇਕ ਹੁਕਮ ਗਿਆ ਕਿ ਤੁਸੀਂ ਸਕੂਲ ਦੀ ਬਿਲਡਿੰਗ ਵਿਚ ਵਾਧਾ ਕਰੋ ਅਸੀਂ ਤੁਹਾਡੇ ਸਕੂਲ ਨੂੰ ਮਿਡਲ ਤਕ ਪਾਸ ਕਰ ਦਿਆਂਗੇ। ਉਨਾਂ ਨੇ ਬਹੁਤ ਮਿਹਨਤ ਨਾਲ ਉਹ ਸਕੂਲ ਤਿਆਰ ਕਰਾਇਆ ਹੈ ਅਤੇ ਕਈ ਥਾਵਾਂ ਤੋਂ ਰਕਮ ਉਧਾਰ ਵੀ ਲੈ ਕੇ ਲਾ ਚੁਕੇ ਹਨ ਪਰ ਅਜੇ ਤਕ ਇਸ ਸਕੂਲ ਨੂੰ ਮਿਡਲ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਗਿਆ। ਇਸ ਪਾਸੇ ਵਲ ਧਿਆਨ ਦੇਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ।

(At this stage the Deputy Speaker occupied the Chair.)

कामरेड मक्खन सिंह तरसिक्का : डिप्टी स्पीकर साहिबा, अभी चेयरमैन साहिब ने रूलिंग दी थी कि मैम्बर साहिबान पांच मिनट ही बोलें। मगर यह तीन मिनट ज्यादा बोल चुके हैं। सब ने पांच २ मिनट बोलना था।

12 noon

उपाध्यक्ष महोदया : आप point of order raise कर रहे हैं या लैक्चर दे रहे हैं ? (Is the hon. Member raising a point of order or lecturing to the House ?)

कामरेड मक्खन सिंह तरसिक्का : मैं कह रहा था कि चेयर की रूलिंग disobey की जा रही है।

उपाध्यक्ष महोदया : यह देखना मेरा काम है आप तशरीफ रखिए। (That is my job. The hon. Member may resume his seat.)

ਵਿਦਿਆ ਰਾਜ ਮੰਤਰੀ : ਮੈਂ, ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਇਹ ਬੇਨਤੀ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਆਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਵਾਲਿਆਂ ਨੂੰ ਦਸ ਦੇਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ point of order ਕੀ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਇਸ ਨੂੰ ਕਦੋਂ raise ਕੀਤਾ ਜਾ ਸਕਦਾ ਹੈ।

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਨਾਮ ਸਿੰਘ : ਕੀ Education Minister ਸਾਹਿਬ ਲੈਕਚਰ ਦੇ ਸਕਦੇ ਹਨ ?

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ : ਇਹ ਵੇਖਣਾ ਮੇਰਾ ਕੰਮ ਹੈ। (It is for me to see.)

ਭਗਤ ਗੁਰਾਂ ਦਾਸ ਹੰਸ : ਮੈਂ ਇਹ ਬੇਨਤੀ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜੇਕਰ ਸਰਕਾਰ ਇਹ ਚਾਹੁੰਦੀ ਹੈ ਕਿ hilly areas ਨੂੰ develop ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਇਹ ਜ਼ਰੂਰੀ ਹੈ ਕਿ ਇਸ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਤਾਲੀਮ ਦੀ ਤਰੱਕੀ ਕੀਤੀ ਜਾਵੇ ਨਹੀਂ ਤਾਂ ਇਸ ਇਲਾਕੇ ਦੀ ਤਰੱਕੀ ਨਹੀਂ ਕੀਤੀ ਜਾ ਸਕਦੀ। ਅੰਗ੍ਰੇਜ਼ ਦੀ ਹਕੂਮਤ ਸੀ ਤਾਂ ਇਸ ਇਲਾਕੇ ਬਾਰੇ ਉਹ ਕੀ ਸੋਚਦੇ ਸਨ ਅਤੇ ਇਸ ਇਲਾਕੇ ਨਾਲ ਉਹ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦਾ ਸਲੂਕ ਕਰਦੇ ਸਨ ਇਹ ਸਾਰਿਆਂ ਨੂੰ ਪਤਾ ਹੈ ਅਤੇ ਕਿਹਾ ਕਰਦੇ ਸਨ ਕਿ ਜੇਕਰ ਖਚਰ ਮਰ ਜਾਏ ਤਾਂ 400 ਰੁਪਏ ਖਰਚ ਹੁੰਦੇ ਹਨ ਪਰ ਜੇਕਰ ਬੰਦਾ ਮਰ ਜਾਏ ਤਾਂ 12 ਰੁਪਏ ਤੋਂ ਮਿਲ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਇੰਨੀ ਬੁਰੀ ਹਾਲਤ ਇਸ ਇਲਾਕੇ ਦੀ ਸੀ ਤੇ ਹੁਣ ਦੇਸ਼ ਦੇ ਆਜ਼ਾਦ ਹੋਣ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਇਹ ਜ਼ਰੂਰੀ ਬਣ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਇਸ hilly area ਨੂੰ ਜੋ ਜ਼ਿਲਾ ਹੁਸ਼ਿਆਰਪੁਰ ਦਾ ਹੈ ਇਕ

[ਭਗਤ ਗੁਰਾਂ ਦਾਸ ਹੰਸ]

ਪਛੜਿਆ ਇਲਾਕਾ ਕਰਾਰ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇ ਅਤੇ ਇਸ ਨੂੰ develop ਕਰਨ ਦੇ ਯਤਨ ਕੀਤੇ ਜਾਣ। ਮੈਂ ਇਹ ਨਹੀਂ ਕਹਿੰਦਾ ਕਿ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਇਸ ਪੱਖ ਵਿਚ ਕੁਝ ਨਹੀਂ ਕਿਤਾ ਪਰ ਇਹ ਬੇਨਤੀ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਸ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਵਿਦਿਆ ਦੇ ਪਰਚਾਰ ਲਈ ਕੰਮ ਕਰਨ ਲਈ ਅਤੇ ਇਸ ਨੂੰ develop ਕਰਨ ਲਈ ਵਧੇਰੇ ਧਿਆਨ ਦੇਣ ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ।

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, Scheduled Castes Federation ਦੇ ਇਕ ਮੈਂਬਰ ਨੇ House ਵਿੱਚ ਇਹ ਕਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਅਜੇ ਤਕ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਤਾਲੀਮ ਦੇ ਲਿਹਾਜ਼ ਨਾਲ ਹਰੀਜਨਾਂ ਲਈ ਕੁਝ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ। ਮੈਂ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਉਹ ਸਜਨ ਗਲਤ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ। ਇਹ ਗੌਰਮੈਂਟ ਦੀ ਹੀ ਮੇਹਰਬਾਨੀ ਹੈ ਕਿ ਹਰੀਜਨਾਂ ਦੇ ਲੜਕੇ ਬੜੇ ਵੱਡੇ ਵੱਡੇ ਅਹੁਦਿਆਂ ਤੇ ਲੱਗੇ ਹੋਏ ਹਨ ਅਤੇ ਹੋਰ ਵੀ ਬਹੁਤ ਸਾਰਿਆਂ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਨੌਕਰੀਆਂ ਮਿਲੀਆਂ ਹਨ । ਇਹ ਗਵਰਮੈਂਟ ਦੀ ਮੇਹਰਬਾਨੀ ਹੈ ਕਿ ਅੱਜ 200 ਦੇ ਕਰੀਬ ਐਸੀਆਂ ਗਜ਼ਿਟਿਡ ਪੋਸਟਾਂ ਹਨ ਜਿਹੜੀਆਂ ਕਿ ਹਰੀਜਨਾਂ ਨੂੰ ਮਿਲੀਆਂ ਹਨ। ਪਰ ਇਹ ਵੀਰ ਜਿਹੜਾ ਕਿ Scheduled Caste ਦਾ Member ਆਪਣੇ ਆਪ ਨੂੰ ਕਹਿੰਦਾ ਹੈ ਅਲੈਕਸ਼ਨਾਂ ਜਿੱਤ ਕੇ ਕਿਸੇ ਹੋਰ ਪਾਰਟੀ ਦੇ ਨਾਂ ਤੇ ਆਇਆ ਹੈ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਆਪਣੀ ਜ਼ਿਮੇਵਾਰੀ ਦਾ ਅਹਿਸਾਸ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ।

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ : ਤੁਸੀਂ ਆਪਣੇ ਮਜ਼ਮੂਨ ਤੇ ਬੋਲੋ। (The hon. Member should speak about the Resolution.)

ਭਗਤ ਗੁਰਾਂ ਦਾਸ ਹੰਸ : ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਗ਼ਰੀਬ ਹਰੀਜਨਾਂ ਦਾ ਜੇਕਰ ਭਲਾ ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਉਹ ਤਾਲੀਮ ਦੇ ਨਾਲ ਹੀ ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਭਲੇ ਲਈ ਜਿਹੜੀ ਗੱਲ ਕੀਤੀ ਹੈ ਉਹ ਇਹ ਕਿ ਪਿਛੇ ਰਹੇ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਤਾਲੀਮ ਦੀ ਪੂਰੀ ਪੂਰੀ ਸਹੂਲਤ ਦਿੱਤੀ ਗਈ ਹੈ। ਇਕ ਮੈਂ ਹੋਰ ਅਰਜ਼ ਕਰ ਦਿਆਂ ਕਿ ਮੇਰੇ ਇਲਾਕੇ ਭਾਨੋਵਾਲ ਭੱਟਣ ਅਤੇ ਪਿੰਡ ਬੜਲਾ, ਸੰਸਾਰਪੁਰ ਦੇ ਸਕੂਲਾਂ ਨੂੰ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਆਪਣੇ ਕਬਜ਼ੇ ਵਿਚ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਇਸ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਨਾ ਤਾਂ ਜ਼ਮੀਨ ਹੀ ਅੱਛੀ ਹੈ ਕਿਉਂਕਿ ਇਲਾਕਾ ਪਹਾੜੀ ਹੈ ਅਤੇ ਨਾ ਹੀ ਕੋਈ ਖਾਸ ਫਸਲ ਹੁੰਦੀ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਇਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਬੇਹਤਰੀ ਵਾਸਤੇ ਇਹੋ ਤਰੀਕਾ ਠੀਕ ਹੈ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਉਚਾ ਚੁੱਕਣ ਲਈ ਅੱਛੀ ਤਾਲੀਮ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇ ਅਤੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ Technical Education ਵੀ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇ। ਇਸ ਇਲਾਕੇ ਦੇ ਲੋਕ ਅਨਪੜ੍ਹ ਹਨ ਅਤੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਬੱਚੇ 10—15 ਰੁਪਏ ਤੇ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਬਰਤਨ ਸਾਫ ਕਰਦੇ ਹਨ ਅਤੇ ਮੁੰਡੂ ਲਗਦੇ ਹਨ। ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਉਹ ਬੱਚੇ ਵੀ ਤਾਲੀਮ ਹਾਸਲ ਕਰਕੇ ਆਪਣੀ ਜ਼ਿੰਦਗੀ ਦਾ ਸੁਧਾਰ ਕਰ ਸਕਣਗੇ। ਤਾਲੀਮ ਦੇ ਲਿਹਾਜ਼ ਨਾਲ ਮੇਰੇ ਜ਼ਿਲ੍ਹੇ ਨੂੰ 16 ਬਲਾਕਾਂ ਦੇ ਵਿਚ ਵੰਡਿਆ ਗਿਆ ਹੈ ਅਤੇ ਇਸ ਦੇ ਵਿਚੋਂ 13 hilly area ਦੇ ਵਿਚ ਹਨ। ਇਸ ਲਈ ਮੈਂ ਮਾਨਯੋਗ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਬੇਨਤੀ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਉਹ ਸਾਡੇ ਇਲਾਕੇ ਵਲ ਧਿਆਨ ਦੇਣ। ਇਸ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਖਾਸ ਤੌਰ ਤੇ ਲੋਕਾਂ ਦੀ Education ਵਲ ਧਿਆਨ ਰੱਖਿਆ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਜੋ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਜੀਵਨ ਸਤੱਰ ਉਚਾ ਹੋ ਸਕੇ।

Shri Balram Ji Das Tandon : Madam, I beg to move—

That the question be now put.

Comrade Shamsher Singh Josh : On a point of order, Madam. I want to move the closure motion because the discussion on this resolution is going on for the second day and it has been thoroughly discussed. The ruling party is intentionally prolonging discussion on this resolution with a

view to avoiding the moving of the next item on the agenda viz. the resolution relating to the betterment levy which affects hundreds of thousands of peasants in the State. This will also save the time of the House.

उपाध्यक्ष महोदया : जब चेयर की तरफ से कुछ कहा जाए तो आप को बैठ जाना चाहिए । यह आप का point of order नहीं है। (When an observation is made from the Chair the hon. Member should resume his seat. The point raised by him is not a point of order.)

ਕਾਮਰੇਡ ਸ਼ਮਸ਼ੇਰ ਸਿੰਘ ਜੋਸ਼: ਮੈਂ ਤੀਜੀ ਵਾਰੀ ਬਹਿਸ ਬੰਦੀ ਪ੍ਰਸਤਾਵ ਤੇ ਆਪਦੀ ਰੂਲਿੰਗ ਲਈ ਬੇਨਤੀ ਕਰ ਰਿਹਾ ਹਾਂ। ਇਸ ਲਈ ਇਸ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਕਿ ਕੋਈ ਹੋਰ ਕਾਰਵਾਈ ਕੀਤੀ ਜਾਵੇ, closure motion ਦਾ ਪਹਿਲਾਂ ਫੈਸਲਾ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ।

उपाध्यक्ष महोदया : अभी कुछ मैम्बर साहिबान बोलना चाहते हैं उन को बोल लेने दे ना चाहिए । Some hon. Members still want to speak on this Resolution. Let them have their say.)

(आपोज़ीशन के बहुत से मैम्बर खड़े हो गए)

उपाध्यक्ष महोदया : आप लोग बैठ जाएं तब मैं रूलिंग दूंगी । देखिए यह आपका closure motion तीसरी बार आ चुका है... (शोर) देखिए, अगर आप इस तरह से करेंगे तो मैं आप को closure motion move करने की इजाज़त नहीं दूंगी । (The hon. Members should resume their seats then I will give my ruling. The closure motion has now been moved for the third time ..... (*noise*) ...... If the hon. Members persist in behaving like that I will not permit them to move the closure motion.)

ਕਾਮਰੇਡ ਸ਼ਮਸ਼ੇਰ ਸਿੰਘ ਜੋਸ਼ : ਇਹ ਜਿਹੜਾ ਵਤੀਰਾ ਰੂਲਿੰਗ ਪਾਰਟੀ ਨੇ ਇਖਤਿਆਰ ਕੀਤਾ ਹੈ ਅਸੀਂ ਇਸ ਦੇ ਖਿਲਾਫ protest ਦੇ ਤੌਰ ਤੇ ਵਾਕਆਊਟ ਕਰਦੇ ਹਾਂ।

उपाध्याक्ष महोदया : देखिये जी, मैं इस वक्त closure motion की इजाज़त नहीं दे सकती । (I cannot allow the closure motion to be moved at the present moment.)

कामरेड हरनाम सिंह चमक : डिप्टी स्पीकर साहिबा, क्योंकि यह तमाम कार्यवाई unconstitutional हो रही है इस लिये हम सब in protest walk out कर रहे हैं ।

(*At this stage all the Members from the Opposition Benches stage a walk out.*)

ਚੌਧਰੀ ਰਾਮ ਰਤਨ (ਜਹਾਨ ਖੇਲਾਂ S.C.) : ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਇਸ ਹਾਊਸ ਦੇ ਸਾਹਮਣੇ ਜਿਹੜਾ ਮਤਾ ਪਹਾੜੀ ਇਲਾਕਿਆਂ ਨੂੰ ਤਾਲੀਮ ਦੀਆਂ ਸਹੂਲਤਾਂ ਦੇਣ ਲਈ ਰਖਿਆ ਹੋਇਆ ਹੈ ਮੈਂ ਉਸ ਦੇ ਹਕ ਵਿਚ ਕੁਝ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ। ਅੰਗਰੇਜ਼ ਦੇ ਜ਼ਮਾਨੇ ਵਿਚ ਇਸ ਗਲ ਦਾ

[ਚੌਧਰੀ ਰਾਮ ਰਤਨ]
ਕੋਈ ਖਿਆਲ ਨਹੀਂ ਸੀ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਕਿ ਦੇਸ਼ ਦੇ ਸਾਰੇ ਹਿੱਸੇ ਹਰ ਲਿਹਾਜ਼ ਦੇ ਨਾਲ ਤਰੱਕੀ ਕਰਨ। ਉਸ ਵਕਤ ਤਾਂ ਬਦੇਸ਼ੀ ਸਰਕਾਰ ਸੀ ਇਸ ਕਰਕੇ ਇਸ ਗਲ ਦਾ ਬਹੁਤਾ ਗਿਲਾ ਨਹੀਂ ਸੀ ਕੀਤਾ ਜਾ ਸਕਦਾ। ਲੇਕਿਨ ਅਜ ਸਾਡੀ ਆਪਣੀ ਸਰਕਾਰ ਹੈ ਇਸ ਵਾਸਤੇ ਸਰਕਾਰ ਦਾ ਇਹ ਫਰਜ਼ ਬਣਦਾ ਹੈ ਕਿ ਉਹ ਦੇਸ਼ ਦੇ ਹਰ ਹਿੱਸੇ ਨੂੰ ਤਰੱਕੀ ਕਰਨ ਦੀਆਂ ਸਹੂਲਤਾਂ ਮੁਹਈਆ ਕਰੇ। ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਪਹਾੜ ਦੇ ਵਿਚ ਕੋਈ ਹੋਰ ਸਾਧਨ ਨਹੀਂ ਜਿਸ ਦੇ ਨਾਲ ਉਥੋਂ ਦੇ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਉਚਾ ਚੁਕਿਆ ਜਾ ਸਕੇ। ਸਿਰਫ ਤਾਲੀਮ ਹੀ ਇਕ ਚੀਜ਼ ਹੈ ਜਿਸ ਦੇ ਨਾਲ ਅਸੀਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਦੂਸਰੇ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਬਰਾਬਰ ਲਿਆ ਸਕਦੇ ਹਾਂ ਔਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਗਰੀਬੀ ਨੂੰ ਦੂਰ ਕਰ ਸਕਦੇ ਹਾਂ। ਇਸ ਵਾਸਤੇ ਤਾਲੀਮ ਸਬੰਧੀ ਸਹੂਲਤਾਂ ਇਸ ਇਲਾਕੇ ਨੂੰ ਜਿਤਨੀ ਜਲਦੀ ਹੋ ਸਕੇ ਦੇਣੀਆਂ ਚਾਹੀਦੀਆਂ ਹਨ।

ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਮੈਂ ਜਿਸ ਹਲਕੇ ਦੇ ਵਿੱਚੋਂ ਮੈਂਬਰ ਬਣ ਕੇ ਆਇਆ ਹਾਂ ਉਹ ਵੀ ਪਹਾੜੀ ਇਲਾਕੇ ਦੇ ਨਾਲ ਤਅੱਲੁਕ ਰਖਦਾ ਹੈ। ਮੇਰੇ ਹਲਕੇ ਦੇ ਕੰਢੀ ਇਲਾਕੇ ਵਿਚ ਸਿਰਫ ਬਿਜਵਾੜੇ ਦੇ ਵਿਚ ਮੁਫਤ ਤਾਲੀਮ ਦੀ ਸਹੂਲਤ ਹੈ। ਬਾਕੀ ਹੋਰ ਕਿਤੇ ਵੀ ਮੁਫਤ ਤਾਲੀਮ ਦੀ ਸਹੂਲਤ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤੀ ਹੋਈ। ਇਸ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਉਥੇ ਇਕ ਪਿੰਡ ਜੰਡੋਲੀ ਹੈ ਜਿਸ ਦੀ ਆਬਾਦੀ 3 ਹਜ਼ਾਰ ਦੇ ਕਰੀਬ ਹੈ ਔਰ ਉਸ ਦੇ ਨਾਲ ਅਗਰ ਆਸ ਪਾਸ ਦੇ ਪਿੰਡਾਂ ਨੂੰ ਵੀ ਸ਼ਾਮਲ ਕਰ ਲਿਆ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਕੁਲ ਆਬਾਦੀ 15 ਹਜ਼ਾਰ ਦੇ ਕਰੀਬ ਬਣ ਜਾਂਦੀ ਹੈ । ਏਸ ਏਰੀਏ ਦੇ ਵਿਚ ਪਰਾਇਮਰੀ ਸਕੂਲ ਤੋਂ ਬਿਨਾਂ ਹੋਰ ਕੋਈ ਸਕੂਲ ਵੀ ਨਹੀਂ ਹੈ। ਉਥੋਂ ਦੇ ਲੋਕਾਂ ਨੇ ਅਜ ਤੋਂ ਦੋ ਸਾਲ ਪਹਿਲਾਂ ਸਰਕਾਰ ਦੇ ਕੋਲ 8 ਹਜ਼ਾਰ ਰੁਪਿਆ ਜਮ੍ਹਾਂ ਕਰਵਾਇਆ ਸੀ ਔਰ ਸਕੂਲ ਲਈ ਕਮਰੇ ਵੀ ਬਣਵਾਏ ਸਨ। ਮਗਰ ਮੈਨੂੰ ਅਫਸੋਸ ਨਾਲ ਕਹਿਣਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਅਜ ਤਕ ਉਸ ਸਕੂਲ ਨੂੰ ਅਪਗਰੇਡ ਨਹੀਂ ਕਰਵਾਇਆ ਗਿਆ। ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕਿਸੇ ਆਦਮੀ ਦਾ ਕੋਈ ਅੰਗ ਕਮਜ਼ੋਰ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਹ ਚੰਗੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਚਲ ਫਿਰ ਨਹੀਂ ਸਕਦਾ ਏਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਮੁਲਕ ਦਾ ਅਗਰ ਕੋਈ ਹਿੱਸਾ ਕਮਜ਼ੋਰ ਰਹੇ ਤਾਂ ਉਹ ਮੁਲਕ ਤਰੱਕੀ ਨਹੀਂ ਕਰ ਸਕਦਾ। ਇਸ ਕਰਕੇ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਮੇਰਾ ਇਹ ਇਲਾਕਾ ਜਿਹੜਾ ਚੋਆਂ ਦੇ ਨਾਲ ਮਾਰਿਆ ਹੋਇਆ ਹੈ, ਜਿੱਥੇ ਹੋਰ ਕੋਈ ਤਰੱਕੀ ਕਰਨ ਦਾ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਕੋਲ ਸਾਧਨ ਨਹੀਂ ਹੈ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਤਾਲੀਮ ਮੁਫਤ ਦੇਣ ਦੀਆਂ ਸਹੂਲਤਾਂ ਦੇ ਕੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਜੀਵਨ ਪਧੱਰ ਨੂੰ ਉਚਾ ਕਰਨ ਦਾ ਜਤਨ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ। ਇਸ ਦੇ ਨਾਲ ਨਾਲ ਮੈਂ ਇਹ ਵੀ ਸੁਝਾਉ ਦੇਵਾਂਗਾ ਕਿ ਅਜਿਹੇ ਇਲਾਕਿਆਂ ਵਿਚ ਟੈਕਨੀਕਲ ਤਾਲੀਮ ਦਾ ਵੀ ਪ੍ਰਬੰਧ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ ਤਾਕਿ ਉਥੋਂ ਦੇ ਬੱਚੇ ਕੰਮ ਸਿਖ ਕੇ ਰੋਜ਼ੀ ਕਮਾਉਣ ਦੇ ਕਾਬਲ ਬਣ ਸਕਣ। ਇਸ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਨੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿਸ ਇਲਾਕੇ ਦੇ ਵਿਚ ਸਾਰੇ ਲੋਕ ਪਿਛੜੇ ਹੋਏ ਹੋਣ ਉਥੋਂ ਦੇ ਹਰੀਜਨ ਤਾਂ ਬਹੁਤ ਹੀ ਬੁਰੀ ਹਾਲਤ ਵਿਚ ਹੁੰਦੇ ਹਨ। ਇਸ ਕਰਕੇ ਮੈਂ ਇਹ ਬੇਨਤੀ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਪਹਾੜੀ ਇਲਾਕੇ ਦੇ ਹਰੀਜਨਾਂ ਦੇ ਬੱਚਿਆਂ ਨੂੰ ਮੁਫਤ ਤਾਲਮ ਦੇਣ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ ਰੋਟੀ, ਕਪੜਾ ਅਤੇ ਕਿਤਾਬਾਂ ਵੀ ਗੌਰਮੈਂਟ ਦੀ ਤਰਫੋਂ ਦੇਣ ਦਾ ਪ੍ਰਬੰਧ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਬਸ ਮੈਂ ਇਤਨਾ ਕਹਿ ਕੇ ਇਸ ਮਤੇ ਦੀ ਹਮਾਇਤ ਕਰਦਾ ਹਾਂ।

ਸਰਦਾਰ ਸਤਨਾਮ ਸਿੰਘ ਬਾਜਵਾ (ਸ੍ਰੀ ਗੋਬਿੰਦਪੁਰ) : ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਏਸ ਰੈਜ਼ੋਲਿਊਸ਼ਨ ਦੇ ਬਾਰੇ ਬਹੁਤ ਸਾਰੇ ਮੈਂਬਰ ਸਾਹਿਬਾਨ ਨੇ ਆਪਣੇ ਵਿਚਾਰ ਪੇਸ਼ ਕੀਤੇ ਹਨ। ਮੈਂ ਆਪ ਦੀ ਤਵੱਜੋ ਇਕ ਐਸੇ ਬਦਨਸੀਬ ਇਲਾਕੇ ਵਲ ਦਿਵਾਉਣੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਜਿਥੋਂ ਕਿ ਮੈਂ ਮੈਂਬਰ ਬਣ ਕੇ ਆਇਆ ਹਾਂ। ਇਹ ਸ੍ਰੀ ਗੋਬਿੰਦਪੁਰ ਦਾ ਇਲਾਕਾ ਹੈ ਜਿਸ ਵਿਚੋਂ ਕੁਝ ਹਿੱਸੇ ਨੂੰ ਬੇਟ ਦਾ ਇਲਾਕਾ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ। ਉਸ ਇਲਾਕੇ ਦਾ ਅਜ ਤਕ ਕੋਈ ਵੀ ਵਾਲੀਵਾਰਸ ਨਹੀਂ ਬਣਿਆ। ਇਸ ਇਲਾਕੇ ਦੇ 100 ਪਿੰਡ ਹਨ।

ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਵਿਚ ਨਾ ਕੋਈ ਸਕੂਲ, ਨਾ ਕੋਈ ਸੜਕ, ਨਾ ਹਸਪਤਾਲ ਔਰ ਨਾ ਹੀ ਡੰਗਰਾਂ ਦਾ ਹਸਪਤਾਲ ਹੈ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਸੌ ਪਿੰਡਾਂ ਦੇ ਵਿਚ ਇਕ ਲੜਕਿਆਂ ਦਾ ਹਾਈ ਸਕੂਲ ਹੈ ਔਰ ਇਕ ਲੜਕੀਆਂ ਦਾ ਮਿਡਲ ਸਕੂਲ ਹੈ। ਸਕੂਲ ਨਾ ਹੋਣ ਦੀ ਵਜਾਹ ਕਰਕੇ ਇਹ ਇਲਾਕਾ ਤਾਲੀਮ ਦੇ ਲਿਹਾਜ਼ ਨਾਲ ਬਹੁਤ ਪਛੜਿਆ ਹੋਇਆ ਹੈ । ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਜਿਸ ਵੇਲੇ ਮੈਂ ਆਪਣੇ election tour ਦੇ ਦੌਰਾਨ ਉਸ ਇਲਾਕੇ ਦੇ ਵਿਚ ਗਿਆ ਤਾਂ ਉਥੋਂ ਦੇ ਲੋਕਾਂ ਨੇ ਮੇਰੇ ਕੋਲ ਇਹ demand ਰੱਖੀ ਕਿ ਬਰਸਾਤ ਦੇ ਦਿਨਾਂ ਵਿਚ ਇਕ ਵਾਰੀ ਏਥੇ ਆ ਕੇ ਜ਼ਰੂਰ ਦਰਸ਼ਣ ਦੇ ਜਾਣਾ ਅਸੀਂ ਤੁਹਾਡੇ ਬਹੁਤ ਮਸ਼ਕੂਰ ਹੋਵਾਂਗੇ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਇਸ ਗੱਲ ਦਾ ਭਾਵ ਇਹ ਸੀ ਕਿ ਬਰਸਾਤ ਦੇ ਦਿਨਾਂ ਵਿਚ ਰਸਤਿਆਂ ਵਿਚ ਪਾਣੀ ਇਤਨਾ ਹੁੰਦਾ ਹੈ ਕਿ ਨਾ ਕੋਈ ਆ ਸਕਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਨਾ ਹੀ ਉਥੋਂ ਕੋਈ ਹੋਰ ਕਿਤੇ ਜਾ ਸਕਦਾ ਹੈ । ਇਸ ਕਰਕੇ ਮੈਂ ਸਰਕਾਰ ਦਾ ਧਿਆਨ ਉਸ ਬਦਨਸੀਬ ਇਲਾਕੇ ਵਲ ਦਿਵਾਉਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਔਰ ਬੇਨਤੀ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਉਸ ਪਛੜੇ ਹੋਏ ਇਲਾਕੇ ਦੇ ਵਿਚ ਸਕੂਲ ਖੋਲਣ ਦਾ ਪ੍ਰਬੰਧ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ । ਕਈ ਥਾਂ ਐਸੀਆਂ ਪੰਚਾਇਤਾਂ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਹਲਕੇ ਦੇ ਵਿਚ ਅਜੇ ਤਕ ਪਰਾ-ਇਮਰੀ ਸਕੂਲ ਵੀ ਨਹੀਂ ਬਣਿਆ। ਇਸ ਵਾਸਤੇ ਮੈਂ ਇਹ ਗੁਜ਼ਾਰਸ਼ ਕਰਾਂਗਾ ਕਿ ਪਹਾੜੀ ਇਲਾਕੇ ਦੇ ਨਾਲ ਨਾਲ ਏਸ ਬੇਟ ਦੇ ਇਲਾਕੇ ਨੂੰ ਵੀ ਸ਼ਾਮਲ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ ਔਰ ਉਥੇ ਵੀ ਤਾਲੀਮ ਦਾ, ਹਸਪ-ਤਾਲਾਂ ਦਾ, ਡੰਗਰਾਂ ਦੇ ਹਸਪਤਾਲਾਂ ਦਾ ਅਤੇ ਸੜਕਾਂ ਬਣਾਉਣ ਦਾ ਇੰਤਜ਼ਾਮ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇ । ਬਸ ਮੈਂ ਇਤਨਾ ਹੀ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ।

चौधरी बालू राम (आनन्दपुर) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, श्री रूप सिंह फूल ने जो प्रस्ताव इस सदन के सामने उस दिन से पेश किया हुआ है और जिस पर आज भी बहस चल रही है मैं उस के समर्थन के लिये खड़ा हुआ हूं। इस में कोई शक नहीं कि हमारे सूबा में तालीम को बहुत ज्यादा तरक्की मिली है लेकिन जहां तक पिछड़े हुए इलाकों का सवाल है, जिन में कांगड़ा ज़िला या उस के साथ हुशियारपुर का ज़िला या पठानकोट की तहसील के पहाड़ी इलाके शामिल हैं, उन के बारे में जब हम इस बजट में से आंकड़े देखते हैं तो मालूम होता है कि वहां इन इलाकों में तालीम के मामला में बड़ी तरक्की हो गई है लेकिन जब हम वहां जाकर देखते हैं तो हमें वहां बिल्कुल इन आंकड़ों में बताई गई position के उल्ट तसवीर नज़र आती है । इस सिलसिले में मुझे एक छोटी सी मिसाल याद आई है । किसी राजा या बादशाह ने एक बार कहा कि गाना बजाना शुरू किया जाये। वहां कई कव्वाली गाने वाले थे, कई मल्हार गाने वाले और कई सितार बजाने वाले थे। उन्होंने अपना अपना पार्ट अदा किया उस के बाद वहां पर कई लोग सिफारशें भी करने वाले थे जो कि राजा साहिब के मुंह लगे हुए थे। वे कहने लगे कि फलां कव्वाल ने कव्वाली बहुत अच्छी गाई है उसे एक हज़ार रुपया इनाम देना चाहिए। राजा साहिब मान गए, कहने लगे बहुत अच्छा और उन्होंने नोट कर लिया । दूसरे साहिब ने कहा कि फलां ने भैरवी बड़ी अच्छी गाई है उस को दो हज़ार रुपया इनाम मिलना चाहिये। इसी तरह कहने लगे कि फलां को कम से कम पांच सौ रुपया तो ज़रूर मिलना चाहिये। राजा साहिब ने सब कुछ नोट कर लिया । तब वे कहने लगे कि इनाम दिया कहां से जाए । राजा साहिब बोले कि यह तो हमें भी मालूम नहीं है। यही मिसाल पहाड़ी इलाकों पर लागू होती है। इस में शक नहीं है कि नौंवी क्लास तक तालीम मुफ्त

[चौधरी बालू राम]

कर दी गई है और प्रायमरी क्लास तक तालीम लाज़मी कर दी गई है। वहां पर लोग यह भी जानते हैं कि तालीम अच्छी चीज़ है अगर इस ज़माने में बच्चों को तालीम न दी जाए तो वे ज़माने के साथ नहीं चल सकते तो क्या वजह है कि इस बात को जानते हुए भी वे अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजते। पंचायतें उन की शिकायतें करती हैं और कहीं कहीं पर जुरमाने भी किये जाते हैं। साफ बात है कि हम इस तरफ ध्यान बहुत कम देते हैं। वजह यह है कि या तो वहां पर स्कूल नहीं हैं और अगर स्कूल हैं तो वालदैन के पास गुंजायश नहीं है कि उन का हर एक बच्चा जो थोड़ा बहुत कमा सकता है, नौकरी कर सकता है, बरतन साफ कर सकता है, या मवैशी चरा सकता है उस को स्कूल भेजा जाए। वे लोग उन को स्कूल भेजना afford नहीं कर सकते। मैं फूल साहिब के प्रस्ताव का समर्थन करते हुए सरकार का ध्यान इस तरफ दिलाना चाहता हूं कि जहां पहाड़ी इलाकों में तालीम को लाज़मी करने पर ज़ोर दिया जा रहा है उन इलाकों का survey करवाया जाए। सरकार ने जो फैसला किया है कि एक मील के फासले पर एक प्रायमरी स्कूल खोला जाए, तीन मील के फासले पर एक मिड्ल स्कूल खोला जाए और हर पांच मील के फासले पर एक हाई या हायर सैकंडरी स्कूल खोला जाए, यह ठीक है लेकिन अभी तो इस पर भी पूरी तरह से अमल नहीं हो रहा। मैं तो यह कहता हूं कि कई जगह पर इस असूल में भी exception करने की ज़रूरत है। पहाड़ी इलाकों में कई गांव नदियों से घिरे होते हैं, कई पहाड़ियों से घिरे होते हैं और कई खड्डों से घिरे होते हैं। ऊना तहसील में खेड़ा कलमोट गांव है उस की आबादी तीन चार मील के अंदर है। वहां पर पंचायत एक ही है। उस पंचायत को एक स्कूल मिल गया। वहां पर सवां नदी चलती है न सिर्फ बरसात के दिनों में बल्कि बारह महीने नदी चलती है। प्रायमरी स्कूल के बच्चे उस रकबे में न इधर से उधर जा सकते हैं और न उधर के इधर आ सकते हैं। इस प्रकार की कई एक मिसालें हैं। कई जगह पर गांव तो नज़दीक नज़दीक हैं लेकिन पंचायतें एक से ज़्यादा होने की वजह से स्कूल भी ज़्यादा मिल गए हैं। जब रिपोर्ट सरकार के पास आती है तो उस में स्वां का नकशा नहीं बना होता। रिपोर्ट में यह नहीं लिखा होता कि फलां जगह पर नदी चलती है उस में यह भी नहीं लिखा होता कि फलां गांव के इरद गिर्द पहाड़ी है। इस लिये मैं यह अर्ज़ करता हूं कि पहाड़ी इलाकों का ठीक से दोबारा survey करवाया जाए और वहां पर प्राइमरी और मिड्ल स्कूल और कायम किये जाएं। हर आदमी यह जानता है कि अगर हम दस लड़कों को एक ही लाईन पर से दौड़ाएं तो उन में से जो पहले मंज़ले मकसूद पर पहुंचता है उस की ताकत का सही अंदाज़ा लगाया जा सकता है क्योंकि जो तेज भागने वाला है वह पहले वहां पहुंच जाएगा। लेकिन अगर कुछ लड़के पहले ही अगली लाईन पर खड़े हैं तो उन में से तो कमज़ोर लड़के भी भाग कर पिछली लाईन वालों से पहले उस मकाम पर पहुंच जायेंगे। यही मिसाल यहां पर आयद होती है। कुछ लोग पहले ही तरक्की के मैदान में बहुत आगे हैं और बाकी जो हैं वे बहुत पीछे हैं। अगर सब को साथ दौड़ने के लिये कहा जाए तो यह इनसाफ नहीं होगा। आगे वाले बहुत आगे और पीछे वाले बहुत पीछे रह जायेंगे। आप के survey करने वाले आम तौर पर वहीं जाते हैं जो कि शहर, कस्बे, या गांव

रेल के, बस के नज़दीक हैं या कि सड़क के नज़दीक ही पड़ते हैं और अपनी रिपोर्ट बना कर स्कूल कालेज खोलने के लिए सिफारिश कर देते हैं । Survey करने वाले भी तो शहरों के रहने वाले होते हैं । वे भी सड़क के किनारे अपनी कार रोक कर या रेल से उतर कर या एक आध मील जाकर survey कर लेते हैं । Interior में वे लोग कम जाते हैं । वहां के लोग तो इतने सादा होते हैं कि अगर कोई उन के फायदे की बात तक भी करे तो वे उस से खुश हो जाते हैं । वे चाहते हैं अपना सब कुछ उस को दे दिया जाए । वे लोग ऐसे नही हैं कि अपना सब कुछ दे देने के बावजूद भी चीफ मिनिस्टर साहिब को 34 वोटों पर जिता कर भेजें । उन सीधे सादे लोगों की तरफ सब से पहले ध्यान देने की आवश्यकता है । उन की तरफ हकीकत में ध्यान न जाने की वजह श्री ज्ञान चंद जी ने बताई है । उन लोगों के नुमाइंदे न तो उस जगह पर मौजूद हैं जहां पर फैसले होते हैं और न ही उन जगहों पर उन के नुमाइंदे हैं जहां पर कि उन फैसलों पर अमल होता है । मैं जानता हूं कि मिनिस्टर साहिब इस रैज़ोल्यूशन का जवाब देते वक्त कहेंगे कि हां हम इस बात को मानते हैं और इन तकलीफों को दूर करने के लिये कोशिश करेंगे । मैं कहता हूं कि जब वे मानते हैं तो अगर इस प्रस्ताव को रैज़ोल्यूशन के तौर पर मान लिया जाए और इस को पास कर दिया जाए तो क्या हर्ज है । जब आप इस बात को मानते हैं तो फिर इस प्रस्ताव को मानने में कोई दोष नहीं है । कोई आदमी इस रैज़ोल्यूशन के खिलाफ नहीं जाएगा वरना तकरीरें भी हुई हैं, गवर्नमैंट हमदर्दी भी जाहिर करेगी और मैम्बरों ने भी हमदर्दी ज़ाहिर की लेकिन बात वहीं की वहीं रह जाएगी और जो line इन्होंने पहले खैंच रखी है उस से इधर उधर नहीं होंगे ।

सब से बड़ी दिक्कत यह है कि अगर दूसरी जगहों की लड़कियों को पिछड़े हुए इलाकों के स्कूलों में लगाया जाता है, लुध्याना वगैरा की लड़कियों को होशियारपुर के इलाकों में post किया जाता है तो सिवाय इस काम के कि वह वहां से अपनी transfer के लिए किसी न किसी के पास approach करती फिरें, रिश्तेदारों के ज़रिए approach करें या किसी और तरीके से; वे दिल लगा कर बच्चों को नहीं पढ़ाती । ज़रूरी बात है कि जो लड़कियां मैदानों में या दूर दराज इलाकों में रहने वाली हैं उन्हें पहाड़ी और जंगली इलाकों में अपने रहन सहन के मुताबिक वायुमण्डल नहीं मिलता, वातावरण नहीं मिलता । जब इस तकलीफ की तरफ authorities का ध्यान दिलाया जाता है तो जवाब यह मिलता है कि हमने यह असूल बनाया है कि ऐसे स्कूलों में लड़कियों को ही लगाना है हालांकि जब उन्हें लगाया गया तो ऐसे लड़के भारी तादाद में मिलते थे जो बाकायदा qualified थे और S.S.S. Board के ज़रिए चुने गए हुए थे। असूल यह है कि वहां पर लड़कियों को ही लगाना है । लड़कियां वहां लगना नहीं चाहती, जो लग भी जाती हैं वह वहां रहना नहीं चाहतीं । नतीजा यह हुआ है कि वहां बच्चों के पढ़ाने के लिये teachers का कोई खातरख्वाह इन्तज़ाम नहीं । इस लिये ज़रूरी है कि वहां की कम पढ़ी लिखी लड़कियों को incentive देकर encourage किया जाए और उन की training के लिये खास तौर पर प्रबन्ध किए जायें तभी इस समस्या का कुछ हल हो सकता है ।

[चौधरी बालू राम]

इस के अलावा men teachers की बाबत भी सरकार ने असूल बनाया कि उन्हें 10 मील के अन्दर न लगाया जाए। जिस वक्त यह असूल बनाया गया था बिला शक इसी बात को ध्यान में रख कर बनाया गया होगा कि वह लोग बच्चों की पढ़ाई की तरफ ज्यादा ध्यान दें लेकिन वह असूल भी अब एक तरह जहमत बना हुआ है। आजकल मनिस्टर साहिब के पास भी यही देखा जाता है कि जब भी कोई मेम्बर कागज़ हाथ में लेकर उन के सामने आता है तो पहले ही वह यह सवाल करते हैं कि क्या किसी की transfer के लिए आए हो? ठीक है कि उन के पास कई सैंकड़ों cases इस तरह के आते हैं। और जो भी आता है उसे यह कह दिया जाता है कि चूंकि बहुत ज्यादा लोगों की मांग है इस लिये लाटरी में डाल देते हैं। असल में सवाल लाटरी का या transfer का नहीं, सवाल यह है कि उन्हें दिक्कत क्या है। ज़रूरत तो इस बात की है कि उस दिक्कत को असूली तौर पर दूर किया जाए न कि individual cases में। लाटरी का जहां तक सवाल है एक की बात पूरी हो जाती है तो बाकियों की नहीं होती। हो सकता है कि जो ज्यादा deserving हो वह रह जाए और जिस की ज़रूरत कम हो वह बदल दिया जाए। आप देखें कि इतनी बेचैनी क्यों है और transfer के लिये लोग इतनी दौड़ धूप क्यों करते हैं? मैं आप को कई मिसालें दे सकता हूं यह दिखाने के लिये कि अब भी आप के बनाए हुए असूल पर अमल नहीं होता। कई जगहें ऐसी हैं जहां दस मील क्या, पंद्रह पंद्रह मील तक teachers लोग cycles पर और पैदल हररोज़ जाते हैं और घर वापस आते हैं। वह रोज़ाना ऐसा करते हैं और अगर रोज़ाना नहीं तो दूसरे तीसरे दिन तो ज़रूर घर चले जाते हैं। मैं आप को बताता हूं कि माहलपुर से गटवारा 18 मील के फासले पर है। वहां पर एक teacher रोज़ाना माहलपुर से गटवारा स्कूल में आता है। जब वह स्कूल पहुंचता है तो इतना थका हुआ होता है कि पांव मेज़ पर रख कर सो जाता है और स्कूल का time खत्म होने से घंटा दो घंटे पहले ही उसे फिक्र पड़ जाता है कि गांव को वापस जाना है। आप अन्दाज़ा लगाएं कि जो आदमी 18 मील cycling कर के स्कूल पहुंचता है उस से कैसे उम्मीद की जा सकती है कि वह ध्यान लगा कर बच्चों को पढ़ा सकेगा? ऐसी बहुत सी मिसालें हैं। इस लिये मैं मनिस्टर साहिब से आप के द्वारा अर्ज़ करूंगा कि इस चीज को check करने के लिए असूली तौर पर इन्तज़ाम किया जाए और उस के लिए मैं यह suggestion देना चाहता हूं कि 10 मील की बजाय यह limit तीन या चार मील तक reduce कर दी जाए। यह चीज़ आप experiment के तौर पर एक साल के लिये ही कर के देख लें कि कहां तक कामयाब होती है। इस का नतीजा यह होगा कि जहां वह teachers अपने घरों की देखभाल कर सकेंगे, वहां बच्चों की पढ़ाई की तरफ भी कुछ तवज्जो देंगे लेकिन इसके साथ साथ यह भी ज़रूरी है कि उन पर supervision और check भी रखी जाए ताकि वह इस का नाजायज फायदा न उठा सकें।

दूसरी बात यह है कि जहां रोपड़ से ले कर नंगल तक कोई कालेज नहीं वहां कालेज की तो बात ही क्या तहसील ऊना में गवर्नमेंट का कोई Middle या High School ही नहीं खुला है। सिर्फ एक लड़कियों का High School आनन्दपुर

साहिब में है, लड़कों का वहां भी नहीं । यहां पर बड़ी डींगें मारी जाती है और लोगों को यकीन दिलाया जाता है कि हमने तालीम मुफ्त कर दी है। अमल में उन्हीं लोगों को मुफ्त तालीम का फायदा हो रहा है जिन को पहले ही educational facilities मिली हुई हैं—जहां स्कूल मौजूद हैं कालेज मौजूद हैं। कहीं सरकारी स्कूल खुलते हैं तो कहीं local bodies खोलती हैं लेकिन जिन से tax वसूल किए जाते हैं जो लोग बाहर गांव से माल ले कर मंडियों में आते हैं, गड्डों पर माल ले कर आते हैं और local bodies और सरकारी खजाने की आमदनी में अजाफा करते हैं उन लोगों की तरफ तवज्जो नहीं दी जाती । इस लिये जरूरी है कि सरकार वहां उन लोगों को शिक्षा की पूरी सहूलियतें मुहैया करे । यह कमी कांगड़ा जिले में ही नहीं इतनी ही शिद्दत के साथ दूसरे पिछड़े हुए इलाकों में भी महसूस की जा रही है। जब hilly area को backward करार दिया गया था तो उस वक्त होशियारपुर के 16 में से 13 blocks को भी वही दर्जा दिया गया था जो कांगड़ा ज़िला को दिया गया । इस लिये मैं दरखास्त करता हूं कि कागजात पर ही नहीं; अमली तौर पर इन इलाकों को शिक्षा की सहूलियतें दी जाएं । इन अलफाज़ के साथ मैं फूल साहिब के प्रस्ताव का समर्थन करता हूं ।

श्री बाबू दयाल शर्मा (पटौदी) : उपाध्यक्ष महोदया, जो प्रस्ताव श्री रूप सिंह फूल ने पेश किया है मैं उस की ताईद करने के लिये खड़ा हुआ हूं लेकिन इन्होंने इसे जो hilly areas और ज़िला कांगड़ा तक ही महदूद किया है, मैं उस की हिमायत नहीं कर सकता क्योंकि मैं समझता हूं कि सारे पंजाब के अन्दर जो backward areas हैं उन सब को यकसां तौर पर देखा जाए और उन के विकास के लिये एक जैसे कदम उठाए जाएं । हमारे शिक्षा मन्त्री किसी एक इलाके के मन्त्री नहीं हैं बल्कि सारे पंजाब के मन्त्री हैं और उन का फर्ज़ है कि वह सारे पंजाब के अन्दर जो ऐसे इलाके हैं उन सब का ध्यान रखें ।

उपाध्यक्ष महोदया, इस प्रस्ताव के अन्दर तीन बातों की मांग की गई है। सब से पहली मांग तो यह की गई है कि Higher Secondary के level तक सब लड़कों और लड़कियों के लिये तालीम मुफत कर दी जाए । मैं समझता हूं कि यह बात बिल्कुल सही है। उपाध्यक्ष महोदया, स्कूल और कालेज की मौजूदा शिक्षा का जो सिलसिला है यह बहुत नाकारा हो चुका है। इसे सैंकड़ों साल पहले विदेशी लोगों ने कायम किया था। आज मुझे इस बात का अफसोस है कि पिछड़े हुए क्षेत्रों के विद्यार्थियों का और political sufferers के बच्चों को जो third division में पास हुए हों उन को टैक्नीकल कालिजों में नहीं लिया जाता। यूनिवर्सिटी एतराज करती है और कहती है कि हम इस कालिज ही को affiliate नहीं करेंगे । जनाब, कितने अफसोस की बात है कि जिन लोगों ने इस मुल्क को गुलामी के पंजे से छुड़ाया, आजाद कराया उन को आगे बढ़ने का मौका भी नहीं दिया जाता । मैं यह बात Education Department के नोटिस में लाया था कि अगर इन third division के बच्चों को इस तरह से मौका न दिया जाए तब तो उन की

[श्री बाबू दयाल शर्मा]

तालीम ही नाकारा हो कर रह जायेगी । मैं University के Chancellor से पूछता हूं कि क्या उन को पता नहीं कि कई बच्चे ऐसे होते हैं जो बाद में shine करते हैं और कालिज में जा कर अच्छी position हासिल करते हैं बल्कि कई लोग तो स्कूल जाते ही नहीं फिर भी gold medals हासिल कर लेते हैं । श्री राबिन्द्र नाथ टैगोर एक दिन भी किसी स्कूल या कालिज नहीं गए थे। उन्होंने कितना बड़ा नाम पैदा किया था । यह जो बड़े बड़े Chancellors बने बैठे हैं इन को इन बातों को भी ध्यान में रखना चाहिये । इन को इस बात को भी न भूलना चाहिये कि यह जिन को दाखला देने से इनकार करते हैं इन्होंने वह काम कर दिखाया है जो कि राणा प्रताप और शिवा जी जैसे शूरों से भी न हो सका था । मैं उन को बताना चाहता हूं कि अशोक के बाद भारतवर्ष कभी इतना मजबूत नहीं हुआ जितना कि इन लोगों के बलिदानों से, जितना इस कांग्रेस organisation की sacrifices और जितना इन political sufferers ने अपने त्याग से कायम किया है। इस organisation ने वह काम किया है जो और कोई नहीं कर सका । इस ने उन राजाओं, महाराजाओं को अपने बराबर ला बैठाया है जिन्होंने इसी जमात के मैम्बरों को 13,13 साल की कैद की सज़ाएं सुनाईं और उन को अपनी रियास्तों से मुल्कबदर कर दिया था । उन को इस संस्था ने ला कर बराबर बैठा लिया है। उन्होंने इस संस्था को बदनाम किया, इस सरकार को बदनाम किया। नतीजा यह है कि हमारे आपोजीशन के जो साथी हैं . . . . . (विघ्न)

उपाध्यक्ष महोदया : Education पर बोलिये । (The hon. Member should speak on the motion.)

श्री बाबू दयाल शर्मा : मैं Education पर ही बोल रहा हूं। मैं चाहता हूं कि यह जो रियायतें इस में मांगी गई हैं यह पंजाब के सारे पिछड़े हुए इलाके को दी जाएं । और third division में पास यहां के बच्चे हर जगह लिये जाने चाहिएं । उन को मैडीकल कालिजों, ट्रेनिंग कालिजों और ऐंजनियरिंग कालिजों में हर जगह लिया जाना चाहिए । जनाब तारीख इस बात की गवाह है कि पिछले जमाने में बादशाहों ने हकूमत सम्भालने पर अपने दुशमन से हमदर्दी रखने वालों का कत्ले आम किया । मगर आप के मुल्क में डिमाक्रेसी है। यह सब से पहले बरतानिया और फ्रांस में आई । यह 900 साल पहले की बात है । हम ने उन सारी रवायात को अपनाया है। हम ने इस से पूरा फायदा उठाना है। मगर इस के लिये यह जरूरी है कि तालीम देश के हर कोने में पहुंचे। स्कूल और कालिज इस किस्म की तालीम दें कि बच्चे उन से निकल कर किसी रोज़गार पर लग सकें। मौजूदा तालीम रोजगार हासिल करने के लिये तैयार नहीं करती। महज़ corruption के नए नए तरीके बच्चे सीखते हैं । लड़कियों के स्कूलों और कालिजों में एक खास किस्म की तालीम दी जानी चाहिए । मुझे याद है कि यहां पर जत्थेदार मोहन सिंह ने तकरीर करते हुए कहा था कि लड़कियों के स्कूलों और कालिजों में यह बातें सिखाई जानी चाहिएं कि उन का बर्ताव देवरानी, जेठानी से कैसा होना चाहिए, पड़ोसी कुनबों से उन्होंने कैसे व्यवहार करना है । मगर हमारे कालिजों में यह बातें नहीं सिखाई

जातीं। उपाध्यक्ष महोदया, आपको पता है किस तरह से आपने आज़ादी जीती है । और जो कुछ हमें प्राप्त हुआ है हमारा सिर सारे विश्व में ऊंचा हुआ है। और आज हिन्दुस्तान में हर व्यक्ति को अपनी बात कहने का स्वतन्त्र रूप से अवसर मिला है। चाहे जैसी बात कोई कह सकता है। लेकिन देखने में यह आता है कि जहां हम को स्वतन्त्रता प्राप्त हुई है वहां हमारी education बिगड़ती जा रही है। उसका एक बड़ा भारी कारण यह है कि हमारा चरित्र, हमारा इखलाक़ ऊंचा नहीं हुआ और वह इस लिये कि हमारे स्कूलों और कालेजों में इखलाक की कोई बात नहीं पढ़ाई जाती। मैं आपकी विसातत से इस House को यह बतलाना चाहता हूं कि अगर हमारा इखलाक बिगड़ गया तो जो democracy आज देश में रायज हुई है वह खत्म हो जाएगी । और जो लोग exploit करने वाले हैं वे देश की हिफाज़त नहीं कर सकेंगे । आप डिप्टी स्पीकर साहिबा, बहुत बड़ी विदषी हैं और इन बातों को भली प्रकार से समझती हैं कि विद्वान वह नहीं जो सिर्फ M.A. पास हो और लड़कियों को साथ लिए फिरता हो, सिनेमा देखता हो और सदा चेहरा देखने के लिये शीशा लिए फिरता हो बल्कि विद्वान वह है जो देश से प्रेम करता हो, जिस के अन्दर लोगों की सेवा करने का भाव हो, जिसका चरित्र अच्छा हो और जो भली प्रकार से अपनी बात लोगों को समझा सकता हो और जो कुमार्ग पर चल रहे हैं उन्हें रास्ता बतला सकता हो। लेकिन आज ऐसे लोगों की कमी हो रही है। उस का कारण यह है कि लड़कियों की शिक्षा की तरफ हमारी सरकार का विशेष ध्यान नहीं है। डिप्टी स्पीकर साहिबा, आप तो स्वयं जानती हैं कि अगर बच्चे को चरित्रशील कोई बना सकता है तो वह मां होती है। जो मां पढ़ी-लिखी और विदुषी होगी, जिस का चरित्र उज्ज्वल होगा उस की ही छाप बच्चे पर उज्ज्वल पड़ेगी वरना बच्चा निकम्मा और दुश्चरित्र हो जाएगा। इस लिए सरकार को चाहिए कि लड़कियों की तालीम की तरफ विशेष ध्यान देताकि आगे आने वाली संतान चरित्रशील पैदा हो और देश का उद्धार करने वाली बने ।

देखने में आजकल यह आ रहा है कि लोगों में शिक्षा के अभाव में गिरावट पैदा हो गई है और लोगों में जबर्दस्त स्वार्थ पैदा हो रहा है । यहां तक होता है कि अगर सरकार से लोगों को कोटा मिल जाता है तो उस को ठीक प्रकार से इस्तेमाल नहीं करते । ब्लैक होती है और रिश्वत चलती है। और भी इसी तरह से कई बीमारियां बढ़ती हैं। इस लिये अगर इन बुराइयों को दूर करना है तो यह ज़रूरी है कि तालीम की तरफ विशेष ध्यान दिया जाए ।

तालीम का मियार ऊंचा होने के साथ ही ऐसा होना चाहिए कि जिस से लोग रोज़गार प्राप्त कर सकें। आजकल बहुत बड़ी संख्या में पढ़े लिखे लोग बेकार फिरते हैं। इस से ज़ाहिर है कि शिक्षा का ढंग ठीक नहीं है। कहीं न कहीं कोई गड़बड़ी है। इस लिये इस को ठीक करना चाहिए ।

जहां तक इस रैज्योलूशन के second part का ताल्लुक है मैं मानता हूं कि यह ठीक है लेकिन हाइर सैकंड्री स्कूल तक free तालीम हर इलाके में होनी चाहिए । और जो टीचर हैं वह ट्रेनिंग शुदा होने चाहिएं। यह ठीक है लेकिन यह training

[श्री बाबू दयाल शर्मा]
सिर्फ एक ही इलाके के लिए नहीं बल्कि हर backward इलाके की लड़कियों के लिए होनी चाहिए । हमारे इलाके में ज्यादा backwardness है। उस इलाके की तरफ भी सरकार को ध्यान देना चाहिए । उस इलाके में भी पहाड़ हैं और वह कांगड़ा से ज्यादा गरीब इलाका है । इसी तरह से रेज्योलूशन का तीसरा हिस्सा hilly districts के बारे में है। तो मैं साफ तौर पर हाउस को बतलाना चाहता हूं कि हमारा इलाका भी hilly है जैसा कि मैंने अभी बतलाया है। वहां पर लोग भेड़ बकरियां पालते हैं। वे पहाड़ों पर और जहां कहीं चारा मिल जाता है वहां चराने के लिए जाते हैं लेकिन इस सरकार ने वहां पर भी Forest Guards बिठा रखे हैं जब कि न तो वहां जंगल, हैं न वहां पेड़ हैं। उस से वहां के लोगों को दिक्कत हो गई है। यह मानता हूं कि हमारी सरकार आला काम करती है लेकिन जहां दरख्त नहीं उगते वहां Forest Guards की क्या ज़रूरत है? उन को हटाया जाए। और इस की जगह वहां पर स्कूलों का इंतज़ाम किया जाए और मास्टर रखे जाएं ताकि उस इलाके को फायदा हो सके।

चौधरी राम प्रकाश (मुलाना C.S.) : डिप्टी स्पीकर साहिबा, हमारे एक साथी श्री रूप सिंह फूल ने जो resolution इस हाउस में रखा हुआ है मैं इस की हिमायत करने के लिये खड़ा हुआ हूं। हमारी सरकार की यह policy है कि backward इलाकों और backward communities की जितनी जल्दी से जल्दी हो सके तरक्की की जाये।

1·00 p.m.

डिप्टी स्पीकर साहिबा, 1952 से लेकर 1957 तक आप भी इस हाउस की सदस्या रही हैं और उस अर्सा में और उस के पश्चात भी कई resolution कांगड़ा के मुताल्लिक, इस की development के मुताल्लिक इस हाउस में आये और पास भी हुए । मैं अर्ज़ करता हूं कि इस दस साल के अर्सा में ज़िला कांगड़ा ने काफी तरक्की की है। लेकिन इस के साथ ही साथ हमारे सूबा में कई इलाके ऐसे भी हैं जो कि ज़िला कांगड़ा की तरह hilly हैं और वे ज़िला कांगड़ा से भी ज्यादा backward हैं। हमारे ज़िला अंबाला का जो छछरौली से लेकर बिलासपुर तक का इलाका है वह बड़ा backward है। लेकिन बदकिस्मती की बात है कि हमारे ज़िला की development की तरफ सरकार का ध्यान नहीं गया। यातायात की कमी की वजह से यह बदकिस्मत इलाका पिछड़ा हुआ रह गया है। वहां न communication के साधन हैं, न सड़कें हैं। इस कारण सरकारी अफसर इस इलाका के interior में नहीं जा पाते और इस की अच्छी तरह से देख भाल भी नहीं कर सकते। डिप्टी स्पीकर साहिबा, आप जानती हैं कि हमारे ज़िला में एक खादर का इलाका है जो सब से ज़्यादा backward है जिसे आप ने elections के दौरान जा कर देखा होगा। वहां के लोग इतने गरीब हैं कि उन के पास तन ढांपने के लिये कपड़ा भी नहीं होता है। हमारी गवर्नमेंट ने hilly areas के लोगों को काफी सहूलतें उन्हें backward समझ कर दी हैं और इस में हमारी गवर्नमेंट की मनशा यही है कि इन इलाकों के गरीब लोगों को ऊपर उठाया जाये। इस लिये मैं सरकार से दरखास्त करता हूं कि ऐसी ही सहूलतें मेरे ज़िला अम्बाला के इस इलाका के लोगों को भी दी जानी चाहियें जो कि ज़िला कांगड़ा के लोगों को दी जाती हैं। मैं पूरे वसूक के साथ कह सकता हूं

कि मेरे ज़िला अम्बाला का तकरीबन आधा हिस्सा बड़ा backward है लेकिन इस बात की मुझे समझ नहीं आती कि यह backward करार क्यों नहीं दिया जाता। शायद इस लिये नहीं ऐसा किया जाता क्योंकि इस ज़िला में चंडीगढ़ जैसा शहर है जिसे बाहर से सय्याह लोग देखने के लिये आते हैं या इस में जगाधरी का शहर है जो अब एक industrial town बन गया है। मैं कहता हूं कि अगर इन दो तीन शहरों को इस ज़िला में शुमार न किया जाये तो आप देखेंगे कि इस के बाकी मान्दा हिस्से में सड़कें नहीं हैं, स्कूल नहीं हैं और हस्पताल नहीं हैं। आप हैरान होंगे कि बिलास पुर के साथ का जितना रोपड़ तक का इलाका है उस सारे इलाके में एक भी Higher Secondary School नहीं है और इस के मुकाबला में ज़िला कांगड़ा में कई Higher Secondary Schools हैं। इस लिये मैं गवर्नमेंट से मांग करता हूं कि इस इलाका में Higher Secondary स्कूल खोले जायें और वहां तालीम मुफ्त की जाये क्योंकि गरीब आदमियों के बच्चे फीस भर कर तालीम हासिल नहीं कर सकते। यह मैं जानता हूं कि जहां तक इस गवर्नमेंट का ताल्लुक है इस ने backward area में गरीब आदमियों के बच्चों के लिये primary class से लेकर M.A. तक मुफ्त तालीम देनी की हुई है लेकिन माली इमदाद के बगैर backward areas और backward communities के लोग तालीम हासल नहीं कर सकते। इस लिये मेरी सरकार से यह दरखास्त है कि जहां इस ने hilly areas के लोगों के बच्चों के लिये फीस मुआफी की provision की है इस के साथ ही साथ उन्हें वज़ीफे भी दिये जायें। दूसरी मेरी दरखास्त यह है कि पहाड़ी इलाकों में हर गांव में एक primary स्कूल ज़रूर हो क्योंकि इस वक्त बरसात में बच्चों के लिये 3 महीने तक एक गांव से दूसरे गांव तक स्कूल में जाना बहुत मुश्किल हो जाता है क्योंकि उन दिनों में नदी नाले चलते हैं और उन लोगों के लिये एक फर्लांग का फासला तै करना मुश्किल हो जाता है। इस वक्त बिलासपुर से लेकर खादर के इलाके में 4,4 और 5,5 मील के area में एक भी primary स्कूल नहीं जिस की वजह से वहां एक भी लिखा पढ़ा आदमी नहीं मिलता। इस लिये मैं दोबारा दरखास्त करता हूं कि हमारे ज़िला अम्बाला का जो hilly area है जहां पर बरसात के दिनों में नदियां नाले चलते हैं, वहां के लोगों को सरकार वही सहूलतें दे जो ज़िला कांगड़ा के हिल्ली area के लोगों को दे रही है।

श्री अमरनाथ शर्मा (कांगड़ा) : स्पीकर साहिब, Finance Minister साहिब ने जो 1,22,36,00,000 रुपये का बजट सदन के सामने पेश किया है और इसमें जो 4,05,00,000 रुपये का घाटा दिखाया है उस घाटे को कुछ पिछले साल की 1,22,00,000 रुपये की बचत से पूरा करने की योजना बनाई है और Finance Secretary के Memorandum को पढ़ने से मालूम होता है कि इस घाटे को पूरा करने के लिये revenue में होने वाली leakage को रोका जाएगा, कुछ फ़जूल इखराजात को रोका जाएगा, और loans and advances की वसूली ज्यादा से ज्यादा की जाएगी। घाटे का बजट होते हुए भी मैं Finance Minister, पंजाब सरकार और Finance Department के कर्मचारियों को बधाई देता हूँ। स्पीकर साहिब, मैं इसलिये बधाई नहीं देता कि सरकार ने पटवारियों की तनखाह कुछ में अजाफा किया है। यह तो उसने करना ही था। जब Trade Union के रिवाज के मुताबिक पटवारियों ने कुछ गलत यत्न किया और कुछ समाज सेवकों ने मध्यस्थ के तौर पर, mediators के तौर पर, बीच में पड़कर पंजाब सरकार और पटवारियों का समझौता कराया और उन्होंने यह वचन दिया कि हम रिश्वत लेना बन्द कर देंगे तो पंजाब सरकार ने यह फैसला किया था कि पटवारियों की तन्खाह में वृद्धि कर दी जाएगी। अब इस बजट के द्वारा पंजाब सरकार ने उस कौल को पूरा किया है जो मुख्यमंत्री जी ने पटवारियों के साथ किया था। मैं इसलिये भी बधाई नहीं देता कि सरकार ने डाक्टरों, Assistant Surgeons वगैरा की तन्खाहों में भी बढ़ौतरी की है। क्योंकि welfare State के अन्दर सरकार का यह फ़र्ज बनता है कि जिन देहातों में डाक्टर नहीं जाते, जहां पर हस्पताल डाक्टरों के बगैर पड़े रहते हैं वहां पर डाक्टरों के पहुँचाने के लिये ज़रूरत पड़ने पर प्रलोभन भी देने पड़ें तो दें ताकि देहाती लोगों की आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। स्पीकर साहिब, मैं इसलिये भी सरकार को बधाई नहीं देता कि Finance Minister साहिब ने करों में कुछ कमी की है क्योंकि ये taxes तो उन्होंने कम करने ही थे। जब 1961-62 में घाटे का बजट दिखाया गया तो उस वक्त कुछ कर बढ़ाए। जब Sales Tax और Entertainment Tax बढ़ाया गया था तो उस वक्त यह वायदा किया गया था कि अगर revenue receipts कुछ ज्यादा हुए तो करों की दर कुछ कम कर दी जाएगी। इसलिये अब ऐसा करके सरकार ने अपने वायदों को पूरा किया है। लेकिन मैं सरकार को बधाई इसलिये देना चाहता हूँ कि अगर बजट और उसके साथ जो अन्य पुस्तकें Finance Minister साहिब ने सदन के सदस्यों को दी हैं उनको पढ़ा जाए तो बिला झिझक यह कहा जा सकता है कि यह बजट अवाम का बजट है, जनता का बजट है और जनता के फायदे के लिये खर्च होने वाला बजट है। वह कैसे ? जो Socialistic pattern of society हम बनाने चले हैं जिसकी नींव पंजाब सरकार रख चुकी है, उसको यह बजट अपने इखराजात के द्वारा आगे उसारना चाहता है। इसीलिये मैं पंजाब सरकार को बधाई देने के लिये खड़ा हुआ हूँ। socialistic pattern of society को बनाने के लिये और अवाम की सेवा करने के लिये सब से ज़रूरी चीज़ तालीम का प्रसार है। तालीम के बाद ज़रूरत इस बात की है कि कोई आदमी बेरोज़गार और बेमकान न रहे। यही नहीं,

बल्कि दौलत का बटवारा इस ढंग से हो कि जो अमीर और गरीब के दरम्यान खलीज है वह कम होती चली जाए--गरीब ज्यादा गरीब न रहे और अमीर ज्यादा अमीर न हो । इसके साथ ही यह भी आवश्यक है कि जरई पैदावार, सनअती पैदावार, मादनी पैदावार सूबे के अन्दर self supporting हो । इन चीज़ों में यह सूबा न सिर्फ self supporting हो हो बल्कि अपने हमसायों को कुछ न कुछ मदद दे । वास्तव में इन्हीं चीजों के लिये यह रुपया खर्च किए जाने की योजनाएं इस बजट में बनाई गई हैं । इस लिये भी मैं गवर्नमैंट को बधाई देना चाहता हूँ ।

जहां तक तालीम का सम्बन्ध है इसके लिये इस बजट में 14,82,00,000 रुपये की व्यवस्था की गई है जबकि दूसरी पांच साला योजना के वक्त यह provision 5,38,00,000 रुपये का था । इससे मुराद यह कि 9,44,00,000 रुपये की इस मद में वृद्धि हुई ताकि हम शिक्षा के मैदान में आगे बढ़ सकें और फिर वह शिक्षा भी कैसी ? स्पीकर साहिब, वह यह कि 5,00,00,000 रुपया Finance Minister साहिब ने Free and compulsory education के लिये रखा है । हर गांव में, कुछ एक एक पंचायत के अन्दर एक एक Primary School होगा । स्पीकर साहिब, जब पिछले साल हमने Free and Compulsory Primary Education Bill पास किया था तो गवर्नमैंट का अनुमान था कि सिर्फ पहली जमात के अन्दर 5,00,000 लड़के और लड़कियां स्कूलों में दाखिल होंगे । हुए वह 9,11,000 यानी अन्दाजे से 4,11,000 बच्चे ज्यादा दाखिल हुए । इस साल उससे भी ज्यादा बच्चे दाखिल होने जा रहे हैं । स्पीकर साहिब, सिर्फ primary तक free education का ही सवाल होता तो शायद मैं गवर्नमैंट को बधाई न देता लेकिन मेरी सरकार ने इस बजट में 5,00,000 रुपया इसलिये provide किया ताकि छोटे २ बच्चों को स्कूल में ही दूध पिलाया जाए । इतना ही नहीं, इससे भी बढ़ कर 2,00,000 रुपया सरकार ने इस बात के लिये भी रखा है कि पहली श्रेणी के बच्चों को वर्णमाला की पहली पुस्तक मुफ्त दी जाए (Cheers from Treasury Benches).

स्पीकर साहिब, इतना ही होता तो भी शायद इस सम्बन्ध में मैं सरकार को बधाई न देता लेकिन इसने और भी बहुत कुछ किया है । जहां सन् 1947 में सिर्फ 5,00,000 लड़के और लड़कियां University Education हासिल करते थे आज इस सूबे में 25,00,000 लड़के और लड़कियां University education हासिल कर रहे हैं जो कि आबादी का 1.7 हिस्सा बनता है । इन बातों को ध्यान में रखकर कौन व्यक्ति इस बात की सराहना नहीं करेगा कि यह सरकार प्रजातन्त्र राज्य को तेजी से आगे बढ़ाने में भरसक प्रयत्नशील है ? इसके साथ ही साथ इस सरकार ने adult education को भी नजर अन्दाज नहीं किया । सरकार ने technical education की तरफ भी कदम बढ़ाया है । जो रकम इस बजट के अन्दर technical education के लिये provide की गई है वह 111.62 लाख रुपये की है । वह भाई जो सुबह से लेकर शाम तक हिन्दी रिजन की बातें करते नहीं थकते,

[श्री अमरनाथ शर्मा]

स्पीकर साहिब, मैं आपके द्वारा उन्हें बताना चाहता हूँ कि सरकार उस रिजन के लिये क्या कर रही है और क्या करने जा रही है । मैं मानता हूँ कि अभी हिन्दी रिजन काफी पिछड़ा हुआ है । मैं इस बात को कबूल करता हूँ कि शिक्षा के तौर पर, economic तौर पर और दूसरी बातों में पंजाबी रिजन के मुकाबिले में हिन्दी रिजन पिछड़ा हुआ है लेकिन यह कहना बिल्कुल गलत है कि सरकार को उस region का कोई ध्यान ही नहीं है । मैं उन साथियों को बताना चाहता हूँ कि अगर 1962-63 में कोई Engineering College खोला जा रहा है तो वह हिन्दी रिजन में कुरुक्षेत्र में खोला जा रहा है । यही नहीं बल्कि 3 polytechnic schools खोलने का जो provision यहां किया गया है उनमें से दो हिन्दी रिजन में खुलेंगे --एक सिरसा में और एक हमीरपुर में । सारे पंजाबी रिजन में इस वर्ष सिर्फ एक polytechnic school पट्टी में खुलेगा ।

एक माननीय सदस्य : पंजाबी रिजन के अन्दर पहले ही कितनी तादाद है, जरा वह भी बताइए ।

श्री अमरनाथ शर्मा : स्पीकर साहिब, एक भाई ने पूछा है कि पंजाबी रिजन में पहले ही इन स्कूलों की कितनी तादाद है । मैं आपके द्वारा उनसे यह निवेदन कर रहा था कि आप देखेंगे कि जो कमी हिन्दी रिजन में रह गई है उसको सरकार कैसे पूरा करने जा रही है । तीसरी Plan के अन्दर पंजाबी रिजन में कोई engineering college सरकार नहीं खोल रही । एक engineering college अगले वर्ष कुरुक्षेत्र में खुलने वाला है । इसके अलावा रोहतक में भी एक engineering college खोलने के लिये योजना बन रही है । तो इस तरह से दो engineering college हिन्दी रिजन में खोले जा रहे हैं । इसके मुकाबले में पंजाबी रिजन में सिर्फ एक सरकारी engineering college है, बाकी जितने कालेज हैं सभी private अदारों के जरिये चल रहे हैं । इसके अलावा हमारी सरकार ने उन सभी polytechnic schools में, जो civil mechanical और electrical overseers के certificate देते हैं, तालीम मुफ्त देने की योजना बनाई है । और इसमें आठ करोड़ रुपया सरकारी स्कूलों के लिये रखा गया है । जो प्राईवेट स्कूल हैं उनमें तीन हिन्दी रिजन में हैं, दो तो रोहतक के जाट और वैश्य भाइयों ने पैसा लगा कर कायम किये हैं । एक बैजनाथ में है । यह तीन पौलीटेकनीक हैं और इनके लिये 17,000 रुपया रखा गया है । यही नहीं कि इन तक ही सरकार अपने को सीमित रखे बल्कि इन दोस्तों ने देखा होगा कि चार करोड़ दस लाख रुपया दो सरकारी पौलीटैकनीक्स के लिये रखा गया और इनमें से एक नीलोखेड़ी में है और दूसरा अम्बाला में । यह दोनों हिन्दी रिजन में हैं । (विघ्न) मगर आप इस बात को भूल जाते हैं कि पंजाबी रिजन के लोग हिन्दी रिजन के लोगों से आज़ादी आने से पहले ही काफी आगे थे । (विघ्न) मगर इसमें प्राईवेट अदारों का बहुत बड़ा हाथ था । सिवाए रोहतक के, जहां पर चौधरी छोटूराम जी नहर ले गये थे और लोगों की माली हालत अच्छी होने की वजह

से वहां के लोगों ने प्राईवेट अदारों का इंतजाम किया हुआ था बाकी हिंदी रिजन पंजाबी रिजन से काफी पिछड़ा हुआ था। मगर अब सरकार का यत्न है कि इस काम का जल्दी से जल्दी पूरा किया जाए ।

फिर, जनाब, लाहौर में एक आर्ट स्कूल था । उसको नए सिरे से पंजाब सरकार ने चंडीगढ़ में खोल दिया है । सरकार ने यह बड़ा अच्छा कदम उठाया है। इसके साथ २ बच्चियों को टैकनीकल तालीम देने के लिये एक इन्स्टीट्यूट खोलने के लिये इस बजट में प्रोविजन किया गया है। इस प्रकार आप देख सकते हैं कि बच्चों को हर प्रकार की शिक्षा देने के लिये कितने प्रबन्ध किये जा रहे हैं। जो भाई हर वक्त हिन्दी रिजन का नाम लेकर बात किया करते हैं मैं उनको बताना चाहता हूं कि दस्तकारी की सिखलाई के लिये इस बजट में कुछ institutes खोलने के लिये रुपया रखा गया है। पंजाबी रिजन में यह अदारे केवल हुश्यारपुर और लुध्याना में ही बनेंगे जबकि हिंदी रिजन में यह हिसार, पानीपत, रोहतक, कुल्लू, और अम्बाला छावनी में बनाये जा रहे हैं जहां पर मिडल पास और मैट्रिक पास बच्चे ट्रेनिंग लिया करेंगे ।

श्री अध्यक्ष : वाइंड अप करें। (Please wind up.)

श्री अमरनाथ शर्मा : मैंने तो, जनाब, अभी शुरु ही किया है। (विघ्न) इन दोस्तों की तरह सिर्फ बुराई ही नहीं करनी जो अच्छाई हो वह भी बता देनी चाहिए। सिर्फ बुराई ही बुराई करने से आप प्रांत का कोई भला नहीं करते। अगर कोई कमी है तो उसे ठीक करने के लिये सुझाव दो। (विघ्न) मैं अर्ज कर रहा था कि industrial स्कूल खोले जा रहे हैं। इसके साथ industrial institutes भी कायम की जा रही हैं। बीस model workshops देहात में खोली जाएंगी। इनसे पुराने तरीके पर काम करते चले आ रहे हमारे देहाती कारीगरों को बहुत लाभ होगा । उनको नए २ तरीके सिखाए जायेंगे और नए २ औज़ारों से काम करना सिखाया जायगा । पिछले साल यहां पर 16 ऐसी estates कायम की गई थीं, इस बार 15 और कायम होंगी । इस सिलसिले में हिंदी रिजन में 70,000 और पंजाबी रिजन में 77,000 रु० खर्च किया जाना है यानी बराबर हालांकि पंजाबी रिजन आबादी और रक्बे के हिसाब से हिंदी रिजन से बड़ा है । मगर यही नहीं कि सिर्फ rural सन्अती Estates ही कायम की जानी हैं बल्कि बजट में शहरों में भी ऐसी ही Estates कायम किये जाने के लिये रुपया रखा गया है । इनमें से चार पंजाबी रिजन में और चार हिन्दी रिजन में कायम की जानी हैं। इस तरह से हम बेकारी को खत्म करने की तरफ बढ़ रहे हैं।

फिर मकानों का मसला है । इसको हल करने के लिये यह सरकार बहुत ज़ोर लगा रही है । यह नहीं चाहती कि कोई आदमी बेमकान रहे। इस काम के करने के लिये मुख्य मंत्री ने एक अलग मिनिस्ट्री बना कर पंजाब पर बड़ा उपकार किया है। यही नहीं, मकानों के लिये 77,19,000 रुपया भी रखा गया है। (विघ्न) मकान सिर्फ शहरों में ही नहीं

[श्री अमरनाथ शर्मा]

बनाए जाने बल्कि देहात में भी मौडल मकान बनाने का provision किया गया है। और यह उन वजीर साहिब का काम होगा कि 30,000 गांवों के लिये अच्छे मकान बनाने की प्लैन बनाएं। (विघ्न)

स्पीकर साहिब, सरकार ने कागज़ की मिल कांगड़ा में लगाने, पहाड़ में कायम करने की बात कही है। मैं इन से कहना चाहता हूँ कि एक दफा जो इन्होंने यह बात कह दी है तो इसको पूरा भी करना चाहिए। जो मुश्किलात इस चीज़ के रास्ते में आएं उनको दूर करना चाहिए क्योंकि जब तक यह कारखाना पहाड़ी क्षेत्र में नहीं लगाया जाता तब तक इस इलाके का भला नहीं हो सकता। यह factory तलवाड़ा में ही लगनी चाहिए।

फिर सड़कों की बात है। पंजाब सरकार इस दिशा में बड़ा भारी काम कर रही है। (विघ्न) मैं आपने इन दोस्तों को अकल ही दे रहा हूँ। तो, जनाब, मैं कह रहा था कि सरकार हर पहलू में इस सूबे को तरक्की की तरफ ले जा रही है। (घंटी) मगर इन सारे कामों के लिए रुपए की आवश्यकता होती है जो कि कोई भी सरकार हो जनता पर टैक्स लगा कर ही इकट्ठा कर सकती है। अगर हम तरक्की चाहते हैं तो हमें इसके बदले में कुछ न कुछ पैसा तो टैक्सों के रूप में देना ही होगा। इससे किसी को गुरेज नहीं होना चाहिए फिर चाहे कोई हिंदी रिजन का रहने वाला हो या पंजाबी रिजन का। इन शब्दों के साथ मैं अपने Finance मिनिस्टर साहिब को बधाई देता हूँ। (cheers)

डाक्टर बल्देव प्रकाश (अमृतसर शहर यूर): स्पीकर साहब, हाउस के अन्दर बजट पर बहस हो रही है, जिस पर बहुत से भाई बोल चुके हैं और उन्होंने अपना अपना दृष्टिकोण रखा है। स्पीकर साहब, बजट को हमें कई नुकतानिगाह से देखना पड़ता है। सबसे पहला नुकतानिगाह यह है कि बजट हमारी स्टेट की financial position को किस तरह से रख रहा है। दूसरा यह कि आया हमारी बजटिंग गलत तो नहीं हो रही। तीसरा नुकतानिगाह मैं यह समझता हूँ कि हमारी सरकार का जो लक्ष्य है क्या हमारा बजट उसकी पूर्ति की तरफ ले जा रहा है या नहीं ले जा रहा। चौथा नुकता निगाह यह है कि जो जिम्मेदारी हमारी जनता ने सरकार के ऊपर रखी है क्या उस जिम्मेदारी को हमारी सरकार पूर्णरूप से निभा रही है।

स्पीकर साहब, मैं सब से पहले financial position की तरफ आता हूँ कि इस वक्त हमारी स्टेट की आर्थिक दशा क्या है। सन् 1959-60 में हमारी स्टेट का overall opening balance 30 करोड़ 24 लाख था। 1960-61 में यह 10 करोड़ 44 लाख रह गया। यानी 19 करोड़ 80 लाख की कमी हुई। 1960-61 में जो opening balance 10 करोड़ 44 लाख था वह 1962-63 में 6 करोड़ 11 लाख रह गया। फाइनेंस सैक्रेटरी के memorandum के मुताबिक हमारे liquid assets खत्म हो गए और हमारा closing balance जो पहले 30-40

करोड़ रुपया था वह securities और deposits खत्म होने के बाद अब 1 करोड़ 73 लाख रुपया रह गया है। मुझ से पहले एक सज्जन ने बोलते हुए यह कहा था कि यह figures की जगलरी नहीं है। 1961-62 का बजट हमारे सामने है। उसमें 10 करोड़ 76 लाख की बढ़ोतरी income में दिखाई गई है और 4 करोड़ 50 लाख की expenditure में बढ़ोतरी हुई है। इससे पता चलता है कि हमारा बजट ठीक नहीं बना है। हमेशा देखने में यह आता है कि साल के आखिर में हमारी आमदनी 10, 10 करोड़ रुपये के करीब बढ़ जाती है। यानी मेरे कहने का मतलब यह है कि बजट के बनाते वक्त यह ध्यान नहीं रखा जाता कि हमारा बजट overall सही पोज़ीशन रख सके। अगर बजटिंग सही हो तो उसमें कुछ सुझाव भी पेश किये जा सकते हैं और सुधार बताए जा सकते हैं। लेकिन ऐसी सही picture हमारे बजट की नहीं होती और कभी ४ करोड़ बढ़ जाता है और कभी 6 करोड़ कम हो जाता है, यह सिलसिला चलता रहता है। मेरा कहना, स्पीकर साहब, यह है कि यह बजटिंग का तरीका गलत है। देखने में आया है कि जो महकमें जनता से ताल्लुक रखते हैं जैसे Education, Health, Medical, उनमें 2 करोड़ 4 लाख रुपया कम खर्च हुआ है और उसका फाइनेंस सैक्रेटरी के Memorandum में यह reason दिया गया है कि non-implementation of schemes की वजह से ऐसा हुआ है। इसी तरह से 5 करोड़ रुपया हमने famine पर खर्च कर दिया है। स्पीकर साहिब, मैं आपके द्वारा एक बात हाउस के सामने रखना चाहता हूँ कि 10 करोड़ 76 लाख रैवेन्यू बढ़ने के बाद 1961-62 के अन्दर जो over all picture बनी वह यह बनी कि हमारे fixed deposits में कमी हुई है और loans और advances में ६ करोड़ रुपया कम हो गया। और हम घाटे के अन्दर रह गये। मैं फाइनैन्स सैक्रेटरी के Memorandum की कुछ बातें हाउस के सामने रखना चाहता हूँ। 1960-61 में हमारे deposits और advances 15 करोड़ थे। वह 3 करोड़ 47 लाख रह गये हैं और securities 4 करोड़ 50 लाख रह गई हैं। हमारे assets खत्म हो चुके हैं। साथ में अगर और गौर किया जाए तो पता चलता है कि हमें भाखड़ा डैम का 26 करोड़ रुपया 5 साल के अन्दर फौरी तौर पर देना है। इसी तरह से और कर्ज़े हैं जिनको हमें चुकाना है। मैंने हिसाब लगा कर देखा है कि जनता के ऊपर ३ करोड़ रुपया सालाना सिर्फ कर्ज़े की रकम देने का बोझ पड़ने वाला है। तो, जनाब स्पीकर साहिब, हमारे फाइनेंसिज़ की हालत यह है तो फिर आगे आने वाले सालों में हामरे खर्चे कैसे पूरे होंगे। आज हालत यह है कि हर महकमें में और हर तरफ हमारे खर्चे अंधाधुंध बढ़ रहे हैं।

स्पीकर साहिब, मैं अब दूसरे नुकतानिगाह से बजट को देखना चाहूँगा, कि हमारी सरकार का लक्ष्य क्या है। क्या सिर्फ रुपया इकट्ठा करना है या अफसरों और ऐडमिनिस्ट्रेशन चलाने वालों की तनखाहोंको पूरा भर करना है? अभी हमारे कांग्रेसी भाइयों ने कहा कि उनका ध्येय इस स्टेट को वैलफेयर स्टेट बनाने का है और socialistic pattern इस देश में लाने का है। मैं जनाब के द्वारा सरकार को यह बताना चाहता हूँ कि अगर

[डाक्टर बलदेव प्रकाश]

इस सूबे को एक वैलफेयर स्टेट बनाना है तो इसके लिये सरकार को एक priority निर्धारित करनी होगी कि कौन कौन सी चीजों पर रुपया पहले खर्च किया जाए और कौन कौन सी चीजों पर बाद में । मैं जब सरकार के कारनामों को और सरकार के पहले से हो रहे खर्चा करने के ढंग को देखता हूँ तो पाता हूँ कि सरकार का आदर्श समाजवाद लाने का नहीं बल्कि शानोशौकत का और splendour का आदर्श है क्योंकि सरकार के सारे खर्चे उसी तरफ हो रहे हैं । स्पीकर साहिब, इस विधान सभा के अन्दर जहां पर हम बैठे हुए हैं इस पर करोड़ों रुपया खर्च किया है और 1 करोड़ 40 लाख रुपये खर्च किये हैं ।(विघ्न) जी हां, इतना रुपया खर्च हो चुका है और अभी खर्च करना है । अभी इसके अन्दर बहुत कुछ बाकी है, उसकी पूर्ति करने के लिये और भी रुपया खर्च होगा । या यह सरकार जो इस तरह से जनता के गाढ़े पसीने की कमाई का रुपया खर्च कर रही है क्या इस तरह से यह सरकार वैलफेयर स्टेट बना सकती है ? इसमें शक है, स्पीकर साहिब !

यह सरकार कहती है कि स्टेट के अन्दर जो slums हैं उनको दूर करना है । क्या सरकार बतला सकती है 10 सालों के अन्दर सरकार ने slums को दूर करने के लिए क्या किया है ? अगर चंडीगढ़ को देखा जाए तो पता चलेगा कि यहां की सड़कें बनाने के लिये सरकार ने करोड़ों रुपया जनता का खर्च कर दिया लेकिन जिस जनता के टैक्स से यह सब कुछ हो रहा है अगर उनकी बस्तियों को देखा जाये तो पता चलता है कि किस बुरी तरह से जनता slums में रह रही है। बड़े दुःख के साथ कहना पड़ता है कि सरकार ने इस काम के लिये एक पैसा भी खर्च नहीं किया है जब कि सैंटर के अन्दर 26 लाख 50 हजार रुपया slums को दूर करने के लिये रखा है । जब इस सरकार का यह हाल है तो कौन कह सकता है कि यह सरकार common man की सरकार है । यह खर्चा उन लोगों पर होता है जो splendours चाहते हैं। इस बजट में जो और खर्च होते हैं, स्पीकर साहिब, अब मैं आपके द्वारा इस सदन के सामने उनमें से कई एक item रखना चाहता हूँ। आप कोई भी item ले लीजिये आपको देखने पर पता चलेगा कि हमारी सरकार किस तरीका से जनता के खून पसीने की कमाई का रुपया लुटा रही है। पहले मैं medical का महकमा लेता हूँ। Public Health and Medical की मद पर हमारी सरकार इस साल 1,41,85,000 रुपये खर्च करने जा रही है। आप जरा गौर से देखें कि यह सरकार 1,41,85,000 रुपये की रकम medical पर खर्च कर रही है लेकिन यह सारे का सारा रुपया central places पर यानी अमृतसर, पटियाला और रोहतक के शहरों में ही खर्च किया जाना है और इस सारी रकम में से सिर्फ 70 हजार रुपया 11 hilly and rural areas की dispensaries जो कि सारे सूबे के बाकी areas के लिये होंगे, पर खर्च होना है । Rural areas के अन्दर position तो यह है कि वहां अव्वल तो हस्पताल नहीं हैं और अगर हैं तो वहां दवाइयां नहीं हैं, furniture नहीं है, अलमारी

तक नहीं हैं। आप इसी चीज़ से अन्दाज़ा लगायें कि दो करोड़ के लगभग जो रकम medical पर हमारी सरकार अगले साल में खर्च कर रही है उसमें से देहात की जनता के लिये यह केवल 70 हजार रुपए 11 dispensaries के खोलने पर कर रही है। इसके अलावा और कोई रकम यह देहात की जनता के लिये इस मद में खर्च नहीं कर रही। इसके मुकाबला में आप देखें यहां चण्डीगढ़ में Post Graduate Research Institute चलाने के लिये बड़ी भारी रकम खर्च कर रही है और वहां पर तीन हज़ार रु: महीना तनखाह पर professors लगाये जा रहे हैं और यह वे बड़े २ डाक्टर हैं जिन्होंने private practice से लाखों रुपये कमा लिये हुए हैं। इसके मुकाबला में आप देहात की हालत देखें। अव्वल तो वहां पर हस्पताल कम हैं, फिर अगर हस्पताल हैं तो वहां पर डाक्टर नहीं हैं और अगर कहीं डाक्टर हैं तो वहां दवाइयां नहीं हैं। इन चीज़ों के होते हुए भी हमारी सरकार कहती है कि यह socialistic pattern की society कायम कर रही है। स्पीकर साहिब, इतना ही नहीं, मैं आप के सामने चण्डीगढ़ का pattern रखना चाहता हूँ जिस पर हमारी सरकार ने करोड़ों रुपया खर्च किया है। कोई आदमी यदि बाहर से आये तो उसे इन की socialistic society का एक अच्छा pattern एक नज़र में दिखाया जा सकता है। यहां एक तरफ छोटे छोटे कर्मचारियों के छोटे छोटे मकान हैं और दूसरी तरफ इतनी बड़ी २ कोठियां हैं। फिर गरीब चपड़ासियों को तो 27 सेक्टर, 23 सेक्टर और 18, 19 और 22 नम्बर के सैक्टरों में छोटे २ मकान दिये हुए हैं जहां से उन्हें पांच मील पैदल चल कर यहां आना पड़ता है। दूसरी तरफ बड़े २ अफसरों के दफ्तर से थोड़े फासले पर 16 सैक्टर में कोठियां दी हुई हैं हालांकि उन्होंने कार में आना होता है। इसके बावजूद भी यह कहते हैं कि इस शहर को socialistic pattern पर बनाया गया है हालांकि यह most unsocialistic pattern का शहर बनाया गया है। फिर आप सरकारी कर्मचारियों की हालत देखें। यहां पर इतनी महंगाई है कि सारे पंजाब में और कोई भी city इतना महंगा न होगा। यहां पर हर चीज़ बाकी सारे शहरों की निस्बत ड्यौढ़े भाव पर मिलती है। आप दूध ले लीजिये, सब्ज़ियां ले लीजिये, और कोई भी रोज़ की खप्त की चीज़ ले लीजिये, बाकी शहरों के मुकाबला में यहां बहुत महंगी होंगी। सरकारी कर्मचारी या तो ज्यादातर यहां पर रहते हैं या शिमला में रहते हैं। हालांकि शिमला में चण्डीगढ़ के मुकाबला में इतनी महंगाई नहीं है लेकिन वहां सरकारी कर्मचारियों का allowance चण्डीगढ़ के allowance के मुकाबला में ज्यादा मिल रहा है। फिर सरकार ने जो वज़ीरों की इतनी बड़ी फौज इकट्ठी कर रखी है मैं उनसे कहूँगा कि उनमें से कोई मेरे साथ चले, आखिर जब यह कहते हैं कि वज़ीरों की गिनती इसी लिये ज्यादा रखी गई है ताकि लोगों के साथ सम्पर्क कायम किया जा सके, तो इनमें से कोई एक मेरे साथ चले और देखे कि असल position क्या है। शिमला में कितनी महंगाई है और चंडीगढ़ में कितनी महंगाई है और यह मेरे साथ चल कर सरकारी कर्मचारियों की तकलीफें देखें तो उन्हें ये दूर करने का यत्न करें। लेकिन ये ऐसा नहीं करेंगे। यह हकूमत एक ऐसी हकूमत है कि जो उस वक्त तक कुछ नहीं करती

[डाक्टर बलदेव प्रकाश]

जब तक सम्बन्धित लोग agitation न कर लें और जेल में न जा लें। जब वे agitation करके जेल में जा लें तब जाकर यह उन को 5 रुपये महीने का relief देगी।

स्पीकर साहिब, एक दो बातों की तरफ मैं ध्यान दिलाना चाहता हूँ जो कि बहुत ही जरूरी हैं। एक तो यह है कि जो हमारी सरकार का बजट को खर्च करने का तरीका है वह socialistic नहीं है और welfare state का तरीका नहीं है। दूसरी बात यह है कि यह जिम्मेदारी का तरीका नहीं है। पिछले पांच सालों में इस सरकार ने जितना रुपया खर्च किया है वह जिम्मेदाराना तरीके से खर्च नहीं किया गया। इतने wasteful expenses किये गए हैं कि जिनका सरकार के पास कोई हिसाब किताब तक भी नहीं है और न ही सरकार के पास इसका कोई जवाब ही है और सरकार अपने आपको इसका जवाब देने के लिये लाजवाब पाती है। आप हमारी सरकार के महकमा Public Relations को ही लीजिये। इस department का खर्च miscellaneous खर्च के अन्दर इस बजट में आता है जिस पर यह 469 लाख रुपये खर्च कर रहे हैं। आप जरा देखें कि इस Public Relations Department पर किस ढंग से जनता के खून पसीने की कमाई के रुपये को यह खर्च कर रहे हैं। इस पर कि ये जाने वाली इतनी बड़ी रकम में से एक लाख 78 हजार रुपये सिर्फ rural publicity के लिये रखा गया है और इसमें यह लिखा गया है कि यह रकम अकाली agitation को neutralise करने के लिये खर्च की जायेगी। स्पीकर साहिब, अकाली agitation तो खत्म हो चुकी हुई है लेकिन सरकार अपने आदमियों को जिन को इस काम पर लगाया गया था एक और साल के लिये रखना चाहती है। उन्हें एक साल और जनता के खून पसीने की कमाई से इकट्ठे किये हुए रुपयें में से तनख़ाहें देना चाहती है। इस मतलब के लिये इन्होंने एक dramatic party रखी हुई है। यह पार्टी जो dramas दिखाती है, स्पीकर साहिब, मैं पूरी ईमानदारी के साथ कहता हूँ कि वह dramas देख कर अफसोस होता है कि किस तरह से जनता से taxes द्वारा इकट्ठा किया हुआ रुपया बरबाद किया जा रहा है। उन ड्रामों को देख कर शर्म आती है। यहां चण्डीगढ़ में उस पार्टी की एक 16 वर्ष की लड़की ने कुछ दिन हुए एक गाना गाया था जिसे सुन कर शर्म आती थी। इस तरह हमारी सरकार taxes इकट्ठे करके जनता के खून पसीने की कमाई के रुपये को लुटा रही है जो यह इन drama पार्टियों पर खर्च कर रही है। यह कितना wasteful expenditure है। इसी तरह से इस बजट में 287 लाख रुपये की रकम Community Development और N. E.S. blocks के लिये रखी गई है। और यही नहीं, पिछले पांच सालों के अन्दर इस मद पर कई करोड़ रुपये खर्च किये गये हैं और कम से कम 20 या 25 करोड़ रुपया अब तक इस पर खर्च किया जा चुका होगा लेकिन जो काम इस महकमा ने किया जरा उसकी position को आप देखें। हमारी सरकार ने एक Evaluation Committee

इसका काम देखने के लिये और जांच करने के लिये बनाई थी। मैं आपके सामने उस कमेटी की report के कुछ भाग रखना चाहता हूँ जो उस कमेटी ने पेश की थी और जिसके चेयरमैन एक कांग्रेसी सदस्य थे। उन्होंने अपनी report में कहा है कि कमेटी गांव गांव के अन्दर गई लेकिन केवल 36 ऐसे गांव निकले जहां के लोगों ने सिर्फ इतना ही कहा कि हां वहां पर कुछ अफसर जीप में बैठ कर ज़रूर आये थे और काम वगैरा तो कुछ वहां भी नहीं हुआ।

"There was no impact on the life of the people by the village and community development programme."

यह उस कमेटी की report है। आप इस को पढ़िये। Evaluation कमेटी की report सारे सदन के सदस्यों में बांटी गई थी और इस सदन की मेज़ पर भी रखी गई थी। मैं यह उस में से पढ़ कर बता रहा हूँ और मैं कोई केवल propaganda के लिये नहीं कह रहा। (Interruption) यह report आई थी। आप देख सकते हैं।

स्पीकर साहिब, यही बात मैं आपके द्वारा हाउस के सामने रखना चाहता हूँ कि यह जो खर्चे हैं यह कम होने चाहिएं। Wasteful expenses कम होने चाहिएं और सरकार को चाहिए कि जनता को taxes में relief दे। जनता को जिन्दगी के हर पहलू में relief मिलना चाहिए। उसे education में relief मिले, हस्पतालों के अन्दर मिले, पढ़े लिखे आदमियों को नौकरियां मिलें। इस सिलसिले में सब से पहले मैं यह कहना चाहता हूँ कि हमारी सरकार को अपनी यह गलतफहमी दूर करनी चाहिए कि उस का यह economic programme जनता को पसंद है, उनका यह बजट जनता को पसंद है। जनता ने वोट देकर कांग्रेस को बरकरार रखा है तो इसका यह मतलब नहीं है कि जनता आपके प्रोग्राम को पसंद करती है। जनता आपकी फजूल खर्चियों से तंग आ चुकी है, बड़े बड़े अखराजात से तंग आ चुकी है, वह आपके कल्चर्ल प्रोग्राम से तंग आ चुकी है। इस बात का सबूत यह है कि चीफ मिनिस्टर साहिब सिर्फ 34 वोटों की majority से जीत कर आए हैं। कुल 43 per cent वोट लेकर कांग्रेस जीत कर आई है। उनमें से भी दस फीसदी ऐसे हैं जिनको कोटा लेने के लिये, परमिट लेने के लिये और लाइसेंस वगैरह लेने के लिये कांग्रेस को वोट देने पड़े। एक सम्मानित सदस्य यहां पर खड़े हुए और कहने लगे कि जनता अनपढ़ है पढ़ी लिखी नहीं है। लेकिन अनपढ़ होने के बावजूद सूझबूझ रखती है और दोबारा वोट देकर कांग्रेस को यहां पर भेजा है। मैं कहता हूँ कि जनता ने 87 फीसदी वोट आपके खिलाफ देकर आपके प्रोग्रामों को चेक किया है। जनता आपके भ्रष्टाचार से चिढ़ी हुई है, आपकी फजूल खर्चियों से चिढ़ी हुई है और आपके ब्लाक डिवैल्पमैंट्स से चिढ़ी हुई है। मैं सुझाव देना चाहता हूँ कि अगर सरकार बजट के द्वारा और economic programme के द्वारा जनता का विश्वास लेना चाहती है तो सरकार को कम से कम वह काम करना पड़ेगा जो कि हमने पिछले दस सालों में नहीं किया। वह काम

[डाक्टर बलदेव प्रकाश]

किसी भी सूबे में नहीं हुआ। कांग्रेस जनता की सरकार है और जनता का विश्वास भी सरकार में है। सरकार के सामने लक्ष्य भी है। इसलिये मैं कहूँगा कि जनता की सरकार होने के नाते सरकार को चाहिए कि वह simplicity का आदर्श जनता के सामने रखे, खर्चों को कम करे। एक आदर्श लेकर जनता के सामने खड़ी हो और जनता महसूस करे कि वह हमारी अपनी सरकार है और टैक्स देने से न झिझके। जनता पर टैक्सों का बहुत बोझ बड़ा हुआ है। जनता टैक्सों से तंग आ चुकी है। कई टैक्स ऐसे हैं जो कि दो दो दफा लिये जाते हैं। डायरेक्ट टैक्स ज्यादा हैं, उनको कम करना चाहिए। आज भी बहुत सी चीज़ों में सुधार किया जा सकता है। सरकार का टैक्स लेने का तरीका यह नहीं होना चाहिए। हमारे देश के एक विख्यात अर्थ शास्त्री चाणक्य ने कहा था कि जिस प्रकार सूर्य पृथ्वी से पानी को खींचता है और पता नहीं लगता इस तरह से सरकार को टैक्स लेना चाहिए। आप एक लोटे में पानी भर कर रख दें तो सूर्य आहिस्ता आहिस्ता अपनी गर्मी से भाप बना कर सब खींच लेगा। टैक्स लेने का भी यही तरीका होना चाहिए। इसी प्रकार सूर्य जिस तरह से वर्षा के रूप में पानी देता है जनता को सुख देने का तरीका भी ऐसा ही होना चाहिए। लेकिन यहां क्या तरीका चल रहा है? जनता को चार चार और पांच पांच टैक्स एक ही चीज़ पर देने पड़ते हैं। जनता टैक्स देती है तो बहुत ज्यादा महसूस करती है। हाउस टैक्स municipal कमेटी लेती है, प्रापर्टी टैक्स सरकार लेती है और इनकम टैक्स सैंट्रल गवर्नमेंट लेती है। चुल्हे टैक्स की assessment हो रही है। जनता को पता भी नहीं चलता कि कुछ रिलीफ भी उनको सरकार की तरफ से मिल रहा है। आप अस्पताल में चले जायें। वहां आप देखेंगे कि लोगों की बुरी हालत है। एक दिन चंडीगढ़ में बस के नीचे एक लड़का आ गया। उस को ले कर अस्पताल में जाने का मौका मिला। वहां पर आधा घंटा तक यह ही पता न चला कि कौन डाक्टर उसे attend करेगा। वह बेचारा बेहोश पड़ा था। उसकी टांग टूट गई थी लेकिन वहां पर emergency cases को attend करने का कोई प्रबन्ध ही नहीं है। कोई guide करने वाला नहीं है। सब गर्दन अकड़ा कर घूमते हैं और सही तरीके से कोई बात करने तक को तैयार नहीं है। अगर यही तरीका सरकार का काम करने का है तो यह निहायत ही गलत तरीका है। यह जनता की अपनी सरकार है। विदेशी सरकार नहीं है, अंग्रेज़ की सरकार नहीं है इसको जनता के सामने आदर्श रखना चाहिए। अब जब कि शहरी जनता के ऊपर इतने टैक्स लगे हुए हैं सरकार को उन्हें रिलीफ देना चाहिए। प्रापर्टी टैक्स में रिलीफ मिलना चाहिए। इस टैक्स का कुल 76 लाख रुपया बनता है। इससे बजट में कोई भारी मदद नहीं मिलती। अब जब सरकार ने कट लगाया है तो 60 लाख रुपये की बचत हुई है। इससे कौनसा काम सरकार का रुक गया है? इसी तरह से बहुत से कट लगाए जा सकते हैं। दस हज़ार की आय के ऊपर professional टैक्स वसूल होता है। Property टैक्स और professional टैक्स दोनों ही माफ होने चाहिए। सरकार यह प्रमाण दे कि वह जनता की अपनी सरकार है। Administration के अन्दर simplicity लाए और wasteful expenditure को दूर करे। इन सारी बुराइयों की जड़ हमारे

जीवन में corruption है। सरकार ने corruption को दूर करने की क्या कोशिश की है ? भाखड़ा नंगल के लिये हाई पावर कमेटी बनाई गई जिसके चेयरमैन High Court के जज जसटिस दुल्लत थे। उस कमेटी ने report की थी । सरकार ने उस रिपोर्ट पर क्या ऐक्शन लिया है ? हाई कोर्ट के जज से ऊपर तो कोई authority नहीं हो सकती। जो लोग जिम्मेदार हैं उनको सजा मिलनी चाहिए। Evaluation Committee की रिपोर्ट पर सरकार ने क्या अमल किया है ? इसी तरह से Resources & Retrenchment Committee की रिपोर्ट पर क्या ऐक्शन लिया है ? हां एक नया तजरुबा जरुर किया और पंडित श्रीराम शर्मा को Arti Corruption Committee का चेयरमैन बना दिया। हो सकता है कि सरकार ने corruption को दूर करने की ईमानदारी से कोशिश की हो लेकिन मैं कहूँगा कि वह इस काम में बिलकुल नाकामयाब रही। इस सारे के सारे ढांचे को ठीक करना चाहिए । इसलिये सब से पहले corruption के मसले पर संजीदगी से विचार करना चाहिए। कोई ऐसी agency कायम करनी चाहिए जिसमें किसी प्रकार की political interference न हो सके कोई पालिटिकल आदमी उसमें शामिल न हो। न कोई सरकारी बैंच का आदमी उस में हो और न ही उस में कोई आपोज़ीशन का मैम्बर हो। हाई कोर्ट के जज के मातहत impartial तरीके से काम करने के लिए एक agency कायम की जानी चाहिए। इस तरह से जनता का पूरा सहयोग सरकार को मिलेगा। आप किसी महकमे में चले जाएं, किसी ठेकेदार के पास चले जाएं, शायद ही जीवन का कोई पहलू corruption से बचा हो। इसकी eradication होनी चाहिए । इन शब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करता हुआ अपना स्थान लेता हूँ।

श्री बाबू दयाल शर्मा (पटौदी) : अध्यक्ष महोदय, जो बजट सदन के सामने

4-00 p. m.

पेश है उसकी कुछ मेम्बर साहिबान ने सराहना की और आपोज़ीशन के मैम्बरों ने इसका काफी विरोध किया। एक मेम्बर साहिब ने कुछ बातें तो ठीक कहीं लेकिन बाद में कहने लगे कि figures की समझ नहीं आती। Figures में कैसी गलती हुई ? अध्यक्ष महोदय, सारी दुनिया मानती है कि दो और दो चार होते हैं लेकिन अफसोस की बात तो यह है कि Opposition को इस पर भी यकीन नहीं आता। बजट के अन्दर बताया गया है कि 87,01,00,000 रुपये की आमदन है और 87,15,00,000 रुपए का खर्चा होगा। इसका मतलब यह हुआ कि 14,00,000 रुपये का घाटा होगा। अब आप खुद अन्दाज़ा लगाएं कि इसमें गलत बात क्या है जो कि मेरे भाई समझ नहीं सके।

एक बात जिसको आपोज़ीशन के भाई बार २ दुहराते हैं वह यह है कि यह बजट कोई तरक्की का बजट नहीं है, पंजाब में कोई तरक्की नहीं हुई और यह कि पंजाब की निहायत खसता हालत है। इसके अलावा, अध्यक्ष महोदय, कुछ मेम्बर साहिबान ने यह भी आरोप लगाया कि यह गवर्नमेंट Unionist Government से भी बुरी है। मैं आपकी विसातत से इस House को बताना चाहता हूँ कि Unionist Government का एक नमूना मैंने अपनी आंखों से देखा है। रोहतक के बाज़ार में काले झंडे दुकानों

[श्री बाबु दयाल शर्मा]

पर लगाये गये और मुकम्मल हड़ताल हुई । और House के एक hon. Member को पांच सात आदमियों को साथ लेकर दो तीन दुकानों को लूटते हुए मैंने अपनी आंखों से देखा है। मैं हैरान होता हूँ कि इस तरह की बातें कह कर मेरे ये भाई National Government को, नेकनाम गवर्नमेंट को किस बुरी तरह से बदनाम करते हैं। मैं मानता हूँ कि हम अभी transitional period से गुजर रहे हैं और हम आखिर इनसान ही हैं। और इनसान लफ्ज़ के मायने है नामुकम्मल । हर इनसान के अन्दर कुछ न कुछ खामियां रह जाती हैं लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि sense of proportion को कतई त्याग दिया जाए।

अध्यक्ष महोदय, किसी राज्य की तरक्की के लिये कुछेक बड़ी आवश्यक बातों की ज़रूरत होती है। हमारा पंजाब खेती प्रधान प्रदेश है इसलिये आवश्यक है कि यहां पर खेती बाड़ी के काम को हम फरोग दें। इसके बाद आबपाशी के काम को प्रोत्साहन दें। खेती के काम के लिये electricity पैदा करें। यह सभी योजनाएँ इस सूबा में चल रही हैं। इतना ही नहीं, fragmentation of land को रोकने के लिये consolidation करने, बंजर जमीन को reclaim करने, गांव के अन्दर काश्तकारी और industry को चलाने के लिये electricity मुहैया करने के काम हो रहे हैं। Community development के काम हो रहे है । आप अन्दाजा लगाएं कि इन कामों में पंजाब में जोकि भारतवर्ष में आबादी के लिहाज़ से 1/5 हिस्सा है, क्या तरक्की की है ? Agricultural production में पंजाब ने 30% increase की है । जहां तक irrigation की योजनाओं का सम्बन्ध है पंजाब में 6,000 percolation wells लगाए जा चुके हैं। पंजाब के अन्दर सारे भारत वर्ष का 16% काम किया गया है। Electricity पंजाब के अन्दर 17% पैदा की जा रही है। 41% consolidation हो चुकी है --छोटे २ खेतों को मिलाकर बड़े २ खेत बनाए गए हैं। जितनी जमीन बंजर पड़ी थी उसका 20% reclaim किया जा चुका है; 19% गांव electrify हो चुके हैं। अब आप यह भी देखें कि जहां all India basis पर 50% development हुई है वहां पंजाब में 80% हुई है। अंग्रेज़ी राज के मुकाबले में जहां all India basis पर roads में 59 फीसदी की बढ़ोतरी हुई थी वहां पंजाब में 95 फीसदी तरक्की हुई है । जहां तक co-operative soeieties का ताल्लुक है अगर एक लाख की आबादी के पीछे all India figure 61 हैं वहां पंजाब में एक लाख की आबादी के पीछे 150 co-operative societies बनाई गई । इन figures से आप अन्दाज़ा लगा सकते हैं कि जितनी तरक्की इन पिछले सालों में पंजाब में हुई है उतनी शायद भारत के किसी दूसरे सूबे में नहीं हुई।

यहां पर corruption, corruption की बातें होती हैं। मैं इस बात से इनकार नहीं करता कि corruption कतई नहीं है। लेकिन सवाल यह है कि ccrruption की जिम्मेदारी किस पर है ? (Interruption) जिम्मेदारी

अकेले Treasury Benches पर नहीं । यह तो दुनिया मानती है कि power corrupts a man मगर जो Opposition है वह भी पूरे तौर पर responsible होनी चाहिए। मैंने तो आपोज़ीशन को यह भी कहते सुना है कि जिस वक्त वज़ीर 3,000 रुपया तन्खाह लेते थे, वह जायज़ थी हालांकि उस वक्त गन्दम 1/8/- मन, चने 1/-/- मन, खांड रुपये की पांच सेर, घी रुपये का दो सेर बिकता था और आज जब कि गन्दम 20 रुपये मन है, चीनी सवा रुपये सेर, घी छः सात रुपए सेर भी नहीं मिलता मेरे ये दोस्त कहते हैं कि मिनिस्टरों को 800 रुपए माहवार तन्खाह भी ज्यादा है। मैं समझ नहीं पाया कि मेरे इन भाइयों के सोचने का तरीका कैसा है। (Interruption) आपोज़ीशन की बाबत, अध्यक्ष महोदय, इन्हीं के एक महान leader ने जो देश भक्ति, देश सेवा, और त्याग का मुजस्मा है कुछ शब्द कहे थे और उन्होंने Opposition के सदस्यों को indisciplined हरकत से पंजाब असेम्बली में विरोधी दल की leadership से त्याग पत्र इसलिये दिया था क्योंकि उनके विचार में Corrupt and indisciplined Opposition is a curse to the State.

Pandit Chiranji Lal Sharma : This was the position in the days gone by.

श्री बाबू दयाल शर्मा : यह लफ़ज़ मेरे नहीं हैं। (Interruptions) मैं challenge करता हूँ मैं उन्हें ये लफ्ज़ दिखा सकता हूँ।

जनाब, जो लोग हरियाने का गीत अलापते हैं मैं उनके संबंध में बताना चाहता हूँ कि वह इस का नाम ले २ कर अपना मतलब निकालना चाहते हैं। असल बात यह है कि जब तक तो यह लोग Treasury Benches पर बैठे रहें तब तक तो हरियाने का कुछ नहीं बिगड़ता मगर जैसे ही इनको उस तरफ से जवाब मिल जाता है बस उसी वक्त हरियाने की हालत बहुत ज्यादा बिगड़ जाती है, हरियाने का सत्यानाश हो जाता है। मगर यह तो वह बात है कि 'चोटी कुतिया पकवान की रखवाली' (हंसी)

श्री अध्यक्ष: ऐसी language इस्तेमाल न करें। (The hon. member should avoid using such language.)

श्री बाबू दयाल : जनाब, मैं बजट पर बोल रहा हूँ। इसमें हरियाने का जिक्र आता है। जहां तक इस इलाके को पिछड़ा हुआ होने के नाते ज्यादा सहूलतें देने की बात है मैं इस बात के खिलाफ हूँ कि इसको इस वजह से कोई खास रियायतें दी जायें। मैं तो इस बात के हक में हूँ कि आदमी अपनी अकल से मुकाबला कर के आगे आए और तरक्की करे। इस तरह की सहूलतें लेना मैं तौहीन की बात समझता हूँ। और यही साहिबान जो आज हरियाना की इतनी आवाज बुलंद करते हैं यही जब पहले वज़ीर बने बैठे रहे तब इन्होंने कोई आवाज़ न उठाई। खैर इस बात को मैं यहीं छोड़ता हूँ।

[श्री बाबू दयाल शर्मा]

इस बजट के अन्दर तीन चार बात ऐसी हैं जिनका मैं खास तौर से जिक्र करना चाहता हूँ। इस बजट में 250 लाख रुपया सड़कों वगैरह को बनाने के लिये रखा गया है और इस साल 350 मील लम्बी सड़कें बनाए जाने का प्रोग्राम है। जनाब, मेरे जिला गुड़गांव में एक सड़क होडल-नूह-पाटोदी है। यह बड़ी अहम सड़क है। मगर इसके सिलसिले में अफसरान ने गाड़ी को घोड़े के आगे जोत दिया है। बाकी तो सारी यह सड़क बना दी है मगर बीच में सात मील का टोटा छोड़ दिया है। जनाब नूह किसी ज़माने म इंडस्ट्रियल टाउन था। यहां पर नमक की सन्अत काफी ज़ोरों पर थी। उस वक्त हमारे प्रदेश का सद्र मुकाम आगरा हुआ करता था। मगर विदेशी हुकूमत ने हमारी उस सन्अत को दूसरी देसी सन्अतों की तरह खत्म कर दिया। उस वक्त की सरकार ने वहां एक मामूली सी सड़क बनाई हुई थी जो खराब हो गई। अब रास्ते में एक घाटी हायल है। यह जो सात मील का टुकड़ा है बिना बने पड़ा है। इस की वजह से लोगों को वहां जाने के लिये बीसियों मील का चक्र लगाना पड़ता है। फिर मोटरों में जगह नहीं मिलती और इस तरह उन के काम बरबाद हो जाते हैं। इस सड़क को जल्दी से जल्दी बनाया जाए। और अगर सरकार पैसे की किल्लत की वजह से यह काम न करना चाहे तो मैं इनसे कहूँगा कि थाना ताड़लू के 84 गांवों को ऐडमिनिस्ट्रेटिव तौर पर रिवाड़ी सबडिवीयन में शामिल कर दिया जाए। इस सड़क के न होने से उन बेचारों के मुकदमें फाइल हो जाते हैं क्योंकि वह वक्त पर वहां पहुँच ही नहीं पाते। अगर यह बात भी न की जा सकती हो तो एक रूट ऐसा दे दिया जाए जो सीधा ताड़लू से नूह जाए। बेहतर यही है कि सरकार यह सड़क का टुकड़ा जल्दी बनवा दे।

फिर, जनाब, पंजाब म एक पहाड़ों का महकमा है। इस का काम जंगलात की देख-भाल करना और वृक्ष उगाना है। यह बड़ा अच्छा काम है क्योंकि अगर पेड़ न हों तो बारिश अधिक नहीं होती। इसी वजह से भारत सरकार ने एक ग्रीन बैल्ट बनाई है जो चार मील चौड़ी है और चालीस मील लम्बी है। द्रख्त बारश लाने में मदद देते हैं। मेरे इलाके में अर्वली पर्वत की खुश्क शाखें हैं। मगर वहां पर द्रख्त नहीं हो सकते क्योंकि वह इलाका खुश्क है। ज़मीन बड़ी खराब है, पैदावार नहीं हो पाती। इन पहाड़ों पर वृक्ष नहीं केवल घास उगती है। लोग मवेशी पाल कर गुज़ारा करते हैं। मगर यह जो फोरैस्ट वाले हैं वह उनके मवैशियों को रोक लेते हैं, तंग करते हैं, रिश्वत लेते हैं। इसलिये या तो उन लोगों के मवैशियों को इस तरह से न रोका जाए और उनको यह काम न करने दिया जाए या फिर उन लोगों का कोई रोज़गार नहीं है। इसलिये पहाड़ों का महकमा हटा लिया जावे या पहाड़ी ग्रास जैसे छारोड़ा, चीला, महालाका, सालाका, सिलरवोह, दीलमकी, भूतलाका, घुसबैठी, पीपाका, पाटका, इत्यादि गांवों को पहाड़ छोड़ दिया जावे। यदि पहाड़ को न छोड़ा गया तो यह लोग भूखे मर जायेंगे। या इनको पहाड़ के बदले ज़मीन दी जावे, या कोई रोज़गार दिया जावे या किसी सन्अत में लगाया जाए। इस बजट में देहात के लोगों के लिये रुपया रखा गया है मगर उसका इस्तेमाल ठीक तरह से नहीं किया जाता। (विघ्न)

Mr. Speaker : Please wind up.

श्री बाबू दयाल शर्मा : जनाब, देहात में ज्यादा लोगों का पेशा खेती बाड़ी है इसके अलावा लोगों के पास जो काम हैं वह है transportation, dairy और cattle farming मगर जब से बनस्पति घी यहां चला है इसने उन लोगों के काम काज को बहुत धक्का पहुंचाया है। इसलिये मैं समझता हूँ कि इस घी की सन्अत में जितने मजदूर लगाये जाएं वह इन्हीं इलाकों के देहात से लिये जाने चाहिएं। जनाब, मेरे देखने की बात है कि हमारे इन गांवों में एक बेवा एक भैंस रख कर उसके ऊपर ही अपना गुज़ारा कर लिया करती थी और भैंस की कीमत भी निकाल लिया करती थी। आजकी यह सूरत है कि कोई मवेशी किसान के लिये फायदेमंद साबित नहीं हो पाता। बल्कि एक बोझ हो गया है। इस घी से देहात वालों का बहुत भारी नुकसान हुआ है और लोगों का उनके ऊपर से विश्वास भी उठा लिया है जिससे उनका सही और देसी घी भी बिकने नहीं पाता। मैं इस सिलसिले में एक तजवीज़ गवर्नमेंट को देना चाहता हूँ कि इन कारखानों में देहात के लोगों को रखा जाए जो सीधेसादे हैं और सरकार पर अपने नुकसानात को जाहिर नहीं कर सकते और माग नहीं कर सकते और न ही विरोधी आन्दोलन चला सकते हैं।

दूसरा पेशा लोगों का डेयरी का है। मैं देखता हूँ कि बजट के अन्दर कोई dairy का provision नहीं किया गया है। पहले 3 करोड़ रुपया न्यूजीलैंड की सरकार ने dairies के लिए दिया था और कुछ dairies खुली थीं लेकिन उसमें भी देखा यह गया कि किसानों को न तो उस स्कीम के तहत भैंसें मिलीं और न फायदा हुआ बल्कि बड़े बड़े लोग हैं जो दूध सप्लाई करते हैं और कमीशन खाते हैं। इसलिये मैं चाहता हूँ कि अब देहात के लोगों के लिये कोई स्कीम चालू की जाए ताकि उन लोगों को फायदा हो सके।

तीसरी बात देहातों के अन्दर जो सड़कों का जाल बिछाया गया है उससे भी ग्रामीणों को कोई माली फायदा नहीं हुआ है बल्कि नुकसान हुआ है। क्योंकि ग्रामीण बैल गाड़ी, ऊंट घोड़े के भाड़े से जो रुपया खाली दिनों में कमा लेते थे वह बड़े २ मालदार या सरकार मोटर और ट्रक से कमाते हैं, उनका रोज़गार छीन लिया है। इस लिये सरकार से प्रार्थना है कि मोटर, ट्रक, ट्रांस्पोर्ट में जो कर्मचारी लगें वे ग्रामीण होने चाहिएं क्योंकि जिनका रोज़गार छीना गया है उनको ही रोजगार मिलना चाहिए। अब देखने में आता है कि जब से मोटर गाड़ियां और ट्रक वगरह चल पड़े हैं तब से किसानों का रोज़गार मारा गया। (घंटी) जनाब स्पीकर साहिब, इस सम्बन्ध में मैं यह प्रार्थना करना चाहता हूँ कि यह जो ट्रांस्पोर्ट डिपार्टमैंट है उसमें देहाती लोग रखे जाने चाहिएं और उनको लाभ पहुंचना चाहिए। यह नहीं होना चाहिए कि करे ईसा और भरे मूसा (घंटी)। बस, स्पीकर साहिब, मैं अन्त में फाइनन्स मिनिस्टर साहब को बधाई देता हूँ कि उन्होंने इतना अच्छा बजट बनाया और आपका धन्यवाद करता हूँ कि आपने मुझे बोलने का समय दिया।

ਸਰਦਾਰ ਲਛਮਣ ਸਿੰਘ ਗਿੱਲ (ਜਗਰਾਉਂ) : ਸਤਕਾਰ ਯੋਗ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਇਹ ਜਿਹੜਾ ਬਜਟ 1962-63 ਦਾ ਸਾਡੇ ਸਾਹਮਣੇ ਰਖਿਆ ਗਿਆ ਹੈ ਇਹ Finance Minister ਸਾਹਿਬ ਨੇ ਪੇਸ਼ ਕੀਤਾ ਹੈ। ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਾਂ ਕਿ ਡਾਕਟਰ ਸਾਹਿਬ ਬੜੇ ਪੁਰਾਣੇ ਅਤੇ ਸਮਝ ਵਾਲੇ ਵਜ਼ੀਰ ਨੇ, ਪਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਸ ਨੂੰ ਇਕਲਿਆਂ ਪੇਸ਼ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ, ਇਹ ਪਹਿਲਾਂ ਸਾਰੀ cabinet ਦੇ ਸਾਹਮਣੇ ਰੱਖਕੇ ਪੇਸ਼ ਕੀਤਾ ਹੈ। ਪਰ ਇਸ ਦਫਾ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਆਪਣੀ ਬੁਧੀ ਨੂੰ ਜ਼ਿਆਦਾ ਹੋਸ਼ਿਆਰੀ ਨਾਲ ਵਰਤਿਆ ਹੈ ਅਤੇ ਇਸ ਤੇ ਇਕ ਨਵਾਂ ਬੁਰਕਾ ਪਾਕੇ ਇਸ House ਦੇ ਸਾਹਮਣੇ ਪੇਸ਼ ਕੀਤਾ ਹੈ। ਮੇਰੀ ਰਾਏ ਵਿਚ ਇਹ ਬਜਟ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦਾ ਹੈ ਜਿਵੇਂ ਕੋਈ ਆਦਮੀ ਕਰਜ਼ਾ ਲਈ ਜਾਵੇ, ਇਹ ਸੋਚ ਕੇ ਕਿ ਮੈਂ ਕਰਜ਼ਾ ਵਾਪਸ ਤਾਂ ਕਰਨਾ ਹੀ ਨਹੀਂ ਅਤੇ ਇਸ idea ਨਾਲ ਖਰਚ ਕਰੇ ਕਿ ਜੋ ਖਾ ਲਿਆ ਸੋ ਖਾ ਲਿਆ, ਜਿਹੜਾ ਕਰਜ਼ਾ ਚੜ੍ਹ ਗਿਆ ਉਹ ਰਹਿ ਗਿਆ ਤੇ ਦੇਣਾ ਨਹੀਂ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਵੇਖਣਾ ਇਹ ਚਾਹੀਦਾ ਸੀ ਕਿ ਜਿਸ ਕੰਮ ਲਈ ਇਹ ਖਰਚਿਆ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਉਸ ਤੇ ਫਰਾਖ ਦਿਲੀ ਨਾਲ ਇਤਨਾ ਖਰਚ ਵੀ ਕਰਨਾ ਚਾਹੀਦਾ ਸੀ ਜਾਂ ਨਹੀਂ।

ਹੁਣ ਵੇਖਣ ਵਾਲੀ ਗੱਲ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਆਇਆ ਇਸ ਬਜਟ ਵਿਚ ਪਿਛਲੇ ਸਾਲ ਨਾਲੋਂ ਕੋਈ ਖਾਸ ਫਰਕ ਹੈ ਵੀ ਜਾਂ ਨਹੀਂ। ਇਸ ਬਾਰੇ ਮੇਰੀ ਰਾਏ ਤਾਂ ਇਹ ਹੈ ਇਹ ਬਜਟ ਜਿਸਤਰਾਂ ਪਿਛਲੇ ਸਾਲ ਦਾ ਸੀ ਉਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਇਹ ਇਸ ਸਾਲ ਦਾ ਬਣਾਇਆ ਗਿਆ ਹੈ। Treasury Benches ਵਾਲੇ ਪਾਸਿਉਂ ਇਹ ਵੀ ਬਾਰ ਬਾਰ ਕਿਹਾ ਗਿਆ ਕਿ ਇਸ ਦਫਾ ਕੋਈ ਨਵਾਂ Tax ਲਗਾਇਆ ਹੀ ਨਹੀਂ ਗਿਆ। ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਾਂ ਕਿ ਇਸ Budget ਵਿਚ ਇਤਨਾ ਨੁਕਸ ਹੈ ਕਿ ਬਿਆਨ ਤੋਂ ਬਾਹਰ ਹੈ,। ਜਿਸ Budget ਵਿਚ ਸ਼ੁਰੂ ਦਾ ਘਾਟੇ ਦਾ Budget ਹੋਵੇ ਪਰ ਸਾਲ ਦੇ ਆਖੀਰ ਵਿਚ ਉਹ surplus ਹੋ ਜਾਵੇ ਕੀ ਇਹ bad budgeting ਨਹੀਂ ਹੁੰਦਾ ? ਜੇ ਇਹੋ ਵਾਧੇ ਦੀ ਰਕਮ ਪਹਿਲਾਂ show ਕਰ ਦਿਤੀ ਜਾਂਦੀ ਤਾਂ ਇਹ ਕਿਸੇ ਵੀ Head ਦੀ ਇਮਦਾਦ ਵਾਸਤੇ ਖਰਚ ਕੀਤੀ ਜਾ ਸਕਦੀ ਸੀ। ਇਹ ਗੱਲ ਵੀ ਨਾ ਹੋਈ ਕਿ ਜੇ ਕਿਸੇ ਗਰੀਬ ਮੁਲਾਜ਼ਮ ਨੂੰ benefit ਪਹੁੰਚਾਇਆ ਜਾ ਸਕਦਾ ਸੀ ਤਾਂ ਪਹੁੰਚਾਇਆ ਜਾਂਦਾ, ਪਹਿਲਾਂ ਹੀ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ show ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਕਿ ਗਰੀਬ ਮੰਗ ਹੀ ਨਾ ਸਕਣ। ਇਹ ਵੀ ਨਾ ਹੋਇਆ ਕਿ ਕੋਈ tax ਘਟਾਏ ਜਾਣ। ਇਸ ਬਜਟ ਰਾਹੀਂ ਕਿਸੇ ਦਾ ਕੁਝ ਭਲਾ ਨਹੀਂ ਹੋਣਾ ਕਿਉਂਕਿ ਇਸ ਰਾਹੀਂ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ relief ਤਾਂ ਮਿਲਨੀ ਹੀ ਨਹੀਂ। ਇਹ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਇਸ ਬਜਟ ਵਿਚ ਕੋਈ ਨਵੇਂ taxes ਨਹੀਂ ਲਗਾਏ ਗਏ। ਮੈਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਤੋਂ ਇਹ ਪੁਛਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਕੀ ਉਹ ਸਮਝਦੇ ਹਨ ਕਿ ਜਿਹੜੇ taxes ਪਹਿਲਾਂ ਲੋਕੀ ਦੇ ਰਹੇ ਹਨ, ਉਹ ਖੁਸ਼ੀ ਨਾਲ ਦੇ ਰਹੇ ਹਨ ? ਕੀ ਇਸ ਦਾ ਇਹ ਮਤਲਬ ਹੈ ਕਿ ਉਹ ਲੋਕ ਪਿਛਲੇ taxes ਤਾਂ ਆਪਣੀ ਮਰਜ਼ੀ ਨਾਲ ਦੇ ਰਹੇ ਹਨ ਅਤੇ ਇਸ ਸਾਲ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਮਰਜ਼ੀ ਹੈ ਕਿ tax ਨਹੀਂ ਵਧਾਉਣਾ ? ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਾਂ ਕਿ taxes ਦੀ ਤਾਦਾਦ ਇਤਨੀ ਹੈ ਕਿ ਹੁਣ ਉਹ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਇੰਨਤਹਾ ਤੱਕ ਪੁਜ ਗਏ ਹਨ। Taxes ਰਾਹੀਂ ਜੋ ਵਸੂਲੀ ਕੀਤੀ ਜਾ ਰਹੀ ਹੈ ਉਹ ਇਨਸਾਨ ਦਾ ਆਖਰੀ ਕਤਰਾ ਖੂਨ ਦਾ ਨਚੋੜ ਕੇ ਵਸੂਲੀ ਹੋ ਰਹੀ ਹੈ ਪਰ taxes ਦਾ ਰੁਪਿਆ ਜੋ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ਹੈ ਇਹ ਬੜੀ ਬੇਰਹਿਮੀ ਨਾਲ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਵਿਚ steel ਔਰ cement ਇਸ ਬੇਰਹਿਮੀ ਨਾਲ ਖਰਚ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਕਿ ਇਸ ਦੀ ਕੋਈ ਮਿਸਾਲ ਨਹੀਂ ਮਿਲਦੀ। ਜੇ planning ਕਰਨ ਵੇਲੇ ਇਹ ਚੀਜ਼ ਦਿਮਾਗ਼ ਵਿਚ ਰੱਖ ਲਈ ਜਾਂਦੀ ਕਿ ਸਾਡੀਆਂ ਆਪਣੀਆਂ ਇਤਨੀਆਂ ਵਡੀਆਂ

buildings ਨਾਭੇ ਵਿਚ, ਕਪੂਰਥਲੇ ਅਤੇ ਪਟਿਆਲੇ ਵਿਚ ਖਾਲੀ ਪਈਆਂ ਹੋਈਆਂ ਹਨ ਅਤੇ ਅਜ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਹਾਲਤ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਤੇ ਕਬੂਤਰ ਵਿਠਾਂ ਕਰਦੇ ਹਨ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਥਾਵਾਂ ਤੇ ਕਈ offices shift ਕੀਤੇ ਜਾ ਸਕਦੇ ਸਨ ਜਿਹੜੇ ਕਿ ਚੰਡੀਗੜ੍ਹ ਰਖੇ ਜਾ ਰਹੇ ਹਨ । ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਇਸਤਰ੍ਹਾਂ ਕਾਫੀ ਰੁਪਏ ਦੀ ਬੱਚਤ ਹੋ ਸਕਦੀ ਸੀ । ਇਹ ਮੇਰੀ ਆਪਣੀ ਰਾਏ ਹੈ ਕਿ ਏਥੇ ਪੈਸਾ ਖਰਚ ਕੇ ਫਜ਼ੂਲ ਖਰਚੀ ਤੋਂ ਸਿਵਾਏ ਹੋਰ ਕੋਈ ਕੰਮ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾ ਰਿਹਾ ।

ਮੈਂ ਏਥੇ ਇਕ ਹੋਰ ਗੱਲ ਸੁਣ ਕੇ ਹੈਰਾਨ ਹਾਂ ਕਿ ਜਦੋਂ Treasury Benches ਵਾਲੇ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਮੁਖਾਤਬ ਕਰਦੇ ਹਨ ਤਾਂ ਇਹ ਲਫਜ਼ ਸ਼ਾਨ ਨਾਲ ਵਰਤਦੇ ਹਨ । ਮੇਰੀ ਸਰਕਾਰ ਇਹ ਕਰ ਰਹੀ ਹੈ, ਮੇਰੀ ਗਵਰਨਮੈਂਟ ਇਹ ਕਰ ਰਹੀ ਹੈ, ਮੈਂ ਪੁਛਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਕੀ ਇਹ socialistic pattern ਦਾ ਨਾਅਰਾ ਹੈ ਜਾਂ ਉਹ ਸਮਝਦੇ ਹਨ ਕਿ ਇਹ ਕੋਈ ਰਾਜਕੁਮਾਰਾਂ ਦੀ ਸਰਕਾਰ ਹੈ ਜਿਹੜੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਵਿਰਸੇ ਵਿਚ ਮਿਲੀ ਹੈ ? ਅਸੀਂ ਇਸ ਪਾਸੇ ਬੈਠੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਸਾਰਿਆਂ ਦੀਆਂ ਕਰਤੂਤਾਂ ਵੇਖ ਰਹੇ ਹਾਂ, ਉਹ ਜ਼ਰਾ ਝਾਤੀ ਮਾਰ ਕੇ ਆਪਣੀ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਵੇਖਣ ਕਿ ਇਹ ਚਲ ਕਿਸ ਤਰਾਂ ਰਹੀ ਹੈ । ਮੈਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਅੱਖਾਂ ਖੋਲ੍ਹਣ ਵਾਸਤੇ Budget ਦਿਆਂ 5-7 Heads ਬਾਰੇ ਆਪਦੀ ਸੇਵਾ ਵਿਚ ਕੁਝ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ।

(At this Stage sardar Gurnam Singh, a member of the Panel of Chairmen, occupied the Chair)

ਚੇਅਰਮੈਨ ਸਾਹਿਬ, ਸਭ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਮੈਂ Police Department ਦਾ ਨਾਉਂ ਲੈਂਦਾ ਹਾਂ । ਕੀ Police ਤੇ ਇਤਨਾ ਖਰਚ ਇਸ ਲਈ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ ਕਿ ਮਹਾਤਮਾ ਜੀ ਚਾਹੁੰਦੇ ਸਨ ਜਾਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਇਹ ਖਿਆਲ ਸੀ ਕਿ socialistic pattern of society ਦਾ ਕੰਮ ਸਿਰੇ ਨਹੀਂ ਲੱਗਣਾ? ਕੀ ਮੈਂ ਇਹ ਸਮਝਾਂ ਕਿ ਰਾਮ ਰਾਜ ਆ ਗਿਆ ਹੈ ਜਿਸ ਦੇ ਕੰਮ ਨੂੰ ਚਲਾਉਣ ਵਾਸਤੇ 31 ਆਦਮੀਆਂ ਦੀ ਵਜ਼ੀਰ ਮੰਡਲੀ ਰੱਖਣੀ ਪਈ ? ਪਰ ਜੇ ਸਹੀ ਮਾਅਨਿਆਂ ਵਿਚ ਵੇਖਿਆ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਦੇਸ਼ ਵਿਚ police ਦੇ ਰੱਖਣ ਦੀ ਕੋਈ ਲੋੜ ਨਹੀਂ ਰਹਿ ਜਾਂਦੀ ਜਦੋਂ ਕਿ ਇਹ ਸਾਡਾ ਆਪਣਾ ਮੁਲਕ ਹੈ । ਪਰ ਜਦੋਂ ਮੇਰਾ ਧਿਆਨ ਇਸ ਪਾਸੇ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਮੈਂ ਵੇਖਦਾ ਹਾਂ ਕਿ Punjab Police ਲਈ ਜਿਹੜਾ ਬਜਟ ਦਾ Head ਹੈ ਉਹ ਮੰਨਿਆ ਹੋਇਆ ਹੈ । ਇਸ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ ਹੋਰ ਕਾਫੀ ਖਰਚ ਹੈ ਜੋ Central Government ਦੀ indulgence ਨਾਲ ਪੁਲੀਸ ਰਾਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ । ਇਸ ਦਾ ਮਤਲਬ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਅਸੀਂ ਆਪਣਾ ਬਹੁਤ ਸਾਰਾ ਖਰਚ ਇਸ ਲਈ ਪੁਲਿਸ ਤੇ ਕਰਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿਹੜੀਆਂ political movements ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਦਬਾਇਆ ਜਾਵੇ ਅਤੇ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਪੁਲਿਸ ਨੂੰ ਕੰਮ ਕਰਨ ਦਾ ਮੌਕਾ ਮਿਲਦਾ ਹੈ । ਪਰ ਬਾਹਰਲੇ ਮੁਲਕਾਂ ਵਿਚ ਜਿਥੇ ਕਿ difference of opinion ਦੇ ਆਮ ਝਗੜੇ ਹੁੰਦੇ ਹਨ, ਉਹ ਲੋਕ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ table ਉਤੇ ਬੈਠ ਕੇ, ਕਾਨਫਰੰਸਾਂ ਕਰ ਕੇ, ਇਨ੍ਹਾਂ ਝਗੜਿਆਂ ਨੂੰ ਖਤਮ ਕਰ ਦਿੰਦੇ ਹਨ । ਇਹ ਉਥੇ ਹੈ ਜਿਥੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਆਪਣੀ ਸਰਕਾਰ ਹੈ । ਪਰ ਸਾਡੇ ਮੁਲਕ ਵਿਚ ਇਹ ਲੋਕ ਮੇਰੀ ਸਰਕਾਰ ਕਹਿਣ ਦੇ ਮੁਸਤਹਿਕ ਨਹੀਂ ਹਨ ਜਿਹੜੇ ਕਿ political differences

[ਸਰਦਾਰ ਲਛਮਣ ਸਿੰਘ ਗਿੱਲ]

ਰੱਖਣ ਵਾਲਿਆਂ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਜ਼ੋਰ ਨਾਲ ਦਬਾਉਣ ਔਰ ਪੁਲਿਸ ਨੂੰ ਇਸਤੇਮਾਲ ਕਰਨ । ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ police ਦੇ ਜਿਹੜੇ ਫਰਾਇਜ਼ ਹਨ ਉਹ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਲ ਪੂਰੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਤਵੱਜਾ ਨਹੀਂ ਦੇ ਸਕਦੀ । ਇਹ ਬਜਟ ਬੜਾ ਚੰਗਾ ਹੈ, ਇਹ ਮਹਿਜ਼ Treasury Benches ਦੀ ਆਵਾਜ਼ ਹੈ । ਮੈਂ ਤੁਹਾਨੂੰ ਏਥੇ ਇਹ ਅਰਜ਼ ਕਰ ਦੇਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜੇਕਰ ਤੁਸੀਂ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਜਾਉ ਤਾਂ ਤੁਹਾਨੂੰ ਸ਼ਰਾਹ ਆਮ ਇਹ ਗੱਲ ਮਿਲੇਗੀ ਕਿ ਲੋਕ ਨਾਜਾਇਜ਼ ਸ਼ਰਾਬ ਕਢਕੇ ਹਨ, ਨਾਜਾਇਜ਼ ਸ਼ਰਾਬ ਪੀਂਦੇ ਹਨ । ਚੇਅਰਮੈਨ ਸਾਹਿਬ, ਸ਼ਰਾਬ ਪੀਣ ਦੇ ਨਾਲ ਜਿਥੇ ਇਖਲਾਕ ਤੇ ਅਸਰ ਪੈਂਦਾ ਹੈ ਉਸ ਦੇ ਨਾਲ ਨਾਲ ਸੂਬੇ ਦੇ ਅਮਨ ਦੇ ਵਿਚ ਵੀ ਫਰਕ ਪੈਂਦਾ ਹੈ । ਮੈਂ ਇਸ ਗਲ ਦੀ ਵਧਾਈ ਦਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਹਫੀਮ ਦੀ ਬੰਦੀ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ ਔਰ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਸਹਿਤ ਦਾ ਕਮ ਅਜ਼ ਕਮ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਖਿਆਲ ਤਾਂ ਕੀਤਾ ਹੈ ਲੇਕਨ ਮੈਂ ਇਸ ਤੋਂ ਵੀ ਜ਼ਿਆਦਾ ਸਰਕਾਰ ਨੂੰ ਮੁਬਾਰਕ ਬਾਦ ਦਿੰਦਾ ਜੇ ਉਸ ਹੁਕਮ ਤੇ ਪੂਰੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਅਮਲ ਕਰਵਾਉਂਦੀ । ਅਸੀਂ ਦੇਖਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਕੋਈ ਜਗਾਹ ਐਸੀ ਨਹੀਂ ਹੈ ਜਿੱਥੇ ਨਾਜਾਇਜ਼ ਹਫੀਮ ਨਾ ਵਿਕਦੀ ਹੋਵੇ, ਜਿਹੜੀ ਖਾਣ ਵਿਚ ਗੰਦੀ ਅਤੇ ਕੀਮਤ ਦੇ ਲਿਹਾਜ਼ ਨਾਲ ਬਹੁਤ ਮਹਿੰਗੀ ਹੈ । ਪੁਲਿਸ ਜਾਣਦੀ ਹੈ ਕਿ ਕਿੱਥੇ ਕਿੱਥੇ ਨਜਾਇਜ਼ ਹਫੀਮ ਵਿਕਦੀ ਹੈ ਔਰ ਉਹ ਇਸ ਜੁਰਮ ਨੂੰ ਦਬਾਉਣਾ ਵੀ ਚਾਹੁੰਦੀ ਹੈ ਲੇਕਿਨ ਮਜਬੂਰ ਹੈ । ਜਦੋਂ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਫੜਿਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਇਹ ਸਰਕਾਰੀ ਬੈਂਚਾਂ ਦੇ ਬੈਠਣ ਵਾਲੇ ਉਸੇ ਵੇਲੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਕੋਲ ਪਹੁੰਚ ਕੇ ਉਸ ਆਦਮੀ ਨੂੰ ਛਡਾ ਲਿਆਉਂਦੇ ਹਨ । ਚੇਅਰਮੈਨ ਸਾਹਿਬ, ਡੈਮੋਕਰੈਸੀ ਦੇ ਵਿਚ ਹਰ ਆਦਮੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹੈ ਕਿ ਮੈਂ ਤਰੱਕੀ ਕਰਾਂ ਔਰ ਦੇਸ਼ ਦੀ ਸਹੀ ਮਾਨਿਆਂ ਦੇ ਵਿਚ ਸੇਵਾ ਕਰਾਂ ਲੇਕਿਨ ਅਸੀਂ ਦੇਖਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਪੁਲਿਸ ਨੂੰ ਮੌਕਾ ਨਹੀਂ ਦਿਤਾ ਜਾਂਦਾ । ਇਸ ਕਦਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਕੰਮ ਦੇ ਵਿਚ ਦਖਲਅੰਦਾਜ਼ੀ ਕੀਤੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ ਕਿ ਉਹ ਵਿਚਾਰੇ ਆਪਣੀਆਂ duties ਸਰਅੰਜਾਮ ਨਹੀਂ ਦੇ ਸਕਦੇ । ਤੁਸੀਂ ਅਜ ਥਾਣਿਆਂ ਦੇ ਵਿਚ ਜਾ ਕੇ ਦੇਖੋ, ਉਥੇ ਥਾਣਿਆਂ ਦੀਆਂ ਬਿਲਡਿੰਗਾਂ ਤਾਂ ਜ਼ਰੂਰ ਵਿਖਾਲੀ ਦੇਣਗੀਆਂ ਲੇਕਿਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚ ਫਰਨੀਚਰ ਵਗੈਰਾ ਕੋਈ ਨਹੀਂ ਹੈ ਜਿਸ ਤੇ ਕਿ ਲੋਕੀ ਜਿਹੜੇ ਉਥੇ ਜਾਂਦੇ ਹਨ ਬੈਠ ਸਕਣ । ਮੈਂ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਆਜ਼ਾਦ ਦੇਸ਼ ਦੇ ਵਿਚ ਪੁਲਿਸ ਇਕ civilization ਦਾ ਨਮੂਨਾ ਹੁੰਦੀ ਹੈ । ਉਸ ਤੋਂ ਦੇਸ਼ ਦੇ character ਦਾ ਅੰਦਾਜ਼ਾ ਲਗਾਇਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਲੇਕਿਨ ਅਸੀਂ ਦੇਖਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਇਥੇ ਪੁਲਿਸ ਦੇ ਬੋਲ ਚਾਲ ਦੇ ਵਿਚ ਕੋਈ ਫਰਕ ਨਹੀਂ ਪਿਆ । ਮੈਂ ਇਸ ਗਲ ਨੂੰ ਮੰਨਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜਿਹੜੇ I. P. S. ਅਫਸਰ ਹਨ ਉਹ ਮੁਹੱਜ਼ਬ ਹਨ ਲੇਕਿਨ ਜਿਥੋਂ ਤਕ ਛੋਟੇ ਪੁਲਿਸ ਕਰਮਚਾਰੀਆਂ ਦਾ ਤਅੱਲੁਕ ਹੈ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਬੋਲ ਚਾਲ ਦਾ ਤਰੀਕਾ ਉਸ standard ਦਾ ਨਹੀਂ ਜਿਹੜਾ ਕਿ ਇਕ ਆਜ਼ਾਦ ਦੇਸ਼ ਦੀ ਪੁਲਿਸ ਦਾ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ । ਮੈਂ, ਚੇਅਰਮੈਨ ਸਾਹਿਬ, ਇਹ ਵੀ ਆਖਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਛੋਟੇ ਪੁਲਿਸ ਦੇ ਕਰਮਚਾਰੀਆਂ ਦੀਆਂ ਤਨਖਾਹਾਂ ਇਤਨੀਆਂ ਥੋੜੀਆਂ ਹਨ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਲਈ ਈਮਾਨਦਾਰੀ ਦੇ ਨਾਲ ਆਪਣੇ ਬਾਲ ਬਚਿਆਂ ਦਾ ਗੁਜ਼ਾਰਾ ਕਰਨਾ ਮੁਮਕਿਨ ਨਹੀਂ ਹੈ । ਉਨ੍ਹਾਂ ਲਈ ਰਿਹਾਇਸ਼ ਦਾ ਕੋਈ ਇੰਤਜ਼ਾਮ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ । ਤੁਸੀਂ ਸੁਣ ਕੇ ਹੈਰਾਨ ਹੋਵੋਗੇ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਸਿਰਫ ਦੋ ਰੁਪਏ house rent ਵਜੋਂ ਦਿਤੇ ਜਾਂਦੇ ਹਨ । ਤੁਸੀਂ ਅੰਦਾਜ਼ਾ ਲਗਾਉ ਕਿ ਦੋ ਰੁਪਏ ਦੇ ਵਿਚ ਕਿਥੇ ਰਿਹਾਇਸ਼ੀ ਮਕਾਨ ਮਿਲ ਸਕਦਾ ਹੈ । ਜਦੋਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਕੋਈ ਵੀ ਸਹੂਲਤ ਨਹੀਂ ਦਿਤੀ ਜਾਂਦੀ ਤਾਂ ਫੇਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਕੋਲੋਂ ਇਹ ਤਵੱਕੋ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਰੱਖੀ ਜਾ ਸਕਦੀ ਹੈ ਕਿ ਉਹ ਈਮਾਨਦਾਰੀ ਦੇ ਨਾਲ ਆਪਣਾ ਕੰਮ ਕਰਨ । ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਸਾਡੀ ਸਰਕਾਰ ਬੇਈਮਾਨੀ ਵਾਲੇ ਪਾਸੇ ਆਪ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਪਾਉਂਦੀ ਹੈ । ਇਸ ਕਰ ਕੇ ਜਦੋਂ ਤਕ ਛੋਟੇ ਮੁਲਾਜ਼ਮਾਂ ਦੀਆਂ

ਤਨਖਾਹਾਂ ਨਹੀਂ ਵਧਾਈਆਂ ਜਾਣਗੀਆਂ ਉਦੋਂ ਤਕ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਵਿਚ ਇਖਲਾਕ ਨਹੀਂ ਪੈਦਾ ਹੋ ਸਕਦਾ । ਮੈਂ ਏਸ ਵੇਲੇ ਸਿਰਫ ਇਤਨਾ ਹੀ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ, ਜ਼ਿਆਦਾ details ਵਿਚ ਉਦੋਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਾਂਗਾ ਜਦੋਂ ਪੁਲਿਸ ਦੇ ਮਹਿਕਮੇ ਦਾ ਬਜਟ ਆਵੇਗਾ ।

ਇਸ ਤੋਂ ਬਾਅਦ, ਚੇਅਰਮੈਨ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਪੀ. ਡਬਲਿਊ. ਡੀ. ਦੇ ਮਹਿਕਮੇ ਬਾਰੇ ਕੁਝ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਜਿਸ ਨੂੰ ਕਿ ਮੈਂ ਸਭ ਤੋਂ ਭੈੜਾ ਮਹਿਕਮਾ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ । ਸਾਡੇ ਖਜ਼ਾਨੇ ਦਾ ਲੱਖਾਂ ਰੁਪਿਆ ਇਸ ਮਹਿਕਮੇ ਦੇ ਰਾਹੀਂ ਤਬਾਹ ਹੁੰਦਾ ਹੈ । ਬਾਵਜੂਦ ਇਸ ਗੱਲ ਦੇ ਕਿ ਮੈਂ ਤੁਹਾਨੂੰ specific instances ਪੇਸ਼ ਕਰਾਂਗਾ ਔਰ ਬਿਹਤਰੀਨ ਰਾਏ ਦੇਵਾਂਗੇ ਮਨੂੰ ਇਸ ਗਲ ਦਾ ਪਤਾ ਹੈ ਕਿ ਉਨ੍ਹਾਂ ਤੇ ਅਮਲ ਨਹੀਂ ਕਰਨਾ ਕਿਉਂਕਿ ਤੁਹਾਡੇ ਦਿਮਾਗ ਦੇ ਵਿਚ my Government ਵੜੀ ਹੋਈ ਹੈ । ਮੈਂ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ, ਚੇਅਰਮੈਨ ਸਾਹਿਬ, ਕਿ ਜੇ ਇਹ ਸੁਧਾਰ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਨ ਤਾਂ ਪਹਿਲੇ ਉਪਰ ਤੋਂ ਸੁਧਾਰ ਕਰਨ । ਮੇਰਾ ਮਤਲਬ ਹੈ ਕਿ ਪਹਿਲੇ ਸੁਧਾਰ ਵਜ਼ੀਰਾਂ ਤੋਂ ਸ਼ੁਰੂ ਹੋਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਕਿ ਸਾਰੀ administration ਚਲਾਉਣੀ ਹੈ । ਚੇਅਰਮੈਨ ਸਾਹਿਬ, ਬਾਵਜੂਦ ਇਸ ਗੱਲ ਦੇ ਕਿ ਇਸ ਵਜ਼ੀਰਾਂ ਦੀ ਫੌਜ ਨੂੰ ਸੂਬੇ ਦੇ ਲੋਕਾਂ ਨੇ, ਪ੍ਰੈਸ ਨੇ ਔਰ ਸਾਡੇ ਪਰਾਈਮ ਮਨਿਸਟਰ ਨੇ condemn ਕੀਤਾ ਹੈ, ਇਨ੍ਹਾਂ ਤੇ ਉਸ ਚੀਜ਼ ਦਾ ਕੋਈ ਅਸਰ ਨਹੀਂ ਪਿਆ ਇਸ ਕਰਕੇ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜੇ ਮੈਂ ਹੁਣ ਉਸੇ ਗਲ ਨੂੰ ਫੇਰ ਏਥੇ ਦੁਹਰਾਇਆ ਤਾਂ ਉਸ ਦਾ ਵੀ ਇਨ੍ਹਾਂ ਤੇ ਕੋਈ ਅਸਰ ਨਹੀਂ ਹੋ ਸਕਦਾ । ਇਸ ਵਾਸਤੇ ਮੈਂ ਏਸ point ਨੂੰ ਨਾ ਛੇੜਦਾ ਹੋਇਆ ਇਹ ਗੱਲ ਆਖਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਜੇ ਕਰ ਤੁਸੀਂ ਐਡਮਿਨਿਸਟਰੇਸ਼ਨ ਨੂੰ ਠੀਕ ਢੰਗ ਦੇ ਨਾਲ ਚਲਾਉਣਾ ਹੈ ਤਾਂ ਹਰ ਇਕ ਵਜ਼ੀਰ ਨੂੰ ਉਹ ਮਹਿਕਮਾ ਦਿਉ ਜਿਸ ਦੀ ਕਿ ਉਹ ਵਾਕਫੀਅਤ ਰਖਦਾ ਹੋਵੇ । ਮਿਸਾਲ ਦੇ ਤੌਰ ਤੇ ਪੁਲਿਸ ਦਾ ਮਹਿਕਮਾ ਹੈ ਇਸ ਦੀ ਵਾਕਫੀਅਤ ਚੀਫ ਮਿਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਸੀ ਲੇਕਿਨ ਇਹ ਮਹਿਕਮਾ ਸ੍ਰੀ ਮੋਹਨ ਲਾਲ ਹੋਰਾਂ ਨੂੰ ਦੇ ਦਿਤਾ ਗਿਆ ਹੈ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਇਸ ਦੇ ਬਾਰੇ ਕੁਝ ਵੀ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਹੈ । ਇਹ ਮਹਿਕਮਾ ਮੁਖ ਮੰਤ੍ਰੀ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਆਪਣੇ ਕੋਲ ਰਖਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਸੀ । ਗੌਰਮੈਂਟ ਨੂੰ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ ਕਿ ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦਾ ਕਿਸੇ ਵਜ਼ੀਰ ਦਾ ਤਜਰਬਾ ਹੈ, ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ ਉਹ ਕਾਬਲੀਅਤ ਰਖਦਾ ਹੈ ਉਸ ਦੇ ਮੁਤਾਬਕ ਉਸ ਨੂੰ portfolio ਦਿਤਾ ਜਾਵੇ । ਲੇਕਿਨ ਏਥੇ ਮਹਿਕਮਿਆਂ ਦੀ ਵੰਡ ਏਸ ਗਲ ਨੂੰ ਧਿਆਨ ਵਿਚ ਰਖ ਕੇ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ ਕਿ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਸੀ. ਆਈ. ਡੀ. ਕੀਤੀ ਜਾ ਸਕਦੀ ਹੈ । ਮੈਂ ਹਾਊਸ ਦੇ ਵਿਚ, ਚੇਅਰਮੈਨ ਸਾਹਿਬ, ਇਹ ਗਲ ਦਸਣੀ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਮੇਰੇ ਹਲਕੇ ਦੇ ਲੋਕ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਮੈਨੂੰ ਚੁਣ ਕੇ ਏਥੇ ਭੇਜਿਆ ਹੈ ਉਹ ਹਰਗਿਜ਼ ਇਸ ਤਰਾਂ ਦੀ ਪਾਲੀਸੀ ਨੂੰ ਪਸੰਦ ਨਹੀਂ ਕਰਨਗੇ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਵਿਚ ਸਿਰਫ ਇਕ ਆਦਮੀ ਦੀ ਤਾਕਤ ਨੂੰ ਕਾਇਮ ਰਖਣ ਦੇ ਵਾਸਤੇ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਨਾਲ ਗ਼ੱਦਾਰੀ ਕੀਤੀ ਜਾਵੇ । ਇਥੇ ਤੁਸੀਂ ਵੇਖੋ ਕੀ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ । ਜੋ ਕੋਈ ਡਾਕਟਰ ਹੈ ਜਿਹੜਾ ਡਾਕਟਰੀ ਦੇ ਕੰਮ ਚੰਗਾ ਸਮਝ ਸਕਦਾ ਹੈ ਤਾਂ ਉਸ ਨੂੰ ਫਾਇਨੈਂਸ ਮਿਨਿਸਟਰ ਬਣਾ ਦਿਤਾ ਹੈ, ਜਿਹੜਾ ਵਕੀਲ ਹੈ ਜਿਸ ਨੂੰ ਡਾਕਟਰੀ ਦੇ ਕਿਸੇ ਕੰਮ ਦਾ ਪਤਾ ਨਹੀਂ ਉਸ ਨੂੰ ਹਸਪਤਾਲਾਂ ਦਾ ਸਿਹਤ ਦਾ ਮਹਿਕਮਾ ਦੇ ਦਿਤਾ ਗਿਆ ਹੈ । ਏਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਜਿਹੜਾ P.W.D. ਔਰ ਟਰਾਂਸਪੋਰਟ ਦੀ ਵਾਕੀਫੀਅਤ ਨਹੀਂ ਰਖਦਾ ਅਗਰ ਉਸ ਨੂੰ ਤੁਸੀਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਮਹਿਕਮਿਆਂ ਦਾ ਵਜ਼ੀਰ ਬਣਾ ਦਿਉ ਤਾਂ ਇਹ ਬਿਲਕੁਲ ਉਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ ਗਲ ਹੈ ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕਿਸੇ ਗੈਰ ਦੀ ਹਕੂਮਤ ਹੋਵੇ । ਮੈਂ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਅਜ ਲੋਕ ਰਾਜ ਹੈ । ਇਸ ਦੇ ਵਿਚ

[ਸਰਦਾਰ ਲਛਮਣ ਸਿੰਘ ਗਿਲ]

ਹਰਗਿਜ਼ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਇਜਾਜ਼ਤ ਨਹੀਂ ਮਿਲਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਕਿ ਇਹ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਰੁਪਏ ਦੇ ਨਾਲ ਇਸ ਤਰਾਂ ਬੇਰਹਿਮੀ ਨਾਲ ਖੇਲ ਸਕਣ । ਤੁਸੀਂ ਜ਼ਰਾਇਤ ਦਾ ਮਹਿਕਮਾ ਲੈ ਲਉ । ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਜਿਹੜਾ ਜ਼ਰਾਇਤ ਦਾ ਵਜ਼ੀਰ ਬਣਾਇਆ ਹੈ ਉਹ ਸ਼ਡਿਊਲ ਕਾਸਟਸ ਦੇ ਕੰਮ ਨੂੰ ਚੰਗੀ ਤਰਾਂ ਸਮਝ ਸਕਦਾ ਹੈ । ਚੇਅਰਮੈਨ ਸਾਹਿਬ, ਇਹ ਜਿਹੜੇ 31 ਵਜ਼ੀਰ ਹਨ ਅਗਰ ਇਹ ਈਮਾਨਦਾਰੀ ਦੇ ਨਾਲ ਕੰਮ ਕਰਨ ਤਾਂ ਦੇਸ਼ ਦਾ ਕਾਫ਼ੀ ਭਲਾ ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ । ਲੇਕਿਨ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਤਾਂ ਇਹ ਦੇਖਿਆ ਹੈ ਕਿ ਕਿਹੜਾ ਆਦਮੀ ਕਿਸ ਕਿਸ ਨੂੰ ਕਾਬੂ ਰਖ ਸਕਦਾ ਹੈ, ਕਿਹੜਾ ਆਦਮੀ ਜ਼ਿਆਦਾ ਚੰਦਾ ਦਿਵਾ ਸਕਦਾ ਹੈ । ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਹਿਤਾਂ ਨੂੰ ਮੁਖ ਰਖ ਕੇ ਵਜ਼ੀਰ ਨਹੀਂ ਬਣਾਏ ।

Mr. Chairman : Dont, be personal please.

Chaudhri Ranbir Singh : (a) Yes. The details and the names of the places where culverts are proposed to be constructed on Patti and Kasur Nallahs are given in Annexure 'A'.

(b) Yes. The information is given in Annexure 'B'.

Annexure 'A' and 'B' are placed on the Table of the House.

ANNEXURE 'A'

Serial No.	R.D. of Truck	Type of Bridges	Villages connected	
			From	To
			PATTI NALLAH	
1.	61,500 ..	V. R.	Jawandakalan ..	Naushera
2.	86,650 ..	,,	Rasulpur ..	Begumpur
3.	94,600 ..	,,	Banwalipur ..	Shangarpur
4.	106,500 ..	,,	Shangarpur ..	Verana
5.	135,570 ..	,,	Tarn Taran ..	Kang
	138,165			
6.	146,158 ..	,,	Tarn Taran ..	Methewal
7.	176,000 ..	,,	Dharar ..	Khakh
8.	200,150 ..	,,	Naraingarh ..	Jabowal-Jodanagar
9.	213,500 ..	,,	Mallowal ..	Shahpur
10.	234,000 ..	,,	Tarsikka ..	Dharam Chak and Jalausman
11.	259,800 ..	,,	Boewal ..	Chananke-Saru-Pande
12.	267,500 ..	,,	Arjan Manga ..	Amritsar-Mehta Road
			KASUR NALLAH	
1.	27,500 ..	V.R.	Dholan ..	Thathi Jaimal Singh
2.	49,000 ..	,,	Baharwal ..	Maddar Mathra Baghi
3.	66,700 ..	,,	Algon ..	Basarke
4.	84,700 ..	,,	Mari Ghaur Singh	Bhikhiwind and Mari Samra
5.	113,750 ..	,,	Blair ..	Banka
6.	133,750 ..	,,	Kairon ..	Bhume
7.	144,500 ..	,,	Kairon ..	Nurpur Sikhan
8.	158,000 ..	,,	Manochahal ..	Gill
9.	213,000 ..	,,	Mugal Chak Golward	Kud, Jandiala, etc.
10.	224,900 ..	,,	Dataul ..	Bundala
11.	244,000 ..	,,	Jhitha ..	Bundala
12.	280,300 ..	,,	Chhapa on Amritsar Mehta Road	Jand to Jandiala
13.	298,200 ..	,,	Jaithuwal on Amritsar-Pathankot Road	Chhina on Amritsar-Mehta Road
14.	308,930 ..	,,	Kathunangal ..	Doopowali, Talwandi Dasondha Singh, Mehina Barahman
15.	315,950 ..	,,	Do ..	Pamdiwali Hundian Bhullar Hans to Tarsikka
16.	336,000 ..	,,	Chawinda Devi Shezada	Bhabowal
17.	346,675 ..	,,	Jaintipur ..	Bagga Udoke

[Chaudhri Ranbir Singh]

ANNEXURE 'B'

Site of Bridges	Position with regard to each
1. Kassur Nallah on Phattu Bhillan-Shahzada Road leading to Chavinda	V.R. Bridge R.D. 336,000 Kasur Nallah connecting villages Shahzada, Chawinda Devi has been proposed to be constructed during the year 1962-63.
2. Kasur Nallah on Kadarabad-Mehmoodpur Road	V.R. Bridge at R.D. 354,900 has not been recommended; in place of this a V.R. Bridge at R.D. 358,000 connecting Jaintipur, Udoke has been recommended to be constructed during the 3rd Five-Year Plan. The road has been left by the Consolidation Department.
3. Patti Nallah on the Tarsikka-Dahriwal Road	V.R. Bridge R.D. 234,000 has been recommended to be constructed during the year 1962-63 and the road has been left by the Consolidation Department.
4. Patti Nallah on Malowal-Talwandi Road	V.R. Bridge R.D. 213,500 has been recommended to be constructed during the 3rd Five-Year Plan.
5. Patti Nallah from Panakala to Jabbowal	V.R. Bridge at this road has not been recommended as it falls within two miles from the next bridge. As per instructions of the Government no bridge is to be constructed within a distance of 2½ miles from the adjacent bridge on Nallahs.
6. Patti Nallah from Naraingarh to Kotla	V.R. Bridge R.D. 200,150 on Patti Nallah has been recommended to be constructed during 3rd Five-Year Plan connecting villages Naraingarh to Kotla.
7. Kasur Nallah from Talwandi Dogran to Mehuka Road along Railway Line	V.R. Bridge R.D. 274,000 Kasur Nallah connecting to the Road Talwandi Dogran to Mehuka has not been recommended as the site falls within two miles from G.T. Road Bridge and next bridge R.D. 280,300 has been recommended during the 3rd Five-Year Plan.
8. Kasur Nallah on Jand-Fatehpur-Rajpura Road	V.R. Bridge at R.D. 280,300 Kasur Nallah connecting the road from Jand-Fatehpur-Rajpura Road has been recommended for constructing during the 3rd Five-Year Plan.
9. Kasur Nallah on Bundala-Verpal Road	V.R. Bridge at R.D. 244,000 Kasur Nallah connecting the road from village Jhitha-Bundala has been recommended for construction during 1962-63. V.R. Bridges of item No. (1) and (3) are likely to be completed up to 30th June, 1963, if the funds will be available with the Government.

ਕਾਮਰੇਡ ਮੱਖਣ ਸਿੰਘ ਤਰਸਿੱਕਾ : ਕੀ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬ ਦਸਣਗੇ ਕਿ ਇਸ ਨਾਲੇ ਤੇ main ਸੜਕਾਂ ਦੇ ਪੁਲ ਕਦ ਤਕ ਮੁਕੰਮਲ ਹੋ ਜਾਣਗੇ ?

मन्त्री : यह details annexure के अन्दर दी हुई हैं । तो भी मैं इन की जानकारी के लिये अर्ज करना चाहता हूं कि यह सब तकरीबन तीसरे Plan के अन्दर पूरे हो जाएंगे अगर हमें पैसा मिल गया तो ।

GENERAL DISCUSSION ON THE BUDGET FOR 1962-63 (RESUMPTION)

Mr. Speaker: Yesterday, when the House adjourned. Sardar Gurdial Singh Dhillon was on his legs. He may resume his speech.

सरदार गुरदयाल सिंह ढिल्लों (तरन तारन) : स्पीकर साहिब, मैं कल अर्ज़ कर रहा था कि अगर हम बजट पर नज़र दौड़ाएं तो पता चलता है कि यह बजट आहिस्ता २ बढ़ रहा है। पहले 27 करोड़ था, फिर 50 करोड़ हो गया और आज 87 करोड़ तक पहुंच गया है। यह बढ़ौतरी विकास और निर्माण की निशानी है, हमें इस बात पर खुश होना चाहिए। किसी रियासत के बढ़ते हुए बजट को देख कर उस में से किए जाने वाले खर्च की मदों को देख कर घबराहट नहीं होनी चाहिए बल्कि यह तो निशानी है इस बात की कि हम तरक्की कर रहे हैं। कुछ हालात की वजह से मुझे गवर्नर साहिब के address पर बोलने का मौका नहीं मिला। उस वक्त जो जो बातें यहां पर हुई उन से काफी इत्तलाह मिली और कुछ बातों पर अफसोस भी हुआ। आज जब मैं नुक्ताचीनी करने वालों और सुनने वालों को इकट्ठे बैठे हुए देखता हूं तो कुछ कहने में दिल कुछ तज़बज़ब में पड़ जाता है। स्पीकर साहिब, यह बड़ी खुशी की बात है कि इस साल अगर कोई नुक्ताचीनी की बात आई भी है तो वह आपोज़ीशन के benches की तरफ से आई है treasury benches की तरफ से नहीं आई। (विघ्न) मुझे इस बात की बड़ी खुशी है कि नुक्ताचीनी करने वाले और नुक्ताचीनी सुनने वाले सितारे कई साल तक गर्दिश करते २ आखिर एक ही ग्रह में इकट्ठे हो गए हैं। (आपोज़ीशन की तरफ से तालियां) जब मैं देखता हूं कि मुख्तलिफ सभाओं के सितारे, मुख्तलिफ आदतों और खासियतों के सितारे, चक्कर खाते २ एक ग्रह में इकट्ठे हो गए हैं तो मुझे बड़ी खुशी होती है। लाज़मी तौर पर इसका असर अच्छा ही होगा। यह एक पार्टी की मज़बूती की निशानी है। स्पीकर साहिब, जब पिछले दिनों आठ ग्रह इकट्ठे हुए तो यहां पर सूबे में तरह २ के ख्यालात और घबराहट पाई गई, ब्राह्मणों को खीर खिलाई गई, दान दिया गया और गरीबों की मदद की गई। मगर जब 31 सितारे इकट्ठे हुए हों तो और भी ज्यादा उम्मीद करनी चाहिए। (हंसी) पंडित मोहन लाल और डाक्टर गोपीचन्द जी को ज़रूर खीर खिलानी चाहिए (हंसी) यह मेरे बड़े पुराने मित्र और बुज़ुर्ग हैं। जब मैं इन पुराने मेहरबानों और साबका दोस्तों को वहां बैठा देखता हूं तो मुझे बड़ी खुशी होती है। यह जो बजट इन्होंने बनाया है, और जो वज़ीर-मंडली बनी है उस से मैं समझता हूं कि यह ज़रूर अच्छी बात होगी। उस में नुक्ताचीनी की गुंजायश नहीं हो सकती। बाकी रहा लोगों पर असर, तो वह तो जब असर पड़ता है तो आवाज़ें भी निकलती हैं। लोगों ने काफी खौफज़दा होकर तरह २ के ख्यालात ज़ाहिर किए हैं। मैं तो समझता हूं कि दावतें करने से और खज़ाना भरने में ही उन का भला है। मुझे हैरानी हुई चौधरी देवी लाल के challenge को सुन कर जो उन्होंने मुख्यमन्त्री जी को दिया। उन्हें कैसे दलेरी हुई ऐसा करने की। चौधरी देवी लाल शायद 34 वोट्स का फर्क देख कर दलेर हो गए। अगर आप में हिम्मत होती तो आपने अपनी नामज़दगी ही कहीं और जगह से नहीं करानी थी बल्कि खड़े ही सरहाली से होना था (treasury benches) की तरफ से तालियां जिन लोगों के मुताल्लिक आप की तरफ से तरह २ के ख्यालात जाहिर किए गए और जो कांग्रेस

[सरदार गुरदयाल सिंह ढिल्लों]

की तरफ से खड़े किए वह बतौर कांग्रेसियों के कामयाब हुए। मेरे जैसे भी अपने आप को कांग्रेसी कहते हैं बावजूद सब कुछ मुखालफत होते हुए। लेकिन अगर आप ने बतौर कांग्रेसी नेता के मुख्य मंत्री को चैलेंज किया है तो फिर तो किसी को भी कर दीजिए लेकिन मैं उस वक्त सब कुछ इख्तलाफ भूल कर बतौर कांग्रेसी अगर ऐसे नेता की हर वक्त मदद को तैयार रहूंगा। लेकिन अगर उन्होंने जाती हैसियत से चैलेंज किया है तो यह तो आपका और उनका देरीना मसला है। यह आपको मुबारिक हो।

रह गया सवाल वज़ारत के छोटे बड़े होने का, उसके बारे में मैं कहना चाहूंगा कि यह तो मौके की नज़ाकत के मुताबिक छोटी बड़ी होती रहती है। जो इमारतें बनाने का काम करते हैं उन्हें पता है कि अगर ईंट और मसाला मज़बूत हो तो एक ईंट की दीवार से ही काम चल सकता है और अगर मसाला कमज़ोर हो, ईंट कच्ची हो, पिल्ली हो, तो दीवार कोम ज़बूती देने के लिए चौड़ा बनाना पड़ता है। इसको broad base कहते हैं। इस बात को आपने शुरू से देखा है और कई वज़ारतें देखी हैं। पहले यूनियनिस्ट वज़ारत होती थी जिसमें 6 वज़ीर हुआ करते थे उसके बाद सच्चर साहब ने वज़ारत बनाई, उसमें 8 वज़ीर थे। इस तरह time के मुताबिक और ज़रूरत के मुताबिक वज़ीर बढ़ते गए और उनकी संख्या 15 तक पहुंच गई और आज यहां तक ज़रूरत महसूस हुई कि जिसकी वजह से वज़ीरों की संख्या 31 हो गई। Political Science में यह बात है कि जब मिनिस्ट्री किन्हीं कमज़ोर परिस्थितियों में form की जाए और पार्टी के अन्दर various elements को representation देनी पड़े तो सबसे बेहतर यही इलाज होता है कि मिनिस्ट्री broad-based हो। जब से हमारे कई दोस्त बाहर चले गए तब से हमारी पार्टी कुछ सिकुड़ गई है इस लिए सिवाए broad-based cabinet बनाने के और कोई चारा नहीं था क्योंकि weaker the party, broader the base. हां, अलबत्ता अगर किसी समय आप आने का फैसला कर लें तो फिर बात और हो सकती है। लेकिन यह एक बड़ी अजीब बात होगी। मैं आपको यह बता दूं कि अगर पार्टी मज़बूत होगी तो broader the party narrower the base वाला सिद्धांत लागू हो जाएगा। इसलिए अगर सही मायनों में आ जाते हैं—(एक आवाज़ : यह आ जाएंगे) नहीं, यह आने वालों में नहीं, यह तो भागने वालों में से हैं। तो मैं कह रहा था कि अगर आप सही मायनों में यह चाहते हैं कि वज़ारत छोटी हो तो आपको दुबारा सोचना चाहिए कि इसे किस तरह से narrow किया जा सकता है।

स्पीकर साहिब, मैं आज आपकी विसातत से हाउस में एक सुझाव रखना चाहता हूं। हमने 1956 में जो रिजनल कमेटियां बनाई थीं, वह इस गर्ज़ से नहीं कि काम ज़्यादा था या कोई convention चली आ रही थी, बल्कि उस वक्त सूबे के हालात इस कदर पेचीदा बन गए थे जिसमें आपकी इलाकाई मांगें शामिल थीं — किसी की पंजाबी सूबे की, किसी की हरियाना प्रान्त की। उन हालात को दुरुस्त करने के लिए यह हल निकाला गया था कि रिजनल कमेटियां बनाई जाएं। उस वक्त देश से प्यार करने वाले हर आदमी की, और दयानतदार शहरी

की यह खाहिश थी कि हाउस से बाहर जो लोग agitation चलाते हैं उनकी तसल्ली कराई जाए या जनता में पैदा हुई हलचल की तसल्ली कराई जाए और हर तरह से लोगों को इकट्ठा रख कर इस सूबे में जनता का इत्तिहाद कायम रखा जाए । इस उद्देश्य को लेकर यह फार्मूला बनाया गया । यह सब जानते हैं कि जब सच्चर फार्मूला बना था तो मैंने active journalist के तौर पर यह लिखा था कि यह फार्मूला इस जगह तक ही सीमित नहीं रहेगा बल्कि यह बढ़ते बढ़ते कुछ और ही सूरत अख्तियार कर लेगा और वही सामने आया । मेरे कहने का मतलब यह है कि जबान के झगड़े और sectarian झगड़ों को दूर करने के लिए यही हल नहीं होता बल्कि और भी कई तरीके होते हैं । खैर मैं यह कह रहा था कि उस जगह से चलते चलते हमने एक और फार्मूला बनाया जिसे रिजनल फार्मूला नाम दिया गया और उसके पेशे-नज़र रीजनल कमेटियां बनाई गईं । जहां तक मेरी निजी राय का ताल्लुक है वह पहले से ही यह रही है कि यह एक ग़लत बुनियाद कायम हो रही है । यह मैंने ऊपर जाकर तहरीरी तौर पर कई बार ज़ाहिर किया है और बतलाया है कि अगर आप सूबे की यकज़हती चाहते हैं तो इसके लिए और तरीके हैं । लेकिन अगर आप यही चाहते हैं जो इसकी तह में है तो फिर जैसा चाहें करते चलिए । और फिर बाद में थोड़े से अर्से के बाद इस बात का फैसला हो गया था कि फारर्मूला बनाया जाए और जिनके साथ फ़ैसला हुआ उनके मन की बातें बाद में ज़ाहिर हुईं कि जो आखिरी मक़सद था वह हर एक के मन में अलग-अलग था । फैसला करने वालों ने इसको एक step board समझा और जिनके साथ फैसला हुआ उन्होंने समझा कि चलो कुछ मामलात में उन्हें कुछ मिला । उस वक्त Reorganisation Commission के सामने अकाली दल ने चार बातें रखी थीं वह मैं आपके सामने रखना चाहता हूं.......

"(i) it will remove all causes of unrest and discontent, eliminate language controversies, enable the imparting of education in the mother-tongue and help the people to grow and advance ;

(ii) it will be a geographically compact unit, financially viable, surplus in food and rich in resources ;

(iii) it will be a homogeneous State inhabited by sturdy people, and as such would strengthen the defence of the north-western border ; and finally

(iv) it will secure for the country a contented Sikh community."

तो यह जो फार्मूला था वह स्वीकार किया गया और यहां तक हुआ कि अकाली दल को तोड़ दिया गया और कहा गया कि यह बतौर सियासी पार्टी के काम नहीं करेगा और वह लोग कांग्रेस में शामिल हो गए ।

अगले दिन श्री यश ने कहा था कि आॅपोज़ीशन ने political adulteration की है लेकिन मैं समझता हूं कि सन् 1956 में हमने भी अकाली दल के साथ फैसला कर के यही बात की थी जिस पर आज हमें एतराज़ है । यह जो शब्द यश साहिब ने कहे वह ज्यादा सख्त थे । लेकिन मैं सन् 1956 में किए गए alliance को adulteration or adultery नहीं कहूंगा बल्कि हमने जो कुछ उस वक्त किया वह सूबे की बेहतरी के लिए किया ।

[सरदार गुरदयाल सिंह ढिल्लों]

लेकिन उसके बाद आहिस्ता आहिस्ता जब वक्त गुज़रा तो रास्ते अलहदा हो गए और वह आज उस तरफ हो गए हम इस तरफ रह गए। वे रीजनल कमेटियां जिस मकसद के लिए बनाई गई थी, वह मकसद कायम न रहा।

यूं तो कमेटियां बनने के बाद यह demand भी हुई कि उन्हें secretariat के लैवल पर लाया जाए और इनको sub-legislature करार दिया जाए और क्या कुछ नहीं हुआ उस सब की history में जाने की इस वक्त ज़रूरत नहीं है लेकिन मैं यह कह सकता हूं कि यह बहाना ढूंढा गया कि उनकी अहमियत खत्म हो जाए और खत्म कर दी गई।

अब मैं अपने दोस्तों के भाषण सुनकर हैरान हूं कि अगर कोई हरियाना का मैम्बर उठता है तो वह अपने facts and figures रखता है और अगर इस तरफ से कोई उठता है तो वह अपने facts and figures रखता है।

तो मैं अर्ज़ करूंगा कि यह सब कुछ उस मरीज़ की मानिन्द है जो उस को दी गई एक अच्छी दवाई या मीठी माजून के बारे में कहता है कि यह मैं ने खानी तो ज़रूर है, मगर जब हकीम कहता है कि परहेज़ करो, माश की दाल न खाओ, आलू और दूसरी ऐसी चीजें न खाओ तो वह यह जवाब देता है कि यह तो मैं ने सब खानी हैं। इस तरह परहेज़ तो वह करता नहीं लेकिन दवाई या माजून खाता रहता है, उसे छोड़ता नहीं। नतीजा यह होता है कि वह अच्छी दवाई भी उसे फायदा नहीं पहुचाती। तो मैं अर्ज़ करूंगा कि यह जो नाजायज़ खर्च सूबा पर पड़ा हुआ है इस को बन्द करना चाहिए। Regional Committees की जो meetings होती रही हैं उन के बारे में मैं ने कुछ figures इकट्ठी की हुई हैं। जनाब स्पीकर साहिब, जब मैं स्पीकर की हैसियत में था तो उस वक्त कुछ ऐसी बातें हुईं जो मैं इस हाउस में नहीं बताना चाहता क्योंकि किसी ओहदे पर होते हुए उस ओहदे के मुताल्लिक जो राज़ होते हैं वह छुपाए रखने पड़ते हैं। (*Interruptions*)

सो मैं अर्ज़ कर रहा था कि पंजाबी रिजनल कमेटी की 1961-62 में 31 meetings हुई थीं और हिन्दी रिजनल कमेटी की 58 meetings हुई थीं। उस साल में हिन्दी रिजनल कमेटी का D.A. का खर्च 2,14,260 रुपए हुआ और पंजाबी रिजनल कमेटी का खर्च 2,88,990 रुपए हुआ था। इसी तरह से T.A. का 1961-62 का हिन्दी रिजनल कमेटी का खर्च 31,800 रुपए हुआ था और पंजाबी रिजनल कमेटी का 8,030 रुपए हुआ था। इसके इलावा जो खर्च उनके लिए रखे गए officers और staff पर हुआ वह इस प्रकार है :—

उन की तनखाहों का खर्च 60,508 रुपये था और allowances 42,216 रुपए थे और उन के T.A. पर 2,045 रुपए खर्च हुए थे। इन सब का grand total 1,02,862 रुपए बनता है जो कि excluding C.A. है। (माल मंत्री : C. A. excluding क्यों ?)

मैं ने मैम्बर साहिबान के C. A. को exclude कर दिया है। इस तरह से total expenditure excluding T. A. but including expenditure on staff plus T. A. 1,41,979 रुपए बनता

है । यह बड़ा भारी खर्च है जो हम इन कमेटियों पर कर रहे हैं । तो हमें इस बात पर ग़ौर करना चाहिए क्योंकि अब ये कमेटियां out-of-date हो चुकी हैं । दूसरा अब इन का कुछ फायदा भी नहीं रहा । इन पर जो समझौता हुआ था वह ही कायम नहीं रहा, तो इन की अब ज़रूरत ही क्या है । इस लिए मैं अकाली भाइयों से अर्ज़ करूंगा कि आप ने ग़लती की जो इतने अच्छे फार्मूले को छोड़ कर पंजाबी सूबे का एक नया रास्ता अख्तियार किया । वैसे भी उस दिन मुख्य मंत्री जी ने कहा था कि पंजाबी सूबा अगर ज़बान के आधार पर मांगा जाए तो कांग्रेस को मेरे ख्याल में कोई ऐतराज़ नहीं लेकिन अकाली पार्टी के hon. Member साहिबान इस बात पर राज़ी नहीं । अगर मुझ से सच पूछें तो मैं तो बुनियादी तौर पर इस चीज़ के खिलाफ हूं । जिस दिन यह फैसला किया गया था कि हिन्दुस्तान में सूबों की हदबन्दी ज़बान के आधार पर की जाएगी उस दिन से हमारे देश की यकजहती (unity) को धक्का पहुंचा है । आप रोज़ाना क्या देखते नहीं कि यहां इस हाउस में किस तरह की tendencies चल रही हैं । खैर, कोई चीज़ मानी गई और उस का फैसला हो गया हुआ है अब इस बारे में नहीं सोचना चाहिए कि यह क्यों हुआ । अब तो आगे की सोचनी चाहिए । इतना मैं ज़रूर कहूंगा कि पंजाबी सूबा आप का भला हो या खराब हो लेकिन आप के पंजाबी सूबे ने बड़ी भारी demoralisation पैदा कर दी है । जितनी demoralisation अब हो गई है उतनी demoralisation मैं ने अपने 30 साल के political career में कभी नहीं देखी । कुछ कह लें, quota की distribution ले लें, smuggling ले लें और दीगर तरह की लूट को ले लें, इन्होंने तमाम administration का बेड़ा ग़र्क कर दिया है । पंजाबी सूबा की मांग के पर्दा में यहां बहुत बुरी बातें हो रही हैं । मुझे उस दिन यह देख कर बड़ा दुःख हुआ और बड़ी परेशानी हुई कि बावजूद इतने अच्छे ख्यालात के होने के, Governer's Address पर बोलते हुए justice गुरनाम सिंह पंजाबी सूबा की मांग में अपनी सारी basic logic भी खो बैठे थे । उन्होंने यह तो बताया नहीं कि पंजाबी सूबा क्या है या क्या उन की demand थी और न ही उन्होंने यह ही बताया कि किस तरह से पंजाब ने हर पहलू में तरक्की की है और पंजाबी ज़बान को develop करने के लिए यहां कितने इक्त दामात उठाए जा रहे हैं लेकिन वह इन्हीं बातों में लगे रहे कि इतने आदमी गिरफ्तार कर लिए गए, इतनों को मारा पीटा गया और इतनों को कैद कर लिया गया और दूसरी तरफ हमारे leader of the House ने भी कुछ कसर नहीं छोड़ी और कहा कि मार देंगे, रगड़ देंगे, कुचल देंगे वगैरह २ । न कोई मायने, न माहौल और न कहने की ज़रूरत और मैं तो स्पीकर साहिब, ऐसी फिज़ा से तंग आ गया हूं । इस वक्त ज़रूरत है इतहाद की, इस वक्त ज़रूरत है cordial atmosphere पैदा करने की लेकिन यहां इस के उलट हो रहा है । अगर आप (अकाली पार्टी वाले) चुप हो जाते हैं तो वह छेड़ देते हैं और अगर वे चुप कर के बैठ जाते हैं तो आप छेड़ देते हैं । लेकिन इन तमाम चीज़ों का नतीजा यह निकल रहा है कि पंजाबी सूबा के पर्दा के पीछे बेईमानियां smuggling, corruption और इसी तरह की कई बुरी चीज़ें हो रही हैं । मुझे अफ़सोस है दोनों तरफ पर जो इक्तसादी मामलों से अपना ध्यान हटा कर तवज्जुह दिलाते हैं फिर्कादाराना ख्यालात की तरफ और clashes की

[सरदार गुरदयाल सिंह ढिल्लों]

तरफ। पंजाबी में clash के लिए क्लेश का शब्द भी इस्तेमाल किया जा सकता है । इस तरह से क्लेश होता है और फिर फिज़ा भी बिगड़ती है। मैं आपको भी कह रहा हूं और इधर वालों को भी कह रहा हूं। आखिर परमात्मा भी है वह कभी न कभी इसे देखेगा। (एक माननीय सदस्य : पर कांग्रेसी तो परमात्मा को मानते ही नहीं।) (सरदार जय इन्द्र सिंह की तरफ से विघ्न) मुझे interrupt न करें और बोल लेने दें।

ਸਰਦਾਰ ਲਛਮਣ ਸਿੰਘ ਗਿਲ : ਤੁਹਾਨੂੰ ਤੁਹਾਡੇ ਆਪਣੇ ਹੀ ਸਾਥੀ interrupt ਕਰ ਰਹੇ ਹਨ।

सरदार गुरदयाल सिंह ढिल्लों : यह तो मेरा शागिर्द है और अज़ीज़ है लेकिन इस ने उस्ताद बदल लिया हुआ है और जब यह नया उस्ताद बदलता है तो पुराने की दाढ़ी नोचने लग जाता है ।

तो स्पीकर साहिब, मैं अर्ज़ कर रहा था कि यह बातें लाज़म मलज़ूम हो चुकी हैं । मेरे रिश्तेदारों में से दो भाई थे। वे आपस में लड़ पड़े। किसी इख्तलाफ की बुनियाद पर उन में झगड़ा हो गया। तो एक ने कोठी का आधा हिस्सा ले लिया और दूसरा दूसरे हिस्से में रहने लगा। उन में से एक भाई दूसरे की निस्बत कमज़ोर था। उस ने सोचा कि कहीं दूसरा उसे कमज़ोर समझकर कहीं दबा न ले इसलिए उस ने अपनी रक्षा के लिए एक पहलवान रख लिया। अब दूसरे को इस से डर लगने लगा इस लिए उस ने भी एक पहलवान रख लिया। इस पर पहले ने एक और पहलवान रख लिया। यह देख कर दूसरे ने भी एक और पहलवान रख लिया इस चीज़ का नतीजा यह निकला कि जो दूध घी पहले घर के बच्चों को मिला करता था वह अब सारा दोनों तरफ के पहलवान खाने लग गये और उन पहलवानों की दोनों तरफ से खूब खातर तवाज़ो होने लगी। कोठी के जिस कमरा में पहले बड़ी अच्छी २ धार्मिक तसवीरें लटकी रहती थीं वहां उन की जगह पर अब उन पहलवानों के लंगोटे लटकने शुरू हो गए।

पहलवान वहां पर हर समय डंड पेला करते थे। जहां पर पहले परिवार के मैम्बर और बच्चे दूध पिया करते थे, वहां उन पहलवानों ने दूध, घी और बादाम वगैरह खाने शुरू कर दिये परिवार वालों के रिश्तेदारों ने समझाने की कोशिश की कि जो दूध, घी और बादाम इन बेइ-मान पहलवानों को खिलाते हो वह अपने बच्चों को खिलाओ पिलाओ। लेकिन जब भी कोई समझाने के लिये आता था तो पहलवान समझौता न होने देते थे। वैसे तो पहलवान मुखालफ parties के थे लेकिन इस बात पर इकट्ठे हो जाया करते थे और समझौता करवाने वालों को डरा धमका कर भगा देते थे। पहलवानों की कोशिश यही रहती थी कि घर वालों की लड़ाई जारी रहे। नतीजा यह हुआ कि घर वाले दीवालिया हो गए, घर छोड़ कर भाग गए। तब कहीं पहलवान वहां से निकले। इस लिये में कहता हूं कि इन पहलवानों को आप बैठा दें अगर आप के पहलवान लड़ते रहे तो हमारी और जनता की तो परमात्मा ही मदद करेगा। बच्चों को पढ़ाई छोड़नी पड़ेगी, घर छोड़ने पड़ेंगे। लेकिन अगर आप के पहलवान बैठ जाएं तो जनता का भला हो सकता है। मैं आप को खलूसदिली से यह मशवरा देता हूं कि अपनी ग़लती मानने में और policy को revise करने में आपको rethinking की ज़रूरत

है। अगर एक policy से या ideology से जनता की तसल्ली नहीं होती तो उस को बदल लेना चाहिये। आप Communism की हिस्ट्री को देखें। Lenin से ज्यादा Communism की theory को expound करने वाला और कौन है? उस की सारी writings scientific bas s पर हैं। किसी वक्त उन की पालिसी होती थी कि two steps forward and one step backward और किसी वक्त one step forward and two steps backward जब तक वे एक कदम भी आगे जाते थे तो उन की वह पालिसी चलती रही लेकिन जब उन्होंने देखा कि all steps backward जा रहे हैं तो उन्होंने अपनी पालिसी revise कर ली। देखिए आप के all steps backward जा रहे हैं। मैं ने आप से एक एक कर के बातें की हैं। पंजाब का मसला तलवारें घुमाने से और धमकियां देने से हल नहीं हो सकेगा। इस वक्त cordial atmosphere पैदा करने की ज़रूरत है। एक दूसरे के साथ प्यार और मुहब्बत पैदा करने की ज़रूरत है। मैं ने एक एक के साथ बात की, उसे बतौर मेम्बर के सोचा। मैं अब स्पीकर की कुर्सी पर नहीं बैठा। मैं आप को कह सकता हूं कि सूबे में cordial atmosphere पैदा करने की ज़रूरत है। आज क्या है? एक अच्छे भले आदमी तो ignore कर दिये गए और जिस किसी ने कैद काटी थी उस को कह दिया गया कि टिकट दे दो। जिस किसी को मार पड़ी थी उसको कह दिया गया कि टिकट दे दो। ऐसा नहीं होना चाहिए। आप महसूस करेंगे कि आपको पालिसी revise करने की ज़रूरत है। Rethinking की ज़रूरत है। मेरे सामने गांधी जी की तस्वीर लगी है, जब मैं आप को यह मश्विरा देता हूं तो मैं कसम खा कर कहता हूं कि मैं कोई ज़ाती फ़ायदा नहीं उठाऊंगा और अगर उठाऊं तो मुझे झूठा कीजिये। आप सूबे की फिज़ा तो दुरुस्त कीजिये। यह लड़ाई और धमकियां कहां तक चलेंगी? मेरा 25 साल से कांग्रेस के साथ ताल्लुक है। मैं देखता हूं कि सोये हुए फ़ितने जगाने की कोशिश की जा रही है। आप देखें कि कांग्रेस में आने वालों के साथ किसी प्रकार का इम्तयाज़ी सलूक नहीं हुआ। ज्ञानी जी और सरदार अजमेर सिंह जी बैठे हैं वे बाइज्जत जगह पर बैठे हैं। 1943-44 में जब British Parliamentary Delegation आया तो अकालियों ने आज़ाद पंजाब की तजवीज़ पेश की। 1945-46 में जब Cripps Mission आया तो सिख स्टेट के लिए written memorandum पेश किया वह भी नामंजूर हुआ। दो चुनाव शिरोमणी कमेटी के लड़े गए। 1948 में पंथक पार्टी कांग्रेस में शामिल हो गई। 1955 में फिर मोर्चा लगा और समझौता हुआ। उस के बाद दूसरा मोर्चा लगा। यह सब कदम पीछे ले जाने वाले हैं। संत फतेह सिंह जी की भूख हड़ताल हुई, मास्टर तारा सिंह जी ने भूख हड़ताल की; यह सब चीज़ें शोभा नहीं देतीं। मैंने सरहाली के सिलसिले में कुछ बयान दिया। मैं कांग्रेस का सिपाही हूं लेकिन मैं कहूंगा कि कांग्रेस तभी ज़िंदा रह सकती है अगर democracy ज़िंदा रखी जाए। मैंने इस नज़रिये से बयान दिया था ताकि कांग्रेस को ज़िंदा रखा जा सके और उस के लिए democracy को जिंदा रखा जाए। इस चीज़ के लिए चुनाव fair होने चाहिएं। आप जीत जाते हैं, आप अकाली हैं। मैं जीत जाता हूं, मैं कांग्रेसी हूं। यहां पर एक दूसरे के साथ पांच साल का रिश्ता है लेकिन जो बात सही बुनियाद पर अदालत में जानी चाहिये थी, जिस को

[सरदार गुरदयाल सिंह ढिल्लों]

सही तवाज़न पर सोचने की ज़रूरत थी उस को अकालियों ने agitation का मौज़ू बना दिया और democracy की आड़ में इतना लम्बा चौड़ा जहाद शुरू कर दिया (विघ्न) मुझे खुशी है कि पिछले दिनों मास्टर तारा सिंह जी ने कहा कि मैं पंजाबी सूबे की मांग को छोड़ता हूं जमहूरियत की खातिर। इस से मुबारक बात और क्या हो सकती है। अगर आप पंजाबी सूबा चाहते हैं तो जब तक आप बतौर एक पंजाबी के नहीं सोचते उस वक्त तक आप नाकाम रहेंगे। जब आप बतौर पंजाबी के सोचने लग जाएंगे तो पंजाबी सूबा की ज़रूरत ही नहीं रहेगी। मौजूदा सूबा ही पंजाबी सूबा बन जाएगा। फिर इन चीज़ों को करने की ज़रूरत नहीं रहेगी। आप re-thinking करें, इस मे कोई हर्ज नहीं है। आप जनता को बहुत ऊपर ले गए हैं (Interruptions) स्पीकर साहिब अगर बेसिक पालिसी को ठीक किया जाए तो जाट का सवाल पैदा नहीं होता, न किसी हरिजन का सवाल पैदा होता है और न ही casteism का कोई सवाल पैदा होता है। सारे मसले को देखने के लिए socialistic approach की ज़रूरत है। दिखावे के तौर पर नहीं, सब को मार डालने का मकसद नहीं होता। फिर भी अमीर और गरीब को देखना ही पड़ता है, यह ज़रूरी हो जाता है इस के बाद मैं कुछ बातें अपने हलके के बारे में कहना चाहता हूं। बड़ी देर के बाद मुझे मौका मिला है। मुझे लोग कहते रहे कि आप तो ऊपर चढ़ कर बैठ गए, कुछ बोलते ही नहीं। मैं वहां बैठा बैठा थक गया और आप यहां बैठे बैठे थक गए। आप वहां चले गए और मैं यहां आ गया। मेरा इलाका बार्डर का इलाका है वहां पर disturbing अनसर है, पता नहीं उस अनसर की सरपरस्ती कहां से हो रही है। (विघ्न) उस इलाके को पानी देने का फैसला किया गया। मेरा ख्याल है कि आप को याद होगा सच्चर साहिब और आप इकट्ठे वहां गए थे। उस वक्त यह एलान किया गया था कि पानी देना चाहिए। यह भी यकीन दिलाया गया कि जितने भी प्राइवेट हाई स्कूल वहां पर हैं सब को provincialise कर लिया जाएगा। इस चीज़ पर अमल न हो और वायदों को फरामोश किया जाए, मुझे इस बात का अफसोस है। तरन तारन का इलाका सब से ज्यादा affected है। आप अन्दाज़ा लगाएं कि चीफ़ मिनिस्टर भी उसी तहसील का हो, स्पीकर भी वहीं का हो, दोनों आठ साल तक एक ही मयान में रहे लेकिन भला दोनों ही नहीं कर सके। एक कालेज का वहां पर ज़िक्र चल रहा है। लोग चाहते हैं कि वह कालेज केन्द्रीय जगह तरन तारन में रहे जोकि पट्टी से भी 15 मील के फासले पर है, अमृतसर से भी 15 मील के फासले पर है और border और रावी दरिया से भी इतने ही फासले पर है। अगर वह नहीं करना तो किसी और चलते कालेज को ही subsidise कर दिया जाए। इस की तो बात क्या, जब मैं तरन तारन का नाम लेता हूं तो जरूरी तौर पर मुझे याद आ जाता है कि वहां पर मेरा कैसा स्वागत किया गया। मेरे ऊपर बड़ी मेहरबानी की गई जो चुनाव वाले दिन मेरा tear gas के साथ स्वागत किया। मैं उस तरफ नहीं जाता। तरन तारन बड़ा अच्छा शहर है, लोग बड़े समझदार हैं लेकिन चुनाव में अगर कोई वहां चला जाए तो होशहवास गुम हो जाते हैं। मैं तो परमात्मा से यही प्रार्थना करूंगा कि अगर वजीर बनाने हों तो बाहर के जिलों के बनाएं उस जिले के न बनाएं (Cheers from the opposition) हमारे ज़िले में से वजीर बनाकर क्या कुछ नहीं देखा गया। मैं तो, स्पीकर

साहिब, आप को भी मशविरा दूंगा कि आप को जरा मोहतात रहना चहिए क्योंकि चुनाव के दिनों में स्पीकर का खूब स्वागत होता है। मेरे दिमाग में जो पांच साल की गर्मी थी वह tear gas से निकाल दी गई और मेरे दोस्तों का जो थोड़ा बहुत गरूर रह गया था वह गोली चलाकर दूर कर दिया गया। एक स्पीकर के साथ अगर एक वक्त ऐसा हो सकता है तो दूसरे स्पीकर के साथ भी किसी वक्त ऐसा होगा।

मन न करदम शुमा हज़र बिकुनेद

मैं आप का दोस्त हूं, आप की बेहतरी के लिए बातें की हैं। मैं समझता हूं कि आप को भी इस बात में मोहतात रहना चाहिए। मैं आप का मशकूर हूं कि आप ने मुझे वक्त दिया और बहुत से सालों के बाद आज मुझे भी दुबारा ज़िन्दा होने का मौका मिला (cheers from the opposition)

पंडित चरिंजी लाल शर्मा (गन्नौर) : स्पीकर साहिब, दो तीन रोज़ से सन् 1962-63 के बजट पर discussion हो रही है। Treasury Benches और Opposition दोनों तरफ से धूआंधार तकारीर की जा रही हैं। लेकिन Treasury Benches पर से कुछ ऐसे मेम्बरों—बुजुर्गों की तकारीर को सुन कर दुःख हुआ है जिन्होंने हरियाना प्रान्त में जन्म लिया, हरियाना की पवित्र भूमि जिनकी भूख मिटाती है, हरियाना के कुएं जिनकी प्यास बुझाते हैं, हरियाणा की पवन से जो जिन्दगी पाते हैं, लेकिन न मालूम किस गलत फहमी में आकर, किस स्वार्थ का शिकार होकर वह इस House के अन्दर उस जड़ को कुल्हाड़े से काटने की कोशिश करते रहे। वह भाई जिनका मक्का और मदीना कैरों के अन्दर हों, जिन के मंदिर और शिवालय अमृतसर और जालन्धर में हों अगर वह इस किस्म की तकारीर House में करते तो शायद कहा जाता कि वह हकबजानब हैं लेकिन जब बाड़ ही खेत को खाने लग जाए तो आप खुद अन्दाज़ा लगाएं, स्पीकर साहिब, कि उस खेत का क्या होगा। Treasury Benches पर से तीन बुजुर्गों ने जो तकारीर कीं मैं समझता हूँ कि उनके बारे में अगर यह कहा जाए कि वह हरियाना की नुमाइन्दगी करने के हकदार नहीं हैं तो बेजा न होगा। अगर मैं इस से ज्यादा सख्त अलफाज़ का इस्तेमाल करूं तो शायद मेरे लिए अच्छा न हो।

स्पीकर साहिब, इस मौजूदा राज में—बल्कि मैं तो कहूँगा कि इस कुराज में—हमारे हरियाणा के साथ जो अनर्थ हो रहा है उसको हम ही जानते हैं कि किस तरह हमें रजवाड़ा समझ कर, colony समझकर हमारे हकूक का ज़िन्दा जनाज़ा निकाला जा रहा है। स्पीकर साहिब, कुछ रोज़ पेशतर Governor's Address पर discussion के दौरान हमारे Revenue Minister सरदार अजमेर सिंह ने बड़ा emphatically यह फरमाया था कि it is a smaller region. इसी तरह हमारे बुजुर्गवार पंडित अमर नाथ जी शर्मा ने, जो गालबन आज हिन्दी रिजनल कमेटी के चेयरमैन की की election लड़ने का फख्र हासिल करेंगे, फरमाया कि it is a smaller region स्पीकर साहिब, मैं आज आपकी विसातत से हिन्दी रिजन की बाबत कुछ facts and figures House के सामने रखना चाहता हूँ। हरियाना का नाम

[पंडित चिरंजी लाल शर्मा]

सुनते ही कुछ भाई परेशान हो जाते हैं। वह हरियाना को पंजाब में शामिल कर के उस की अलग हस्ती को खत्म करके पंजाब के नक्शे में से उसका नाम मिटा देना चाहते हैं। फिर भी हरियाना वालों ने regional formula को मंजूर कर के एक बड़ी भारी कुरबानी की। उन्होंने कहा कि हम separate हरियाना नहीं चाहते लेकिन पंजाब के अन्दर हमारे हकूक की हिफाज़त की जाए। लेकिन, स्पीकर साहिब, हमारे साथ जो हो रहा है वह हम ही जानते हैं। आप को मैं बताना चाहता हूँ कि हिन्दी रिजन का रकबा, जैसा कि पहले भी House के सामने कहा जा चुका है, 20,164 मुरब्बामील है जो कि सारे पंजाब का 59 फीसदी बनता है। इसकी आबादी 43.65 प्रति शत है लेकिन जब हम services के अन्दर नज़र दौड़ाते हैं तो पता लगता है कि किस कदर हमारे हरियाना के इलाके को वहां पर नज़र-अन्दाज़ किया गया है। वहां वह 5 प्रतिशत भी नहीं हैं। सिर्फ यह कहने से कि वह तो comparatively smaller region है, बात नहीं बनेगी। मसला हल नहीं होगा रकबा ज़्यादा है, आबादी करीब करीब बराबर है लेकिन जब बजट का सवाल आता है तो बेशक कागज़ों का तो पेट भर दिया जाता है, असली मायनों में उस इलाके को नज़र अन्दाज़ कर दिया जाता है। हमारे चीफ मिनिस्टर साहिब वहां जाकर बड़ी मारकाखेज़ तकारीर करते हैं और फरमाते हैं कि मुझे हरियाणा से प्रेम है। क्यों न हो। मैं तो कहता हूँ कि हमारे जो हरियाणा के भाई उधर Treasury Benches पर बैठे हैं उनके ही बलबूते पर तो वह वज़ीरे आज़म पंजाब बनकर हकूमत के मालिक बने बैठे हैं। वह वहां जाकर जमींदार और गैर-जमींदार का सवाल पैदा करते हैं, शहरी और देहाती का सवाल पैदा करते हैं। वहां के चन्द मतलबप्रस्त भाई, जिन के नाम लेना मैं मुनासिब नहीं समझता, उन्होंने जब सरदार साहिब बहादुरगढ़ में दौरे पर आए तो उनको खुश करने की खातिर कहा कि सरदार साहिब, आप की दाढ़ी के अन्दर हम अपने मरहूम लीडर चौधरी छोटूराम की तस्वीर को देखते हैं। इस पर सरदार साहिब फरमाते हैं कि मैं तो मरहूम सर छोटू राम की खड़ावें लेकर पंजाब में हकूमत कर रहा हूँ। वहां की जनता बड़ी भोली है, लोग पिछड़े हुए हैं, बहुत पीछे हैं। वह यकीन कर लेते हैं कि चीफ मिनिस्टर साहिब जो कुछ कहते हैं उसे अमली जामा पहनाएंगे, लेकिन अगर हकायक पर नज़र डाली जाए तो यह सभी ढकौंसले हैं, धोखा है। यहां पर मेरे बुजुर्ग ने, जिनका हवाला मैंने पहले दिया, अपनी तकरीर में फरमाया कि हम तालीम के शोहबे में बहुत आगे बढ़ रहे हैं। बड़ी २ योजनाएं हैं, बड़े बड़े नक्शे हैं, बड़ी बड़ी institutions खोली जा रही हैं--ये बातें उन्होंने फरमाईं। ठीक है कि जहां तक तालीम का ताल्लुक है पंजाब में काफी तरक्की हुई। लेकिन मैं आप की विसातत से treasury benches के अपने बुज़ुर्ग साथियों को बताना चाहता हूँ कि इस तरक्की में हिन्दी रिजन को किस कदर हिस्सा मिला है। आप को पता ही है कि पंजाब के अन्दर इस वक्त चार universities हैं। Panjab Uuniversity तो पहले से in existence थी। इसके अलावा पंजाबी यूनिवर्सिटी नई खोली जा रही है जिस के लिए लाखों रुपए का बजट provide किया जा रहा है। इसे पटियाला में बनाने की योजना बन रही है। एक तीसरी university जो Agricultural University कहलाती है वह लुध्याना में खोलने का फैसला हुआ था। सिर्फ एक कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी ही हमारे हिन्दी रिजन के हिस्से में आई।

10 a.m.

वहां के वाइस चांसलर चौधरी हरद्वारी लाल थे उन को सब्ज़ बाग दिखा कर उन सेछुड़ा ली। कहा कि कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी तो एक महदूद सा अदारा है तुम्हारे लिये बड़ा वसीह मैदान है, उधर आओ (विघ्न)......

अब अगर वहां पर चौधरी हरद्वारी लाल नहीं हैं तो क्या वहां पर डा० स्वरूप सिंह वाइस चांसलर नहीं बन सकते ? क्या वह qualified नहीं हैं। क्या वहां कोई और इस के योग्य आदमी नहीं मिल सकता था कि जालंधर के D.A.V. कालिज के प्रिंसिपल श्री सूरज भान को वहां पर लगाया गया। यही नहीं बल्कि सिंडीकेट और सैनेट को ही देखें। मगर मैं तो कहूंगा कि चोर को क्यों मारो चोर की मां को मारो। उस अदारे को देखें जहां पर सारी योजनाएं बनाई जाती हैं। वहां भी हमारी representation नहीं है जब यह हाल हो तो हम तालीम के मैदान में कैसे आगे बढ़ सकते हैं ? जनाब, जाइए आप सैक्रेटेरियट के सातवें और आठवें फ़लोर पर। वहां पर जितनी name plates अफसरों की लगी हुई आप को मिलेंगी उन में से कोई भी हरियाना के इलाके का आप को नहीं मिलेगा। जनाब, ऐजुकेशन डिपार्टमेंट के 248 गज़ेटिड अफसरों में से हिन्दी रिजन के सिर्फ 16 अफसर हैं। पंजाब में 120 Colleges हैं जिन में से सिर्फ 32 हिन्दी रिजन में हैं। गवर्नमेंट कालिज पंजाब में 28 हैं जिन में से हिन्दी रिजन में सिर्फ 9 हैं। Vocational और टैक्नीकल कालिज 17 में से सिर्फ 3 हमारे रिजन में हैं। फिर, जनाब 1959-60 में Engineering College में कुल 1336 विद्यार्थी थे जिन में हिन्दी रिजन के सिर्फ 363 थे। पंजाबी रिजन में amount of stipends given to Harijan students 61,202 रुपए per mensem थी जबकि इस के मुकाबले में यही रकम हिन्दी रिजन के हिस्से सिर्फ 18,098 per mensem आई। तो जनाब, यह हैं कुछ figures। इस बड़े बड़े दावे करने वाली सरकार की कारगुजारी के। इन को पंजाबी रिजन और हिन्दी रिजन के हरिजनों में भी फर्क नज़र आता है। यह हैं इन की हरिजनों और हरियाना से हमदर्दी की ज़िन्दा मिसाल। जहां पर इन को stipend देने की बात होती है इन को हिन्दी रिजन का हरिजन भी अच्छा नहीं लगता। उन को मुकाबले में पंजाबी रिजन के हरिजनों को तीन चार गुना वज़ीफे दिए जाते हैं। इसी तरह से पंजाब में कुछ और अदारे start किए जा रहे हैं। मैं दो तीन के नाम बताता हूं :—

A Post-Graduate Research and Medical Institute has already started functioning at Chandigarh. A College for Home Science for Girls has also been opened at Chandigarh. There is also a College with special emphasis on sports at Jullundur.

इस की बाबत हमारे मन्त्री श्री यश जी ने कहा कि यह एशिया में बड़ा मशहूर institution होगा। यह बात समझ में नहीं आती। पता नहीं यह सारे के सारे पंजाबी रिजन में ही क्यों कायम किये जा रहे हैं। क्या हिन्दी रिजन में इन के लिए जगह नहीं मिलती ? क्या हम पैसा देने में पीछे हैं। रोहतक ज़िले में सोनीपत की तहसील सरकार की लूट खसूट और

[पंडित चिरंजी लाल शर्मा]
चंदे देने में first आती है। मगर फिर भी उधर कुछ कायम नहीं किया जाता। फिर कहने को तो कहते हैं कि हम decentralisation कर रहे हैं मगर इस केस में तो यह पंजाबी रिजन और चंडीगढ़ में सब कुछ centralise किया जा रहा है। यही नहीं कि इन अदारों को हमारे इलाके में कायम नहीं किया जाता बल्कि यह भी है कि हमारे इलाके के बच्चों को इन में दाखला भी नही मिलता। यह बार बार जिक्र करते हैं कि हम ने सैनिक स्कूल चालू किये हैं। लेकिन अगर इन स्कूलों के तुलबा की फेहरिस्त मंगाई जाए तो यही पता चलेगा कि हमारे इलाके के बहुत कम बच्चे उन में हैं। दाखले के वक्त तो हमारे लिए वहां जगह ही नहीं होती। जनाब, यह तो थे कुछ facts तालीम के बारे में। अब मैं पब्लिक सर्विस कमीशन की तरफ आता हूं। वहां पर पांच मैम्बरों में से सिर्फ एक हमारे रिजन का है। जब चौधरी हरद्वारी लाल वहां से हटे तो किसी और को वहां बैठा दिया गया। क्या हमारे इलाके में से किसी को वहां नहीं लगाया जा सकता था? क्या हम सब निकम्मे हैं? क्या हमारी रगों में खून नहीं दौड़ता। और फिर उधर बैठने वाले हरियाने के लोग इस सब पर मोहरे तसदीक सबत कर देते हैं कि हां सब ठीक है। जनाब, हम separation नहीं चाहते मगर यह बात जरूर है कि हम हरियाने के हकूक के लिए लड़ते रहेंगे। हमें यह लड़ाई महाभारत की लड़ाई जो यहां से साठ सत्तर मील की दूरी पर हुई थी की याद दिलाती है जोकि कुरुक्षेत्र के पवित्र मैदान में पांडवों ने कौरवों द्वारा अपने हक दबाए जाने पर की थी। वह लड़ाई थी अधर्म के खिलाफ धर्म की, इखलाक और सच्चाई की झूठ और फरेब के खिलाफ, हक की बेहकी के खिलाफ। हम भी अपने हकों के लिए लड़ेंगे। वह लड़ाई तो हुई थी मैदान में हम यहां पर इस असैम्बली चैम्बर में यह लड़ाई लड़ेंगे। अगर हरियाना के हकूक का जनाजा इसी तरह से निकलता रहा तो दूसरे मुल्कों ने जो नारा बुलन्द किया था कि 'No taxation without representation' वही हम भी बुलन्द करने पर मजबूर हो जाएंगे और हम टैक्स देने बन्द कर देंगे। (Thumping from Opposition Benches

फिर यहां पर यह कहा जाता है कि आपोजीशन responsible नहीं है। Opposition is reponsible to the electorate and not to the Treasury Benches.

फिर कहा गया कि political adultery commit की गई है। शायद इन साहिबान को अपने बचपन का ज़माना याद आता है (विघ्न)।

Mr. Speaker : No such remarks please.

पंडित चिरंजी लाल शर्मा : Political adultery का ऐसा लफ्ज़ था जिसे सुन कर एक झटका लगता है। इस के मुताल्लिक हमारे आदरणीय साबका स्पीकर साहिब ने खुद फरमाया कि यह बड़े सख्त लफ्ज़ इस्तेमाल किए गए। सरदार गुरदयाल सिंह ढिल्लों ने admit किया है कि political adultery....

Mr. Speaker : The hon. Member should leave this topic.

Pandit Chiranji Lal Sharma : Sir, we have been condemned on the floor of this House, and should be given an opportunity to refute the arguements advanced by the other side.

Mr. Speaker : No more on this point, please.

पंडित चिरंजी लाल शर्मा : स्पीकर साहिब, इस के अलावा मैं कुछ और चीजें हाउस के सामने अर्ज़ करना चाहता हूं । जहां तक irrigation का ताल्लुक है मैं बतलाना चाहता हूं कि हरियाना के अन्दर सिर्फ 27.7 per cent irrigated area है, जब कि पंजाबी रिजन के अन्दर 53.2 per cent है इसी तरह से industries के बारे में देखा जाता है। हिन्दी रिजन में 99 और पंजाबी रिजन में 460 industries हैं--

The whole of the Industries Department is manned by persons from the Punjabi Region.

वहां 99 गज़ेटिड अफसर हैं जिन में से 92 पंजाबी रिजन के हैं और सिर्फ 7 हिन्दी रिजन के हैं। जनाब स्पीकर साहिब, हमारे यहां लोगों को कर्ज़े भी नहीं दिए जाते, और मिलें भी कहां से, क्योंकि जो कर्ज़ देने वाले हैं उन के दिलों में उन लोगों के लिए कोई जगह नहीं है। यश जी ने फरमाया था कि हम इतनी institutions खोल रहे हैं, और इतनी शिक्षा देना चाहते हैं लेकिन हमारे यहां के बच्चों को उन institutions में कोई दाखला नहीं मिलता तो वह तरक्की कैसे कर सकते हैं ? इसी तरह से मैं hospitals के बारे में अर्ज़ करूं---

There is one medical institution for a population of 30,000 in comparison with one for 21,000 in the Punjabi Region.

पंजाबी रिजन में 21 हज़ार की population पर एक हास्पिटल है और हमारे यहां 30 हज़ार की population पर एक हास्पिटल है। यही नहीं, मैं ट्रांस्पोर्ट की figures जनाब, आपकी विसातत से हाउस के सामने रखना चाहता हूं। Vehicles and roads के under vehicles महेन्द्रगढ़ में 200 और करनाल में 1712, अमृतसर में 3142, जालन्धर में 4722 । अब इन figures को देखा जाए तो पता चलता है कि हमारे रिजन के साथ किस प्रकार का सलूक हो रहा है। अब मैं roads की figures देना चाहता हूं। हिसार में 24.62, करनाल में 28.70, महेन्द्रगढ़ में 14.66, लुधियाना में 34.94, अमृतसर में 35.37 और जालंधर में 46.19 की ratio है । तो, जनाब, यहां बड़ी बड़ी डींगें मारी जाती हैं कि हम ने हरियाना के लिए सड़कें बना दी, vehicle दे दिए और न जाने क्या क्या कर दिया ।

अब मैं electrification of the villages के बारे में अर्ज़ करना चाहता हूं। रिजन के हिसाब से पंजाबी रिजन में 18 per cent हिन्दी रीजन में 9 per cent । महेन्द्रगढ़ district में 3 per cent, अम्बाला में 6 per cent, हिसार में 7 per cent, करनाल में 9 per cent, गुड़गांव में 9 per cent, रोहतक में 17 per cent और अमृतसर में सिर्फ 69 per cent । यह figures जनाबे आला, मैं आपके सामने इस लिए रख रहा हूं कि इस सरकार के उन कारनामों का, जिनका यह रोज़ रोज़ राग अलापते हैं, पता लगे लेकिन मैं कहूंगा कि our rights are being ruthlessly trampled under the feet of the present Government.

[ਰਾਜ ਮੰਤਰੀ]

occupied the Chair) ਜਿਥੇ ਨਹਿਰਾਂ ਦਾ ਪਾਣੀ ਨਹੀਂ ਸੀ ਚੜ੍ਹ ਸਕਦਾ ਉਥੇ ਟੀਊਬਵੈੱਲ ਲਗਾ ਕੇ ਪਾਣੀ ਦੇਣ ਦਾ ਇੰਤਜ਼ਾਮ ਕੀਤਾ ਗਿਆ ਹੈ। ਬਾਕੀ ਜਿਥੇ ਟੀਊਬਵੈਲ ਵੀ ਕਾਮਯਾਬ ਨਹੀਂ ਸੀ ਹੋਏ ਉਥੇ ਬਿਆਸ ਡੈਮ ਬਣਨ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪਾਣੀ ਪਹੁੰਚ ਜਾਵੇਗਾ। ਇਸ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ ਘੱਗਰ ਡੈਮ ਬਣਾ ਕੇ ਵੀ ਸਾਰੇ ਇਲਾਕਿਆਂ ਨੂੰ ਜਿਥੇ ਅਜੇ ਪਾਣੀ ਦਾ ਇੰਤਜ਼ਾਮ ਨਹੀਂ ਹੋ ਸਕਿਆ ਪਾਣੀ ਦਿਤਾ ਜਾਵੇਗਾ। ਜਦੋਂ ਸੂਬੇ ਦੇ ਵਿਚ ਇਤਨੀ ਤਰੱਕੀ ਹੋ ਰਹੀ ਹੋਵੇ ਫੇਰ ਵੀ ਅਗਰ ਆਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਵਲੋਂ ਇਹ ਕਿਹਾ ਜਾਵੇ ਕਿ ਕੁਝ ਵੀ ਨਹੀਂ ਹੋਇਆ ਤਾਂ ਇਸ ਗਲ ਨੂੰ ਕੌਣ ਮੰਨ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਮੈਂ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ Democracy ਦੇ ਵਿਚ ਸਰਕਾਰ ਦੀ ਨੁਕਤਾਚੀਨੀ ਜ਼ਰੂਰ ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ ਲੇਕਿਨ constructive ਢੰਗ ਦੀ। ਕਈ ਮੈਂਬਰਾਂ ਨੇ ਜਦੋਂ ਇਹ ਗਲ ਕਹੀ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਗੌਰਮੈਂਟ ਨੇ ਕੋਈ ਤਰੱਕੀ ਦਾ ਜਾਂ ਲੋਕ ਭਲਾਈ ਦਾ ਕੰਮ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਤਾਂ ਮੈਨੂੰ ਬੜੀ ਹੈਰਾਨਗੀ ਹੋਈ। ਮੈਂ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਪਰਤਖ ਨੂੰ ਪ੍ਰਮਾਣ ਦੀ ਕੀ ਲੋੜ ਹੁੰਦੀ ਹੈ। ਜੋ ਜੋ ਤਰੱਕੀ ਹੋਈ ਹੈ ਪੰਜਾਬ ਦੀ ਜਨਤਾ ਉਸ ਤੋਂ ਚੰਗੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਾਲ ਜਾਣੂ ਹੈ। ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਜਦੋਂ ਭਾਖੜੇ ਡੈਮ ਨੂੰ ਦੇਖਣ ਲਈ ਗਿਆ ਤਾਂ ਉਦੋਂ ਤਕਰੀਬਨ ਇਹ ਮੁਕੰਮਲ ਹੋ ਚੁਕਾ ਸੀ। ਇਸ ਦੇ ਸੱਜੇ ਔਰ ਖੱਬੇ ਪਾਸੇ ਬਿਜਲੀ ਘਰ ਬਣੇ ਹੋਏ ਹਨ ਜਿਥੋਂ ਕਿ ਪੰਜਾਬ, ਰਾਜਸਥਾਨ ਅਤੇ ਦਿੱਲੀ ਨੂੰ ਬਿਜਲੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ। ਉਦੋਂ ਮੇਰੇ ਮਨ ਵਿਚ ਖਿਆਲ ਆਇਆ ਕਿ ਸ਼ਹੀਦ ਸਰਦਾਰ ਭਗਤ ਸਿੰਘ ਹੋਰਾਂ ਦੇ ਨਾਲ ਦੋ ਤਾਕਤਾਂ ਨੇ ਜ਼ੁਲਮ ਕੀਤਾ ਸੀ। ਇਕ ਤਾਂ ਅੰਗਰੇਜ਼ਾਂ ਦੀ ਤਾਕਤ ਸੀ ਜਿਸ ਨੇ ਸਰਦਾਰ ਭਗਤ ਸਿੰਘ ਹੋਰਾਂ ਨੂੰ ਫਾਂਸੀ ਦੇ ਕੇ ਆਪਣੀਆਂ ਸਾਰੀਆਂ ਰਵਾਇਤਾਂ ਨੂੰ ਬਾਲਾਏਤਾਕ ਰਖਦਿਆਂ ਹੋਇਆਂ ਸਰਦਾਰ ਭਗਤ ਸਿੰਘ ਹੋਰਾਂ ਦੀ ਲਾਸ਼ ਵੀ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਰਿਸ਼ਤੇ-ਦਾਰਾਂ ਨੂੰ ਨਹੀਂ ਦਿੱਤੀ ਔਰ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਦਰਸ਼ਨ ਕਰਨ ਤੋਂ ਵੀ ਮਹਿਰੂਮ ਰਖਿਆ। ਅੰਗਰੇਜ਼ਾਂ ਨੇ ਰਾਤ ਨੂੰ ਸਤਲੁਜ ਦਰਿਆ ਤੇ ਜਾ ਕੇ ਸਸਕਾਰ ਕਰ ਦਿਤਾ ਔਰ ਸ਼ਹੀਦੇ ਆਜ਼ਮ ਦੀਆਂ ਅਸਤੀਆਂ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਦਰਸ਼ਨ ਕਰਨ ਲਈ ਲੋਕ ਤਰਸ ਰਹੇ ਸਨ ਸਤਲੁਜ ਦਰਿਆ ਦੇ ਵਿਚ ਬਹਾ ਦਿਤੀਆਂ ਗਈਆਂ। ਅੰਗਰੇਜ਼ ਹਕੂਮਤ ਦਾ ਜਿਸ ਸੂਰਜ ਦੁਨੀਆਂ ਦੇ ਵਿਚ ਗਰੂਬ ਨਹੀਂ ਸੀ ਹੁੰਦਾ ਕਾਂਗਰਸ ਨੇ ਹਿੰਦੁਸਤਾਨ ਨੂੰ ਆਜ਼ਾਦ ਕਰਵਾ ਕੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਸੂਰਜ ਨੂੰ ਗ਼ਰੂਬ ਕਰਕੇ ਦਿਖਾਇਆ ਔਰ ਇਸ ਨੂੰ third rate ਤਾਕਤ ਬਣਾ ਦਿੱਤਾ ਪਹਿਲਾ ਬਦਲਾ ਕਾਂਗਰਸ ਨੇ ਅੰਗਰੇਜ਼ ਦੇ ਕੋਲੋਂ ਲਿਆ।

ਪਰ ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਦਰਿਆ ਸਤਲੁਜ ਨੇ ਸਾਡੇ ਨਾਲ ਭਾਰੀ ਜ਼ਿਆਦਤੀ ਕੀਤੀ ਜਿਸ ਨੇ ਕਿ ਸਾਡੇ ਮਹਬੂਬ ਸਰਦਾਰ ਭਗਤ ਸਿੰਘ ਦੀਆਂ ਅਸਥੀਆਂ ਆਪਣੇ ਪੇਟ ਵਿਚ ਛੁਪਾ ਲਈਆਂ ਸਨ। ਸਾਡੀ ਕਾਂਗਰਸ ਹਕੂਮਤ ਨੇ, ਪੰਡਤ ਜਵਾਹਰ ਲਾਲ ਦੀ ਹਕੂਮਤ ਨੇ ਅਤੇ ਇਸ ਪੰਜਾਬ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਇਸ ਦਰਿਆ ਤੋਂ ਸ਼ਹੀਦੇ ਆਜ਼ਮ ਦਾ ਬਦਲਾ ਲਿਆ ਅਤੇ ਉਹ ਬਦਲਾ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਲਿਆ ਕਿ ਉਸਤੇ ਬੰਨ੍ਹ ਬਣਾਕੇ ਉਸਦੇ ਪੇਟ ਨੂੰ ਚੀਰ ਦਿਤਾ ਹੈ। ਅਜ ਸਾਡੀ ਮਰਜ਼ੀ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਸਦੇ ਪੇਟ ਵਿਚ ਪਾਣੀ ਜਾਣ ਦੇਈਏ ਅਤੇ ਜੇ ਮਰਜ਼ੀ ਨਾ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਨਾ ਜਾਣ ਦੇਈਏ। ਉਹ ਪਾਣੀ ਅਜ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਸ਼ਹੀਦੇ ਆਜ਼ਮ ਦੇ ਉਸ ਆਦਰਸ਼ ਲਈ ਇਸਤੇਮਾਲ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ ਜਿਸਦੀ ਖਾਤਰ ਉਹ ਸ਼ਹੀਦ ਹੋਏ। ਮੇਰਾ ਭਾਵ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਕਿਸਾਨਾਂ ਦੀਆਂ ਫਸਲਾਂ ਤੋਂ ਹੈ। ਅਜ ਮੇਰੇ ਦੋਸਤ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਕੋਈ ਕੰਮ ਨਹੀਂ ਹੋਇਆ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਗਲ ਤਾਂ ਬਾਜ਼ੀਗਰ ਵਾਲੀ "ਮੈਂ ਨਾ ਮਾਨੂੰ" ਹੈ। ਮੈਨੂੰ ਗਵਰਨਰ ਸਾਹਿਬ ਦੇ ਐਡਰੈਸ ਤੇ ਬੋਲਣ ਦਾ ਮੌਕਾ ਨਹੀਂ ਮਿਲ ਸਕਿਆ ਲੇਕਿਨ ਮੈਂ ਵੇਖਿਆ ਹੈ ਕਿ ਮੇਰੇ ਦੇ ਅਪੋਜ਼ਸ਼ਨ ਦੋਸਤਾਂ ਨੇ ਇਕੋ ਰਟ ਲਾਈ ਹੈ ਕਿ ਚੋਣਾਂ fair ਨਹੀਂ ਹੋਈਆਂ ਹਨ। ਹੈਰਾਨੀ ਦੀ ਗੱਲ ਹੈ ਕਿ ਇਕ ਦਿਨ ਵਿਚ ਸਾਰੇ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਵੋਟਾਂ ਪਾਈਆਂ ਗਈਆਂ ਹਨ ਅਤੇ ਸਾਰੀ ਕਾਰਵਾਈ ਨਿਹਾਇਤ peacefully ਹੋਈ ਹੈ ਲੇਕਿਨ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਫੇਰ ਵੀ ਤਸੱਲੀ ਨਹੀਂ ਹੋਈ। ਇਹ ਠੀਕ ਹੈ ਕਿ ਤਰਨ-

ਤਾਰਨ ਵਿਚ ਕੁਝ ਝਗੜਾ ਹੋਇਆ ਲੇਕਿਨ ਉਹ ਝਗੜਾ ਵੀ ਚੋਣ ਖਤਮ ਹੋਣ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਹੀ ਹੋਇਆ (ਵਿਘਨ) ਜ਼ਰਾ ਸਬਰ ਨਾਲ ਸੁਣੋ। ਇਹ ਇਤਨੇ touchy ਹਨ ਕਿ ਜਦੋਂ ਕੋਈ ਸਚੀ ਗਲ ਕਹੀ ਜਾਵੇ ਤਾਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਗੁੱਸਾ ਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਮੇਰੇ ਕਹਿਣ ਦਾ ਮਤਲਬ ਸੀ ਕਿ elections ਇਕ ਦਿਨ ਵਿਚ ਹੀ peacefully complete ਹੋਏ। ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਤੁਹਾਨੂੰ ਪਤਾ ਹੀ ਹੈ ਕਿ ਪਹਿਲਾਂ elections ਦਾ system ਇਹ ਸੀ ਕਿ ਹਰ ਇਕ ਉਮੀਦਵਾਰ ਦਾ ਬਕਸਾ ਅਲਹਿਦਾ ਰਖਿਆ ਜਾਂਦਾ ਸੀ ਅਤੇ ਹਰ ਇਕ ਦੀਆਂ ਵੋਟਾਂ ਉਸਦੇ ਆਪਣੇ ਬਕਸੇ ਵਿਚ ਪੈਂਦੀਆਂ ਸਨ ਲੇਕਿਨ ਅਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਪਾਰਟੀਆਂ ਨੇ ਰੌਲਾ ਪਾਇਆ ਕਿ ਬਕਸੇ ਟੁੱਟ ਜਾਂਦੇ ਹਨ ਅਤੇ ਇਕ ਬਕਸੇ ਚੋਂ ਵੋਟ ਕਢਕੇ ਦੂਜੇ ਬਕਸੇ ਵਿਚ ਪਾ ਲਏ ਜਾਂਦੇ ਹਨ ਅਤੇ ਇਹ ਵੀ ਕਿਹਾ ਕਿ ਬਾਹਰੋਂ ਵੀ ਹੋਰ ਪਰਚੀਆਂ ਪਾ ਦਿੰਦੇ ਹਨ। ਕਾਂਗਰਸ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਅਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਪਾਰਟੀਆਂ ਦਾ ਵਹਿਮ ਦੂਰ ਕਰਨ ਲਈ ਮੌਜੂਦਾ system ਜਾਰੀ ਕਰ ਦਿਤਾ। ਜੇ ਕਾਂਗਰਸ ਦਾ ਇਹ ਇਰਾਦਾ ਹੁੰਦਾ ਕਿ elections unfair ਹੋਣ ਤਾਂ ਉਹ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਗੱਲ ਕਿਉਂ ਮੰਨਦੀ। ਸਾਡੀ ਕਾਂਗਰਸ ਹਕੂਮਤ rose to the occasion ਅਤੇ ਉਸਨੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦਾ ਵਹਿਮ ਦੂਰ ਕਰਨ ਲਈ, ਤਾਕਿ ਇਹ ਸ਼ਿਕਾਇਤ ਨਾ ਕਰਨ, ਪੁਰਾਣੇ system ਨੂੰ change ਕਰ ਦਿਤਾ।

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਨਾਮ ਸਿੰਘ : ਉਹ ਤਾਂ Chief Election Commissioner ਨੇ ਕੀਤਾ ਹੈ।

ਸਹਾਇਤਾ, ਪੁਨਰਵਾਸ ਅਤੇ ਸਭਿਆਚਾਰਕ ਮਾਮਲਿਆਂ ਦੇ ਰਾਜ ਮੰਤ੍ਰੀ : ਉਹ ਵੀ ਤਾਂ ਕਾਂਗਰਸ ਹਕੂਮਤ ਦਾ ਹੀ ਅਫਸਰ ਹੈ ਅਤੇ ਸੈਂਟਰ ਵਿਚ ਵੀ ਤਾਂ ਕਾਂਗਰਸ ਦੀ ਹੀ ਹਕੂਮਤ ਹੈ। (*Interruptions*)

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਨਾਮ ਸਿੰਘ : ਜੇ ਉਹ ਕਾਂਗਰਸ ਹਕੂਮਤ ਦਾ ਹੀ ਹੈ ਤਾਂ ਫੇਰ ਉਹ impartial ਕਿਵੇਂ ਹੋਇਆ। (*noise*)

ਸਹਾਇਤਾ ਪੁਨਰਵਾਸ ਅਤੇ ਸਭਿਆਚਾਰਕ ਮਾਮਲਿਆਂ ਦੇ ਰਾਜ ਮੰਤ੍ਰੀ : ਤੁਸੀਂ ਕਾਂਗਰਸ ਦੀ honesty ਵੇਖੋ ਕਿ ਜਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਤੁਸੀਂ ਕਿਹਾ ਉਸੇ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕਰ ਦਿਤਾ। ਚੋਣਾਂ ਵਿਚ ਇਕੋ ਹੀ ਬਕਸਾ ਸਭ ਲਈ ਰਖ ਦਿਤਾ ਅਤੇ ਇਕੋ ਪਰਚੀ ਤੇ ਸਾਰੇ ਉਮੀਦਵਾਰਾਂ ਦੇ ਨਾਮ ਲਿਖੇ ਸਨ। ਜਿਸਨੇ ਜਿਸਨੂੰ ਵੋਟ ਪਾਣਾ ਸੀ ਉਸਤੇ ਸੀਲ ਲਾਕੇ ਇਕੋ ਬਕਸੇ ਵਿਚ ਸਾਰੀਆਂ ਪਰਚੀਆਂ ਪਾਈਆਂ ਗਈਆਂ। ਫਿਰ ਬਕਸੇ ਵੀ ਪਰਦੇ ਵਿਚ ਨਹੀਂ ਸਨ। ਬਿਲਕੁਲ ਬਾਹਰ ਬਕਸੇ ਰਖੇ ਅਤੇ ਹਰ ਇਕ ਆਦਮੀ ਨੇ ਸਾਹਮਣੇ ਆਕੇ ਵੋਟ ਪਾਈ। ਜੇਕਰ ਹੁਣ ਵੀ ਇਹ ਦੋਸਤ ਇਹੋ ਰਟ ਲਗਾਈ ਜਾਣ ਤਾਂ ਇਸਦਾ ਕੀ ਇਲਾਜ ਹੈ ?

ਇਕ ਅਵਾਜ਼ : ਸਰਹਾਲੀ ਵਿਚ ਕੀ ਹੋਇਆ ਹੈ ?

ਸਹਾਇਤਾ ਪੁਨਰਵਾਸ ਅਤੇ ਸਭਿਆਚਾਰਕ ਮਾਮਲਿਆਂ ਦੇ ਰਾਜ ਮੰਤ੍ਰੀ : ਉਹ ਗੱਲ ਵੀ ਕਰ ਦਿੰਦਾ ਹਾਂ, ਫਿਕਰ ਨਾ ਕਰੋ। ਮੈਂ ਕਹਿ ਸਕਦਾ ਹਾਂ ਅਤੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਇਹ ਗੱਲ ਮੰਨਦਾ ਹਾਂ ਕਿ elections ਕਿਧਰੇ ਕਿਧਰੇ unfair ਹੋਏ ਹਨ (*Loud noise and Interruptions*)। ਉਹ unfair ਇਸ sense ਵਿਚ ਹੋਏ ਹਨ ਕਿ ਇਸ ਵਿਰੋਧੀ ਧੜੇ ਦੇ ਆਦਮੀਆਂ ਨੇ ਚੋਣਾਂ ਵਿਚ unfair means ਇਸਤੇਮਾਲ ਕੀਤੇ ਹਨ। ਇਹ ਲੋਕ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਖੁਦ unfair means ਇਸਤੇਮਾਲ ਕੀਤੇ ਹਨ ਉਹ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕਹਿ ਸਕਦੇ ਹਨ...... (*Interruptions*) ਜਦੋਂ ਇਹ ਸਾਹਿਬਾਨ ਬੋਲਦੇ ਹਨ ਤਾਂ ਅਸੀਂ ਸਬਰ ਨਾਲ ਸੁਣਦੇ ਹਾਂ ਲੇਕਿਨ ਜਦੋਂ ਅਸੀਂ ਬੋਲਦੇ ਹਾਂ ਤਾਂ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਦੀ ਮਦਾਖਲਤ ਨਹੀਂ ਹੋਣੀ ਚਾਹੀਦੀ। ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਚੋਣਾਂ ਵਿਚ unfair means ਇਸਤੇਮਾਲ ਕੀਤੇ ਅਤੇ ਧਰਮ ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ elections ਲੜੇ ਹਨ।

ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਨਾਮ ਸਿੰਘ : ਨਾਮ ਧਾਰੀਆਂ ਦੇ ਗੁਰੂ ਤੋਂ ਏਲਾਨ ਤਾਂ ਤੁਸੀਂ ਕਰਾਇਆ ਹੈ।

ਸਹਾਇਤਾ ਪੁਰਨਵਾਸ ਅਤੇ ਸਭਿਆਚਾਰਕ ਮਾਮਲਿਆਂ ਦੇ ਰਾਜ ਮੰਤ੍ਰੀ : ਤਰਲਾ ਤਾਂ ਤੁਸੀਂ ਵੀ ਬਹੁਤ ਮਾਰਿਆ ਸੀ ਪਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਤੁਹਾਡੀ ਮੰਨੀ ਨਹੀਂ। ਤੋਂ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰ ਰਿਹਾ ਸੀ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਚੋਣਾਂ ਵਿਚ ਪੰਥ ਦਾ ਨਾਅਰਾ ਲਾਇਆ ਅਤੇ ਸੁਲਤਾਨਪੁਰ ਲੋਧੀ ਤੋਂ ਜੋ ਮੈਂਬਰ ਸਾਹਿਬ ਆਏ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਚੰਗੀ ਤਰ੍ਹਾਂ ਅਗੇ ਹਾਊਸ ਨੂੰ ਦਸਿਆ ਹੈ ਕਿ ਕਿਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਗੁਰਦਵਾਰਿਆਂ ਦੇ funds ਨੂੰ ਇਸਤੇਮਾਲ ਕੀਤਾ, ਗੁਰਦਵਾਰਿਆਂ ਦੇ ਢਾਡੀ ਸਿਖਾਂ ਨੂੰ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਪਰਚਾਰ ਲਈ ਭੇਜਿਆ ਅਤੇ ਸ਼ੋਮਣੀ ਕਮੇਟੀ ਤੋਂ ਜੋ ਪਰਚਾਰਕ ਤਨਖਾਹਾਂ ਲੈਂਦੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪਿੰਡਾਂ ਵਿਚ ਪਰਚਾਰ ਕਰਨ ਭੇਜਿਆ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਪੰਥ ਦੇ ਨਾਮ ਤੇ ਵੋਟ ਮੰਗੇ। ਇਸ ਤੋਂ ਇਲਾਵਾ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਚੋਣਾਂ ਵਿਚ ਸ੍ਰੀ ਨਿਸ਼ਾਨ ਸਾਹਿਬ, ਜੋ ਗੁਰੂ ਗੋਬਿੰਦ ਸਿੰਘ ਜੀ ਦੇ ਹਨ ਜਿਸਦਾ ਮੈਂ ਸਤਿਕਾਰ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਅਤੇ ਜਿਸ ਦੀ ਗੁਰਦਵਾਰੇ ਤੇ ਝੂਲਣ ਵਿਚ ਸ਼ਾਨ ਹੈ, ਉਸ ਦਾ ਇਨ੍ਹਾਂ ਸਜਨਾਂ ਨੇ ਅਪਮਾਨ ਕੀਤਾ ਹੈ। ਅਪਮਾਨ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਕੀਤਾ ਹੈ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਕ ਨਹੀਂ ਸੈਂਕੜੇ ਬਾਂਸ ਦੀਆਂ ਸੋਟੀਆਂ ਦੇ ਨਿਸ਼ਾਨ ਸਾਹਿਬ ਬੰਨ੍ਹੇ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਜੀਪਾਂ ਵਿਚ ਲੈਕੇ ਜਿਸ ਜਲਸੇ ਵਿਚ ਗਏ ਉਥੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਹਥਾਂ ਵਿਚ ਲੈਕੇ ਨਾਅਰੇ ਲਾਏ ਕਿ 'ਜੋ ਬੋਲੇ ਸੋ ਨਿਹਾਲ, ਸਤਿ ਸ੍ਰੀ ਅਕਾਲ'। ਮੇਰੀ ਜ਼ਬਾਨ ਸੜ ਜਾਵੇ ਜੇਕਰ ਮੇਰੇ ਮੂੰਹ 'ਚੋਂ ਇਕ ਲਫਜ਼ ਵੀ ਇਸ ਦੇ ਅਨਾਦਰ ਵਿਚ ਨਿਕਲ ਜਾਵੇ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਫੇਰ ਨਿਸ਼ਾਨ ਸਾਹਿਬ ਜੀਪਾਂ ਵਿਚ ਰਖੇ ਅਤੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਉਪਰ ਬੈਠ ਕੇ ਘੁੰਮਦੇ ਰਹੇ ਅਤੇ ਇਹ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਉਸਦਾ ਅਨਾਦਰ ਕਰਦੇ ਰਹੇ ਹਨ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਜੀਪਾਂ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਤੇ ਨਿਸ਼ਾਨ ਸਾਹਿਬ ਰਖੇ ਸਨ ਸ਼ਰਾਬ ਦੇ ਠੇਕਿਆਂ ਦੇ ਸਾਹਮਣੇ ਖੜੀਆਂ ਦੇਖੀਆਂ ਗਈਆਂ। ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਪਵਿਤਰ ਨਿਸ਼ਾਨ ਨੂੰ ਨਾਜਾਇਜ਼ ਤਰੀਕੇ ਨਾਲ ਚੋਣਾਂ ਵਿਚ ਇਸਤੇਮਾਲ ਕੀਤਾ ਅਤੇ ਅਜ ਖੜੇ ਹੋ ਕੇ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ elections unfair ਹੋਏ ਹਨ। ਮੈਂ ਤੁਹਾਨੂੰ ਹੋਰ ਇਕ ਵਡੇ ਸਰਦਾਰ ਦੀ ਇਸ ਸਿਲਸਿਲੇ ਵਿਚ ਗੱਲ ਸੁਣਾਉਂਦਾ ਹਾਂ ਜਿਹੜਾ ਕਿ 25 ਹਜ਼ਾਰ ਦੀ ਕਾਰ ਵਿਚ ਜਾ ਰਿਹਾ ਸੀ। ਰਸਤੇ ਵਿਚ ਉਸ ਨੇ ਕੁਝ ਸਿਖ ਮਜ਼ਦੂਰ ਕੰਮ ਕਰਦੇ ਹੋਏ ਦੇਖੇ। ਮੈਂ ਵੀ ਉਧਰੋਂ ਆ ਰਿਹਾ ਸੀ। ਉਹ ਮੋਟਰ ਖੜੀ ਕਰਕੇ ਮਜ਼ਦੂਰਾਂ ਨੂੰ ਕਹਿਣ ਲਗਾ ਕਿ ਵੋਟ ਮੈਨੂੰ ਪਾਉ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਪੁਛਿਆ ਕਿ ਕਿਉਂ? ਉਹ ਕਹਿਣ ਲਗਾ ਕਿ ਤੁਹਾਡੇ ਸਿਰ ਵੀ ਕੇਸ ਹਨ ਅਤੇ ਮੇਰੇ ਸਿਰ ਵੀ ਕੇਸ ਹਨ, ਤੁਹਾਡੇ ਮੂੰਹ ਵੀ ਦਾੜ੍ਹੀ ਹੈ ਤੇ ਮੇਰੇ ਮੂੰਹ ਵੀ ਦਾੜ੍ਹੀ ਹੈ ਅਤੇ ਤੁਸੀਂ ਵੀ ਗੁਰੂ ਗੋਬਿੰਦ ਸਿੰਘ ਦੇ ਸਿੰਘ ਹੋ ਤੇ ਮੈਂ ਵੀ ਸਿੰਘ ਹਾਂ। ਇਸ ਲਈ ਸਾਡੀ ਬਹੁਤ ਵਡੀ ਸਾਂਝ ਹੈ ਫੇਰ ਤੁਸੀਂ ਮੈਨੂੰ ਕਿਉਂ ਨਹੀਂ ਪਾਉਗੇ। ਮੈਂ ਵੀ ਖੜਾ ਸੀ ਅਤੇ ਮੈਂ ਉਸਨੂੰ ਪੁਛਿਆ ਕਿ ਸਰਦਾਰ ਜੀ ਇਹ ਮੋਟਰ ਕਿਤਨੇ ਦੀ ਲਈ ਹੈ। ਉਹ ਕਹਿਣ ਲਗਾ ਕਿ ਆਪਣਾ ਮਤਲਬ? ਮੈਂ ਕਿਹਾ ਕਿ ਐਵੇਂ ਹੀ ਪੁਛਦਾ ਹਾਂ। ਉਹ ਕਹਿਣ ਲਗਾ ਕਿ 25 ਹਜ਼ਾਰ ਦੀ ਹੈ। ਮੈਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪੁਛਿਆ ਕਿ ਜਦੋਂ ਤੁਸੀਂ ਇਸ ਕਾਰ ਵਿਚ ਬੈਠ ਕੇ ਜਾਂਦੇ ਹੋ ਤਾਂ ਤੁਹਾਨੂੰ ਕਦੇ ਕੋਈ ਮਜ਼ਦੂਰ ਸਿਖ, ਲਕੜੀਆਂ ਪਾੜਨ ਵਾਲੇ ਸਿਖ, ਮਿੱਟੀ ਦੀ ਟੋਕਰੀ ਚੁਕੇ ਹੋਏ ਮਜ਼ਦੂਰ ਸਿਖ ਤੇ ਰੋੜੀ ਕੁਟਣ ਵਾਲੇ ਸਿਖ ਵੀ ਨਜ਼ਰ ਆਉਂਦੇ ਹਨ। ਉਸਨੇ ਕਿਹਾ ਕਿ ਹਾਂ ਆਉਂਦੇ ਹਨ। ਮੈਂ ਕਿਹਾ ਕਿ ਕੀ ਤੁਸੀਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਵੇਖ ਕੇ ਕਦੀ ਆਪਣੀ ਮੋਟਰ ਖੜੀ ਕੀਤੀ ਹੈ?......(*Noise and interruptions*)

ਆਵਾਜ਼ਾਂ : ਕੀ ਇਹ ਬਜਟ ਤੇ ਬਹਿਸ ਹੋ ਰਹੀ ਹੈ? (*Noise*)

Deputy Speaker: I would request the hon. Minister not to make any provocation.

ਸਹਾਇਤਾ ਪੁਰਨਵਾਸ ਅਤੇ ਸਭਿਆਚਾਰਕ ਮਾਮਲਿਆਂ ਦੇ ਰਾਜ ਮੰਤ੍ਰੀ : ਮੈਂ ਬਿਲਕੁਲ irrelevant ਨਹੀਂ, ਤੇ ਮੈਂ ਅਰਜ਼ ਕਰਦਾ ਹਾਂ ਕਿ ਮੈਂ ਉਸ ਸਰਦਾਰ ਸਾਹਬ ਨੂੰ ਪੁਛਿਆ ਕਿ ਤੁਸੀਂ ਕਦੇ ਕਾਰ ਖੜੀ ਕਰਕੇ ਉਸ ਮਿਟੀ ਢੋਣ ਵਾਲੇ ਮਜ਼ਦੂਰ ਨਾਲ ਹਮਦਰਦੀ ਕੀਤੀ ਕਿ ਤੇਰੇ ਸਿਰ ਵਿਚ ਮਣ ਮਣ ਮਿਟੀ ਪਈ ਹੋਈ ਹੈ ਅਤੇ ਇਸ ਮਜ਼ਦੂਰੀ ਨਾਲ ਤੇਰੇ ਬਾਲ

ਬੱਚਿਆਂ ਦਾ ਗੁਜ਼ਾਰਾ ਨਹੀਂ ਹੁੰਦਾ, ਇਸ ਲਈ ਇਹ ਲੈ ਇਕ ਰੁਪਿਆ ਇਸ ਨਾਲ ਸਾਬਣ ਦੀ ਟਿੱਕੀ ਲੈ ਲਈਂ ਅਤੇ ਗੁਰੂ ਸਾਹਿਬ ਦੇ ਪਵਿਤਰ ਕੇਸ ਧੋ ਲਈਂ ਕਿਉਂਕਿ ਤੇਰੇ ਸਿਰ ਵੀ ਕੇਸ ਹਨ ਮੇਰੇ ਸਿਰ ਵੀ ਕੇਸ ਹਨ ਅਤੇ ਤੇਰੇ ਮੂੰਹ ਵੀ ਦਾੜ੍ਹੀ ਹੈ ਤੇ ਮੇਰੇ ਮੂੰਹ ਵੀ ਦਾੜ੍ਹੀ ਹੈ। ਉਸ ਨੂੰ ਜਾ ਕੇ ਧੋ ਲੈ......... (*Noise and interruptions*).

सरदार गुरनाम सिंह : On a point of order, Madam. आप ने एक रोज़ यहां पर कहा था कि महात्मा गांधी का नाम हाऊस में न इस्तेमाल किया जाये । माननीय सदस्य बार बार गुरू गोबिंद सिंह जी का नाम ले रहे हैं । मैं समझता हूं कि यह वाजिब नहीं है । अगर यहां कांग्रेस पार्टी का रवैया यही रहा तो हम इन के लीडरों के बारे बहुत सी बातें कहेंगे । यह आप सोच लें ।

उपाध्यक्ष महोदया : मैं माननीय सदस्य गण से प्रार्थना करूंगी कि वे अपनी स्पीच के दौरान में इन लीडरों का नाम न लें । (I will request the hon. Members of the House not to bring in the names of these leaders during the course of their speeches.)

ਸਹਾਇਤਾ, ਪੁਨਰਵਾਸ ਅਤੇ ਸਭਿਆਚਾਰਕ ਮਾਮਲਿਆਂ ਦੇ ਰਾਜ ਮੰਤ੍ਰੀ : ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਮੈਂ ਆਖਰੀ ਆਦਮੀ ਹੋਵਾਂਗਾ ਜਿਹੜਾ ਇਸ ਹਾਊਸ ਵਿਚ ਗੁਰੂ ਗੋਬਿੰਦ ਸਿੰਘ ਦਾ ਨਾਮ ਲੈ ਕੇ ਕੋਈ ਗਲ ਕਹਾਂਗਾ। ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਗੁਰੂ ਗੋਬਿੰਦ ਸਿੰਘ ਦਾ ਨਾਮ ਲੈ ਕੇ ਕਿਹਾ ਮੈਂ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਖਿਲਾਫ ਕਹਿੰਦਾ ਹਾਂ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਸ ਤਰੀਕੇ ਨਾਲ ਇਲੈਕਸ਼ਨਾਂ ਵਿਚ ਹਿਸਾ ਲਿਆ। ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਅੱਜ ਸਰਦਾਰ ਗੁਰਦਿਆਲ ਸਿੰਘ ਜੀ ਨੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਇਕ ਬੜੀ ਸੁਹਣੀ ਸਲਾਹ ਦਿਤੀ ਅਤੇ ਇਹ ਸਲਾਹ ਦਿਤੀ.........

उपाध्यक्ष महोदया : देखिये सरदार प्रेम सिंह प्रेम, अगर आप इसी तरह से दूसरों के हवाले देते चले जायेंगे तो provocation पैदा होगी । आप को इस तरह की बातें नहीं करनी चाहियें । आप ने बजट की तारीफ में जो कुछ कहना हो वही कहिए। (I would like to remind the hon. Minister, Sardar Prem Singh 'Prem' that in case he continues to refer to others like this, it would in result provocation. He should avoid such matters. He should confine himself to the observations in support of the budget.)

ਸਹਾਇਤਾ, ਪੁਨਰਵਾਸ ਅਤੇ ਸਭਿਆਚਾਰਕ ਮਾਮਲਿਆਂ ਦੇ ਰਾਜ ਮੰਤ੍ਰੀ : ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਇਹ ਗਲ ਕਹੀ ਹੈ ਕਿ ਕੀ ਸਾਨੂੰ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਅਮਨ ਦੀ ਲੋੜ ਹੈ, ਕੀ ਅਸੀਂ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਹਾਲਾਤ ਠੀਕ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਾਂ। ਅਸੀਂ ਪੰਜਾਬ ਦੇ ਹਾਲਾਤ ਠੀਕ ਕਰਨਾ ਚਾਹੁੰਦੇ ਹਾਂ ਤਾਂ ਹੀ ਅਸੀਂ ਵਧ ਤੋਂ ਵਧ ਰੁਪਿਆ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਭਲਾਈ ਵਾਸਤੇ ਖਰਚ ਕਰ ਸਕਾਂਗੇ। ਮੈਂ ਪਿਛਲੀ ਤਾਰੀਖ ਵਿਚ ਨਹੀਂ ਜਾਂਦਾ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਪੰਜਾਬੀ ਸੂਬੇ ਦੀ ਮੰਗ ਛਡ ਦੇਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ। ਪੰਜਾਬੀ ਸੂਬੇ ਦੀ ਮੰਗ ਦੀ ਵਜ੍ਹਾ ਕਰਕੇ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਇਤਨੀਆਂ ਐਜੀਟੇਸ਼ਨਾਂ ਕੀਤੀਆਂ। ਮਾਸਟਰ ਤਾਰਾ ਸਿੰਘ ਨੇ ਇਤਨੇ ਵਰਤ ਰਖੇ। ਵਰਤ ਰਖਣ ਦੀ ਵਜ੍ਹਾ ਕਰਕੇ ਪੰਜਾਬ ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਜਿਹੜਾ ਰੁਪਿਆ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਭਲਾਈ ਵਾਸਤੇ ਖਰਚ ਕਰਨਾ ਸੀ ਉਹ ਦੂਜੇ ਪਾਸੇ ਖਰਚ ਹੋਇਆ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਇਹ ਮੰਗ ਛੱਡ ਦੇਣੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ।

ਸਰਦਾਰ ਲਛਮਣ ਸਿੰਘ ਗਿਲ : ਤੁਸੀਂ ਵਜ਼ੀਰੀ ਛਡ ਦਿਉ।

ਸਹਾਇਤਾ, ਪੁਨਰਵਾਸ ਅਤੇ ਸਭਿਆਚਾਰਕ ਮਾਮਲਿਆਂ ਦੇ ਰਾਜ ਮੰਤ੍ਰੀ : ਮੈਂ ਵਜ਼ੀਰੀ ਛਡ ਦਿਆਂਗਾ, ਉਹ ਇਹ ਮੰਗ ਛਡ ਦੇਣ। ਅਗਰ ਇਹੋ ਜਿਹੀਆਂ ਗਲਾਂ ਹੋਣ, ਅਗਰ ਸੂਬੇ ਦੇ ਅਮਨ ਵਾਸਤੇ ਗਲ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਵਜ਼ਾਰਤ ਦੀ ਕੋਈ ਗਲ ਨਹੀਂ। ਮੈਂ ਪਹਿਲਾਂ ਪੈਪਸੂ ਵਿਚ ਵਜ਼ੀਰ ਸੀ। ਫਿਰ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਵਜ਼ੀਰ ਰਿਹਾ। ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਉਸ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪਿਛਲੇ 5 ਸਾਲ ਮੈਂ ਵਜ਼ੀਰ ਨਹੀਂ ਬਣਾਇਆ ਗਿਆ। ਉਨ੍ਹਾਂ 5 ਸਾਲਾਂ ਵਿਚ ਇਕ ਵਫਾਦਾਰ ਸਿਪਾਹੀ ਦੇ ਤੌਰ ਤੇ ਕਾਂਗਰਸ ਪਾਰਟੀ ਦਾ ਸਾਥ ਦਿਤਾ। ਮੈਂ ਕੋਈ ਬਾਬੂ ਬਚਨ ਸਿੰਘ ਵਾਂਗੂ ਨਹੀਂ। ਮੈਂ ਬਾਬੂ ਬਚਨ ਸਿੰਘ ਦੀ ਇਜ਼ਤ ਕਰਦਾ ਹਾਂ। ਉਹ ਬੜੇ ਪੁਰਾਣੇ ਵਰਕਰ ਹਨ।

उपाध्यक्ष महोदया : अगर Treasury Benches वाले मेम्बर साहिबान decorum का ख्याल नहीं रखेंगे तो आप इन को मौका देंगे कि वह भी चिल्लाएं (*Thumping from Opposition Benches*) इस में तालियों की कोई बात नहीं यह हाउस की dignity का सवाल है। आप इन बातों को छोड़िए कि आप मनिसटर रहे या नहीं। इस वक्त बजट पर बहस हो रही है और आप बजट तक ही अपने ख्यालात महदूद करें। (If the hon. Members occupying the Treasury Benches do not take care of the decorum of the House, it would provide an opportunity to the Opposition to raise hue and cry (*Thumping from the Opposition Benches*). There is no occasion for thumping of benches, it is the question of dignity of the House. The hon. Minister should leave the matter whether he was a Minister or not. Now we are having discussion of the budget and he should confine his remarks to that.)

ਸਹਾਇਤਾ ਪੁਨਰਵਾਸ ਅਤੇ ਸਭਿਆਚਾਰਕ ਮਾਮਲਿਆਂ ਦੇ ਰਾਜ ਮੰਤ੍ਰੀ : ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਵੈਸੇ ਤੁਸੀਂ ਕੁਰਸੀ ਤੇ ਬੈਠੇ ਹੋ, ਮੈਨੂੰ ਕੁਰਸੀ ਦਾ ਸਤਿਕਾਰ ਹੈ। ਜੋ ਹੁਕਮ ਕਰੋਗੇ ਮੈਂ ਮੰਨਾਂਗਾ। ਜੇ ਮੈਂ relevant ਹੋਵਾਂ ਤਾਂ ਮੈਂ ਕਹਿ ਸਕਦਾ ਹਾਂ। ਮੇਰੇ ਦੋਸਤਾਂ ਨੇ ਮੈਨੂੰ provoke ਕੀਤਾ ਹੈ। ਉਹ ਕਹਿੰਦੇ ਹਨ ਕਿ ਵਜ਼ੀਰ ਬਣਨ ਦੀ ਖਾਤਰ ਇਹ ਕੁਛ ਕਰ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਜੇ ਮੈਂ 5 ਸਾਲ ਵਜ਼ੀਰ ਨਹੀਂ ਬਣਾਇਆ ਗਿਆ ਤਾਂ ਵੀ ਕਾਂਗਰਸ ਨਾਲ ਰਿਹਾ ਹਾਂ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਦੋਸਤ ਡੇਢ ਦਿਨ ਵਜ਼ੀਰ ਬਣਾਏ ਗਏ ਤੇ ਜਦੋਂ ਹਟਾ ਦਿਤੇ ਗਏ ਤਾਂ ਕਾਂਗਰਸ ਛਡ ਕੇ ਚਲੇ ਗਏ। (ਵਿਘਨ) ਡਿਪਟੀ ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬਾ, ਅਗਰ ਤੁਸੀਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਰੋਕੋ ਤਾਂ ਤੁਹਾਡੀ ਬੜੀ ਮਿਹਰਬਾਨੀ ਹੈ।

It has been noticed for sometime past that the newly-appointed clreks and others in the Directorate and sub-offices/institutions particularly graduates don't settle down to the work and start applying for jobs elsewhere almost immediately on joining thus treating service in the Education Department as temporary. The number of applications for employment from temporary officials is on the increase. This accentuates the shortage of experienced officials and impairs efficiency. It has, therefore, become necessary in the interest of public service to review and tighten the present practice of forwarding applications of officials of the Department for employing in other Departments. After careful consideration and keeping in view the general policy, instructions contained in Punjab Government letters No. 58003-G-51/1-45006, dated the 3rd September, 1951 and No. 9869-G-54/8566, dated the 2nd March, 1954, it has been decided to lay down the following procedure"—

सारा procedure लिखते हुए वे कहते हैं :

"In case of temporary employees, their applications will be forwarded only after they have rendered not less than two years' service. If any temporary official with less than two years' service in the Department wants to apply for an outside post, he will have to resign and go."

यह तो Education Department का circular था । अब एक circular Agriculture Department का है ।

Mr. Speaker : Is it not confidential ? What is the source of your information ?

बाबू बचन सिंह : मिस्टर स्पीकर, मुझे privately मिला है । जिस आदमी ने मुझे दिया है मैं उसका नाम नहीं जानता । मैं कहना चाहता हूं कि गवर्नमेंट restrictions लगाती है लेकिन बाद में मुकर जाती है ।

Agriculture Department का circular यह है :

"It has been decided that the future application of individual Agricultural Inspector for posts outside the department will not be forwarded unless he has put in five years service in the Department. These instructions should be kept in view while forwarding application and it should invariably be certified that the Agricultural Inspector concerned has put in over five years service in the Department and (2) this is his Ist application for outside post during the calendar year.'

इस पर दस्तखत हैं सरदार अजायब सिंह D.D.A. के for Director Agriculture, Punjab और तारीख है 17-6-58, तो, मिस्टर स्पीकर, इस administration

[बाबू बचन सिंह]

की यह हालत हो गई है कि एक तरफ तो यह कहा जाता है कि अगर हमारे employees Public Service Commission या Subordinate Services Selection Board के through कहीं और नौकरी लेना चाहते हों तो उन पर कोई पाबन्दी नहीं होगी लेकिन दूसरी तरफ यह circulars जारी किये जाते हैं कि पांच साल से कम service वाले Agricultural Inspector की application forward न की जाए, Education Department में दो साल से कम temporary service वाले मुलाज़म की application forward न की जाए। अगर वह किसी दूसरे department में जाना चाहता हो तो पहले वह अपनी present post पर से resign करे। उस के बाद कहीं दूसरी जगह के लिये apply करे। अब सवाल यह है कि क्या ये circulars ग़लत हैं या जो जवाब चीफ मिस्नस्टर की तरफ से आया था वह ग़लत है। इन दोनों में से कौन बात ग़लत है ?

मुख्य मन्त्री : दोनों को ही ठीक समझिए। अगर आप अपने सवाल के लफ़्ज़ों को पढ़ें तो आप को पता लग जायेगा कि दोनों बातें ठीक हैं। खैर, मैं इस का जवाब आप को दे दूंगा।

बाबू बचन सिंह : अगर दोनों को ठीक समझूं तो, मिस्टर स्पीकर, मुझे आप की तवज्जुह एक ऐसे अमर की तरफ दिलानी पड़ेगी जो इस से भी serious है। ज़िला अमृतसर में एक सरदार भगेल सिंह हैं। उन के भाई सरदार चानन सिंह थे। दोनों सन् 1914-15 में अमरीका से आए। दोनों पर मुकद्दमा चला। सरदरार चानन सिंह को फांसी की सज़ा हुई और सरदार भगेल सिंह को उम्र कैद। सरदार भगेल सिंह ने रिहाई के बाद political sufferer के तौर पर गवर्नमेंट को pension या relief के लिये दरखास्त दी। उस के लिये pension लगा दी गई। बदकिस्मती यह हुई कि सन् 1957 में सरदार भगेल सिंह ने elections में ruling party की मदद न की।

Chief Minister : I think that is wrong. I shall let the hon. Member know the facts.

बाबू बचन सिंह : जो कुछ मैं अर्ज़ कर रहा हूं वह सरकारी खतोकिताबत की रूह से कर रहा हूं।

मुख्य मन्त्री : क्या उसी में यह लिखा है कि क्योंकि election में मदद नहीं की इस लिए relief बन्द कर दी गई ?

बाबू बचन सिंह : मुझे ज़रा आगे भी चलने दीजिए सरकार। मैं आगे चल कर आपको बताऊंगा। (*Interruptions*)

(Interruption by Shri Amar Nath)

Mr. Speaker : If the hon. Member wants to speak he should better go to his own seat.

बाबू बचन सिंह : मिस्टर स्पीकर, जिस आदमी की कुरबानियों पर हम इतना फख्र करते हैं कि उस ने देश की आज़ादी के लिये इतना कुछ किया, जिस का भाई फांसी पर चढ़ गया; उस की pension stop कर दी गई । जब उस ने चिट्ठी लिखी तो Chief Secretary ने उस का जबाब दिया और उसका नम्बर है 3597-WG57/ 29845, यह चिट्ठी 9-4-57 की है । उस में Chief Secretary ने लिखा कि वह तो political sufferer ही नहीं है । उस के बाद उस ने और खतोकिताबत जारी रखी और इस के अलावा इसी विधान सभा में 10 मार्च, 1960 को सवाल नम्बर 5567 में यह पूछा गया कि उस की relief stop किये जाने के क्या कारण हैं ? उस सवाल के जवाब में गवर्नमेंट की तरफ से बताया गया कि 'Bhagail Singh is dead' यानी भगेल सिंह की relief इसलिये stop की गई क्योंकि वह मर चुका है । मिस्टर स्पीकर, उस मुर्दे ने फिर खतोकिताबत शुरू की । (*Laughter*) उस ने कहा कि मैं तो अभी जिन्दा हूं ।

मुख्य मन्त्री : आप को पता है कि भिक्खीविंड के दो भगेल सिंह हैं ।

बाबू बचन सिंह : यह भगेल सिंह तो सन् 1914 में गिरफ्तार हुआ और उसे उम्र कैद हुई थी ।

मुख्य मन्त्री : दूसरे को भी उम्र कैद हुई थी ।

बाबू बचन सिंह : मिस्टर स्पीकर, इस case को सामने रखते हुए पुराने वक्त की बात याद आ जाती है । कहते हैं कि किसी आदमी की जायदाद दूसरे आदमी के नाम चढ़ गई । उस ने जाकर अफसर को कहा कि साहब ! मैं तो ज़िन्दा हूं लेकिन साहब ने जवाब दिया कि file यह कहती है कि तुम मर गए हो इसलिये मैं कैसे मान लूं कि तुम ज़िन्दा हो । उस ने कहा कि शहादत के लिये लम्बरदार हाज़िर है पर साहब नहीं माना । उस ने कहा कि मैं लम्बरदार को नहीं मानता, file कहती है कि तुम मर चुके हो, इस लिये मैं कुछ नहीं कर सकता । वही बात यहां पर है । उस ने खतोकिताबत जारी रखी और आखिर में उस की pension फिर लगा दी गई यानी जिसे वह कहते थे कि तुम political sufferer ही नहीं हो, जिस को कहा गया था कि तुम मर गए हो वह मुर्दा भी ज़िन्दा हो जाता है ।

Chief Minister : The hon. Member seems to be confused about Bhagail Singh.

बाबू बचन सिंह : इस ज़माने में सब कुछ मुमकिन हो सकता है क्योंकि आज science का ज़माना है, science ने बहुत ज़्यादा तरक्की कर ली है । इसी ज़माने में administration की यह खूबी है कि मुर्दा भी ज़िन्दा हो सकता है ।

श्री अमर नाथ शर्मा : अगवा हुए हुए मिल जाते हैं और उसी तरह मुर्दे भी ज़िन्दा हो जाते हैं ।

बाबू बचन सिंह : मैं अर्ज़ करता हूं कि जहां ज़िन्दा लोगों को मार दिया जा सकता है वहां अगवा करने की कोशिश भी इसी तरह से हो सकती है । तो मैं बता रहा था कि

[बाबू बचन सिंह]

भगेल सिंह को अब ज़िन्दा मान लिया गया । उस की pension दुबारा लगा दी गई लेकिन आप सरकार की vindictiveness की हद देखिए कि दरम्यानी अर्सा की pension नहीं दी गई । उसने लिखा कि जब बीच में pension बन्द कर दी गई थी तो उस में मेरा कोई कसूर नहीं था । मुझे पहले से ही political sufferer माना जा चुका है और अब यह भी मान लिया गया है कि मैं ज़िन्दा हूं तो दरम्यानी अर्सा की बकाया pension दी जाए लेकिन, मिस्टर स्पीकर, यह गवर्नमेंट वह बकाया pension देने को तैयार नहीं है। इस से आप क्या अन्दाज़ा लगा सकते हैं? ज़ाहिर है कि उस के लिए सरकार का यह vindictive attitude है । अगर उस की बकाया pension भी दे दी जाती तो मैं समझ सकता था कि शायद ग़लती से उसे मुर्दा तसव्वर कर लिया गया था लेकिन जिस दिन से उस की pension stop हुई उस दिन के बाद का एक पैसा भी नहीं दिया गया तो साफ ज़ाहिर है यह administration जिस तरीके से काम कर रही है उस के पसे पर्दा बदले की भावना काम कर रही है ।

Chief Minister : Totally wrong.

(*At this stage Chaudhri Ram Sarup came from the Treasury side and occupied his seat on the Opposition Benches.*)

श्री अमर नाथ शर्मा : On a point of order, Sir. चौधरी राम सरूप जी ने floor को cross किया है ।

चौधरी राम सरूप : मैं ने स्पीकर साहिब, और बोलने वाले मैम्बर साहिब के दरम्यान cross नहीं किया। इस तरह से आने में कोई हरज वाली बात नहीं है ।

Mr. Speaker : An hon. Member cannot cross the line between the Speaker and the Member in possession of the House.

बाबू बचन सिंह : तो मिस्टर स्पीकर, मैंने चीफ मनिस्टर साहिब के ज़िले की एक ही instance आप के सामने पेश की है कि इन की मौजूदगी में ज़िला अमृतसर में ज़िन्दों को मुर्दा और मुर्दों को ज़िन्दा करना आजकल का कारोबार बन गया है। (घंटी) मिस्टर स्पीकर, मैं ने debate को शुरू किया है और मैं उम्मीद करता हूं कि आप मेहरबानी करके मुझे कुछ बातें कहने के लिये थोड़ा सा वक्त ज़रूर देंगे । तो मैं यह कहना चाहता हूं कि आप सरदार सज्जन सिंह मरगिन्दपुरी को जानते हैं । वह इस असैम्बली के मैम्बर भी रहे हैं ।

Mr. Speaker : His case is *subjudice*.

बाबू बचन सिंह : मैं उन का ज़िक्र इस लिये करना चाहता हूं क्योंकि आप भी उन को जानते हैं। उन पर मुकद्दमे बने । मैं उस case का ज़िक्र नहीं कर रहा...

Mr. Speaker : It has bearing on the case.

बाबू बचन सिंह : मैं सिर्फ उन से मुतअल्लिका बात को आप के सामने रखने लगा हूं ।

Mr. Speaker : I would request the hon. Member to avoid it.

बाबू बचन सिंह : लेकिन, मिस्टर स्पीकर, मैं किसी *subjudice* case को discuss नहीं करने जा रहा हूं ।

श्री अध्यक्ष : मैं अर्ज करूंगा कि आप उन की personality को भी वहां discuss न करें । (I would request the hon. Member not to discuss even his personality here in the House.)

बाबू बचन सिंह : मैं अर्ज करना चाहता हूं कि किस तरह इस administration में झूठे cases बनाए जाते हैं ।

3-00

Chief Minister : It is entirely wrong. The Magistrate has stated that it is not free from doubt.

बाबू बचन सिंह : सरकार ने उस के खिलाफ अपील नहीं की । (विघ्न)

Mr. Speaker : The Government can still file an appeal.

बाबू बचन सिंह : सरदार सज्जन सिंह मरगिंदपुरी जो पार्लियामेंट्री सैक्रेटरी रहे हैं उन के लड़के के साले पर भी झूठा मुकद्दमा बनाया गया । उस पर मैजिस्ट्रेट ने रिमार्कस (remarks) लिखे जो मैं पढ़ कर सुनाता हूं :

Mr. Speaker : Is there still time for filing an appeal in the case ? If there is still time then it cannot be referred to here. If, however, the time allowed for filing an appeal has lapsed then the judgment could be referred to by the hon. Member.

कामरेड बाबू सिंह मास्टर : On a point of order, Sir. क्या कोई मैम्बर बैठे बैठे बहस कर सकते हैं जिस तरह की चीफ मिनिस्टर साहिब कर रहे हैं ?

श्री अध्यक्ष : नहीं कर सकते । (No please)

बाबू बचन सिंह : उस पर चूंकि सरकार ने कोई अपील नहीं की .....

Mr. Speaker : If there is still time to appeal then it cannot be mentioned.

मुख्य मंत्री : अभी तो फैसला हुए चार ही दिन हुए हैं, अभी टाइम है ।

बाबू बचन सिंह : अब ज़रा इस बात पर गौर कीजिए । सरदार सज्जन सिंह, उस के लड़के, उस के भाइयों और उस के दीगर रिश्तादारों पर 51 फर्ज़ी मुकद्दमे बनाए गए । इन सब में वह बरी हुए और इन में से कोई भी अब सबजुडिस (*subjudice*) नहीं है ।

Mr. Speaker : I would request the hon. Member not to make a mention of that if the time for appeal has not as yet lapsed.

बाबू बचन सिंह : मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि 27-12-57 से ले कर 18-10-60 तक सरदार सज्जन सिंह पर दफा 107-151 के चार मुकदमे बनाए गए । फिर उस पर

[बाबू बचन सिंह]
माझे की कांग्रेस के पैसों के सिलसिले में मुकद्दमा फ़र्जी चलाया गया । दफा 409 के नीचे उस के लड़के अजीत सिंह पर दफा 107 के नीचे 5 मुकद्दमे, दफा 325 के नीचे 1 और दफा 307 के नीचे 1 मुकद्दमा बनाया गया। यहां ही बस नहीं, सरदार सज्जन सिंह जो आप 60 साल के हैं उन के पिता जिन की उम्र 90 साल की है, उन पर भी दफा 107-151 के तहत मुकदमा खड़ा किया गया । अब आप बताएं कि एक 90 साल के आदमी पर इस दफा के तहत मुकद्दमा बनाना कहां तक ठीक है।

Mr. Speaker : Law does not respect age.

बाबू बचन सिंह : जनाब, जिस में चलने की शक्ति ही न हो वह लड़ाई क्या करेगा। (विघ्न)

मुख्य मन्त्री : मैं पता कर के बताऊंगा कि यह बातें ठीक हैं या ग़लत ।

बाबू बचन सिंह : इस तरह से उस सारे के सारे खानदान को एक के बाद एक केस में involve किया गया। उन पर बार बार मुकद्दमे बनाए गए और वह सब में बरी होते रहे । और अगर यह आज इस बात की पनाह न लेते कि अभी अपील की गुंजायश है तो मैं आप को पढ़ कर बताता कि उस मैजिस्ट्रेट ने किस किस्म के strictures पास किए हैं कि ऐसे ऐसे सब-इंस्पैक्टर्ज़ (Sub-inspectors) भी हैं जो इस तरह के झूठे मुकद्दमे बना सकते हैं।

एक और बात मैं आप के नोटिस में लाना चाहता हूं । सरकार ने 2 अप्रैल, 1962 को एक Notification No. 1971-P(V)-62-1348 जारी की है। इस के मुताबिक कोई भी फाइनैंशल कमिश्नर या कमिश्नर बिला कोई वजह बयान किए किसी भी तहसीलदार या नायब-तहसीलदार को जिस की सर्विस दस साल से ज़्यादा हो लाजमी तौर पर रिटायर कर सकता है। जनाब अंग्रेज़ी सरकार ने मार्शल ला लगाया था । उस वक्त हमारे प्रधान मन्त्री के पिता श्री मोती लाल जी नेहरू ने रौलेट ऐक्ट के बारे में कहा था कि इस में न दलील है, न वकील और न ही अपील है। अगर यह अफसर किसी तहसीलदार या नायब-तहसीलदार को dishonest समझे या नाअहल समझे या वैसे ही उस का reputation खराब हो तो उस को बगैर वजह बताए ही कहा जा सकेगा कि तुम घर पर बैठो । मगर दूसरी तरफ एक रियायत भी दी है। और वह यह है :

> "The Financial Commissioner may allow to retire from service any tahsildar and the Commissioner may allow to retire any naib-tahsildar after he has completed 25 years qualifying service."

अगर कोई आदमी 55 साल तक सरकारी मुलाजमत नहीं करता तो वह पैनशन ले सकता मगर इस नोटीफिकेशन में जो रियायत दी गई है उस की रू से यह अपने लाडले लोगों को जिन्होंने 25 साल की नौकरी पूरी कर ली हो उन को पैनशन दे दिया करेंगे ताकि वह कोई और काम कर सकें। इस तरह से आप देखें कि दो चीज़ें की गई हैं। एक तरफ तो उन को दबाने की कोशिश की गई है और दूसरी तरफ रियायत देने की कोशिश की गई है। इस का साफ मतलब है कि सरकार उन लोगों को चपड़ासियों और क्लर्कों को नहीं बल्कि गज़टिड अफसरों को डीमौरलाइज़ करने पर तुली हुई है ताकि उन से जो बुरे से बुरा काम लेना चाहें ले सकें।

Mr. Speaker : Why bring out only the dark side. This is being done to end corruption.

बाबू बचन सिंह : मैं भी उन में से ही हूं जो corruption दूर करना चाहते हैं और यह दूर होनी ही चाहिए मगर कानून ऐसा होना चाहिए कि जिस से हर आदमी समझे कि उसे इन्साफ मिलता है । यह नहीं कि नाइंसाफी को दूर करने के लिए एक और नाइन्साफी की जाए । जिस तरह कि चीफ मिनिस्टर साहिब ने बैठे बैठे कह दिया कि अगर कमेटी न भी हो तो भी हम जैसा चाहें कर सकते हैं । यहां पर आज ही एक सवाल का यह जवाब दिया था ।

Chief Minister : Wrong quotation.

बाबू बचन सिंह : मिस्टर स्पीकर, मैं इस गवर्नमेंट के कारनामों को देख कर यह कहना चाहता हूं कि इस गवर्नमेंट का मंशा यह है कि हर सरकारी मुलाजिम चीफ मिनिस्टर और उसके साथियों के कहने के मुताबिक चले ।

Chief Minister: Chief Minister is not a permanent man.

बाबू बचन सिंह : जहां तक permanent का ताल्लुक है मैं बतलाना चाहता हूं चीफ मनिस्टिर साहिब को, कि वे अपनी इलैक्शन की स्पीचें उठा कर ज़रा देखें कि क्या कहते थे. . .

मुख्य मंत्री : आप तो पीलीभीत में थे, आपने सुनी कहां है । (हंसी)

बाबू बचन सिंह : तो जनाब, एकतरफा मुकद्मात जहां बनाए जाते हों, वहां अगर मैं इस सरकार के सामने कुछ कहूं तो वही बात होगी कि अंधे के आगे रोओ और अपने दीदे खोओ।

एक दिन मैं ने सवाल उठाया था कि लुधियाने के अन्दर जो सबजीमंडी है उसके लिए वहां के लोगों ने represent किया कि वहां पर जो प्लाट्स हैं उन को फरोख्त किया जाए क्योंकि आज कल उसकी यह हालत है कि वहां का न तो पानी का निकास कहीं है, और न नालियां या सड़कें ही ऐसी बनी हैं जो वहां की गंदगी को बहा सकें, इसलिए वह area एक गंदी बस्ती बन गया है लेकिन उस representation की तरफ सरकार का ध्यान नहीं गया और वहां के Administrator ने उन प्लाट्स को फरोख्त न करके जो रुपया आ सकता था, उसको ब्लाक कर दिया । वहां पर लोग हाहाकार कर रहे हैं, सड़ांध फैल रही है लेकिन गवर्नमेंट कोई ध्यान नहीं देती ।

इसी तरह से हमारी सरकार के काम चल रहे हैं जिनमें cohesion नहीं । अभी अभी पटवारियों की तनखाहें बढ़ाई जाने का ऐलान हुआ लेकिन दूसरी ओर जब मैं लुधियाने गया तो एक आदमी ने बताया कि यह भी अजीब मामला है कि पटवारियों का ग्रेड कानूनगो से बड़ा हो गया . . . .

मुख्य मंत्री : उसका भी बढ़ा रहे हैं ।

बाबू बचन सिंह : अगर ऐसी बात है तब तो अच्छी है, लेकिन अगर सरकार को इसी तरह से ख्याल आता है तो हो सकता है कि कानूनगो का ग्रेड ठीक करते करते नायब-तहसीलदार का कम रह जाए या नायब-तहसीलदार का जब ठीक करेंगे तो तहसीलदार का कम हो जाएगा । (विघ्न)

मिस्टर स्पीकर, अब मैं एक बात की तरफ और ध्यान दिलाना चाहता हूं । गवर्नमेंट ने बड़े ज़ोरदार लफ़ज़ों में ऐलान किया है कि एडमिनिस्ट्रेशन को decentralize करना चाहते हैं । लेकिन मैं अपने ज़िले की बात बतलाना चाहता हूं कि वहां पर थाना रायकोट दो तहसीलों में बंटा हुआ है जिसकी कुछ ज़ैलें लुधियाने में हैं कुछ जगरांव में हैं । इसी तरह दाखे का थाना

[बाबू बचन सिंह]

है जिसकी कुछ ज़ैलें लुधियाने में हैं और कुछ जगरांव में हैं। यानी एक ही थाने के कुछ लोगों को लुधियाने तहसील में जाना पड़ता है और कुछ लोगों को जगरांव में जाना पड़ता है। यानी administrative तौर पर यह बांट ठीक नहीं है।

अब मैं ज्यूरिसडिक्शन (jurisdiction) की बात करता हूं। जो मुतनाज़ा इन्तकाल हैं उनकी pending list बहुत लम्बी है, मैं, स्पीकर साहबा, आपके ज़रिए . . .

सरदार अजमेर सिंह : साहबा नहीं, साहब कहिए।

बाबू बचन सिंह : मुझे बड़ा अफसोस है . . .

सरदार अजमेर सिंह : अफसोस नहीं, लफज़ वापिस लीजिए।

बाबू बचन सिंह : मैं एक दफा नहीं दस दफा लफज वापस लेता हूं। जो ग़लती मुझ से हो जाए उसको मैं हमेशा correct करने के लिए तैयार हूं। तो, मिस्टर स्पीकर साहब, मैं रैवेन्यू मिनिस्टर साहब का ध्यान इस बात की तरफ दिलाना चाहता हूं कि मुतनाज़ा इंतकाल की pending list बहुत बड़ी है, जिससे लोग तंग हैं और जो अफसर हैं मुतनाज़ा इंतकाल करने वाले उनके काम करने की स्पीड बहुत स्लो (slow) है और अगर देखा जाए तो निहायत गैर तसल्लीबख्श है। एक दिन चीफ मिनिस्टर साहिब ने एक जिम्मेदारी का ब्यान दिया था कि इसी असैम्बली में कि गवर्नमेंट जहां-जहां पर जगह लेती है पब्लिक परपज़ (public purpose) के लिए उसका मुआवज़ा 6 महीने के अन्दर-अन्दर ज़रूर देगी लेकिन मैं यह वसूक के साथ कह सकता हूं कि मेरे अपने गांव में और मेरे गांव के इर्द-गिर्द के गावों में जितने भी drains खुदे हैं, पांच-छः साल हो गए हैं लेकिन लोगों को एक पैसा भी मुआवज़ा नहीं दिया गया। उन drains के लिए जिन के लिए इस्तेमाल अराज़ी के pool में से ज़मीन नहीं ली गई, जिन के लिये लोगों की ज़मीन ली गई है, उन के लिए अभी तक उन्हें एक पैसा मुआवज़े के तौर पर नहीं दिया गया।

मुख्य मंत्री : Drains के लिए हम कुछ देते ही नहीं।

बाबू बचन सिंह : मुझे एक Officer ने बताया है कि पहले हमारी यह policy थी कि जहां drains खुदें वहां उन की ज़मीन की कोई compensation न दी जाये, फिर यह policy थी कि गांव के pool में से दी जाये और अब यह policy है कि compensation दो......

Chief Minister: Then that officer is a wicked man.

बाबू बचन सिंह : यह आप जानें। लेकिन यह आप को हक हासिल नहीं है कि आप लोगों से drains के लिए ज़मीन लें और उन्हें कोई compensation न दें। अगर आप उन्हें उन की ज़मीनों का कोई मुआवज़ा नहीं देंगे तो वह High Court में जायेंगे.....

मुख्य मंत्री : वह बेशक चले जायें।

बाबू बचन सिंह : आप यह चाहते हैं कि वह High Court में जायें....

सरदार लछमन सिंह : अभी वज़ीर थोड़े हैं इन्हें और ले लेने दो।

Mr. Speaker : Can't the hon. Member, Sardar Lachhman Singh, help passing such remarks ?

बाबू बचन सिंह : स्पीकर साहिब, पहले मेरा यह कहना था कि हमारे चीफ मिनिस्टर साहिब सर्वे सर्वा हैं और इन्हीं की चलती है और अब मैं ने यह बताना है कि चीफ मिनिस्टर का हुक्म भी नहीं माना जाता । 5 मार्च को हमारे चीफ मिनिस्टर सरदार करतार सिंह सराभा, जो बड़े भारी शहीद हुए हैं और जिन की बड़ी इज्ज़त है, के गांव में गये थे और वहां पर यह हुक्म कर आये थे कि वहां हम एक Higher Secondary School बनाते हैं। यह हुक्म खुद चीफ मिनिस्टर साहिब वहां कर आये थे लेकिन मिस्टर स्पीकर, अब आप देखें कि उस स्कूल का क्या हश्र हुआ है । 14 April को हुक्म चला गया है कि classes का दाखला बन्द कर दो । यह हालत है General Administration की । जहां खुद चीफ मिनिस्टर ने एक Higher Secondary स्कूल बनाया हो, जहां गवर्नमेंट को इस बात का मान हो कि.........

(*Sardar Kulbir Singh stood in his seat*).

Mr. Speaker : May I ask the hon. Member, Shri Kulbir Singh, to sit properly in his seat ?

बाबू बचन सिंह : जिस गवर्नमेंट को इस बात का मान हो कि वह एक progressive गवर्नमेंट है, जो गवर्नमेंट इस बात का दावा करती हो कि वह Education पर 14 करोड़ रुपए खर्च करती है, और जो इस बात पर भी फ़ख्र करती है कि इस सूबे ने सरदार करतार सिंह सराभा को जन्म दिया है और जिस का हिन्दुस्तान के बड़े बड़े शहीदों में ऊंचा दर्जा है उसी सरकार की हालत आप मुलाहज़ा फरमाइए कि खुद चीफ मिनिस्टर साहिब ने उस सरदार करतार सिंह सराभा के गांव में एक Higher Secondary स्कूल बनाने का हुक्म दिया था उसी स्कूल के लिये अब इसी सरकार की तरफ से अगर यह कहा जाये कि teachers नहीं मिलते या funds की कमी है तो कितनी बुरी बात है । फिर मिस्टर स्पीकर , उस स्कूल को जो सरदार करतार सिंह सराभा के गांव में बनाया गया था, बन्द कर दिया गया है लेकिन एक और Higher Secondary School एक और गांव में जहां कि उस की ज़रूरत भी नहीं थी, क्योंकि वहां से एक मील के फासले पर दूसरे गांव में एक और Higher Secondary School पहले चल रहा है, खोल दिया गया है । यह दोनों गांव हैं कुहाड़ा और जण्डियाली जोकि चण्डीगढ़-लुधियाना सड़क पर वाकिया है और इन के दरम्यान मुश्किल से एक मील का फासला है । अब इन दोनों गांवों में दो Higher Secondary स्कूल चल रहे हैं, हालांकि वहां एक स्कूल काफी था । लेकिन सरदार करतार सिंह सराभा के गांव में जहां पहले खुद चीफ मिनिस्टर साहब के हुक्म से एक Higher Secondary स्कूल खोला गया था उसे बन्द किया जा रहा है..........

Mr. Speaker : How much more time will the hon. Member take ?

बाबू बचन सिंह : मिस्टर स्पीकर, मैं ज़्यादा time नहीं लूंगा जल्दी खत्म कर दूंगा। अब सवाल यह है कि इस State में जिस ढंग से काम चल रहा है उस के सिलसिले में मैं यह कहना चाहता हूं कि कोई ज़माना था, अंग्रेज़ों के ज़माने को लीजिए, तब एक Deputy Commissioner के लिए ज़रूरी था कि वह महीना में एक हफ्ता दौरा पर जायें। ज़रूरी था हरेक माल अफसर के लिए कि वह 10 दिन दौरा पर जाये और तहसीलदार के लिए 15

[बाबू बचन सिंह]

दिन का दौरा करना ज़रूरी होता था । इस का मतलब यह था कि वह लोगों से contact करें और आँखों से देखें । स्पीकर साहिब, आप भी सफ़र करते हैं और यह मिनिस्टरों की फौज भी दौरे करती है मगर किसी ने यह नहीं देखा कि हमारी सड़कों की कितनी encroachment है और उस की वजह से accidents होते हैं । कोई छिपी हुई चीज़ हो कोई चोरी हुई हो तो शायद पता न लगे क्योंकि चोरी अंधेरे में हो सकती है लेकिन जितनी encroachment है यह सब की नज़रों में है और इस को आप ने भी देखा होगा। खास कर लुधियाने में यह बहुत ज्यादा हुई हुई है लेकिन लोगों ने कांग्रेस के झण्डे अपनी दुकानों पर लगा कर इस को छिपाया हुआ है । मैं पूछना चाहता हूं कि जहां किसी Municipality की एक inch ज़मीन भी कोई रोकता है तो वह कमेटी उस से तह बाज़ारी वसूल करती है लेकिन जब से partition हुआ है जितनी जरनैली सड़कों की encroachment हुई है इतनी पहले कभी नहीं हुई थी... (*Interruption*) अगर किसी आदमी ने मुझे vote दिया हो और उस आदमी को मैं बुरा समझूं और यह समझूं कि वह देश और society के लिए एक social evil है तो मैं उस के साथ कभी भी रियायत नहीं करता । मेरी यह राय है और मेरा यह असूल रहा है और यह असूल हरेक का होना चाहिए। जो आदमी सफेद को सफेद नहीं कह सकता, स्याह को स्याह नहीं कह सकता, वह कमज़ोर आदमी होता है । मैं यकीन के साथ कह सकता हूं कि लुधियाने में किस तरह से एक Deputy Commissioner ने encroachment को खत्म करने की कोशिश की, मैं उस का नाम यहां नहीं लेता, लेकिन यह बताता हूं कि जब उस ने encroachment को हटाने की कोशिश की, तो चीफ मिनिस्टर ने खुद उसमें मदाखलत की । Mr. Speaker, जब इस तरह से ऊपर से मदाखलत हो, जहां कोई law न चलता हो, कोई कानून न चलता हो तो हम कैसे कह सकते हैं कि इस State में Law and Order ठीक चल रहा है और general administration efficiently चल रही है । अगर ऐसी हालत रही तो इस का नतीजा यह होगा कि वे लोग जो ऐसी बातें करते हैं उन के हौसले बढ़ेंगे । मुझे बड़ा अफसोस होता है जब हमारे Home Minister साहिब कहते हैं कि क्योंकि excise के cases, illicit arms के cases और gambling के cases ज़्यादा पकड़े गए हैं, इस लिये यह गवर्नमेंट की efficiency की निशानी है । मैं उन से पूछता हूं कि क्या यह उन से छिपी हुई बात है कि तमाम देहात में नाजायज़ भट्ठियां चल रही हैं और लोग शराब पीने के आदी हो गये हैं कि उन का शाम को शराब पीने के बग़ैर गुज़ारा ही नहीं है । जो मिनिस्टर incharge हैं उनको भी पता है कि जो शराब ठेकों पर बिकती है उस में पानी की मिलावट होती है, अगर State में इन चीज़ों को रोकने के लिये कोई इकदाम न उठाये गये तो इस के नतायज बुरे होंगे ।

स्पीकर साहिब, इस वक्त हालत यह है कि अगर हमारी गवर्नमेंट यह कहना शुरू करे कि हमारे सूबे में डाके कम पड़ते हैं तो मैं कहूंगा कि डाके तो कम पड़ते हैं लेकिन smuggling बहुत ज्यादा हो गई है । अगर मिनिस्टर साहिब यह कहें कि हमारे सूबे में राहज़नी कम होती है तो मैं, मिस्टर स्पीकर, यह अर्ज़ करना चाहता हूं कि जो बोगस कोटा

होल्डर्ज़, लाइसेंस होल्डर्ज़ और परमिट होल्डर्ज़, जिन का पहले कोई कारोबार इस सिलसिले में नहीं था, जो गवर्नमेंट की मेहरबानी पर पलते हैं उन की गिनती हज़ारों तक नहीं बल्कि लाखों तक पहुंच गई है। अगर कहें कि चोरी कम हो गई है तो मैं कहूंगा कि यहां पर अफीम और शराब की smuggling इतनी ज्यादा बढ़ गई है कि अगर इसी तरह से चलते रहे तो नतीजा वही होगा जो कि शेख सादी ने कहा है कि अगर शुरू में ही बुराई को बन्द करें तो सूई के नक्के से बन्द हो सकती है लेकिन जब पानी चलना शुरू हो जाए, जब चश्मा चलना शुरू हो जाए तो उस वक्त हाथी भी गुज़र जाए तो चश्मा बन्द नहीं हो सकता। मैं इस वक्त आपोज़ीशन के नुक्ता से नहीं अर्ज़ करना चाहता, मैं इस ख्याल से यह बातें नहीं कह रहा कि मैं इधर बैठा हूं और वे उधर बैठे हैं, बल्कि इस लिये कह रहा हूं कि जिस ढंग से यहां पर कोरप्शन चलती है, जितनी demoralisation यहां पर है अगर मिनिस्टर साहिबान अपने को दुरुस्त करना चाहते हैं तो अपने आप को ठीक करें। ऐसे नहीं कि 21 से 31 हो गए, 31 से 41 हो गए और 41 से 51 हो गए। इस तरह से काम नहीं चलेगा। आप को ईमानदारी से, efficiently और diligently काम करना होगा ताकि सूबे में जो खराबियां हैं वे दूर हों। इन को छुपाने से काम नहीं चलेगा। वे इन को छुपाना चाहते हैं। उन का इलाज करना चाहिए। मैं दोबारा मिनिस्टरी की खिदमत में अर्ज़ करना चाहता हूं कि इस वक्त administration की हालत काबले रहम है उस को सुधारो। हकूमत गलत बयानियां करती है। मुख्तलिफ महकमों के बारे में परदापोशी की जाती है। इस को रोकिये। ईमानदारी से काम करो। जिस से सूबे का भला हो। शुक्रिया।

Mr. Speaker : No hon. Member from the treasury benches has risen to speak. I would like to tell the Chief Parliamentary Secretary that if some of the members from the treasury benches get up after some time I will not allow them to speak in succession.

चौधरी मुख्तियार सिंह मलिक (सोनीपत): स्पीकर साहिब, General Administration जो कि सूबे की हकूमत की back-bone होती है, सही मानों में हकूमत की रूह होती है, अगर कोई हकूमत General Administration को सही लाईन्ज़ पर नहीं चला सकती या चलाने में नाकामयाब होती है तो अवाम मुतमैन नहीं होते और अवाम के मुतमैन न होने से देश कभी भी तरक्की की राह पर गामज़न नहीं हो सकता। स्पीकर साहिब, अगर हाउस में हकीकत कही जाती है, यहां पर facts रखे जाते हैं तो Treasury Benches पर बैठे हुए, उस तरफ जो मैम्बर साहिबान रौनक अफरोज़ हैं उन को गुस्सा आता है। वे यह नहीं समझते, जैसे कि अभी बाबू जी ने कहा था, अगर काने को काना कहा जाए तो उस में कोई पाप नहीं होता। हाउस में यह मसला बहस का मौज़ू बना रहा कि elections में अफसरान ने interference की। दोनों तरफ से charges, counter-charges लगाए गए, challenge किया गया चीफ मिनिस्टर साहिब ने अपनी ज़बानी यह बात मानी कि अफसरान ने elections में interference की। लेकिन यह बात मालूम करने की कोशिश किसी ने नहीं की कि कमज़ोरी किस की है, यह बीमारी कहां से पैदा होती है और यह

[चौधरी मुख्तियार सिंह मलिक]

जिम्मेदारी किस पर लागू होती है। स्पीकर साहिब, मुझे एक शेर याद आया है :

जब तूफानों में हो किश्ती तो काम आती हैं तदबीरें,
जब किश्ती में तूफां हो तो मिट जाती हैं तकदीरें ।

अगर हकूमत General Administration को अच्छी तरह से नहीं चला सकती और इस मतलब के लिए political corruption करती है तो सूबे में अवाम का भला नहीं हो सकता। हमारे सूबे में जो आजकल कोयले का, लोहे का, कोटा सिस्टम और परमिट सिस्टम चलता है अगर इस को political corruption कहा जाए तो मेरे विचार में बेजा नहीं होगा। इस सम्बन्ध में मैं सोनीपत के हलके की बात करना चाहता हूं। Election के दौरान हमारे पहले उद्योग मन्त्री वहां पर गए। वहां जा कर वे कारखानेदारों से और मिल मालिकों से मिले और उन से 25 हज़ार रुपया चंदे के तौर पर मांगा। जब उन्होंने कहा कि गवर्नमेंट ने हमारा सवा लाख रुपया फ्रीज़ (freeze किया हुआ है अगर वह रुपया हम को मिल जाए तो हम 25 हज़ार रुपया चंदा दे देंगे तो चार पांच दिन के अन्दर अन्दर ही रोहतक के डी०सी० के पास सवा लाख रुपये का चेक पहुंच जाता है। उस में से 25 हज़ार रुपया मिनिस्टर साहिब को उन्होंने दे दिया।

गृह मन्त्री : आप को कहां से खाब आ गया (विघ्न)।

चौधरी मुख्तियार सिंह मलिक: इन्होंने चार जगह पर खाना खाया। (*Interruptions*)

Mr. Speaker : The hon. Member should not make insinuations unless he is very definite about them.

Chaudhri Mukhtiar Singh Malik : I am very definite, Sir.

Mr. Speaker : The hon. Member should not say such things unless he has got documentary evidence to substantiate them.

Home Minister : I say that is absolutely wrong and irresponsible. (*Interruptions*).

चौधरी मुख्तियार सिंह मलिक : मुझे उन लोगों ने बताया कि वजीर साहिब हमारी राए लेना चाहते हैं हमारे कोटे और परमिट ससपेंड (suspend) कर रहे हैं। (*Interruptions*) मुझे तो यह भी मालूम नहीं था कि उन का सवा लाख रुपया फ्रीज़ (freeze) किया हुआ है उन्होंने खुद बताया कि डी० सी० के पास चार दिन के अन्दर सवा लाख रुपये का चेक पहुंच गया और उस में से पच्चीस हज़ार रुपया मिनिस्टर साहिब के पास पहुंच गया। (*Interruptions*)

जहां हकूमत के वज़ीरों की यह हालत हो कि राए लेने के लिये और चन्दे लेने के लिए लोगों के परमिट और कोटे ससपेंड किये जाएं तो आप अंदाज़ा लगा सकते हैं कि वहां अवाम की हालत क्या होगी। मैं आप की मार्फत House को बताना चाहता हूं कि सोनीपत के एक कांग्रेसी advocate के खिलाफ कुछ दिन हुए वहां के एक आदमी ने High Court में एक affidavit file किया जिस की copy चीफ मिनिस्टर, Deputy Commissioner और Prime Minister of India के पास भी भेजी गई कि उससे 5,000 रुपया लेकर टेले के permit का वायदा किया गया। यह affidavit High Court में दाखिल किया गया

Mr. Speaker : The individual has got a remedy. He can go to the Court and sue the Member concerned.

The hon. Member should not make this a medium of propaganda for individuals.

चौधरी मुख्तियार सिंह मलिक : मैं इस से propaganda में नहीं पड़ गया । मैं आप को बताना चाहता हूं कि उसने क्या किया ।

Mr. Speaker : Like any other individual, he can be sued in the Court.

चौधरी मुख्तियार सिंह मलिक : बजाय इसके कि उस मामला की तहकीकात की जाती उसको दो महीने के बाद Regional Transport Authority का मेम्बर बना दिया गया । इतना ही नहीं उसे Development Board का मेम्बर बनाया जाता है, उसको Senate का मेम्बर बनाया जाता है । जिसकी जमानत सन् 1957 में जबत हुई उसको Parliament के लिए ticket दिया जाता है लेकिन अवाम इतने पागल नहीं, वह जानते हैं कि वह किस किस्म का आदमी है । इसी तरह मैं अर्ज़ करूं कि सोनीपत के अन्दर एक Co-operative Society है जिसे Government ने Central Bank की मार्फत fertilizer का कोटा दिया । वहां District Wholesale Society को quota दिया गया । उन्होंने Hariana Co-operative सोनीपत को quota दिया । जिस वक्त हिसाब किताब की checking हुई तो वहां हिसाब के अन्दर हेराफेरी पाई गई । Inspection Committee ने report दी कि उस में embezzlement पायी गई है Board के Directors की meeting हुई जिन का chairman एक M.L.C. वहां मौजूद था । वह Central Bank का Director भी था उसकी मौजूदगी में उस Co-operative Society का नाम black-list किया गया लेकिन गज़ब की बात यह है कि जिस Society को black-list किया गया एक दोस्त वज़ीर की मेहरबानी से उसे कोयले का permit दिया जाता है, ठेले का परमिट दिया जाता है, भट्ठे का license दिया जाता है, चीनी का permit दिया जाता है, जो लोहे की एक कील को नहीं पहचान सकते उन्हें steel का permit दिया जाता है यानी 16 permits एक ही society को दिए जाते हैं और यह society वह है जिसे कि Co-operative Bank की Inspection Committee ने black list किया । तो इस तरह से quotas and permits का एक तरह से सूबा के अन्दर तूफान मचा हुआ है । इसलिए अगर सूबे की administration को सही lines पर चलाना है तो सब से पहले quotas and permits के system को खत्म करना होगा ।

श्री अध्यक्ष : शायद आप अखबार नहीं पढ़ते अब तो दिन रात छापे पड़ रहे हैं । (Perhaps the hon. Member does not go through the newspaper. Raids are being made day and night in this connection.)

चौधरी मुख्तियार सिंह मलिक : तो मैं आप को बता रहा था कि administration की क्या हालत है । यह गवर्नमेंट अपनी majority के बलबूते पर ज़िन्दा रहना चाहती है । इसी लिये जो बात दिल में आ जाती है वह करते हैं, जो दिल में नहीं आती, नहीं करते। वैसे

[चौधरी मुख्तियार सिंह मलिक]

तो हमारे अफसरान दयानतदारी से काम करना चाहते हैं लेकिन in every walk of life हकूमत की तरफ से, Ministers की तरफ से day-to-day administration में interference होती है। उससे वह लोग ईमानदारी से काम नहीं कर पाते। जब उनसे पूछा जाता है कि तुम नाइन्साफी क्यों करते हो तो वह अपनी मजबूरी ज़ाहिर करते हैं। वह कहते हैं कि हमारा गला दबा हुआ है जैसे अभी अभी बाबू जी ने कहा, उनके सिर पर कच्चे धागे से बन्धी तलवार लटक रही है। वह डरते हैं कि क्या मालूम किस वक्त वह धागा टूट जाए और तलवार उनकी गर्दन पर आ पहुंचे। जब सूबे के अन्दर ऐसे हालात हों तो मैं अर्ज़ करना चाहता हूँ कि कैसे सूबे की हकूमत को दाद दी जा सकती है। इसके अलावा आप जानते हैं कि मौजूदा हकूमत के अन्दर public को किस तरह से demoralise किया जा रहा है, तरह तरह के लोभ देकर अवाम के national character को नीचे गिराया जा रहा है। चीफ मिनिस्टर साहिब ने बड़े फ़ख्र के साथ कहा कि हमने floods के दौरान रोहतक में अनाज तकसीम किया। उन्होंने अपने आप को अपनी हकूमत को बहुत सख़ी बताया। मैं House के notice में यह बात लाना चाहता हूं कि रोहतक के जिस flood का उन्होंनें ज़िक्र किया था उसी सिलसिले में वहां drains वगैरह बनाने के लिए Government of India ने 86 लाख रुपया पंजाब गवर्नमेंट को दिया। रोहतक ज़िला के गांव के गांव floods के पानी में डूबे हुए हैं वहां पर तो drains खुदवाई नहीं गईं लेकिन यह 86 लाख रुपया उधर अमृतसर और गुरदासपुर के अन्दर खर्च किया जाता है। रोहतक के लोगों को floods से निजात नहीं दिलाई गई, वहां पर कुंएं अभी तक floods के पानी के नीचे हैं वहां से पानी drain out नहीं किया गया लोगों को पीने का पानी नहीं मिलता लेकिन इतनी बात ज़रूर की जा रही है कि उन इलाकों में अनाज तकसीम करके यह हकूमत उनकी ग़ैरत को challenge करना चाहती है। इस किस्म के लोभ देकर उनको भिखारी बनाना चाहती है। शहरों में बड़े बड़े ज़मींदार फिरते हुए दिखाई देते हैं। जब पूछते हैं, "कैसे आए" तो जवाब मिलता है, "दाने लेने के लिए आए हैं।" आप हैरान होंगे कि डेढ़ डेढ़ सौ, दो दो सौ बीघे ज़मीन के मालिक वहां अनाज के एक एक दाने के लिए भटकते फिर रहे हैं। ऐसी हालत में मैं यह कहे बगैर नहीं रह सकता कि हकूमत उन को भिखारी बना देना चाहती है, उनकी ज़ेहनियत को इस तरह से कुचल देना चाहती है कि बयान नहीं किया जा सकता। यही कारण है कि लोगों के अन्दर दिन ब दिन demoralisation बढ़ती जा रही है। स्पीकर साहिब, हम यहां हर रोज़ देखते हैं कि असेम्बली के gate के बाहर हज़ारों आदमी मिनिस्टरों को मिलने के लिए वहां पर मुन्तज़िर रहते हैं। लोगों के अन्दर यह भावना पैदा हो गई है कि चाहे छोटे से छोटा काम भी क्यों न हो मिनिस्टरों को मिले बग़ैर पूरा नहीं हो सकता। एक दिन आएगा कि पटवारी के फ़र्द और रजिस्ट्रेशन की नकल भी Ministers के हाथों से दी जाया करेगी। स्पीकर साहिब, recently यहां local bodies की elections हुईं। State Ministers वहां सरकारी कारों में बैठ कर जाते हैं। वहां लोगों को बताया जाता है कि जिन लोगों के पास licenses, quotas, permits और बन्दूकों के licenses हैं उनकी renewal नहीं होगी

अगर उन्होंने गवर्नमेंट के हक में काम न किया। (*Interruptions*) लोग बड़े तज़बज़ब में हैं कि यहां पर हो क्या रहा है। मैं अर्ज़ करना चाहता हूँ कि सूबे के अन्दर जब इस तरह के हालात हों तो सरकार को या administration को किस तरह दाद दी जा सकती है।

स्पीकर साहिब, मैं यह अर्ज कर रहा था कि यह जो तालीम का महकमा है इस में प्राइमरी और मिडल स्कूलों को decentralisation के नाम पर (विघ्न) और provincialisation के नाम पर सारे हकूक से महरूम किया जा रहा है। इन को अपने हाथ में ले लेते हैं मगर सारे का सारा खर्च ज़िला बोर्ड या ज़िला समितियां ही देती हैं। हर छोटे से छोटा काम तो इन्होंने अपने हाथ में ले लिया है मगर खर्च वह लोग करते हैं। हर काम को इस तरह से वज़ीरों के हाथ में देने को शायद यह लोग समझते हैं कि हम decentralisation कर रहे हैं।

General Administration के नाम पर regions बना दिए गए हैं। सरदार गुरमीत सिंह जी ने कहा कि 25,000 आदमी जेलों में चले गए तो सरकार को उन की दाल रोटी का इंतजाम करना पड़ा। हकूमत एक बीज बोती है उस के नतीजे के तौर पर लोगों को इतनी तकलीफ बरदाश्त करनी पड़ी और उस पर भी उन को कहा जाता है कि आप के लिए दाल और रोटी का इंतजाम करना पड़ा। सीमेंट, लोहा, और पत्थर तक लोगों का खाया हुआ और हजम किया हुआ यह दरगुजर कर जाते हैं, मगर जिन बेचारों को पकड़ कर जेल में ठोंसा गया उन की दाल रोटी भी अखरती है। (आपोज़ीशन की ओर से तालियां)।

फिर हिंदी रिजन को और हरियाना को facilities की बात की जाती है। मगर जो असलियत है वह सब के सामने है। हम यह कभी बरदाश्त नहीं कर सकते कि सारी की सारी सहूलतें एक ही रिजन के अन्दर दे दी जाएं और दूसरा रिजन मुंह देखता रह जाए। (विघ्न) बहुत से मेम्बरान ने जो दूसरी तरफ से बोले कहा कि हरियाना गुलोगुलजार हो गया है, मगर जब अपनी constituency की तरफ देखा तो ख्याल आया कि वहां पर कोई सड़क नहीं, स्कूल नहीं, वगैरह वगैरह। बाबू दयाल जी बोले और श्री प्यारा सिंह जी ने भी कहा कि हरियाना गुलोगुलजार हो गया, मगर दूसरे ही फिकरे में कह गए कि हमारे यहां कोई सड़क नहीं, कालिज नहीं, स्कूल भी नहीं। वही बात है कि "जग की लाज और मन की मौज दोनों को निभाना" जब उधर से आंख दिखाई जाती है तो कह देते हैं कि हरियाना गुलोगुलजार हो गया लेकिन जब अपने इलाके की तरफ निगाह जाती है तो उन लोगों की हालत देख कर जिन की राय लेकर एक तरह की ठगी करके आए हैं तो आवाज़ निकलती है कि वहां पर यह नहीं और वह नहीं।

श्री अध्यक्ष : अब वाईंड अप करें। (The hon. Member may please wind up now)

चौधरी मुख्तियार सिंह मलिक : बस जी, अभी दो-तीन मिनट में खत्म करता हूं। जब सूबे के अन्दर भ्रष्टाचार हो, ज़्यादतियां की जाएं, झूठे वादे किए जाएं लोगों को खौफज़दा किया जाए तो यह नहीं कहा जा सकता कि शासन सही लाइन्ज़ पर चल रहा है। कहते हैं कि आपोजीशन वाले कोई constructive सुझाव नहीं देते। जहां पहले 8 आदमी काम करते थे,

[चौधरी मुख्तियार सिंह मलिक]

अब वहां पर 31 को बैठा दिया गया है, तो कुन्बापरवरी कैसे खत्म हो । रिश्वत को यह कैसे खत्म करेंगे। मैं अर्ज करूं कि अगर यह चीजें खत्म करनी हैं तो Judiciary और Executive को अलग कर के दिखाओ, prosecution को अलग करो। हालत तो यह है कि जो अपने दोस्त और हवारी चुनाव में हार गए हैं उन को चोर दरवाजे से अन्दर लाया जा रहा है, किसी को किसी इम्परूवमैंट ट्रस्ट का तो किसी को किसी corporation का चेयरमैन बनाया जा रहा है और किसी को परमिट दिए जा रहे हैं। सारे कानूनों और रूल्ज़ को बालाए ताक़ रख दिया जाता है। फिर यह सूबे की तरक्की की बात करते हैं। एक वजीर साहिब उठे कि देखो चंडीगढ़ के अन्दर इमारात बनवाई, चैम्बर बनवाया मैं कहता हूं कि सूबा की निजात इन महलात में नहीं है, उद्घाटनों में नहीं है बल्कि ग़रीबों को रोटी देने में हैं, उन्हें कपड़ा दिलाने में है। यहां के लोगों की हालत आज आप ने अखबारों में पढ़ ली होगी कि पांच अफराद का कुन्बा जो कि लुधियाना का था इन्दौर में गरीबी की वजह से रोटी न मिलने के कारण जहर खा कर खुदकशी कर के मर गया।

4-00 P.M.

Mr. Speaker : How is it relevant to the Demand for Grant in respect of General Administration ? Please wind up now.

चौधरी मुख्तियार सिंह मलिक : मैं आप का शुक्रिया अदा करता हूं। कहना तो मुझे बहुत कुछ था। कुछ लोग यहां ऐसे भी बैठे हुए हैं जब वह वज़ीर साहिबान की तरफ देखते हैं . . . .

Mr. Speaker : There should be no aspersions.

Chaudhri Mukhtiar Singh Malik : Sir, with all respect to the Chair I submit that I am not casting aspersions on any one.

Mr. Speaker : Order please. I will not allow this.

Chaudhri Mukhtiar Singh Malik : I am sorry, Sir.

मैं अर्ज करना चाहता हूं कि कई लोग यहां खुशनूदी हासिल करने के लिए खुशामद करने को बैठे हैं–सुबह से शाम तक। हमारे इलाके के जो दो-चार बैठा दिए यहां पर उन को portfolio की क्या ज़रूरत थी। वह तो prapoganda की बातकरते करते......

Mr. Speaker : No such remarks please.

Chaudhri Mukhtiar Singh Malik : Sir, it is a fact. I am not casting aspersion on any body.

मैं अर्ज कर रहा था कि क्या हमारे साथ hoon-winking नहीं हो रही। चौधरी सूरज मल full Cabinate Minister थे। उन को एक महकमा दिया गया था roads का। यहां दिखाए तो दस full Minister हैं मगर लोगों की आखों में धूल डाली जाती है कि उन को in dependent charge दिया गया है।

Mr. Speaker : No Please, No please wind up now,

चौधरी मुख्तियार सिंह मलिक : मैं अर्ज करना चाहता हूं कि एक एक चार्ज दो दो स्टेट मिनिस्टरों को दिया गया है। पंडित चिरंजी लाल जी ने कहा कि हमारे रिजन के हरिजन और पंजाबी रिजन के हरिजन में भी फर्क किया जाता है। इसी हाउस क अन्दर एक पंजाबी रिजन का हरिजन गालियां दे सकता है, लेकिन हमारा हरिजन इसी हाउस के अन्दर गालियां बर्दाश्त कर सकता है। तो यह ज़ेहनियत बनाई जा रही है और इस तरह से demoralisation की जा रही है। और अगर हम कोई आवाज़ उठाते हैं तो हमें हर तरफ से discouragement मिलती है। यहां हाउस में फाइनेंस मिनिस्टर साहिब ने इंडस्ट्रियल स्कूल और प्राइमरी स्कूलों की लिस्ट, पता नहीं कहां से, (figures) पेश करते हुए बयान कर दी (घंटी) स्पीकर साहिब, मैं आखिर में यही अर्ज़ करना चाहता हूं कि अगर इस सूबे की एडमिनिस्ट्रेशन इसी तरह से चलेगी कि अगर यहां इंसान इंसान में तमीज़ की जाती है, फिरका फिरका में तमीज़ की जाती है, रिजन रिजन में तमीज़ की जाती है, तो फिर इस सूबे की तरक्की नहीं हो सकती। मैं आखिर में आपका बहुत शुक्रिया अदा करता हूं और अपनी सीट ग्रहण करता हूं।

ਸਰਦਾਰ ਜਸਦੇਵ ਸਿੰਘ ਸੰਧੂ (ਰਾਏਪੁਰ) : ਸਪੀਕਰ ਸਾਹਿਬ, ਮੈਂ ਇਸ ਗਲ ਨਾਲ ਸਹਿਮਤ ਨਹੀਂ ਜਿਹੜੀ ਕਿ ਸਾਡੇ ਸਾਹਮਣੇ ਬੈਠੇ ਮੈਂਬਰ ਸਾਹਿਬ ਕਹਿੰਦੇ ਰਹੇ ਸੀ ਕਿ ਯੂਨੀਨਿਅਸਟ ਨਿਜ਼ਾਮ ਇਸ ਨਿਜ਼ਾਮ ਨਾਲੋਂ ਚੰਗਾ ਸੀ। ਪਰ ਨਾਲ ਹੀ ਅਸੀਂ ਇਹ ਨਹੀਂ ਕਹਿੰਦੇ, ਕਿ ਇਹ ਨਿਜ਼ਾਮ ਨੁਕਸਾਂ ਤੋਂ ਬਰੀ ਹੈ। ਹਕੀਕਤ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਸਾਡੇ ਇਸ ਨਿਜ਼ਾਮ ਵਿਚ ਘਟ ਨੁਕਸ ਹਨ। ਇਹ ਲੋਕਾਂ ਦਾ ਆਪਣਾ ਚੁਣਿਆ ਹੋਇਆ ਨਿਜ਼ਾਮ ਹੈ। ਇਹ ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਆਪਣੇ ਨੁਮਾਇੰਦਿਆਂ ਦੇ ਹਥਾਂ ਵਿਚ ਹੈ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਖੁਸ਼ੀ ਦੇ ਮੁਤਾਬਕ ਇਸ ਐਡਮਨਿਸਟਰੇਸ਼ਨ ਨੂੰ ਚਲਾ ਰਹੇ ਹਾਂ। ਹੋ ਸਕਦਾ ਹੈ ਕਿ democracy ਵਿਚ ਕਈ ਗਲਾਂ ਅਜਿਹੀਆਂ ਹੁੰਦੀਆਂ ਹੋਣ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਕਰਕੇ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਦੁਖ ਤੇ ਤਕਲੀਫਾਂ ਹੋਣ। ਅਸੀਂ ਆਪਣੇ ਸੁਝਾਓ ਦੇ ਕੇ ਵਜ਼ੀਰਾਂ ਦੀ ਮਾਅਰਫਤ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਦੂਰ ਕਰਾ ਸਕਦੇ ਹਾਂ। ਸਾਡੇ ਸੂਬੇ ਵਿਚ ਪਿਛਲੇ ਦਿਨਾਂ ਵਿਚ ਜਿਹੜੀ ਰਾਜ ਪਰਬੰਧ ਵਿਚ ਸਖਤੀ ਹੋਈ, ਉਹ ਐਜੀਟੇਸ਼ਨਾਂ ਕਰਕੇ ਹੋਈ। ਉਸ ਦਾ ਨਤੀਜਾ ਸਾਡੇ ਸਾਹਮਣੇ ਹੈ। ਇਸ ਕਰਕੇ ਅਸੀਂ ਕਹਿ ਸਕਦੇ ਹਾਂ ਕਿ ਕਈ ਥਾਂ ਸਖਤੀ ਹੋਈ, ਲੋਕਾਂ ਦੇ ਨਾਲ ਧੱਕਾ ਹੋਇਆ। ਇਸ ਦੀ ਜ਼ਿਮੇਵਾਰੀ ਸਰਕਾਰ ਨਾਲੋਂ ਇਨ੍ਹਾਂ ਪਾਰਟੀਆਂ ਤੇ ਬਹੁਤੀ ਹੈ ਜਿਹੜੀਆਂ ਇਸ ਨਿਜ਼ਾਮ ਨੂੰ ਤਬਾਹ ਕਰਨ ਲਈ ਤੁਲੀਆਂ ਹੋਈਆਂ ਹਨ। ਪਿਛਲੇ ਪੰਜ ਛੇ ਸਾਲ ਵਿਚ ਸਾਡੇ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਪੰਜ ਛੇ ਤਹਿਰੀਕਾਂ ਹੋਈਆਂ। ਸਰਕਾਰ ਨੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਤਹਿਰੀਕਾਂ ਦਾ ਮੁਕਾਬਲਾ ਕੀਤਾ। ਉਸ ਦੇ ਬਾਵਜੂਦ ਪੰਜਾਬ ਨੇ ਬਹੁਤ ਵੱਡੀ ਤਰੱਕੀ ਕੀਤੀ। ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਇਹ ਇਸ ਹਕੂਮਤ ਲਈ creditable ਹੈ ਕਿ ਇਨ੍ਹਾਂ ਦੀਆਂ ਇਸ ਰਾਜ ਪਰਬੰਧ ਨੂੰ ਮੁਅੱਤਲ ਕਰਨ ਦੀਆਂ ਕੋਸ਼ਿਸ਼ਾਂ ਦੇ ਬਾਵਜੂਦ ਇਹ ਡੀਵੈਲਪ-ਮੈਂਟ ਦੇ ਕੰਮਾਂ ਵਿਚ ਪਿਛੇ ਨਹੀਂ ਰਹੀ ਅਤੇ ਜਿੰਨਾਂ stable ਰਾਜ ਪਰਬੰਧ ਅੱਜ ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਚਲ ਰਿਹਾ ਹੈ ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਐਨਾ stable ਰਾਜ ਪਰਬੰਧ ਪਿਛਲੇ ਸਾਲਾਂ ਵਿਚ ਨਹੀਂ ਚਲਿਆ। (ਵਿਘਨ) ਅੱਜ ਸਾਡੀ ਇਹ ਹਕੂਮਤ ਪਾਇਦਾਰ ਹਕੂਮਤ ਹੈ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਵਾਂਗੂ ਨਹੀਂ ਕਿ ਆਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਨੂੰ ਇਕਠਾ ਵੀ ਨਹੀਂ ਰਖ ਸਕਦੇ, ਇਹ ਕਿਸੇ ਨਿਸ਼ਾਨੇ ਤੇ ਇਕਠੇ ਨਹੀਂ ਹੋ ਸਕਦੇ। ਅੱਜ ਹਕੂਮਤ ਦੇ ਸੇਵਾਦਾਰ ਸਹੀ ਨਿਸ਼ਾਨੇ ਵਲ ਤੁਰੇ ਹੋਏ ਹਨ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਵਲੋਂ ਭਾਵੇਂ ਚਿਕੜ ਸੁਟਿਆ ਜਾਵੇ, ਇਲਜ਼ਾਮ ਲਾਏ ਜਾਣ, ਅਸੀਂ ਇਸ ਕਾਬਲ ਹਾਂ ਕਿ ਅਸੀਂ ਆਪਣੀ ਗਲਤੀ ਨੂੰ ਕਬੂਲ ਕਰਕੇ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਚੰਗੀ ਸੇਵਾ ਕਰ ਸਕਾਂਗੇ। ਅਗਰ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਇਸ ਵੇਲੇ ਤਕਲੀਫ ਹੈ ਤਾਂ ਉਸ ਦਾ ਅਹਿਸਾਸ ਹਕੂਮਤ ਚਲਾਉਣ

[ਸਰਦਾਰ ਜਸਦੇਵ ਸਿੰਘ ਸੰਧੂ]

ਵਾਲਿਆਂ ਨੂੰ ਜ਼ਿਆਦਾ ਹੈ, ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੇ ਚੰਗੀ ਗਲ ਤੇ ਮੰਦੀ ਗਲ ਲਭਣੀ ਹੈ। ਇਨ੍ਹਾਂ ਭਾਈਆਂ ਨੇ ਤਾਂ ਹਰ ਗਲ ਵਿਚੋਂ ਬੁਰਾਈ ਲੱਭਣੀ ਹੈ। ਆਪੋਜ਼ੀਸ਼ਨ ਚੰਗੀ ਗਲ ਲਈ ਹਕੂਮਤ ਨੂੰ ਕਰੈਡਿਟ ਦੇਣ ਲਈ ਤਿਆਰ ਨਹੀਂ। ਇਹ ਹਰ ਭਲਾਈ ਵਿਚ discredit ਦੀ ਗਲ ਲਭ ਕੇ ਹਕੂਮਤ ਤੇ ਨੁਕਤਾਚੀਨੀ ਕਰਦੇ ਹਨ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਗਲ ਧਿਆਨ ਨਾਲ ਸੁਣੀ ਜਾਂਦੀ ਹੈ। 5 ਜਾਂ 10 ਸਾਲ ਪਹਿਲਾਂ ਇਹ ਗਲ ਨਹੀਂ ਸੀ। ਅਸੀਂ ਰਿਆਸਤਾਂ ਵਿਚੋਂ ਆਏ ਹਾਂ। ਰਾਜਿਆਂ ਦੇ ਰਾਜ ਵੇਲੇ ਜੇ ਕੋਈ ਕਿਸੇ ਅਫਸਰ ਜਾਂ ਡਿਪਟੀ ਕਮਿਸ਼ਨਰ ਨੂੰ ਮਿਲ ਲੈਂਦਾ ਸੀ ਤਾਂ ਉਹ ਸਮਝਦਾ ਸੀ ਕਿ ਉਸ ਦੇ ਵਡੇ ਭਾਗ ਹਨ। ਅੱਜ ਡਿਪਟੀ ਕਮਿਸ਼ਨਰ ਤਾਂ ਕੀ ਕਿਸੇ ਵਜ਼ੀਰ ਨੂੰ ਵੀ ਕਿਸੇ ਵੇਲੇ ਮਿਲਿਆ ਜਾ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਅੱਜ ਇੰਤਜ਼ਾਮੀਆਂ ਹਕੂਮਤ ਨੂੰ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਸੇਵਾਦਾਰ ਹਕੂਮਤ ਬਣਾਇਆ ਹੈ। ਅਸੀਂ ਪਿਛਲੇ ਸਾਲਾਂ ਵਿਚ ਅਫਸਰਾਂ ਨੂੰ, ਜੋ ਹਾਕਮ ਸਨ, ਸੇਵਾਦਾਰ ਬਣਾ ਦਿਤਾ ਹੈ, I. A. S. ਅਫਸਰਾਂ ਦੀ ਸ਼ਖਸੀਅਤ ਹਾਕਮਾਂ ਵਾਲੀ ਨਹੀਂ ਬਲਕਿ ਉਹ ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਤਰੱਕੀ ਦੇ ਕੰਮਾਂ ਵਿਚ ਉਤਸ਼ਾਹ ਦਿੰਦੇ ਹਨ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਅਗਵਾਈ ਲੈਂਦੇ ਹਨ, ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਸਹਾਇਕ ਤੇ ਸਲਾਹਕਾਰ ਬਣ ਕੇ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੇ ਕੰਮ ਕਰਦੇ ਹਨ। ਇਸ ਦੇ ਬਾਵਜੂਦ ਮੈਂ ਇਹ ਨਹੀਂ ਕਹਿੰਦਾ ਕਿ ਸਾਡਾ ਪਰਬੰਧ ਬਹੁਤ ਅੱਛਾ ਹੈ। ਇਸ ਵਿਚ ਕਮਜ਼ੋਰੀਆਂ ਵੀ ਹਨ, ਜਿਹੜੀਆਂ ਕਿ ਜ਼ਾਤੀ ਤੌਰ ਤੇ ਹੋ ਸਕਦੀਆਂ ਹਨ। ਕਈ ਥਾਵਾਂ ਤੇ ਪੁਰਾਣੇ ਰੂਲਜ਼ ਅਜਿਹੇ ਤੁਰੇ ਆਉਂਦੇ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਬਦਲਦਿਆਂ ਬਦਲਦਿਆਂ ਵਕਤ ਲਗਦਾ ਹੈ ਅਤੇ ਉਹ ਧਿਆਨ ਵਿਚ ਨਹੀਂ ਆਉਂਦੇ। ਕਈ ਵਾਰੀ ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਤਕਲੀਫ ਦਾ ਸਾਹਮਣਾ ਕਰਨਾ ਪੈਂਦਾ ਹੈ, ਲੋਕਾਂ ਨੂੰ ਤਕਲੀਫ ਤੇ ਔਖ ਜੋ ਹੈ ਉਹ ਅਸੀਂ ਦੂਰ ਕਰਾਂਗੇ। ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਔਖ ਦੂਰ ਕਰਨੀ ਚਾਹੀਦੀ ਹੈ। ਮੈਂ ਸਮਝਦਾ ਹਾਂ ਜਿਥੋਂ ਤਕ Land and order ਦਾ ਤਅਲੁਕ ਹੈ ਇਹ ਬਿਲਕੁਲ ਠੀਕ ਹੈ। ਪੰਜਾਬ ਵਿਚ ਅਮਨ ਅਮਾਨ ਹੈ। ਚੋਰੀਆਂ ਚਕਾਰੀਆਂ ਤੇ ਡਾਕੇ ਬੰਦ ਹੋਏ ਹਨ। ਅਜ ਤੋਂ ਪੰਜ ਦਸ ਸਾਲ ਪਹਿਲਾਂ ਅਸੀਂ ਪੈਪਸੂ ਦਾ ਰਾਜ ਵੇਖਿਆ ਹੈ। ਓਥੇ ਜਿੰਨੀ lawlessness ਰਹੀ ਹੈ ਉਸ ਦੇ ਮੁਕਾਬਲੇ ਤੇ ਅੱਜ ਅਸੀਂ ਦੇਖੀਏ ਤਾਂ ਜ਼ਮੀਨ ਆਸਮਾਨ ਦਾ ਫਰਕ ਹੈ। ਇਸ ਦੇ ਬਾਵਜੂਦ ਕਈ ਗਲਾਂ ਹਨ ਜਿਨ੍ਹਾਂ ਵਲ ਸਾਡੇ ਵਜ਼ੀਰ ਸਾਹਿਬਾਨ ਨੂੰ ਧਿਆਨ ਦੇਣਾ ਚਾਹੀਦਾ ਹੈ। ਲੋਕਾਂ ਦੀ ਨਿਕੀ ਮੋਟੀ ਸ਼ਕਾਇਤ ਦੂਰ ਹੋ ਸਕਦੀ ਹੈ। ਅਜ ਇਹ ਕਹਿਣਾ ਕਿ ਲੋਕ ਬੜੀਆਂ ਸ਼ਕਾਇਤਾਂ ਕਰਦੇ ਹਨ, ਲੋਕਾਂ ਵਿਚ ਬੜੀ ਬੇਚੈਨੀ ਹੈ, ਇਸ ਦਾ ਕਾਰਨ ਇਹ ਹੈ ਕਿ ਲੋਕ ਆਪਣੇ ਹਕਾਂ ਤੋਂ ਜਾਣੂ ਹਨ। ਅਜ ਉਹ ਨਿਕੀ ਮੋਟੀ ਔਖ ਵੀ ਅਖਬਾਰਾਂ ਰਾਹੀਂ, ਅਰਜ਼ੀਆਂ ਰਾਹੀਂ ਤੇ ਡੈਪੂਟੇਸ਼ਨਾਂ ਰਾਹੀਂ ਦਸਦੇ ਹਨ। ਇਸ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਉਹ ਦਬੇ ਰਹਿੰਦੇ ਸਨ, ਪਤਾ ਹੀ ਨਹੀਂ ਸੀ ਲਗਦਾ ਕਿ ਕਿਥੇ ਕੀ ਹੋ ਰਿਹਾ ਹੈ। ਅਜ ਦੂਰ ਦਰਾਜ਼ ਦੇ ਪਿੰਡ ਵਿਚ ਹੋਇਆ ਵਾਕਿਆ ਦੂਸਰੇ ਦਿਨ ਸਭ ਦੇ ਸਾਹਮਣੇ ਆ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਜਦ ਕਿ ਪੰਜ ਦਸ ਸਾਲ ਪਹਿਲਾਂ ਇਸ ਤਰ੍ਹਾਂ ਨਹੀਂ ਸੀ। ਕੋਈ ਲੈਂਡ ਲਾਰਡ, ਜ਼ਿਮੀਂਦਾਰ ਜਾਂ ਹਾਕਮ ਅਗਰ ਧੱਕਾ ਕਰਦਾ ਸੀ ਤਾਂ ਲੋਕ ਉਸ ਨੂੰ ਪੀ ਜਾਂਦੇ ਸਨ ਤੇ ਡਰ ਜਾਂਦੇ ਸਨ। ਅੱਜ ਅਗਰ ਕੋਈ ਵਡੇ ਤੋਂ ਵਡਾ ਅਫਸਰ ਵੀ ਸਿਫਾਰਿਸ਼ ਤੇ ਕੋਈ ਗਲ ਕਰਦਾ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਪਤਾ ਲਗ ਜਾਂਦਾ ਹੈ। ਲੋਕ ਨਿਕੀ ਮੋਟੀ ਔਖ ਤੇ ਰੌਲਾ ਪਾ ਕੇ ਸਰਕਾਰ ਦੇ ਧਿਆਨ ਵਿਚ ਲਿਆਉਂਦੇ ਹਨ ਅਤੇ ਸਰਕਾਰ ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਨਿਕੀ ਮੋਟੀ ਔਖ ਵੀ ਦੂਰ ਕਰ ਸਕਦੀ ਹੈ।

ਮੈਂ ਦੋ ਚਾਰ ਗਲਾਂ ਹੋਮ ਮਨਿਸਟਰ ਸਾਹਿਬ ਨੂੰ ਕਹਿਣਾ ਚਾਹੁੰਦਾ ਹਾਂ। ਸਾਡੇ ਮੁਕਦਮਿਆਂ ਦੀ ਪੈਰਵੀ ਵਿਚ ਬੜਾ ਨੁਕਸ ਹੈ। ਜਿੰਨੇ ਚਾਲਾਨ ਹੁੰਦੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਵਿਚੋਂ 90 ਫੀ ਸਦੀ ਮੁਕਦਮੇਂ ਹੇਠਲੀਆਂ ਅਦਾਲਤਾਂ, ਸੈਸ਼ਨ ਜਜ ਅਤੇ ਹਾਈ ਕੋਰਟ ਵਿਚ ਬਰੀ ਹੋ ਜਾਂਦੇ ਹਨ। ਉਨ੍ਹਾਂ ਦੀ ਪੈਰਵੀ ਨਾਕਸ ਹੈ। ਜਿਸ ਤਰੀਕੇ ਨਾਲ ਗਵਾਹ ਬਣਾਏ ਜਾਂਦੇ ਹਨ ਉਹ ਵੀ ਗਲਤ ਹੈ। ਅਦਾਲਤਾਂ ਵਿਚ ਜੋ ਲੋਕ ਲੈ ਜਾ ਕੇ ਗਵਾਹ ਬਣਦੇ ਹਨ ਉਨ੍ਹਾਂ ਨੂੰ ਦੂਜੇ ਪਾਸੇ ਦੇ ਬੰਦੇ ਖਰੀਦ ਲੈਂਦੇ ਹਨ। ਇਸ ਕਰਕੇ ਗਵਾਹ

